ओ३म्

संस्कृत-द्वितीयपुस्तक ।

जिसको

पण्डित रामविहारीलाल चान्दापुरी,

एम्. ए. (प्रीवियस) शास्त्री, वेदतीर्थ, एल्. एल्. बी.,

संस्कृत प्रोफ़ेसर डी. ए. वी. कालिज कानपूर ने

(भाषा में) बनाया ।

मुद्रित जाब प्रेस, कानपुर ।

प्रथमावृत्ति २००० | सन् १९२८ ई० | मूल्य) रु०

पुस्त मिलने का पताः—

ाल चान् ा संस्कृत प्रोफ़ेसर डी. ए. वी. कालिज कानपूर.

विहारील चान्दापुरी द्वारा अवध सीड स्टोर्स लखनऊ.

Ex[illegible]
Dwitiya Pustaka (second book of sanskrit) [illegible]
Behari Lal Chandapuri M.A. (Pre.) Vyakarana Shastri, Veda-tirtha, LL. B., Professor of Sanskrit, D. A V. College, Cawnpore.

1. Mahamahopadhyaya Dr. Ganganatha Jha, M.A., D.Litt., Vice-Chancellor, Allahabad University, writes :—"*It evinces much thoughtful care and I am sure it will prove useful.*"

2. Pt. I. D. Daurgadatti, M.A., Shastri, M.O.L., Principal, Government Sanskrit College, Muzaffarpur writes :—"*It is indeed an excellent book on Sanskrit Grammar and will prove very useful to the Intermediate students of Arts Colleges.*"

3. Dr. I. J. S. Taraporewala, M.A., Ph.D., Calcutta University, writes :—"*It gives a good deal of detail and is explained in very lucid language. I was particularly interested in your treatment of the Krit and the Taddhita.*"

4. Dr. Lakshman Swarup, M.A., Ph.D. (Oxon.), University Professor of Sanskrit, Punjab University, Lahore, writes :—"*Your second book is in keeping with your first and I have no doubt that it will be quite useful for the students of the secondary classes for whom I suppose it is meant.*"

5. Pt. Nilkamal Bhattacharya, M.A., Professor of Sanskrit, Benares Hindu University, writes :—"*The treatment is good and the book, I have no doubt, will prove helpful to our Intermediate Students for whom it is intended.*"

6. Pt. K. A. Subramania Iyer, M.A., University Professor of Sanskrit, Lucknow University, writes :—"*I have just glanced through your book. I see that you have spared no trouble to make the book useful for students taking sanskrit in schools and colleges. I doubt if there are many such books in Hindi.*"

7. Dr. P. K. Acharya, M.A., Ph.D. I.E.S., University Professor of Sanskrit, Allahabad University, writes :—"*Pt. Ram Behari Lal Chandapuri's Sanskrit Dwitiya Pustaka, which deals with the elementary sanskrit grammar and composition in Hindi, is intended obviously for students at intermediate stage. The earlier attempt of teaching sanskrit grammar through the medium of English has been more or less a failure. Late Pt. Ishwara Chandra Vidyasagar's Upakramanika and Vyakaranakaumudi proved so successful among the Bengali-speaking students of sanskrit that they have been translated in the vernaculars of other provinces. Pt. Chandapuri and others have made almost an original attempt and deserve congratulation and encouragement. Pt. Chandapuri's addition of excellent exercises is a very welcome feature of his books.*"

8. Pt. S. D. Mahapatra, M.A., Principal, Government Sanskrit College, Puri, writes :—"*I have carefully gone through it and am glad to find that you have spared no pains to make the book very useful for those for whom it is intended. I trust that it will surely be useful for use in High Schools as well as Intermediate Colleges.*"

9. Mahamahopadhyaya, Pt. Lakshman Shastri Tailong, Professor of Sanskrit Queen's Government College Benares, writes :—"*Being written on modern lines, I am glad to note, the book has become a useful thing for the use in High Schools and Inter-Colleges.*"

10. Pt. Dharmendr[illegible] ., Professor of Sanskrit, Meerut College, writ[illegible] *[illegible]couragement for study of sanskrit to those who ar[illegible] sanskrit grammar and cramming work necessary f[illegible] r. It will be equally useful to students as well a[illegible]*

11. Pt. S. B. Tatke, M.A., Kavyatirtha, Professor of Sansk Jaswant College Jodhpur, writes :—"*I wanted time to read your grammar tically as you expressed a desire to have a real review and not a formal ed rial one. I beg to be excused for the delay in sending you this reply. I th you with all my soul for bringing out this up-to-date grammar which, I am s will very well serve the purpose of not only Intermediate but B. A. students as it deals categorically with conjugations of all tenses and moods and Krit Taddhita terminations. The passages given by you for exercises in transla from sanskrit into Hindi and vice versa are well selected and are up to the sta ard required. The treatment of Karaka and Samas a very important chapte any book on grammar meant for college students, is very well done. What is dealt with in your grammar, if attentively studied by them for whom it is me will, I am confident, be more than sufficient.*"

12. Pt. Har Datta Sharma, M.A. Shastri, Professor of Sans Sanatan Dharm College, Cawnpore, writes, :—"*The book has been writte a very lucid style of Hindi which makes the task of the sanskrit student very e The special feature which has attracted me most is that not only the exercises g in it are taken from the standard classical authors but the grammatical expla tions and rules are explained side by side with the quotations from the sutra Panini. This will familiarise the student with the sutras of Panini whic invariably finds given in the Tika of all the classical commentators like M nath. On the whole, I think your book to be a very valuable contribution to cause of sanskrit and I congratulate you on your performance.*"

13. Pt. Ganpat Rai, M.A., Professor of Sanskrit Government Coll Multan, writes :—"*Your second book of sanskrit like the first is sure to be useful to the senior classes in schools as well as to the junior classes in coll You deserve the thanks of all lovers of sanskrit for your attempts to popul the study of this ancient language at a time when it is being accorded a stepmotherly treatment all over this unhappy land of Rishis.*"

14. Pt. S. N. Bhattacharya, M.A., Senior Professor of Sanskrit, B College, Patna, writes :—"*I see you have spared no pains in making sa. study most attractive to the beginners by rendering the most difficult ta mastering sanskrit grammar, easy. Your treatment of the subject, I am cannot but be highly appreciated by students.*"

15. Pt. J. R. Tullu, M.A., Ex-Principal, Sanskrit College, In writes :—"*A bird's eye-view of the book brings home to the mind inter ali originality of treatment, making for the facility of a subject a bugbear to the y student.*"

16. Pt. Gopinath Kaviraj, M.A., Principal, Sanskrit College Ben writes :—"*From what I have seen of it, it seems to me to have been a useful w*

17. Pt. Krishna Lal Misra, M.A., Professor of Sanskrit, Agra Co writes :—"*I have no doubt that your book will be useful to students after have passed the High School Examination.*"

18, Pt. W. G. Urdhwareshe, M.A. Kavya-Tirtha, Professor of Sar Holkar College Indore, writes :—"*I think it is really useful to those for it is designed. The method is easy and interesting and the language is I think it can really be recommended as a text-book to the students Intermediate standard.*"

N.B.—The price of the book is Rs. 1/8. as.

The book can be had from,

RAM BEHARI LAL, Professor of Sanskrit, D. A. V. College, Cawnpore.

भूमिका ।

यह निर्विवाद सिद्धान्त है कि मनुष्य किसी विषय को जितनी जल्दी और अच्छी तरह मातृभाषा द्वारा सीख सकता है उतनी जल्दी और उतना अच्छी तरह किसी दूसरी भाषा द्वारा नहीं सीख सकता और फिर संस्कृत व्याकरण जैसे कठिन विषय को अङ्गलभाषा द्वारा सीखना उसको और कठिन बनाता है इसलिए मैंने संस्कृत प्रथम और द्वितीय पुस्तकें भाषा में बनाई हैं और जैसा विस्तृत रूप से प्रथम पुस्तक की भूमिका में बताया जा चुका है मैंने संस्कृत पढ़ाने का वैज्ञानिक ढङ्ग दोनों पुस्तकों में स्वीकार किया है । प्रथम पुस्तक यू० पी०, सी०, पी० और विहार उड़ीसा तीन प्रान्तों की सरकारी ६ तथा १० दर्जे में नियत हो गई है इससे उत्साहित होकर मैंने अब द्वितीय पुस्तक बनाई है ।

इस संस्कृत द्वितीय पुस्तक का क्रम बिल्कुल वैसा ही है जैसा कि प्रथम पुस्तक का था जिसको इस पुस्तक के पढ़ने वालों को पूर्व ही भले प्रकार पढ़ और समझ लेना चाहिये ।

इस पुस्तक के आदि में सन्धि के प्रसिद्ध नियमों को जिनमें से बहुत से प्रथम पुस्तक की टिप्पणी में जहां २ वाक्यों में सन्धि हुई थी समझा दिये जा चुके हैं एक अति मनोरञ्जक रीति से कुल अक्षरों को चार गणों में विभक्त करके क्रमानुसार अर्थात् सिलसिले से लिखा है जिनको बहुत ही सरलता से विद्यार्थी याद कर सकते हैं और जल्द भूल नहीं सकते हैं ।

यही नियम इस पुस्तक की टिप्पणी में स्थान २ पर रूप समझाने में लिखे गए हैं। जो अध्यापक अलग सन्धि न पढ़ाना चाहें वे विना इन सन्धि के नियमों को पढ़ाए भी पुस्तक पढ़ा सकते हैं और विना टिप्पणी पढ़ाए केवल रूप ही पढ़ा सकते हैं। किन्तु यदि वे पहले सन्धि नियम पढ़ा कर टिप्पणी समझाते हुए पुस्तक पढ़ाएंगे तो बालकों की बहुत रुचि पढ़ने में लगेगी और रूप जल्द याद हो जावेंगे और बहुत देर तक याद रहेंगे। सन्धि नियम के वाद सन्धिनियमों का चक्र (नक़शा) दे दिया गया है।

आरम्भ में कारक भली प्रकार बताया है और संक्षेप से समास अच्छे प्रकार समझाया है ।

प्रथमपुस्तक में लट्, लङ्, लोट् और विधिलिङ् और लृट् पांच लकार बताए थे इसमें शेष लुट्, लृङ्, आशीर्लिङ्, लिट् और लुङ् बताकर सब १० लकार समाप्त कर दिए हैं और प्रथम पुस्तक में केवल ४ गण अर्थात् भ्वादि, दिवादि, तुदादि और चुरादि गण बताए थे इसमें शेष ६ गण—अदादि, जुहोत्यादि, स्वादि, रुधादि, तनादि और क्र्यादि बताकर सब धातुओं के गण समाप्त कर दिए हैं। तथा प्रत्ययान्तधातु और कर्मवाच्य और परस्मैपद आत्मनेपद का बदलना भी अच्छे प्रकार बताया है संख्यावाचक शब्दों के रूप और प्रसिद्ध हलन्त शब्दों के रूप तथा कुछ कठिन अजन्त शब्दों के रूप जो प्रथम पुस्तक में नहीं लिखे गए थे उनको इसमें लिख दिया है तथा कुछ विशेष बातें इस में बताई हैं। कृत्प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय अच्छे प्रकार लिख दिए हैं। प्रसिद्ध विशेषण तथा स्त्रीलिङ्ग बनाने के नियम भी देदिए हैं अन्त में उपसर्गों का अर्थ तथा प्रसिद्ध अव्यय और उनका प्रयोग भले प्रकार समझाया है।

इस पुस्तक में प्रत्येक पाठ में उत्तम २ तथा सरल संस्कृत की कथाएँ और श्लोकादि पञ्चतन्त्र, भविष्यपुराण, पद्मपुराण, महाभारतादि से उद्धृत करके लिखे गये हैं उनके प्रत्येक शब्द का अर्थ और रूप चलाना पहेले बता दिया गया है। और पाठ के अन्त में कुछ थोड़े भाषा के वाक्य अनुवाद के लिये रख दिये गए हैं।

टिप्पणी में जो पृष्ठ के नीचे लिखी है बहुत लाभदायक और मनोरञ्जक बातें लिखी गई हैं जिनके पढ़ने से बालक का चित्त पुस्तक पढ़ने में बहुत लगेगा। टिप्पणी में ऊँचे दर्जे के विद्यार्थियों के लिए तथा अध्यापकों की सहायता के लिए अष्टाध्यायी के सूत्र भी देदिए हैं जो नियमों को बहुत संक्षेप में याद रखने के लिए बहुत सहायक होंगे।

इस द्वितीय पुस्तक में इतनी व्याकरण देदी है जितनी इन्टरमीजियेट दर्जे के लिए बिल्कुल पर्याप्त है। संक्षेपतः संस्कृत प्रथम और द्वितीय पुस्तक को पढ़कर विद्यार्थी को संस्कृत का सरल ज्ञानहो जावेगा।

पाठकों से प्रार्थना है कि यदि वे कोई त्रुटियां इस ग्रन्थ में देखें तो मुझको सूचित कर दें ताकि और आवृत्तियों में वे सब ठीक कर दी जावें।

रामविहारीलाल चान्दापुरी, संस्कृत प्रोफ़ेसर

ता० १-१०-२८. डी. ए. वी. कालिज कानपूर.

विषय-सूची ।

सङ्केतों का अभिप्राय ।

संङ्केत	अभिप्राय
२ =	(द्वितीयगण) अदादिगण
३ =	जुहोत्यादिगण (तीसरा गण)
५ =	स्वादिगण (पांचवांगण)
७ =	रुधादिगण (सातवां गण)
८ =	तनादि गण (आठवां गण)

( ) = जहां कहीं सन्धि के आगे कोई संख्या कोष्ठ के भीतर पड़ी हो वहां मानों वह संख्या सन्धि के नियमों की है।

आ = आत्मनेपद

पर = परस्मैपद

(नं०) अथवा शब्द पर अनुस्वार ॱ दिया हो अथवा अन्त में म् हो = उसको नपुंसकलिङ्ग जानो जब तक कि कुछ विरुद्ध न कहा जाय ।

(पुं.) , : = जिस शब्द के आगे विसर्ग हो अथवा जिसके आगे (पुं.) लिखा हो जानो वह पुँल्लिङ्ग है ।

(वि.) = जिस शब्द के आगे (वि.) हो जानो वह विशेषण है और तीनों लिङ्ग है ।

= =जिस शब्द के पूर्व=यह चिन्ह हो जानो वह शब्द=इस चिन्ह के पूर्ववर्त्ती शब्द का अर्थ है ।

पा. १. २. ३.=पाणिनिमुनि की बनाई हुई अष्टाध्यायी का पहेला अध्याय दूसरा पाद तीसरा सूत्र इसी प्रकार और स्थानों पर जानना चाहिए ।

---

* सन्धि आदि के प्रसिद्ध नियम ।

प्रथम पुस्तक के वाक्यों में जहां २ सन्धि आई थी वहां २ चिन्ह बनाकर नीचे टिप्पणी में समझा दी गई थी उसी को क्रमानुसार अर्थात् सिल्सिला से इस पुस्तक की आदि में समझाया है तथा कुछ अधिक सन्धि नियम और धातुओं के रूप बनाने के प्रसिद्ध नियम भी रखदिए गए हैं ।

संस्कृत में अर्धविराम । और पूर्ण विराम ॥ इन (दो विरामों के) चिन्हों के अतिरिक्त बहुत विरामों के चिन्ह नहीं होते हैं अतएव शब्द मिले लिखे जाते हैं और जहां एक वाक्य समाप्त होता है वहां प्रायः । और जहां आधा श्लोक समाप्त होता है वहां अवश्य । यह चिन्ह लगा दिया जाता है और जहां श्लोक समाप्त हो जाता है वहां ॥ यह चिन्ह लगा देते हैं । दो अक्षर जहां आते हैं वहां वे मिलाकर लिखे जाते है इसी मेल को सन्धि

---

* संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः । नित्या समासे वाक्ये तु साविवक्षामपेक्षते ॥

(सिद्धान्त कौमुदी)=संहिता अर्थात् सन्धि एकपद (तिङन्तप्रत्यय सहित धातु वा विभक्तिसहित शब्द का रूप) के बनाने में और धातु में उपसर्ग जोड़ने में और समास में आवश्यक है (यदि नहीं होगी तो अशुद्धि है) किन्तु वाक्य में सन्धि करना (=वाक्य में जो शब्द आदि आते हैं उनमें परस्पर) बोलनेवाले की इच्छा पर है चाहें करे चाहें न करे ।

कहते हैं। वाक्य में शब्दों की सन्धि करना न करना कहने वाले वा लिखने वाले की इच्छाधीन है परन्तु धातु और शब्दों के रूपों में तथा समास में सन्धि आवश्यक है सन्धि तीन प्रकार की होती है। स्वरसन्धि, व्यञ्जनसन्धि, और विसर्ग सन्धि।

सन्धि अक्षरों की होती है और अक्षर यह है:—

स्वर।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ=यह १४ स्वर हैं।

व्यञ्जन निम्नलिखित हैं।

कवर्ग=क् ख् ग् घ् ङ् चवर्ग=च् छ् ज् झ् ञ् टवर्ग=ट् ठ् ड् ढ् ण् तवर्ग=त् थ् द् ध् न् पवर्ग=प् फ् ब् भ् म्	य् र् ल् व् श् ष् स् ह्	यह ३३ व्यञ्जन हैं

सन्धि आदि के नियम बनाने के लिए संस्कृत वैयाकरणों ने अक्षरों के कुछ समूह बनाये हैं जिनको प्रत्याहार कहते हैं। संस्कृत व्याकरण के प्रत्याहारों * में से निम्नलिखित प्रत्याहार अर्थात् अक्षरों के गण सन्धि आदि के नियमों में अधिक प्रयुक्त होते हैं इनको कण्ठस्थ कर लेने से सन्धि आदि के नियम (और सूत्र)

---

* संस्कृत व्याकरण अष्टाध्यायी के आदि में पाणिनि ने सब अक्षरों को निम्नलिखित प्रत्याहारों अर्थात् गणों में विभक्त किया है:—

अच्छे प्रकार समझ में आजाते हैं और भूलते नहीं हैं।

अक्षरों के प्रसिद्धगण यह हैं:—

अ इ उ ण्। ऋ ऌ क्। ए ओ ङ्। ऐ औ च् (=यह अच् अर्थात् स्वर हैं) ह य व र ट्। लण्। ञ म ङ ण न म्। झ भ ञ्। घ ढ ध ष्। ज ब ग ड द श्। ख फ छ ठ थ च ट त व्। क प य्। श ष स र्। ह ल्(=यह व्यञ्जन हैं=हल्) इन प्रत्याहारों का प्रयोग इस प्रकार होता है कि केवल एक अक्षर आदि का और हलन्त अक्षर अन्त का कहते हैं और उससे उन सब अक्षरों का बोध होजाता है जो पहलेअक्षर और हलन्तअक्षर के बीच में होते हैं पहले अक्षर को भी सम्मिलित कर लेते हैं। जैसे अण् कहने से अ इ उ का बोध होता है। अन्त के हलन्त अक्षर छोड़ दिये जाते हैं जैसे

खर्=ख फ छ ठ थ च ट त क प श ष स।

(व्यञ्जनों में एक अ उच्चारण के लिये मिला हुआ है क्योंकि बिना स्वर मिलाये यथार्थ में व्यञ्जन का उच्चारण नहीं हो सकता। इस उच्चारण वाले अ को निकाल देते हैं अर्थात् केवल हलन्त व्यञ्जनों का बोध होता है) जैसे

अण्=अ इ उ ऋ ऌ ए ओ ऐ औ ह् य् व् र् ल् (यह दूसरे ण् तक हैं)

झश्=झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द्। (वर्गों के तृतीय तथा चतुर्थ अक्षर)

हश्=ह् य् व् र् ल् ञ् म् ङ् ण् न् झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द्।

झल्=झ् भ् घ् ढ् ध् ज् ब् ग् ड् द् ख् फ् छ् ठ् थ् च् ट् त् क् प् श् ष् स् ह्।

जश्=ज् ब् ग् ड् द्। (वर्गों के तृतीय अक्षर)

चर्=च् ट् त् क् प् श् ष् स्। (वर्गों के प्रथम अक्षर तथा श् ष् स्)

अक्षरों का पहेला गण

खर्=वर्गों के पहेले दूसरे अक्षर और श् ष् स् अर्थात्=क् ख् च् छ् ट् ठ् त् थ् प् फ् श् ष् स्।

अक्षरों का दूसरा गण

अण्+झश्=स्वर, वर्गों के तीसरे चौथे अक्षर और य् र् ल् व् ह्=अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ ग् घ् ज् झ् ड् ढ् द् ध् ब् भ् य् र् ल् व् ह्।

अक्षरों का तीसरा गण

अश् = स्वर और वर्गों के तीसरे, चौथे, पांचवें अक्षर और य् र् ल् व ह् अर्थात् =अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ ग् घ् ङ् ज् झ् ञ् ड् ढ् ण् द् ध् न् ब् भ् म् य् र् ल् व् ह्।=[अच्+हश्]

अक्षरों का चौथा गण

झल् = कोई व्यञ्जन ङ् ञ् ण् न् म् य् र् ल् व् को छोड़ कर अर्थात् वर्गों के पहले दूसरे तीसरे चौथे अक्षर और श् ष् स् ह्=क् ख् ग् घ् च् छ् ज् झ् ट् ठ् ड् ढ् त् थ् द् ध् प् फ् ब् भ् श् ष् स् ह्।

स्वरसन्धि

१. *अ वा आ के परे अ वा आ हो तो दोनों मिल कर आ, इ वा ई हो तो दोनों मिलकर ए, उ वा ऊ हो तो दोनों मिलकर ओ, ऋ वा ॠ हो तो दोनों मिलकर अर्, ऌ वा ॡ हो तो दोनों मिलकर अल्, ए वा ऐ हो तो दोनों मिलकर ऐ, ओ वा औ हो तो दोनों मिल कर औ हो जाते हैं। जो दोनों का मिल कर अक्षर बनता है वह पूर्व व्यञ्जन में मिल जाता है।

शश+अङ्कः=शशाङ्कः (चन्द्रमा), महा+आशयः=महाशयः (बड़े आशय (विचार) वाला) परम+ईश्वरः=परमेश्वरः, गण+ईशः=गणेशः (गण=समूह, देवों के समूह का मालिक) नील+उत्पलम्=नीलोत्पलम् (नीला कमल) गङ्गा+उदकम्=गङ्गोदकम् (गङ्गा का जल), जल+ओघः=जलौघः (जल का समूह अर्थात् धारा)

महा+ओषधिः=महौषधिः (बड़ी ओषधि) देव+इन्द्रः=देवेन्द्रः, महा+ऊर्मिः= महोर्मिः (बड़ी लहेर) महा+ऋषिः=महर्षिः, देव+ऋषिः=देवर्षिः, एक+एकम्=एकैकम्, महा+ऐरावतः=महैरावतः (बड़ा इन्द्र का हाथी) चित्त+औदार्य्यम्=चित्तौदार्य्यम् (चित्त की उदारता)

२. इ वा ई के परे इ वा ई हो तो दोनों मिलकर ई हो जाते हैं जो पूर्व के व्यञ्जन में जुड़ जाती है और यदि इ वा ई को छोड़ कर कोई और स्वर परे हो तो इ वा ई

---

*अकः सवर्णे दीर्घः। पा० ६. १. १०१ आद्गुणः। पा० ६. १. ८६ वृद्धिरेचि। पा० ६. १. ८८।

का य् हो जाता है जिसमें कि परे का *असवर्ण स्वर मिल जाता है जैसे कवि+ईश:= † कवीश: (कवियों में मालिक) लक्ष्मी+ईश:=लक्ष्मीश:, यदि+अपि=यद्यपि, अति+आचार:=अत्याचार:, अभि+उदय:=अभ्युदय:, प्रति+एकम्=प्रत्येकम्, देवी+आगता=देव्यागता, वली+ऋषभ:=वल्यृषभ:, वली+ऐरावत:=वल्यैरावत: इत्यादि ॥

३. उ वा ऊ के परे उ वा ऊ हो तो दोनों मिलकर ऊ हो जाते हैं जो पूर्व व्यञ्जन में मिल जाता है और यदि उ वा ऊ को छोड़ कोई और स्वर परे हो तो उ वा ऊ का व् हो जाता है जो पूर्व व्यञ्जन में मिल जाता है और परे का असवर्ण स्वर व् में जुड़ जाता है। जैसे:—अनु+अय:=अन्वय:, सु+आगतम्=स्वागतम्, तनु+इन्द्रियम्=तन्विन्द्रियम्, वधू+ऐश्वर्य्यम्=वध्वैश्वर्य्यम्, वधू+औदार्य्यम्=वध्वौदार्य्यम् (बहू की उदारता) इत्यादि।

४. ऋ वा ॠ के परे ऋ वा ॠ हो तो दोनों मिलकर ॠ हो जाते हैं जो पूर्व व्यञ्जन में जुड़ जाती है और यदि ऋ वा ॠ को छोड़ कोई और स्वर (असवर्ण)

---

* इ वा ई परस्पर सवर्ण हैं और सब स्वर इ ई के असवर्ण हैं और इसी प्रकार अ, आ का सवर्ण अ, आ है शेष सब स्वर अ आ के असवर्ण; उ, ऊ का सवर्ण उ, ऊ है शेष सब स्वर उ ऊ के असवर्ण हैं। संक्षेपत: ए ऐ ओ औ को छोड़ किसी भी स्वर के परे जब सवर्ण स्वर होता है तो दोनों मिलकर एक दीर्घ स्वर हो जाते हैं और यदि असवर्ण परे हो तो पूर्व इ वा ई का य्, उ, ऊ का व्, ऋ ॠ का र्, ऌ का ल्, होजाता है परन्तु सवर्ण या असवर्ण कोई स्वर परे हो तो ए का अय्, ऐ का आय्, ओ का अव् औ का आव् होता है जिसमें फिर परे का स्वर मिल जाता है।

†अक: सवर्णे दीर्घ:। पा० ६. १. १०१। इकोयणचि। पा० ६. १. ७७ इन्हीं सूत्रों पर नियम २, ३, ४ और ५ बने हैं।

परे हो तो ऋ वा ॠ का र् हो जाता है जो पूर्व व्यञ्जन में जुड़ जाता है और फिर इस र् में परे का स्वर (असवर्ण) मिल जाता है जैसे पितृ+ऋणाम्=पितॄणाम्, पितृ+आदेश:=पित्रादेश: (पिता का हुक्म), पितृ+इच्छा=पित्रिच्छा, पितृ+ऐश्वर्य्यम्=पित्रैश्वर्य्यम्, पितृ+औदार्य्यम्=पित्रौदार्य्यम् । इत्यादि ॥

५. ऌ वा ॡ के परे ऌ वा ॡ हो तो दोनों मिलकर ॡ हो जाते हैं जो पूर्व व्यञ्जन में जुड़ जाती है और यदि ऌ वा ॡ को छोड़ कर कोई और स्वर (असवर्ण) परे हो तो ऌ वा ॡ का ल् हो जाता है फिर इस ल् में परे का स्वर जुड़ जाता है जैसे ऌ+आकृति: =लाकृति: (ऌ के समान आकार) ॥

६. † ए वा ऐ के परे कोई स्वर हो (चाहे सवर्ण हो चाहे असवर्ण) तो क्रम से ए का अय् और ऐ का आय् हो जाता है जिन का अ वा आ पूर्व व्यञ्जन में मिल जाता है और य् परे स्वर में जुड़ जाता है जैसे हरे+ए=हरये, रै+ए=राये, नै+अक:=नायक:, शे+इतम्=शयितम्, रै+ओ:=रायो: इत्यादि ॥

७. ओ वा औ के परे कोई स्वर हो (सवर्ण चाहे असवर्ण) तो क्रम से ओ का अव् और औ का आव् हो जाता है जिनका अ व आ पूर्व व्यञ्जन में मिल जाता है और व् परे स्वर में जुड़ जाता है जैसे विष्णो+ए=विष्णवे, पौ+अक:=पावक:, भौ+इनी=भाविनी, नौ+औ=नावौ, गो+ओ:=गवो: इत्यादि ॥

---

†एचोऽयवायाव: । पा० ६. १. ७८ इसी सूत्र पर नियम ७ और एक पक्ष नियम ८ और ९ का बना है ।

८. *पदान्त ए वा ओ के परे अ को छोड़ कोई स्वर हो तो ए वा ओ का अ होजाता है जो पूर्व व्यञ्जन में जुड़ जाता है फिर परे स्वर से कोई सन्धि नहीं होती अथवा विकल्प करके नियम ६ और ७ के अनुसार ए वा ओ का क्रम से अय् और अव् हो जाते हैं जैसे सखे + आगच्छ = सख आगच्छ अथवा सखयागच्छ, सखे + उच्यताम् = सख उच्यताम् वा सखयुच्यताम् (मित्र बोलिए), प्रभो आगच्छ = प्रभआगच्छ वा प्रभवागच्छ, प्रभो इह = प्रभइह वा प्रभविह (हे प्रभू इस लोक में) प्रभो एहि = प्रभएहि वा प्रभवेहि (हे प्रभू आइए) इत्यादि ॥

९. पदान्त ऐ वा औ के परे कोई स्वर हो तो ऐ व औ का आ हो जाता है जो पूर्व व्यञ्जन में जुड़ जाता है फिर परे स्वर से सन्धि नहीं होती अथवा विकल्प करके नियम ६ और ७ के अनुसार ऐ और औ का क्रम से आय् और आव् हो जाते हैं जैसे श्रियै + अर्थः = श्रियाअर्थः अथवा श्रियायर्थः, श्रियै इच्छति = श्रिया इच्छति वा श्रियायिच्छति (श्री के लिए इच्छा करता है), श्रियै एति = श्रिया एति वा श्रियायेति, रवौ अस्तमिते = रवा अस्तमिते वा रवावस्तमिते (सूर्य्य के अस्त होने पर) तौ एतौ = ता एतौ वा तावेतौ इत्यादि ॥

१०. †पदान्त ए वा ओ के परे यदि ‡अ हो तो अ का लोप हो जाता है और विकल्प से उसके स्थान में (ऽ) यह चिन्ह रख देते हैं जिसको लुप्त अकार

---

*पदान्त उसको कहते हैं जो पद के अन्त में हों। विभक्ति सहित शब्द को और प्रत्यय सहित धातु को पद कहते हैं जैसे सेवते, सेवेत, नरे यह सब पद हैं।

* सुप्तिङन्तं पदम् पा० १. ४. १४ । लोपः शाकल्यस्य पा० ८. ३. १९.

†एङः पदान्तादति । पा० ६. १. १०९

‡जब पदान्त ए वा ओ के परे अ हो तो सन्धि १० नियमानुसार होती है और यदि अ को छोड़ कोई दूसरा स्वर परे हो तो सन्धि नियम ८ के अनुसार होती है

कहते हैं जैसे प्रभो + अनुगृहाण = प्रभोऽनुगृहाण वा प्रभोनुगृहाण (हे प्रभू अनुग्रह कीजिए), हरे अत्र = हरेऽत्र वा हरे व (हे हरि रक्षा कर) इत्यादि ॥

स्वर सन्धि के *अपवाद ।

११. †उन द्विवचनों की जिनके अन्त में ई, ऊ वा ए हों सन्धि नहीं होती (चाहे वे द्विवचन सँज्ञा वा सर्वनाम शब्दों के हों चाहे धातु के द्विवचन हों) जैसे कवी+ इमौ = कवी इमौ, साधू आगतौ = साधू आगतौ, गङ्गे अमू = गङ्गे अमू, पचेते इमौ = पचेते इमौ इत्यादि ॥

१२. ‡(क) अदस् शब्द के उन रूपों की जिनके अन्त में म के परे ई वा ऊ हों सन्धि नहीं होती जैसे अमी अश्वाः = अमीअश्वाः, अमू आसाते (दो बैठते हैं) इत्यादि ॥

(ख) अव्यय जिनके अन्त में ओ हो अथवा जो एक ही अक्षर के हों उनकी सन्धि नहीं होती जैसे अहो अपेहि=अहो अपेहि, उ+उत्तिष्ठ=उउत्तिष्ठ इत्यादि ॥

व्यञ्जन सन्धि ।

व्यञ्जनों के वर्गों के पहले अक्षरों की सन्धि के कुछ नियम आरम्भ में दिए जाते हैं ।

१३. पदान्त क्, च्, ट् और प् (तवर्ग के पहले अक्षर को छोड़ सब वर्गों के पहले अक्षर) के परे जब अण् वा झश् प्रत्याहार हो, अर्थात् (अक्षरों का दूसरा गण

---

*अर्थात् ऊपर के नियमों के विरुद्ध स्वर संधि यहां नहीं होती है ।

†ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम् पा० १. १. ११.

‡ अदसोमात् । पा. १. १. १२. निपात एकाजनाङ् । पा० १. १. १४

हो) (=कोई स्वर, ग् घ् ज् झ् ड् ढ् द् ध् ब् भ् [=वर्गों का तीसरा और चौथा अक्षर] य् र् ल् व् ह् हो) तो उनके—*स्थान में क्रम से ग्, ज्, ड् और ब् (=अपने वर्ग का तीसरा अक्षर) हो जाता है और वर्गों का प्रथम अक्षर (जो पद के अन्त पर हो) के परे यदि न् वा म् हो तो प्रथम अक्षर अपने वर्ग का तृतीय अथवा विकल्प करके पञ्चम अक्षर हो जाता है। जैसे वाक्+ईशः=वागीशः, दिक्+गजः=दिग्गजः, दिक्+हस्ती=†दिग्हस्ती, अच्+अन्तः=अजन्तः, अच्+वत्=अज्वत्, परिव्राट्+आगतः=परिव्राडागतः, परिव्राट्+वदति=परिव्राड्वदति, अप्+इन्धनम्=अबिन्धनम्, अप्+जम्=अब्जम्, दिक्+नागः=दिङ्नागः वा दिग्नागः। भवत्+मतम्=भवन्मतम् वा भवद्मतम्।

१४. पदान्त त् के परे जब कोई स्वर वा ग् घ् द् ध् ब् भ् अर्थात् कवर्ग, तवर्ग, पवर्ग (चवर्ग और टवर्ग को छोड़ दिया जिसकी सन्धि आगे बतावेंगे) का

---

*झलांजशोऽन्ते पा० ८. २. ३९। झलां जश् झशि। पा० ८. ४. ५३

नोट—टिप्पणी सूत्रों में नियमोंमें वर्णित बातों से और बहुत बातें बताई गई हैं किन्तु आवश्यकतानुसार सरलता के हेतु केवल थोड़ी २ बातें इन नियमों में बताई गई हैं। देखो नियम ४६।

†क् के परे जब ह् हो तो ह् का विकल्प करके घ् भी हो जाता है जैसे दिक्+हस्ती=दिग्घस्ती वा दिग् हस्ती। इसी प्रकार यदि ट् के परे ह् हो तो ह् का विकल्प करके ढ् होता है जैसे परिव्राट्+हसति=परिव्राड्हसति वा परिव्राड्ढसति। इसी प्रकार प् के परे ह् का विकल्प करके भ् होता है जैसे अप्+हरणम् अब्हरणम् वा अब्भरणम् (झयो होन्यतरस्याम् पा० ८. ४. ६२।)

तीसरा वा चौथा अक्षर हो वा य् र् व् (ल् ह् को छोड़ दिया है) हो तो त् का द् हो जाता है जैसे जगत्+अन्तः=जगदन्तः, बृहत्+गहनम्=बृहद्गहनम् (बड़ा वन) महत्+धनुः=महद्धनुः ।

१५. त् वा द् के परे जब चवर्ग का तीसरा वा चौथा अक्षर अर्थात् ज् वा झ् हो तो त् वा द् का ज् हो जाता है जैसे भवत्+जीवनम्=भवज्जीवनम् (आप का जीवन), विपद्+जालम्=विपज्जालम् इत्यादि ॥

१६. त् वा द् के परे यदि ह् (देखो नियम १४ चवर्ग ल् और ह् छोड़ दिया गया था) हो तो त् का द् और ह् का ध् हो जाता है जैसे तद् हितम्=तद्धितम्, उत्+हृतः=उद्धृतः ।

१७. त् वा द् के परे यदि टवर्ग का तीसरा वा चौथा अक्षर अर्थात् ड् वा ढ् हो तो त् वा द् का ड् होजाता है जैसे उत्+डीनः=उड्डीनः=(उड़ा), एतद्+ढक्का=एतड्ढक्का=(यह ढोल) ।

१८. त् वा द् के परे ल् हो तो त् वा द् का ल् हो जाता है जैसे बृहत्+ललाटम्=बृहल्ललाटम् (बड़ा माथा), एतद्+लीलोद्यानम्=एतल्लीलोद्यानम् इत्यादि ॥

१९ *वर्गों के पहले अक्षर के परे (यदि पहला अक्षर शब्द के अन्त में हो तो) जब न् वा म् हो तो वर्ग का पहला अक्षर अपने वर्ग का तीसरा वा विकल्प करके पांचवां अक्षर होजाता है जैसे दिक्+नागः=दिग्नागः वा दिङ्नागः,

---

*यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा. पा० ८. ४. ४५ ।

जगत्+नाथः=जगन्नाथः वा जगद्नाथः अच्+नास्ति=अज् नास्ति वा अञ्नास्ति, मधुलिट्+मत्तः=मधुलिण्मत्तः वा मधुलिड्मत्तः (मस्त शहद की मक्खी) अप्+मानम्=अम्मानम् वा अब्मानम् इत्यादि ॥

किन्तु यदि परे का म्, मयट् वा मात्रच् प्रत्यय का हो तो वर्गों का पहला अक्षर केवल अपने वर्ग का पांचवां हो जावेगा तीसरा नहीं होगा जैसे वाक्+मयम्=वाङ्मयम् , चित्+मयम्=चिन्मयम्, मधुलिट्+मात्रम्=मधुलिण्मात्रम्, अच्+मात्रम्=अञ्मात्रम् अप्+मयम्=अम्मयम् इत्यादि ॥

सामान्यतः वर्गों के पहले अक्षरों की सन्धि होगई, त् की विशेष सन्धि और अक्षरों से होती है उसको भी लिख दिया है त् के ही समान द् की भी सन्धि जहां होती है वहां त् के साथ द् को भी लिख देते हैं ॥

२० *त् वा द् के परे च् वा छ् हो तो त् वा द् का च् हो जाता है महत् चक्रम्=महच्चक्रम् (बड़ा पहिया), महत्+छत्रम्=महच्छत्रम् [सामान्यतः स् और तवर्ग से जब श् और चवर्ग की सन्धि होती है तो स् और तवर्ग का श् और चवर्ग हो जाता है]

२१. त् वा द् के परे ट् वा ठ् हो तो त् वा द् का ट् हो जाता है जैसे तद्+टीका=तट्टीका, सत्+ठक्कोरः=सट्ठक्कोरः इत्यादि ॥ [सामान्यतः जब स् और तवर्ग की सन्धि ष् और टवर्ग से होती है तो स् और तवर्ग का ष् और टवर्ग होजाता है]

*त् वा द् की सन्धि चवर्ग और टवर्ग के पहले और दूसरे अक्षर से अब कहेंगे ॥ स्तोश्चुनाश्चुः । ष्टुना ष्टुः । पा. ८. ४. ४० और ४१ ॥

न् की सन्धि ।

२२. *न् के परे जब च् वा छ् हो तो न् का अनुस्वार हो जाता है और च् और छ् का क्रमसे श्च और श्छ् हो जाता है जैसे नृत्यन्+चकोरः=नृत्यंश्चकोरः (नाचती हुई चकोर), धावन्+छागः=धावंश्छागः (दौड़ता हुआ बकरा) इत्यादि ॥ न् के पूर्व जब च् वा ज् हो तो न् का ञ् हो जाता है जैसे यज्+न=यज्ञ। याच्+ना=याच्ञा ॥

२३. न् के परे जब ज्, झ् हो तो न् का ञ् हो जाता है जैसे महान्+जयः= महाञ्जयः, उद्यन्+झङ्कारः=उद्यञ्झङ्कारः (उठती हुई झङ्कार) ॥

२४. न् के परे ट् वा ठ् हो तो न् का अनुस्वार हो जाता है और ट् और ठ् क्रमसे ष्ट् और ष्ठ् हो जाते हैं महान्+ठक्कुरः=महांष्ठक्कुरः, चलन्टिट्टिभः=चलंष्टिट्टिभः

२५. न् के परे ड् वा ढ् हो तो न् का ण् हो जाता है जैसे महान्+डामरः= महाण्डामरः इत्यादि ॥

२६. न् के परे जब ल् हो तो न् का ल् हो जाता है और न् के पूर्व के अक्षर के ऊपर ँ यह (चन्द्रबिन्दु) का चिन्ह लगा दिया जाताहै । जैसे महान्+लाभः= महाँल्लाभः ।

२७. पदान्त न् के परे जब त् वा थ् हो तो न् का अनुस्वार होजाता है और त्, थ् का क्रम से स्त् और स्थ् होजाता है जैसे हसन्+तरति=हसंस्तरति (हंसता हुआ पार होता है) ॥

---

* न् को सब वर्गों में क्रम से देखकर जहां २ प्रसिद्ध सन्धि हुई वहां लिखी गई ॥

२८. *पदान्त न् ङ् वा ण् के पूर्व जब कोई ह्रस्वस्वर हो और परे चाहे कोई स्वर हो, तो ङ् ण् वा न् का द्वित्व हो जाता है किन्तु यदि ङ् ण् वा न् के पूव दीर्घ स्वर हो तो न् का द्वित्व नहीं होता जैसे प्रत्यङ्+आत्मा=प्रत्यङ्ङात्मा । सुगण्+ईशः= सुगण्णीशः, हसन्+आगतः=हसन्नागतः, स्मरन्+उवाच=स्मरन्नुवाच, महान्+आग्रहः=महानाग्रहः ॥

म् की सन्धि ।

२९. †पदान्त म् के परे यदि श् ष् स् वा ह् हो तो म् का अनुस्वार हो जाता है किन्तु इन अक्षरों के अतिरिक्त यदि पांचों वर्गों का कोई अक्षर अथवा य् र् ल् और व् परे हो तो म् का अनुस्वार होजाता है अथवा विकल्प करके म् के स्थान में परे अक्षर के वर्ग का पञ्चम अक्षर हो जाता है और य्, र् ल् और व् का क्रम से म् से मिलकर य्यँ्, र्रँ्, ल्लँ्, व्वँ् होजाता है परन्तु पद के मध्य के म् के स्थान में अवश्य ही यह होता है अर्थात् म् परसवर्ण हो जाता है जैसे कष्टम्+सहते=कष्टंसहते । मधुरम्+हसति=मधुरंहसति, सत्वरम्+याति=सत्वरंयाति, विद्याम्+लभते=विद्याँल्लभते, शय्यायाम्+शेते=शय्यायांशेते । किम्+करोषि=किङ्करोषि वा किंकरोषि, मधुरम्+भाषते=मधुरम्भाषते वा मधुरं भाषते, सम्+यन्ता=संयन्ता वा सँय्यन्ता । सम्+वत्सरः=संवत्सरः वा सव्वँत्सरः । यम् लोकम्=यंलोकम् वा यँल्लोकम ।

---

* ङमो ह्रस्वादचि ङमुण्नित्यम् । पा० ८. ३. ३२ ॥

† मोऽनुस्वारः । पा० ८. ३. २३ । अनुस्वारस्यययि पर सवर्णः । वा पदान्तस्य । पा० ८. ४. ५८, ५९ ॥

३०. पदान्त द् के परे यदि न् वा म् हो तो द् का विकल्प करके न् होता है किन्तु यदि परे का म् मयट् वा मात्रच् प्रत्यय का है तो अवश्य ही द् का न् होगा जैसे तद्+नीरम्=तन्नीरम् वा तद्नीरम्, तद्+मयम्=तन्मयम् इत्यादि ॥

३१. (१) ष् के परे यदि त् वा थ् हो तो त् वा थ् का क्रम से ट् और ठ् हो जाता है। जैसे आकृष्+तः=आकृष्टः, षष्+थः=षष्ठः इत्यादि ॥

(२) छ् के पूर्व यदि कोई स्वर हो तो छ् का च्छ् होजाता है जैसे तरु छाया=तरुच्छाया।

विसर्गसन्धि

३२. †विसर्ग के पूर्व में यदि आ हो और उसके परे अश् प्रत्याहार (अर्थात् अक्षरों का तीसरा गण हो) अर्थात् कोई स्वर, वर्गों का तीसरा, चौथा, पांचवां अक्षर, य् र् ल् व् ह् हो तो विसर्ग गिर जाता है और कोई सन्धि नहीं होती। जैसे अश्वाः+अमी=अश्वा अमी, नराः+एते=नराएते, हताः+गजाः=हतागजाः नराः+लभन्ते=नरा लभन्ते, बालकाः+हसन्ति=बालका हसन्ति इत्यादि ॥ वर्गों के तीसरे चौथे पांचवे अक्षर वा य्, र्, ल्, व् और ह् परे रहते यह सन्धि आवश्यक है। परन्तु स्वर

---

†भोभगो अघो अपूर्वस्य योऽशि। पा० ८. ३. १७। लोपः शाकल्यस्य। पा० ८. ३. १९। हलि सर्वेषाम्। पा० ८. ३. २२। †इसी सूत्र पर नियम ३२ (२) भी बनाया गया है।

के परे रहते वैकल्पिक है। यदि विसर्ग के पूर्व अ हो और परे (अक्षरों का तीसरा गण) अर्थात् अश् प्रत्याहार हो तो उसकी सन्धि होने के तीन नियम हैं :—

(१) *यदि विसर्ग के पूर्व अ हो और परे भी अ हो तो पूर्व अ और विसर्ग दोनों मिल कर ओ होजाते हैं और फिर इस ओ के परे अ है अतएव परे अ का लुप्ताकार का चिन्ह आदेश हो जाता है (नियम १० के अनुसार) नरः + अयम् = नरोऽयम्, गतः अस्मि = गतोऽस्मि इत्यादि ॥

(२) यदि विसर्ग के पूर्व अ हो और परे अ को छोड़ कोई स्वर हो तो विसर्ग विकल्प से गिर जाता है और फिर सन्धि नहीं होती जैसे कुतः + आगतः = कुतआगतः, देवः + ऋषिः = देवऋषिः, रक्तः + ओष्ठः = रक्तओष्ठः (लाल ओंठ) इत्यादि ॥

(३) †यदि विसर्ग के पूर्व अ हो और परे हश् प्रत्याहार हो (अर्थात् वर्गों का तीसरा, चौथा, पांचवां अक्षर, य् , र्, ल्, व्, ह्) तो विसर्ग अपने पूर्व अ में मिलकर ओ हो जाता है जैसे शोभनः + गन्धः = शोभनोगन्धः, उन्नतः + नगः = उन्नतोनगः (ऊँचा पर्वत), वामः + हस्तः = वामोहस्तः, कृतः + यत्नः = कृतोयत्नः इत्यादि ॥

३४. ‡यदि विसर्ग के पूर्व अ वा आ को छोड़ कोई और स्वर हो और परे अश् प्रत्याहार (अर्थात् अक्षरों का तीसरा गण हो) अर्थात् कोई स्वर, वर्गोंका तीसरा,

---

*अतोरोरप्लुतादप्लुते । पा० ६. १. ११३

†हशि च । पा० ६. १. ११४

‡ससजुषोरुः । पा० ८. २. ६६ = यह बहुत विस्तृत सूत्र है जिसमें यह नियम भी आ गया है।

चौथा, पांचवां अक्षर य्, र्, ल्, व्, ह् हो तो विसर्ग का र् हो जाता है जैसे गतिः + इयम् = गतिरियम्, कविः + अयम् = कविरयम्, गुरुः + जयति = गुरुर्जयति, तैः + उक्तम् = तैरुक्तम्, निः + भयम् = निर्भयम्, वायुः + वाति = वायुर्वाति इत्यादि ॥

विसर्ग सन्धि के अपवाद

३५. ‡सः और एषः का विसर्ग गिरजाता है यदि कोई भी हल् इनके परे हो जैसे सः + गच्छति = सगच्छति, सः + करोति = सकरोति परन्तु जब इनके परे अ को छोड़ कोई अन्य स्वर हो तो इनका विसर्ग विकल्प करके गिर जाता है जैसे सः + इच्छति वा स इच्छति और जब इनके परे अ होतो विसर्गका ओ और अगले अकारका लोप हो जाताहै और लोप किए हुए अकार के स्थानमें विकल्पसे लुप्त अकारका चिन्ह ऽ आ जाता है जैसे सः + अपि = सोऽपि वा सोपि । वाक्य के अन्त पर जब यह सः और एषः का विसर्ग हो तो कोई अक्षर परे नहीं है इसलिए इनका लोप नहीं होगा । जैसे गच्छति सः । इच्छति एषः ।

३६. यदि बिसर्ग (शब्द का अंश हो) र् के स्थान में शब्द के साथ रहता हो (जैसे पुनः = पुनर्, प्रातः = प्रातर् और यद्यपि इस विसर्ग के पूर्व अ है) तो भी इस विसर्ग का र् हो जाता है यदि इसके परे अश् प्रत्याहार (अर्थात् अक्षरों का तीसरा गण हो) अर्थात् कोई स्वर, वर्गों का तीसरा, चौथा, पांचवां अक्षर य्, र, ल्, व्, ह् हो जैसे पुनः + अपि = पुनरपि, प्रातः + एव = प्रातरेव, अन्तः + धानम् = अन्तर्धानम् भ्रातः + आगच्छ = भ्रातरागच्छ, मातः + देहि = मातर्देहि ॥

---

‡एतत्तदोः सुलोपोऽकोरनञ्समासे हलि । पा० ६. १. १३२ ॥

३७. यदि अव्यय भो: भगो: अघो: के विसर्ग के परे अश् प्रत्याहार अर्थात् (अक्षरों का तीसरा गण) (=किसी वर्ग का तीसरा, चौथा, पांचवां अक्षर) और य्, र्, ल्, व्, ह् कोई स्वर हो तो विसर्ग का लोप होता है और कोई सन्धि फिर नहीं होती जैसे भो:+माधव=भोमाधव, भो:+जनमेजय=भो जनमेजय इत्यादि और यदि परे कोई स्वर हो तो विकल्प से भो: का विसर्ग गिर जाता है जैसे भो:+अच्युत=भो अच्युत वा भो: अच्युत ।

विसर्ग सन्धि के विशेष नियम

३८. *यदि र् के परे र् हो तो पूर्व र् गिर जाता है और यदि उसके पूर्व कोई ह्रस्व स्वर अ, इ, उ, हो तो वह दीर्घ हो जाता है जैसे पित:+रक्ष=पितर्रक्ष= पितारक्ष, मातु:+रोदनम्=मातुर्+रोदनम्+मातूरोदनम्, निर्+रोग:=नीरोग: इत्यादि इसी प्रकार ढ् के परे यदि ढ् हो तो पूर्व ढ् गिर जाता है और पूर्व का अ, इ, उ, ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है जैसे लिढ्+ढ:=लीढ: ॥

३९. विसर्ग का श् हो जाता है यदि उसके परे च् वा छ् हो जैसे नर:+च= नरश्च, पूर्ण:+चन्द्र:=पूर्णश्चन्द्र: ॥

४०. विसर्ग का ष् हो जाता है यदि उसके परे ट् वा ठ् हो जैसे भीत:+टलति=भीतष्टलति ॥

---

*रोरि । पा० ८. ३. १४ । ढ्लोपे पूर्वस्य दीर्घोऽण: । पा० ६. ३. १११

४१. विसर्ग का स् हो जाता है यदि उसके परे त् वा थ् हो जैसे उन्नतः + तरुः = उन्नतस्तरुः ॥

सन्धि के और आवश्यक तथा मुख्य नियम ।

न् का ण् होना

४२. *एक ही पदमें ऋ, ॠ, र् , ष् के परे यदि न् हो तो न् का ण् हो जाता है और यदि इन अक्षरों और न् के बीच में कोई स्वर, कवर्ग, पवर्ग य् , र् , व् , ह् , अनुस्वार इनमें से कोई हो तो भी न् का ण् हो जाता है किन्तु यदि इन के अतिरिक्त कोई और अक्षर ऋ, ॠ, र् वा ष् और न् के बीच में है तो न् का ण् नहीं होगा। जैसे अर्चना, कारणम् , गुरुणा, मृगेण, रेफेण, अर्थेन, रसेन इत्यादि ॥

४३. † पदान्त न् का ण् कभी नहीं होता जैसे नरान् ॥

स् का ष् होना

४४. ‡ प्रत्यय के स के पूर्व यदि अ और आ को छोड़ कोई स्वर हो अथवा कवर्ग का कोई अक्षर हो अथवा य् , र् , ल् , व् , ह् , हो तो स् का ष् हो जाता है जैसे वाक्+सु (क्षु = क्+षु) = वाक्षु, मुनि + सु = मुनिषु, लता + सु = लतासु

---

* रषाभ्यां नोणः समानपदे । अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि पा० ८. ४. १ और २ ।

† पदान्तस्य न । पा० ८. ४. ३७ ।

‡ अपदान्तस्य मूर्धन्यः । इणकोः । आदेशप्रत्यययोः । नुम्विसर्जनीयशर्व्यवायेऽपि । पा० ८. ३. ५५ और ५७, ५८ तथा ५९ ।

और यदि अ और आ को छोड़ किसी स्वर वा ऊपर लिखित अक्षर अर्थात् कवर्ग, य्, र्, ल्, व्, ह् और स् के बीच में अनुस्वार वा विसर्ग हो तो भी स् का ष् हो जाता है जैसे हवींषि, धनुःषु इत्यादि ।

४५. *झल् प्रत्याहार अर्थात् (चौथे गण के व्यञ्जन के परे अर्थात्) य्, र ल्, व्, ङ्, ञ्, ण्, न्, म् [(=वर्गों का पांचवा अक्षर) तथा य्, र्, ल्, व् व्यञ्जनों को छोड़ यदि किसी भी व्यञ्जन के परे खर् प्रत्याहार अर्थात् अक्षरों का प्रथम गण हो अर्थात् क्, ख्, च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्, प्, फ्=वर्गों के पहले दूसरे अक्षर और श्, ष्, स् तो वह व्यञ्जन अपने वर्ग का प्रथम अक्षर हो जाता है और अन्त पर वह व्यञ्जन हो अर्थात् उस के परे कुछ भी न हो तो वह विकल्प कर के अपने वर्ग का प्रथम अक्षर होता है जैसे सुहृद्+सु=सुहृत्सु, सुहृत् वा सुहृद् ।

४६. † झल् प्रत्याहार अर्थात् (चौथे गण का व्यञ्जन) अर्थात् य्, र्, ल्, व्, ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, व्यञ्जनों को छोड़कर यदि कोई भी व्यञ्जन पदान्त हो (=विभक्ति वा धातु के प्रत्यय लगे हुए बने हुए रूप के अन्त में हो) तो वह अपने वर्ग का प्रथम वा तृतीय अक्षर हो जाता है जैसे वाक्, वाग् । यदि ष् पदान्त होगा तो वह ट् वा ड् हो जावेगा ।

---

* खरि च । पा. ८. ४. ५५ । वावसाने । पा० ८. ४. ५६ ।

† झलां जशोऽन्ते । पा० ८. २. ३९ से तृतीय अक्षर और वावसाने । पा० ८. ४. ५६ से प्रथम अक्षर हो जाता है ।

४७. †च् वा ज् के परे यदि खर् प्रत्याहार अर्थात् (अक्षरों का प्रथम गण हो) वर्गों के पहले दूसरे अक्षर और श् , ष् , स् अथवा कुछ भी न परे हो तो च् वा ज् का क् हो जाता है जैसे वाच्+सु=वाक्+सु=वाक्+षु [४४]= वाक्षु, वणिज्+सु=वणिक्+सु=वणिक्षु । वाक् , वाग् ।

४८. ‡पदान्त च् वा ज् के परे यदि अश् प्रत्याहार हो अर्थात् कोई स्वर वा (कोई व्यञ्जन अक्षरों के तीसरे गण का हो अर्थात्) वर्गों का तीसरा, चौथा और पांचवां अक्षर और य् , र् , ल् , व , ह् , हो तो च् वा ज् का ग् हो जाता है जैसे वाच्+भ्याम्=वाग्भ्याम् । वाच्+ईशः=वागीशः ।

४९. ¶ ह् यदि पद के अन्त में हो अथवा ह् के परे झल् प्रत्याहार अर्थात् (चौथे गण का व्यञ्जन हो अर्थात्) ङ् , ञ् , ण् , न् , म् , य् , र् , ल् , व् , को छोड़ कोई व्यञ्जन हो तो ह् का ढ् हो जाता है और यदि ऐसा ह् (जो ऊपर की अवस्था में हो) किसी ऐसी धातु के अन्त में हो जिस धातु की आदि का अक्षर द् हो तो ह् का घ् हो जाता है और यदि आदि में द् न हो तो धातु के अन्तिम ह् का ढ् ऊपर लिखी अवस्था में होता है । जैसे दुह्+त (क्त)=दुघ्+त= दुघ्+ध (५२)=दुग्ध (५३) ।

---

† चोः कुः । पा० ८. २. ३०. इसी सूत्र पर नियम ४८ भी बना है ।

‡ यद्यपि वाग्भ्याम् इतना शब्द पद हुआ किन्तु संस्कृत व्याकरण में उन शब्दों को जिनके परे व्यञ्जनादि विभक्ति पड़ी है तृतीया विभक्ति के द्विवचन से लगाकर पद संज्ञक मान लिया है अतएव वाच् का च् भ्याम् के परे रहते पदान्त है ।

¶ हो ढः । दादेर्धातोर्घः । पा० ८. २. ३१ और ३२.

५०. * धातु के ढ् वा ष् के परे यदि स् हो तो ढ वा ष का क् हो जाता है किन्तु संज्ञा शब्द के ढ् वा ष् के परे यदि स् हो तो ढ् वा ष् का ट् हो जाता है। द्विष्+सु=द्विट्सु, मधुलिह्+सु=मधुलिढ्+सु (४६)=मधुलिट्सु (५०), लिह्+सि=लेह्+सि=लेढ्+सि=लेक्+सि (५०)=लेक्+षि (४४)=लेक्षि।

५१. † किसी वर्ग के पहेले चार अक्षरों के परे यदि ह् हो तो ह् का विकल्प करके उसी वर्ग का चतुर्थ अक्षर हो जाता है जिसका अक्षर ह् के पूर्व पड़ा हो वाक् +हरिः=वाक्+घरिः=वाग्घरिः (५३)।

५२. ‡ यदि किसी वर्ग के चतुर्थ अक्षर के परे प्रत्यय के आदि का त् वा थ् हो तो त् वा थ् का ध् हो जाता है जैसे क्रुध्+त (क्त)=क्रुध्+ध=क्रुद्ध (५३) शुध्+(क्त)=शुध+ध =शुद्+ध=शुद्ध (५३)।

५३. § किसी शब्द में वा रूप में झल् प्रत्याहार के अर्थात् ङ्, ञ्, ण्, न् म्, य्, र्, ल्, व् को छोड़ किसी भी व्यञ्जन के परे यदि किसी वर्ग का तीसरा वा चौथा अक्षर हो तो पूर्व का व्यञ्जन अपने वर्ग का तृतीय अक्षर हो जाता है जैसे आरभ्+त (क्त)=आरभ्+ध (५२)=आरब्ध (५३) यदि पूर्व व्यञ्जन ष् है तो ऐसी दशा में ष् का ड् हो जाता है जैसे षष्+भिः=षड्भिः।

---

* षढोः कः सि। पा० ८. २. ४१.

† झयोहोऽन्यतरस्याम्। पा० ८. ४. ६२.

‡ झषस्तथोर्धोऽधः। पा० ८. २. ४०.

§ झलां जश् झशि। पा० ८. ४. ५३.

५४. * समान्यतः जब स् वा तवर्ग के किसी अक्षर की सन्धि श् वा चवर्ग के किसी अक्षर से होती है तो तवर्ग के अक्षर के स्थान में चवर्ग का अक्षर आ जाता है और स् का श् हो जाता है इस क्रम से कि तवर्ग का जौन सा अक्षर हो तौन सा ही चवर्ग का अक्षर उसके स्थान पर आ जाता है इसी प्रकार जब स् वा तवर्ग की सन्धि ष् वा टवर्ग से होती है तो तवर्ग के अक्षर के स्थान में टवर्ग का अक्षर वैसा आ जाता है और स् का ष् हो जाता है (अर्थात् संक्षेपतः तवर्ग जब श् और चवर्ग से मिलता है तो चवर्ग हो जाता है और जब ष् और टवर्ग से मिलता है तो टवर्ग हो जाता है स् , श् से मिलकर, श् ; और ष् से मिलकर, ष् हो जाता है।) जैसे उत्+डीय=उद्+डीय (५३)=उड्डीय (५४) अरीन्+जयति=अरीञ्जयति (न् तवर्ग का पञ्चम अक्षर है और ज् चवर्ग का अक्षर है अतः न् के स्थान में चवर्ग का पञ्चम अक्षर ञ् आगया) पेष्+ता=पेष्टा। हरिस्+शेते=हरिश्शेते। रामस्+षष्ठः=रामष्षष्ठः। † यदि तवर्ग के परे ष् है तो तवर्ग का टवर्ग नहीं होगा।

५५. ‡ धातु के अन्तिम श् वा छ् अथवा धातु से बने हुए संज्ञा शब्दों (दिश् , दृश् आदि धातु से बनी हुई संज्ञा शब्दों को छोड़) का अन्तिम श्

---

* स्तोश्चुनाश्चुः। ष्टुनाष्टुः। पा० ८. ४. ४० और ४१

† तोः षि। पा० ८. ४. ४२

‡ व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशां षः। पा० ८. २. ३६ सूत्रों के अर्थ में आए हुए पदान्ते का अर्थ है कि चाहे कोई अक्षर (झल् के अतिरिक्त भी) परे हो अथवा कुछ भी न परे हो परन्तु स्वयं पद के अन्त पर अवश्य हो।

वा छ् का ष् हो जाता है यदि उसके परे कोई झल् प्रत्याहार का व्यञ्जन हो अर्थात् ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व्, को छोड़ कोई व्यञ्जन हो और ष् जब शब्द के अन्त में होता है तो ष् का ट् वा ड् हो जाता है और जब ष् के परे अश् प्रत्याहार अर्थात् (अक्षरों का तीसरा गण) स्वर, वर्गों का तीसरा, चौथा, पांचवां, अक्षर (य्, र्, ल्, व्, ह्) होता है तो ष् का ड् हो जाता है। विश्=विट् (इसी अवस्था में यज्, राज्, सृज् आदि धातुओं का ज्, ष् हो जाता है जैसे यज्+स्यामि=यक्ष्यामि)।

५६. * श् के पूर्व यदि कोई ऐसा शब्द हो जिसके अन्त में किसी वर्ग के पहले चार अक्षरों में से कोई अक्षर हो और श् के परे कोई स्वर य्, र्, ल्, व्, ह् अथवा ङ्, ञ्, ण्, न्, म् हो तो श् का विकल्प करके छ् हो जाता है जैसे तत्+श्रुत्वा=तत्+छ्रुत्वा=तच्छ्रुत्वा (२० वा ५४)।

५७. † किसी शब्द के बीच में अथवा रूप में यदि न् वा म् हो और उसके परे वर्गों का पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा अक्षर श्, ष्, स् अथवा ह् हो तो जिस वर्ग का व्यञ्जन न् वा म् के परे है उसी वर्ग का पञ्चम अक्षर न् वा म् के स्थान पर हो जावेगा और न् वा म् जाता रहेगा किन्तु यदि ङ्, ञ्, ण्, न्,

---

* शश्छोऽटि। पा० ८. ४. ६३। छत्वममीतिवाच्यम्।

† नश्चापदान्तस्य झलि पा० ८. ३. २४। अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः। पा० ८. ४. ५८.

म् ही परे हो तो न् वा म् में यह परिवर्तन नहीं होगा और यदि ऐसे न् वा म् के परे श् , ष् , स् , ह् हो तो न् और म् का अनुस्वार ही हो जावेगा (हन्+सि= हंसि, युज्+तः=युन्+क्तः=युङ्क्तः (ङ् कवर्ग का पञ्चम अक्षर है) युज्+ अन्ति=युन्+ज्+अन्ति=युञ्जन्ति (क्योंकि ञ् चवर्ग का पंचम है) [देखो रुधादि ७ गण]।

धातुओं के कठिन रूप बनाने के कुछ मुख्य नियम ।

गुण वृद्धि और उपधा ।

५८. * अ का गुण अ और वृद्धि आ है, इ वा ई का गुण ए और वृद्धि ऐ है उ वा ऊ का गुण ओ और वृद्धि औ है, ऋ वा ॠ का गुण अर् और वृद्धि आर् है ऌ वा ॡ का गुण अल् और वृद्धि आल् है । उपधा का स्वर उसको कहते हैं जो अन्तिम अक्षर के पूर्व के अक्षर में स्वर होता है जैसे बुध् यहां अन्तिम अक्षर ध् के पूर्व अक्षर बु का स्वर उ उपधा का स्वर है [प्रवल प्रत्यय परे अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्व स्वर का प्रायः गुण हो जाता है और दुर्वल प्रत्यय परे नहीं । देखो पांचवां पाठ] ।

५९. † (१) अदादि (२) जुहोत्यादि (३) रुधादि (७) गणों की व्यञ्जनान्त (जिनके अन्त में व्यञ्जन हो) धातुओं के अन्तिम व्यञ्जन के परे लङ् का प्रथम

---

* अदेङ्गुणः । वृद्धिरादैच् । उरण् रपरः । पा० १. १. २ और १ और ५१.
† हल्ङ्याब्भ्योदीर्घात्सुतिस्यपृक्तंहल् । पा० ६. १. ६८ । वावसाने । पा० ८. ४. ५६.

एक वचन का प्रत्यय त् और मध्यम एकवचनका प्रत्यय (स्) विसर्ग गिर जाता है इसी तरह शब्दों के रूपों में व्यञ्जन से परे प्रथमा एकवचन का स् (सु) गिर जाता है जैसे हन्—अहन् (लङ् प्र. ए. व) अहन् (लङ् . म. ए. व.) रुध् का ' लङ्. प्र. ए. व.) अरुणत् , अरुणद् । (लङ् . म. ए. व. अरुणत् , अरुणद्) वाक् , वाच् और अन्त पर जब वर्ग का प्रथम अक्षर हो तो विकल्प करके तीसरा अक्षर होता है (देखो ४६) ॥

६०. धातु के द्वित्व करने के नियम यह हैं जो दशम पाठ की टिप्पणी में भी दिए हैं [धातु लिट् लकार और जुहोत्यादि (३) गण आदि में द्वित्व होते हैं] (१) धातु का पहिला अक्षर दुबारा धातु के पूर्व लिखा जाता है यदि पहला अक्षर स्वर है तो वह लिखा जाता है यदि व्यञ्जन है तो व्यञ्जन अपने स्वर सहित धातु के पूर्व लिखा जाता है जैसे दा=दादा, इष्=इइष् । पत्=पपत् (२) * जो अक्षर द्वित्व किया जावे वह यदि दीर्घ स्वर है तो वह ह्रस्व होकर दूसरी बार लिखा जावेगा और यदि वह ऋ है तो उसका अ हो जावेगा तब धातु के पूर्व लिखा जावेगा जैसे दा=ददा, कृ=ककृ=चकृ (३) ‡ जो अक्षर द्वित्व किया जाय वह यदि किसी वर्ग का द्वितीय वा चतुर्थ अक्षर है तो उसके स्थान पर क्रम से उसी वर्ग का द्वितीय के स्थान में प्रथम अक्षर और चतुर्थ के स्थान में तृतीय अक्षर हो जाता है

---

* ह्रस्वः । पा० ७. ४. ५६.

‡ अभ्यासे चर्च । पा० ८. ४. ५४.

जैसे धा=धधा=दधा, फल=फफल=पफल (४) * यदि धातु का अक्षर कवर्गीय है तो वह द्वित्व होने पर चवर्गीय होकर धातु के पूर्व लिखा जावेगा और वह भी यदि द्वितीय वा चतुर्थ है तो क्रम से प्रथम वा तृतीय हो जावेगा और यदि वह ह् है तो उसका ज् हो जावेगा जैसे कृ=चकृ, हा=हहा=जहा (५) यदि धातु के आदि में कोई संयुक्त अक्षर है तो केवल उसका पहला व्यञ्जन स्वर सहित धातु के पूर्व लिखा जावेगा जैसे ह्री=जिह्री [(१) से ई ह्रस्व हुआ (४) से ह् का ज् हुआ (५) से केवल ह् द्वित्व किया जावेगा] (६) यदि संयुक्त अक्षर का पहला अक्षर श्, ष्, स् हो और दूसरा अक्षर खर् प्रत्याहार अर्थात् (अक्षरों के पहले गण का हो अर्थात्) क्, ख्, च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्, प्, फ्, श्, ष्, स् हो तो दूसरा अक्षर ही धातु के पूर्व रक्खा जावेगा जैसे स्पर्ध=पस्पर्ध।

६१. † धातुओं के अन्तिम ए, ऐ, ओ, औ का प्रत्यय परे रहते आ हो जाता है केवल लट्, लङ्, लोट्, और विधि लिङ् के प्रत्यय तथा शतृ और शानच् के प्रत्यय छोड़कर। (शेष सब लकारों आदि में धातु के ए, ऐ वा ओ औ का आ होता है) ग्लै+स्यति=ग्लास्यति=ग्लानि युक्त होगा। ग्लै+त्वा=ग्लात्वा=ग्लानियुक्त होकर।

६२. ‡ य् का इ होना, र् का ऋ होना, ल् का ऌ होना, व् का उ होना, य्,

---

* कुहोश्चुः। पा० ७. ४. ६२.

† आदेच उपदेशेऽशिति। पा० ६. १. ४५.

‡ इग्यणः सम्प्रसारणम्। पा० १. १. ४५. सम्प्रसारणाच्च। पा० ६. १. १०८.

र, ल्, व् का क्रम से सम्प्रसारण होना कहाता है और इस प्रकार के बने हुए इ, उ, ऋ, ऌ को भी सम्प्रसारण कहते हैं [और सम्प्रसारण के परे जब कोई स्वर होता है तो उसका लोप हो जाता है जैसे व=उ सम्प्रसारण+अ यहां अ का लोप होगा]।

६३ (१) *ह् को छोड़ यदि किसी भी व्यञ्जन के पूर्व र् वा ह् हो और र् वा ह के पूर्व कोई स्वर हो तो उस व्यञ्जन का विकल्प से द्वित्व हो जाता है जैसे आर्य वा आर्य्य, कर्तव्यम् वा कर्त्तव्यम् ।

†(२) पदान्त न् के परे जब छ्, ठ्, थ्, च्, ट् वा त् (छव् प्रत्याहार) हो और इनके परे कोई स्वर य्, र्, ल्, व्, ह् वा वर्गों का पञ्चम अक्षर हो तो न् का अनुस्वार और स् अर्थात् सँ् हो जाता है जैसे अविशन्+च= अविशँश्च (नियम २२ से २७ तक इसी नियम पर बने)।

‡ (३) पदान्त स् का विसर्ग होजाता है चाहे उसके परे कोई अक्षर हो चाहे न हो जैसे रामस्+पठति=रामः पठति। पठति रामस्=पठति रामः। पदान्त र् के परे जब खर् प्रत्याहार हो अर्थात् वर्गों के पहले दूसरे अक्षर श्, ष् वा स् हो अथवा कुछ भी न परे हो तो र् का विसर्ग हो जाता हैं जसे पितर्=पितः, पुनर्+पठति= पुनः पठति ।

---

* अचोरहाभ्यां द्वे । पा. ८. ४. ४६.

† नश्छव्य प्रशान् । पा० ८. ३. ७.

स्तोश्चुनाश्चुः । पा० ८. ४. ४०. ष्टुना ष्टुः । पा० ८. ४. ४१

‡ ससजुषो रुः । पा० ८. २. ६६.

चक्रव्याकरणे स्वरसन्धिः ॥

नीचे लिखे अक्षरों के परे	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ए	ऐ	ओ	औ	= यह अक्षर हों तो क्रम से दोनो मिलकर
अ	आ	आ	ए	ए	ओ	ओ	अर्	ऐ	ऐ	औ	औ	=यह अक्षर होजाते हैं
आ	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
इ	य	या	ई	ई	यु	यू	यृ	ये	यै	यो	यौ	,,
ई	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,	,,	,,	,,	,,	,,
उ	व	वा	वि	वी	ऊ	ऊ	वृ	वे	वै	वो	वौ	,,
ऊ	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
ऋ	र	रा	रि	री	रु	रू	ॠ	रे	रै	रो	रौ	,,
ए	अय	अया	अयि	अयी	अयु	आयू	अयृ	अये	अयै	अयो	अयौ	,,
ऐ	आय	आया	आयि	आयी	आयु	आयू	आयृ	आये	आयै	आयो	आयौ	,
ओ	अव	अवा	अवि	अवी	अवु	अवू	अवृ	अवे	अवै	आवो	अवौ	,,
औ	आव	आवा	आवि	आवी	आवु	आवू	आवृ	आवे	आवै	आवो	आवौ	,,
पदान्त ए	ेऽ	शेषं	पूर्ववत्									,,
पदान्त ओ	ोऽ	शेष	पूर्ववत्									,,

पदान्त ए, ऐ, ओ, औ, स्थाने यदा अय् आय् अव आव् आदेशा भवन्ति, तेषां यकार वकारयोर्विकल्पेन लोपोऽपि स्यात्।

। पुनश्च न सन्धिः ।

प्रकृतिभावः—स्वरसन्धिर्नभवति ।

अहो + इमे + अश्वा यान्ति = अहो इमेऽश्वा यान्ति ।

कवी+इमौस्तः=कवी इमौ स्तः । शिशू+एतौ गच्छतः= शिशू एतौ गच्छतः ।

माले+आनय=माले आनय । भाषेते+एते=भाषेते एते ।

अमी + उष्ट्रा यान्ति = अमी उष्ट्रा यान्ति ।

चक्रव्याकरणे विसर्गसन्धिः ॥

न चे लिखे विसर्ग के परे जब	अ	स्वर	ग घ ङ	ज झ ञ	ड ढ ण	द ध न	ब भ म	य र ल व ह	क ख	च छ	ट ठ	त थ	प फ	श ष स	र्	यह अक्षर हों = तो विसर्ग क्रम से
अ+:	ओऽ	लोपः	ओ	ओ	ओ	ओ	ओ	ओ	≍ ; :	श्	ष्	स्	≍ ; :	श् ष् स्	रेफस्थानीय विसर्गस्य लोपःपूर्वस्वरस्य दीर्घः	= यह अक्षर आदि हो जाता है।
आ+:	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	,,	,,	,,	,,	,,	,,	लोप एव	,,
इ, ई+:	र्	र्	र्	र्	र्	र्	र्	र्	,,	,,	,,	,,	,,	,,	लो० पू० दीर्घः	,,
उऊ+:	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
ऋ+:	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	लोप एव	,,
ए+:	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
ऐ+:	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
ओ+:	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
औ+:	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
भोः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
भगोः	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
अघोः	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
सः	ओऽ	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	लोपः	,,
एषः	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,

चक्रव्याकरणे व्यञ्जनसन्धिः ॥

नीचे लिखे अक्षरों के परे जब	क ख	च छ	ट ठ	त थ	प फ	ग घ	ज झ	ड ढ	द ध	ब भ	ङ् ञ् ण् न् म्	= यह अक्षर होंतो क्रमसे उनके स्थानमें
क् ख् ग् घ्	क्	क्	क्	क्	क्	ग्	ग्	ग्	ग्	ग्	ग्, ङ्	= यह अक्षर होजाते हैं
च् छ् ज् झ्	क्	क्	क्	क्	क्	ज् ग्	ज् ग्	ज् ग्	ज् ग्	ज् ग्	ज्, ञ् ग्	,,
ट् ठ् ड् ढ्	ट्	ट्	ट्	ट्	ट्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्, ण्	,,
त् थ् द् ध्	त्	च्	ट्	त्	त्	द्	ज्	ड्	द्	द्	द्, न् (ज्, ञ्) (ञ्, ण्)	,,
प् फ् ब् भ्	प्	प्	प्	प्	प्	ब्	ब्	ब्	ब्	ब्	ब्, म्	,,
छ् ज्	ट्	ट्	ट्	ट्	ट्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्, ण्	,,
न् (१)	न्	ंश् ंश् (५)	ंष् ंष्	ंस् ंस्	न्	न्	ञ्	ण्	न्	न्	(ञ्) न् ण्	,,
म्	ं, ङ्	ं, ञ्	ं, ण्	ं, न्	ं, म्	ं, ङ्	ं, ञ्	ं, ण्	ं, न्	ं, म्	ं, ङ्; ं, न् ं; ञ् ं, ण्; ं, म्	,,
श् (२)	ट्	ट्	ट्	ट्	ट्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्, ण्	,,
ष् (३)	ट्	ट्	ट्	ट्	ट्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्	ड्, ण्	,,
र्=:	:, ×	श	ष्	स	:, ᳲ	र्	र्	र्	र्	र्	र्	,,

(१) नस्य मस्य चापदान्तस्य झलि (४र्थ, ३य, २य, १म, श, ष, स, ह) परेऽनुस्वारः नित्यं परसवर्णश्च । (२) दिक्, दृक्, शिरस्पृक्,—इत्यादौ शस्यकः । (३) दधृक्—अलषस्य कः अन्यत् टः । (५) अनुस्वारः ।

चक्रव्याकरणे व्यञ्जनसन्धिः ॥

नीचे लिखे अक्षरों के परे जब	य व र ल	ह्रस्य चतुर्थः	ल	श, ष, स	श, शस्य च्छः	ष	स	स्वर	= यह अक्षर हों तो क्रम से उनके स्थान में
क् ख् ग् घ्	ग्	ग्घ	ग्	क्	क्छ	क्	क्	ग्	= यह अक्षर होजाते हैं
च् छ् ज् झ्	ज्, ग्	ज्झ, ग्घ	ज् ग्	क्	च्छ क्छ	क्	क्	ज् ग्	,,
ट् ठ् ड् ढ्	ड्	ड्ढ	ड्	ट्	टछ	ट्	ट्	ड्	,,
त् थ् द् ध्	द्	द्ध	द्	त्	च्छ	त्	त्	द्	,,
प् फ् ब् भ्	ब्	ब्भ	ब्	प्	पछ	प्	प्	ब्	,,
ङ् ज्	ड्	ड् ढ	ड्	ट्	ट्त्र	ट्	ट्	ड्	,,
न् (१)	न्	न्	लँ	ञ् न् न्स्	ञ् श	न्	न्त्स् न्स्	न्न (४)	,,
म्	ं, यँ ं, वँ ं, लँ	ं	लँ	ं	ं	ं	ं	म्	,,
ष् (३)	ड्	ड्	ड्	ट्	ट्	ट्	ट्	ड्	,,
श् (२)	ड्	ड्	ड्	ट्	ट्	ट्	ट्	ड्	,,
र्=:	{ लोपः पू. दीर्घः र् }	र्	र्	:, श :, ष :, स	:, श	:, स	:, स	र्	,,

(४) ह्रस्वस्वरात्परस्य पदान्तनकारस्य स्वरे द्वित्वम् ।

प्रथम पाठ

कारक ।

संस्कृत प्रथम पुस्तक में स्थान स्थान पर वाक्यों में आए हुए शब्दों का कारक बता चुके हैं अब यहां सब कारकों की मुख्य बातें क्रम से अच्छे प्रकार बताई जाती हैं ।

प्रथमा विभक्ति—कर्ता कारक

वाक्यों में कुछ अव्ययों के साथ प्रथमाविभक्ति आती है जैसे इति के योग में प्रथमाविभक्ति आती है । जैसे मनुष्याः चन्द्रं सुधाकरः इति वदन्ति=आदमी चादं को सुधाकर कहते हैं । यद्यपि सुधाकर कर्म है परन्तु इति के होने के कारण उससे प्रथमाविभक्ति आई ।

द्वितीया विभक्ति—कर्म कारक

*अकर्मक धातुओं के साथ, काल वाची शब्द तथा दूरी वाची शब्दों के साथ द्वितीया विभक्ति आती है । और क्रिया विशेषण नपुंसकलिङ्ग के द्वितीया एकवचन में आते हैं जैसे स तत्र कतिपयान् दिवसान् अवसत्=वह वहां कुछ दिन बसा । क्रोशं प्रतिष्ठते=(वह) कोस भर प्रस्थान करता है अर्थात् चलता है । स साधु भाषते=वह अच्छा बोलता है । समृदुहसति=वह मुलायमियत से हँसता है ।

---

* कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे । पा० २. ३. ५.

अकर्मकधातु प्रायः उपसर्गों से युक्त होकर सकर्मक हो जाते हैं और तब उनके साथ द्वितीया विभक्ति में संज्ञा आती है। प्रजा प्रभुचित्तमनुवर्तते = प्रजा प्रभू के चित्त के अनुसार चलती है। दिवमुत्पतति = द्युलोक को उड़ जाता है।

* शी (लेटना) स्था (ठहरना) आस् (बैठना) धातुओं में जब अधि उपसर्ग लगा होता है तो इनके आधार वाची शब्द से द्वितीया विभक्ति आती है जैसे हरिः वैकुण्ठमधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते = हरि वैकुण्ठ में लेटते, ठहरते और बैठते हैं।

† उप, अनु, अधि, आ पूर्वक वस् धातु के साथ जिसमें वसा जाय उस संज्ञा से द्वितीया विभक्ति आती है जैसे शून्यं वनमन्ववसत् = (वह) शून्य वन में वसा। उप, अनु, अधि, आ—वसति वैकुण्ठं हरिः = हरि वैकुण्ठ में बसते हैं।

‡ कुछ अव्यय शब्दों के साथ द्वितीया विभक्ति आती है वे शब्द यह हैं धिक् (धिक्कार हो) उभयतः (दोनों ओर) सर्वतः (सब ओर) अभितः (समीप, चारों ओर) परितः (चारों ओर) उपर्युपरि (ऊपर २) अधोधः (नीचे २)

---

* अधिशीङ्स्थासां कर्म । पा० १. ४. ४६.

† उपान्वध्याङ्वसः । पा० १. ४. ४८.

‡ उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषुत्रिषु । द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते ॥ अभितः परितः समया निकषा हा प्रतियोगेऽपि । वार्तिक पा० १. ४. ४८. पर ॥ अन्तरान्तरेण युक्ते । पा० २. ३. ४.

अध्यधि (ऊपर २) समया (निकट) निकषा (निकट) हा, प्रति (ओर) और अन्तरा (बीच) अन्तरेण (विन वा विषय में) के साथ संज्ञा द्वितीया विभक्ति में आती है जैसे उभयत: कृष्णं गोपा:=गोपालक कृष्ण के दोनों ओर हैं। हरि: लोकमुपर्युपरि अधोध:=हरि लोक के ऊपर नीचे है। धिक् कुरुपतिम्=कौरवों के राजा को धिक्कार। वेदिं परित: आसनानि=वेदि के चारों ओर आसन। प्रासादं सर्वत: रक्षका:=महल के सब ओर रक्षक। ग्रामं समया, निकषा गच्छति=गावँ के समीप जाता है। त्वामन्तरा हरिं वान्तरेण न सुखम्=तुम्हारे बिना वा हरि के विना सुख नहीं है। देवीमन्तरेण=देवी के विषय में।

* कुच्छ उपसर्ग ऐसे हैं जो विना धातु के केवल अकेले आते हैं और उनके साथ द्वितीया विभक्ति आती है वे यह हैं अति (बढ़कर) अनु (पीछे, अनुसार, तरफ़) अभि (समीप) उप (समीप, कम) प्रति (तरफ़, अपना भाग, प्रत्येक) यही अर्थ परि का है। कृष्ण: देवान् अति=कृष्ण देवों से बढ़कर है। जपमनु अवर्षत्=जपके बाद ही वर्षा हुई। ते सर्वं मामनु=तुम्हारा सब कुछ मेरे अनुसार है। भक्तो हरिमभि=भक्त हरि के समीप है। ते वृत्तमुपशूरम्=तुम्हारा कार्य्य शूर से कम है। हरिं प्रति, परि लक्ष्मी:=लक्ष्मी हरि के भाग में।

† एनप्प्रत्ययान्त शब्द भी द्वितीया लेते हैं जैसे वाटिकां दक्षिणेन=वाटिका के दक्षिण। गृहमुत्तरेण=घर के उत्तर।

---

* कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया। पा० २. ३. ८.

† एनपा द्वितीया। पा० २. ३. ३१.

* कर्म दो प्रकार के होते हैं एक प्रधान दूसरा गौण। प्रधान कर्म उसको कहते हैं जिसके (किसी प्रकार भी) प्रकट करने में सिवाय द्वितीया विभक्ति के और कोई विभक्ति आ ही न सके परन्तु गौण कर्म उसको कहते हैं जिसको हम दूसरी विभक्ति से भी प्रकट कर सकते हैं जैसे। रामः अजां ग्रामं नयति=राम बकरी को गावं लिये जाता है यहां अजा प्रधान कर्म और ग्राम गौण कर्म है क्योंकि हम रामः अजां ग्रामय नयति ऐसा कहकर ग्राम से चतुर्थी विभक्ति भी लाकर वह अर्थ प्रकट कर सकते हैं इसलिए ग्राम गौण कर्म है। परन्तु अजा से सिवाय द्वितीया के दूसरी विभक्ति नहीं आ सकती है इसलिए अजा प्रधान कर्म है। केवल नीचे लिखे धातु दो कर्म लेते हैं :—

दुह्याच्पच्दण्डरुधिप्रच्छिचिब्रूशासुजिमथंमुषाम् ।
कर्मयुक्स्यादकथितं तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम् ॥

(दुह्=दुहना, याच्=मांगना, पच्=पकाना, दण्ड्=ताड़ना देना, रुध्=रोकना, प्रच्छ्=पूँछना, चि=एकट्ठा करना, ब्रू=बोलना, शास्=सिखाना, जि=जीतना, मन्थ्=मथना, मुष्=चोराना, और नी=ले जाना, हृ=हरना, कृष्=खींचना, वह्=ले जाना) और इन्हीं का अर्थ रखने वाले दूसरेधातु) जैसे बालकंधर्मं भाषते (ब्रू का अर्थ रखनेवाला)=बालक से धर्म कहता है। बलिं वसुधां याचते वा भिक्षते=बलि से पृथ्वी मांगता है।

अकथितं च पा० १. ४. ५१.

*गौणे कर्मणि दुह्यादेः प्रधाने नीहृकृषवहाम् ।...लादयोमताः । सिद्धान्त कौमुदी (विभाषा चिण्णमुलोः ७. १. ६९ की कारिका)

* जब इन धातुओं का कर्म वाच्य बनाते हैं। तो दुहादि पहेले १२ धातुओं का गौण कर्म प्रथमा विभक्ति लेता है और प्रधान कर्म वैसे का वैसा ही रक्खा रहता है और अन्त के नी, हृ, कृष्, वह् के कर्मवाच्य बनाने में इन चार का प्रधान कर्म प्रथमा विभक्ति लेता है और गौण कर्म वैसे का वैसा ही रक्खा रहता है जैसे स दशरथं रामं याचते = तेन दशरथः रामं याच्यते (दशरथ से यहां दशरथ गौण कर्म है इस कारण याच् के गौण कर्म दशरथ से प्रथमा आई।) स अजां ग्रामं नयति = तेन अजा ग्रामं नीयते (अजा को यह प्रधान कर्म है। नी के प्रधान कर्म अजा ने प्रथमा विभक्ति ली।)

णिजन्त धातुओं (जो और से कार्य्य कराने के अर्थ में आते हैं देखो १२ पाठ) के साथ कर्म वैसा ही बना रहता है जैसा विनाणिच् वाली अर्थात् शुद्ध धातु के साथ था किन्तु शुद्ध धातु का कर्ता उसके णिजन्त होने पर तृतीया विभक्ति लेता है जैसे रामः ओदनं पचति = राम चावल पकाता है। अन्यः प्रयोजयति वा प्रेरयति (रामम्) [अर्थात् और कोई राम से यह कार्य्य कराता है] अन्यः रामेण ओदनं पाचयति [शुद्ध धातु पच् जब णिजन्त हुई तो इसका कर्म ओदन वैसा ही रहा किन्तु इसके पहेले कर्ता राम ने तृतीया विभक्ति ली। रामोभार्यां त्यजति, स रामेण भार्यां त्याजयति।

† परन्तु धातु जिनका अर्थ जाना, जानना, खाना, अथवा जिनका कर्म कोई

---

*अकथितंच। पा० १. ४. ५१ इस सूत्र पर दुहादिकारिका लिखी है॥
गौणे कर्मणि दुह्यादेः प्रधाने नीहृ कृषवहाम्।

† गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थशब्दकर्माकर्मकाणामणि कर्त्ता सणौ। पा० १. ४. ५२

ग्रन्थ हो, तथा अकर्मक धातुओं का कर्ता णिजन्त की दशा में द्वितीया विभक्ति लेता है और कर्म वैसा ही रहता है जैसे रामः नगरं गच्छति । अन्यः रामं नगरं गमयति (यहां राम से तृतीया के बजाय जो प्राप्त थी इस नियम से द्वितीया आई क्योंकि गम् का अर्थ जाना है) रामः वेदं पठति । अन्यः रामं वेदं पाठयति (पढ़ना और जानना अर्थ एकही है) रामः तिष्ठति । अन्यः रामं स्थापयति (यहां स्था अकर्मक है)

यदि णिजन्त का दुवारा णिजन्त बनाया जावे तो पहिले णिजन्त धातु का कर्त्ता तृतीया ही लेगा जैसे रामः नगरं गच्छति । अन्यः रामं नगरं गमयति = दूसरा राम को नगर भेजता है अब फिर णिजन्त किया स अन्येन रामं नगरं गमयति = वह दूसरे से राम को नगर भेजवाता है ।

*णिजन्त धातुओं का कर्म्म वाच्य बनाने में जो शुद्ध धातु का कर्म था वह तो वैसा ही रहता है परन्तु शुद्ध धातु का कर्त्ता जो गत्यर्थकादि धातुओं में णिजन्त की दशा में कर्म होगया था प्रथमा विभक्ति लेता है जैसे रामः ग्रामं गच्छति । स रामं ग्रामं गमयति = तेन रामः ग्रामं गम्यते । रामः तिष्ठति । स रामं स्थापयति = तेन रामः स्थाप्यते । परन्तु जिन धातुओं का अर्थ जानना, खाना

---

* बुद्धिभक्षार्थयोः शब्दकर्मणां चनिजेच्छया ।
प्रयोज्यकर्मण्यन्येषां णयन्तानां लादयोमताः ॥ सिद्धान्त कौमुदी
(पा० ७. १. ६९ पर यह कारिका है)

है अथवा जिनका कर्म कोई ग्रन्थ है उनके णिजन्त कर्मवाच्य में शुद्ध धातु का कर्त्ता अथवा कर्म कोई एक प्रथमा विभक्ति लेता है जैसे पुत्रः धर्मं बोधति । अन्यः पुत्रं धर्मं बोधयति=अन्येन पुत्रः धर्मं बोध्यते वा अन्येन पुत्रं धर्मः बोध्यते ।

तृतीया विभक्ति=करण कारक

*तृतीया विभक्ति के दो प्रयोग मुख्य हैं एक तो कर्मवाच्य में कर्त्ता से तृतीया विभक्ति आती है दूसरे जिस वस्तु के द्वारा कुच्छ क्रिया जावे उससे तृतीया विभक्ति आती है जैसे रामेण बाणेन स हतः=राम से बाणद्वारा वह मारा गया । यहां रामेण कर्तरि तृतीया है और बाणेन करणे तृतीया है ।

† प्रकृति आदि शब्दों के योग में (=साथ) तृतीया विभक्ति आती है जैसे प्रकृत्या दर्शनीयः=स्वभाव से ही दर्शनीय । एकेन रूप्येण क्रीतं पुस्तकम्=एक रुपिया से पुस्तक खरीदी गई । गोत्रेण गार्ग्यः=गोत्र से गार्ग्य । सुखेन गच्छति= सुख से जाता है ।

अलं, कृतं (जिनका अर्थ काफ़ी है वा अब नहीं ज़रूरत है) के योग में तृतीया आती है जैसे अलं रुदितेन=रोना बन्द करो । कृतमादरेण ॥ किं, कार्यं, प्रयोजनम्, अर्थः, आदि शब्दों के योग में जिससे प्रयोजन आदि हो उससे तृतीया आती है जैसे किं तया दृष्टया=उस स्त्री के देखने से क्या (लाभ) । तृणेनापिकार्यं भवति=

---

* कर्तृकरणयोस्तृतीया । पा० २. ३. १८

† प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम् । वार्तिक

तिनके से भी प्रयोजन सिद्ध होता है। सेवकैर्न प्रयोजनम् = नौकरों से अब प्रयोजन नहीं। मूर्खभृत्येन को गुण:, अर्थ: = मूर्ख नौकर से क्या लाभ।

* सह, साकं, सार्धं, समं जिनका अर्थ साथ है के योग में तृतीया आती है जैसे मया सह गच्छति = मेरे साथ जाता है। तया समं स वसति = वह उसके साथ बसता है।

† जब कार्य की समाप्ति प्रकट करना हो तो कालवाची वा दूरी वाची शब्दों से जिनमें कार्य्य समाप्त हुआ हो तृतीया विभक्ति आती है जैसे द्वादशवर्षै: व्याकरणं पठ्यते = १२ वर्ष में व्याकरण पढ़कर समाप्त की जाती है। एकेन क्रोशेन पाठः पठितः = एक कोश चलते हुए उसने पाठ पढ़कर समाप्त कर दिया। यह अपवर्ग तृतीया कहाती है।

‡ किसी कार्य का हेतु वा प्रयोजन प्रकट करने में भी तृतीया आती है जैसे पुण्येन हरि: दृष्ट: = पुण्यके हेतु से (कारण से) हरि देखा गया। पठनेन वसति = पढ़ने के प्रयोजन से वह वसता है। यह हेतौ तृतीया कहलाती है।

¶ जिस अङ्ग से कोई हीन हो उससे तृतीया आती है जैसे पादेन खञ्ज: = पैर से लङ्गड़ा। नेत्रेण काण: = आंख से काना।

---

*सहयुक्तेऽप्रधाने पा० २. ३. १९
† अपवर्गे तृतीया पा० २. ३. ६
‡ हेतौ। पा० २. ३. २३
¶ येनाङ्गविकार:। पा० २. ३. २०

*कोई दशा विशेष का होना प्रकट करने में तृतीया उस से आती है जिसके कारण वह दशा हो जैसे जटाभिस्तापसः=जटाओं से वह तप करनेवाला जान पड़ता है ।

समानता वाची शब्दों के साथ तृतीया आती है जैसे तेन तुल्यः वा सदृशः= उसके समान । मातुः मुखेन अस्य मुखं सम्वदति=माता के मुख के समान इसका मुख है ।

जिसकी क़सम खाई जाय उस से तृतीया आती है जैसे जीवितेन शपामि= ज़िन्दगी क़सम । जिस सवारी से जाया जावे उस से तृतीया आती है जैसे रथेन गच्छति=रथ में जाता है ।

चतुर्थीविभक्ति=सम्प्रदानकारक

† जिसको कोई वस्तु दी जावे उससे चतुर्थी विभक्ति आती है जैसे विप्राय गां ददाति=ब्राह्मण को गाय देता है ।

‡ रुच् (रुचना, अच्छा लगना) तथा और धातुओं के योग में जिनका यही अर्थ हो जिसको अच्छा लगे उससे चतुर्थी आती है जैसे हरये रोचते भक्तिः=हरि को भक्ति अच्छी लगती हैं ।

---

* इत्थंभूतलक्षणे । २. ३. २१

† चतुर्थी सम्प्रदाने । पा० २. ३. १३.

‡ रुच्यर्थानां प्रीयमाणः । पा० १. ४. ३३.

* स्पृह् धातु के योग में जो वस्तु चाही जावे उससे चतुर्थी आती है जैसे पुष्पेभ्यः स्पृहयति=फूलों की इच्छा करता है।

† क्रुध् द्रुह् ईर्ष्य् असूय् और धातु जिनका यही अर्थ हो उनके योग में जिस पर क्रोध, द्रोह, ईर्ष्या, असूया (दोष निकालना) किया जावे उससे चतुर्थी आती है जैसे हरये क्रुध्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति वा=वह हरि पर क्रोध, द्रोह, ईर्ष्या वा असूया करता है परन्तु क्रुध् , द्रुह् उपसर्ग सहित हों तो द्वितीया लेते हैं जैसे मां संक्रुध्यति।

‡ प्रतिश्रु और आश्रु (दोनों का अर्थ प्रतिज्ञा करना) के योग में जिससे प्रतिज्ञा की जावे उससे चतुर्थी आती है जैसे विप्राय गां प्रति शृणोति—आशृणोति= ब्राह्मण से गाय का वादा करता है।

कथ् , ख्या आदि तथा णिजन्त निविद् (=निवेद्) और प्रहि (भेजना) विसृज् तथा जिन धातुओं का यही अर्थ हो उनके योग में चतुर्थी आती है जैसे तुभ्यं कथयामि सत्यम्=तुमसे मैं सच कह रहा हूँ।

होम समयं गुरवे निवेदयामि=मैं गुरु को होम का समय (बताता हूँ) बताऊँगा। तस्मै राज्ञे दूतः प्रहितः वा विसृष्टः=उस राजा के पास दूत भेजा गया।

---

* स्पृहेरीप्सितः। पा० १. ४. ३६.

† क्रुध द्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यंप्रतिकोपः। क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म। पा० १. ४. ३७. ३८.

‡ प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः पूर्वस्य कर्त्ता। पा० १. ४. ४०.

* जिस प्रयोजन वा कार्य्य के लिए कुच्छ किया जावे वा होवे उससे चतुर्थी आती है जैसे मुक्तये हरिं भजति = मोक्ष के लिए हरि का भजन करता है। कुण्डलाय हिरण्यम् = कुण्डलों के लिए सोना।

† नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं, वषट्, स्वागतम् के योगमें चतुर्थी आती है तथा समर्थवाची शब्द जैसे अलं, समर्थ, शक्त, प्रभू (समर्थ होना) के योग में चतुर्थी आती है। नमः कृ के सहित तथा नम् धातु चतुर्थी वा द्वितीया लेते हैं। जैसे हरये नमः = हरि को नमस्कार। नमस्ते = तुमको नमस्कार। मुनित्रयं नमस्कृत्य, नृसिंहाय नमस्कुर्मः = तीन मुनियों को नमस्कार करके नृसिंह को हम नमस्कार करते हैं। त्वाम्, तुभ्यं वा प्रणमामि = तुमको मैं नमस्कार करता हूँ। दैत्यायहरिः समर्थः प्रभवति वा। देव्यै स्वागतम् = देवी को स्वागत हो।

‡ तुमुन्प्रत्ययान्त धातु जो प्रयुक्त न हुआ हो किन्तु छिपा हो (उस) का कर्म चतुर्थी लेता है जैसे फलाय याति (फलानि आनेतुं याति) = फल के लिए (= फल लाने के लिए) जाता है। यहां आनेतुं छिपा हुआ हैं।

¶ भाव वाची संज्ञा शब्दों से जिनका अर्थ तुमुन्प्रत्ययान्त धातु का है चतुर्थी आती है जैसे यागाय याति (= यष्टुंयाति) = यज्ञ के लिए (यज्ञ करने को) जाता है।

---

* तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या। क्लृपि सम्पद्यमाने च। वार्तिक।

† नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधालं वषड्योगाच्च। पा० २. ३. १६.

‡ क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः। पा० २. ३. १४.

¶ तुमर्थाच्च भाववचनात्। पा० २. ३. १५.

पञ्चमीविभक्ति—अपादानकारक

* जिससे कुछ अलग होता हो उससे पञ्चमीविभक्ति आती है जैसे अश्वात् पतति = घोड़े से गिरता है।

† जब तुलना की जावे तो जिससे कुछ बढ़कर वा घट कर हो उससे पञ्चमी आती है। जैसे धनात् विद्या श्रेयसी। मोहात् प्रबोधः कष्टतरः = मोह से ज्ञान अधिक कष्टदायी है। स मत् गरीयान् किन्तुत्वत् कनीयान् = वह मुझ से बड़ा किन्तु तुमसे छोटा है। माथुराः एतेभ्यः आढ्यतराः = मथुरा के लोग इनसे अधिक धनी हैं।

‡ भयवाची तथा रक्षावाची शब्दों के योग में जिससे भय हो उससे पञ्चमी आती हैं। जैसे स चोरात् भीतः = वह चोर से डरा हुआ है। नरकात् धर्मः रक्षति = नरक से धर्म बचाता है।

किसी कार्य्य वा दशा के कारण से पञ्चमी आती है जैसे स मौनात् मूर्खः गण्यते = वह मौन के कारण मूर्ख गिना जाता है। पर्वतो वन्हिमान्, धूमात् = पर्वत अग्नि सहित है धूम के कारण से।

---

* अपादाने पञ्चमी। पा० २. ३. २८.

† पञ्चमी विभक्ते। पा० २. ३. ४२.

‡ भीत्रार्थानां भयहेतुः। पा० १. ४. २५.

* जुगुप्सा (घृणा) विराम (रुकना) प्रमाद (लापरवाह होना) वाची शब्दों के योग में पञ्चमी आती है जैसे पापात् जुगुप्सते=पाप से घृणा करता है। धर्मात् प्रमाद्यति=धर्म में लापरवाही करता है। एतस्मात् विरम=इससे रुको।

जन् धातु के साथ जिससे कुच्छ उत्पन्न हुआ हो उससे पञ्चमी आती है जैसे कामात् क्रोधोऽभिजायते। =काम से क्रोध उत्पन्न होता है।

प्राय: जिससे कुछ उत्पन्न हो उससे सप्तमी भी उत्पन्न होना अर्थ रखने वाले धातुओं के साथ आती है जैसे रामस्य सीतायां पुत्रो जात:।

† जिस अध्यापक से नियमानुसार कुछ पढ़ा जावे उससे पञ्चमी आती है जैसे उपाध्यायात् पठति=अध्यापक से नियमानुसार पढ़ता है।

जिससे समय वा स्थान नापा जावे उससे पञ्चमी आती है जैसे समुद्रात् पुरी क्रोशौ=समुद्र से नगरी दो कोस है। कार्त्तिक्या आग्रहायणी मासे (समयवाची शब्दों से सप्तमी आती है)=कार्तिकी से अगहनी एक मास वाद है।

‡ क्त्वाप्रत्ययान्त धातु जो प्रयुक्त न किया गया हो किन्तु छिपा हो (उस) का कर्म पञ्चमीविभक्ति लेता है जैसे प्रासादात् प्रेक्षते, आसनात् प्रेक्षते=प्रासादमारुह्य प्रेक्षते,

---

* जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम्। वार्तिक। जनिकर्तु:प्रकृति:। पा० १. ४. ३०.

† आख्यातोपयोगे। पा० १. ४. २९.

‡ ल्यब्लोपे कर्मण्युपसंख्यानम्। वार्त्तिक।

आसने उपविश्य प्रेक्षते=महलसे—आसन से देखता है अर्थात् महल पर चढ़कर, आसन पर बैठकर देखता है। इसको ल्यप् लोपे पञ्चमी कहते हैं।

* भिन्नतावाचीशब्द अन्य, पर, इतर (दूसरा),आरात् (समीप वा दूर) और ऋते, तथा दिशावाची शब्दों के योग में पञ्चमी आती है जैसे रामात् अन्यः; परः, इतरोवा=राम से भिन्न वा दूसरा। वनादारात्=वन के समीप वा दूर। ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः=विना ज्ञान के मुक्ति नहीं। ग्रामात् पूर्वः, उत्तरः=गाउं से पूर्व, उत्तर।

वहिः (अव्यय बाहर) ऊर्ध्व (बाद) परम् (बाद) अनन्तरम् (बाद) प्रभृति [(अव्यय)=आदि से, लगाकर] आरभ्य (लगाकर वा आरम्भ करके) शब्दों के योग में पञ्चमी आती है जैसे मुहूर्तादूर्ध्वम्=मुहूर्त्तवाद। पुराद्बहिः=नगर के बाहेर। शैशवात् प्रभृति=लड़कपन से लगाकर। तस्मादनन्तरम्=उसके बाद।

† पृथक् [(अव्यय) अलग] विना, नाना से पञ्चमी, तृतीया वा द्वितीया आती है जैसे रामात्, रामेण, रामं वा विना, पृथक्, नाना=राम से भिन्न वा राम के विना।

‡ आ उपसर्ग जब अकेला आता है और उसका अर्थ 'तक' का होता है, तो उसके योग में पञ्चमी आती है जैसे आमुक्तेः सन्सारः=मुक्ति तक संसार है। आ

---

* अन्यारादितरर्तेदिक्शब्दाञ्चूतरपदाजाहियुक्ते (पा० २. ३. २९)

† पृथग् विना नानाभिस्तृतीयान्यतरस्याम्। पा० २. ३. ३२।

‡ आङ् मर्यादावचने। अपपरीवर्जने। पा० १. ४. ८९ और ८८।
पञ्चम्यपाङ्परिभिः। पा० २. ३. १०।

परितोषात् विदुषाम् = विद्वानों के सन्तुष्ट होने तक । इसी प्रकार अप और परि (दोनों का अर्थ = विना, छोड़कर) के योग में पञ्चमी आती है जैसे अप नगरात् वृष्टः देवः = नगर को छोड़ कर देव वरसा (और जगह) । अप हरेः संसारः = हरि के बाहर संसार है ।

* प्रति (प्रतिनिधि होना) के योग में पञ्चमी आती है जैसे कृष्णात् प्रति अहम् = मैं कृष्ण का प्रतिनिधि हूँ ।

षष्ठीविभक्ति

षष्ठीविभक्ति संस्कृत में कारक नहीं कहाती है । यह केवल एक संज्ञा का दूसरी संज्ञा से सम्बन्ध प्रकट करती है जैसे राज्ञः पुरुषः = राजा का आदमी । ममभित्रम् = मेरा मित्र । जहां षष्ठीविभक्ति किसी संज्ञा में किसी धातु के साथ आती है वहां भी सम्बन्ध ही प्रकट करती है जैसे सत्यं नेतुः उपकरोति = सत्यनेता का उपकार करता है । मातुः स्मरति = माता का स्मरण करता है । यहां सम्बन्धे षष्ठी है । कुछ सम्बन्धों में षष्ठी नहीं आती है जैसे सोने का बरतन = हेमपात्रं, हैमंपात्रं वा । वैशाखे मासे = वैशाख के महीना में । यहां हेम्नः पात्रं, वैशाखस्य मासे बिल्कुल अशुद्ध होंगे ।

† जहां बहुतों में से कुछ सबसे उत्तम वा सब से नीच निर्धारित किया जावे वहां तथा सबसे अधिक वा अतिशय वाची विशेषणों के योग में सप्तमी अथवा षष्ठी

---

* प्रतिनिधिप्रतिदाने च यस्मात् । पा० २. ३. ११ ।

† यतश्चनिर्धारणम् । पा० २. ३. ४१. । ननिर्धारणे । पा० २. २. १० ।

आती है जैसे नृणां नृषु वा द्विजः श्रेष्ठः=मनुष्यों में ब्राह्मण श्रेष्ठ हैं । समास में निर्धारण अर्थ में षष्ठी कभी नहीं होती केवल सप्तमी ही होती है जैसे कविश्रेष्ठः कालिदासः=कविषु श्रेष्ठः कलिदासः । यहां हम समास का विग्रह षष्ठी में नहीं कर सकते ।

* कृत्प्रत्ययान्त शब्दों के साथ उनके कर्त्ता और कर्म से षष्ठीविभक्ति आती है और क्रम से कर्तरि षष्ठी और कर्मणि षष्ठी कहाती है जैसे ईश्वरस्य सृष्टिः (सृज्+क्तिन्) =ईश्वर की रचना । यहां ईश्वर रचता है अर्थात् कर्त्ता है अतएव ईश्वरस्य में कर्तरि षष्ठी है । जगतः सृष्टिः=जगत् का रचना । यहां जगत् रची गई है इसलिए जगतः में कर्मणि षष्ठी है । इसी प्रकार कवेः क्रिया, पयसः पानम् समझो ।

† कृत्यप्रत्ययान्त शब्दों (अर्थात् वह कृत्प्रत्यय जो कर्मवाच्य वा भाववाच्य में प्रयुक्त होते हैं जैसे तव्य अनीय, य आदि) के योग में षष्ठी अथवा तृतीया आती है जैसे इदं कार्य्यं मया अथवा मम कर्तव्यम्=यह कार्य्य मुझे करना चाहिए। इदं वनं मया संरक्ष्यं वा मम संरक्ष्यम्=इस वन की रक्षा मुझ को करना चाहिए।

‡ क्तप्रत्यय भूत अर्थ में आता है और उसके योग में तृतीया आती है परन्तु क्तप्रत्यय का अर्थ वर्त्तमान काल का होजाता है जब उसके साथ षष्ठीविभक्ति आती

---

* कर्तृकर्मणोः कृति । पा० २. ३. ६५ ।

† कृत्यानां कर्तरि वा । पा० २. ३. ७१ ।

‡ क्तस्य च वर्तमाने । पा० २. ३. ६७ । मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च । पा० ३. २. १८८ ।

है (यह केवल जानना, मानना या पूजा अर्थ रखने वाले धातु से ही हो सकता है) जैसे स राज्ञां पूजितः=वह राजाओं से पूजा जाता है। अहं वहुमतः राज्ञः=मैं राजा से बहुत माना जाता हूँ।

* कुछ धातुओं का कर्म षष्ठीविभक्ति लेता है वे स्मृ (रंज से याद करना) ईश् (राज करना) दय् (दया करना) अधि पूर्वक इ (याद करना) व्यवहृ (व्यवहार करना) दिव्, प्रभू (मालिक होना) आदि हैं जैसे मातुः स्मरसि=तुम रञ्ज से माता की याद करते हो। ईश्वरः जगतः ईष्टे=ईश्वर जगत् पर राज करता है। रामस्य दयते=राम पर दया करता है। स तव अध्येति=वह तुम्हारी याद करता है। स शतस्य व्यवहरति=वह सौ (रुपियों) से व्यवहार करता है। गुरुः शिष्यस्य प्रभवति=गुरु शिष्य का प्रभू है। शतस्य दीव्यति=सौ से जुआं खेलता है।

† तस् प्रत्ययान्त शब्दों के जो दिशावाचक हों तथा और दिशावाचक शब्दों के योग में जैसे उपरि, अधः, पुरः, पश्चात्, अग्रे आदि जिससे दिशा बताई जावे उससे षष्ठी आती है जैसे ग्रामस्य उत्तरतः, दक्षिणतः, पुरः=ग्राम के उत्तर, दक्षिण, सामने। घनानामुपरि=वादलों के ऊपर। तस्य पश्चात्=उसके वाद। तस्य अधस्तात्, पुरस्तात्=उसके नीचे, सामने।

---

* अधीगर्थदयेशां कर्मणि। पा० २. ३. ५२।

† षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन। पा० २. ३. ३०।

*एनप् प्रत्ययान्त शब्दों के साथ षष्ठी वा द्वितीया आती है। जैसे ग्रामस्य ग्रामं वा उत्तरेण=गाउं के उत्तर।

दूर, अन्तिम शब्दों के साथ पञ्चमी वा षष्ठी आती है जैसे ग्रामात् ग्रामस्य वा दूरं, समीपम्।

† सादृश्यवाची शब्दों जैसे तुल्य, सदृश, सम, सङ्काश के साथ षष्ठी वा तृतीया आती है जैसे कृष्णस्य तुल्यः, सदृशः वा कृष्णेन तुल्यः, सदृशः।

‡ आयुष्य (उमर वाला) भद्रं, कुशलं, सुखम् , अर्थः, हितम् शब्दों के साथ षष्ठी वा चतुर्थी आती है जैसे कृष्णस्य कृष्णाय वा कुशलं, हितं, भद्रं, भूयात्=कृष्ण की कुशल, हित, कल्याण हो।

कृते [(अव्यय) लिए] और समक्षम् [(अव्यय) सामने] के योग में षष्ठी आती है जैसे राज्ञः समक्षम्=राजा के सामने। मम कृते=मेरे लिए।

¶ हेतु के साथ संज्ञा षष्ठी लेती है परन्तु सर्वनाम षष्ठी, तृतीया वा पञ्चमी लेते हैं जैसे अल्पस्य वस्तुनः हेतोः=थोड़ी चीज़ के लिए। कस्य हेतोः, केन

---

* एनपा द्वितीया। पा० २. ३ ३१।

† तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां तृतीयान्यतरस्याम्। पा० २. ३. ७२।

‡ चतुर्थी चाशिष्यायुष्यमद्रभद्रकुशलसुखार्थहितैः। पा० २. ३. ७३।

¶ षष्ठी हेतु प्रयोगे। पा० २. ३. २६।

हेतुना, कस्मात् हेतोः = किस कारण से। उचितार्थ वाची शब्दों के साथ षष्ठी आती है जैसे भवतः इदं न अनुरूपम् = आप के यह योग्य नहीं।

† उन शब्दों के साथ जिनका अर्थ 'इतनी वार' हो जैसे द्विः (दोवार) त्रिः (तीन वार) वा कृत्वस् प्रत्ययान्त शब्द (अव्यय) के योग में समय वाची शब्द षष्ठी लेता है जैसे स पञ्चकृत्वः दिनस्य भुंक्ते = वह एक दिन में पांचवार खाता है।

जहां अनादर प्रकट करना हो वहा षष्ठी आती है जैसे मम पश्यतः स गतः = मेरे देखते देखते वह चला गया अर्थात् मैं कुछ न कर सका।

सप्तमीविभक्ति—अधिकरण कारक

* जिस स्थान पर वा जिस समय में कुछ कार्य्य हो उस स्थान वा समय से सप्तमीविभक्ति आती है जहां क्रिया हो उस स्थान को अधिकरण कहते हैं और सप्तमी को अधिकरणे सप्तमी कहते हैं जैसे वने वासः = वन में वास। तस्मिन् काले सगतः = उस समय वह चला गया।

कोशों में शब्दों के अर्थों के साथ सप्तमी आती है जैसे बाणो वलिसुते शरे इति अमरः = बाण का अर्थ तीर वा वलि का पुत्र है यह अमर कोश कहता है।

---

† कृत्वोऽर्थप्रयोगे कालेऽधिकरणे। पा० २. ३. ६४।

*सप्तम्यधिकरणे पा० २. ३. ३६।

जिस के विषय में कुच्छ हो उससे सप्तमी आती है जैसे सान्सारिकेषु वस्तुषु निस्पृहो ऽभवम्=सन्सार के वस्तुओं के विषय में मैं इच्छा रहित होगया। स मयि अकरुणः=मेरे लिए वह अकरुण वा निर्दय हैं। इसको विषये सप्तमी कहते हैं।

व्यवहार वाची प्रीतिवाची और विश्वासवाची तथा फेंकना मारना वा पकड़ना अर्थ रखने वाले धातुओं के योग में क्रम से जिस पर व्यवहार, प्रीति, आदर, विश्वास किया गया हो अथवा जो फेंका, मारा वा पकड़ा गया हो उससे सप्तमी आती है जैसे मूर्खो मयि सुष्ठु न व्यवहरति=मूर्ख मुझ से अच्छा व्यवहार नहीं करता। मयि विनयेन वर्ततताम्=मुझ से विनय का वर्ताव करो। मे मनः तस्यां स्निह्यति=मेरा मन उससे स्नेह करता है। नृपे प्रजा अनुरक्ता=राजा में प्रजा की भक्ति है। शास्त्रे आदरः कार्य्यः=शास्त्र के लिए आदर चाहिए। कुमारी पुंसिनविश्वसिति+कुमारी पुरुष का विश्वास नहीं करती है। मृगेषु शरान् अस्य, क्षिप, मुञ्च वा। मम शस्त्रमनागसि प्रहर्तुं नास्ति=मेरा हथियार निरपराधी को मारने को नहीं है। केशेषु गृहीत्वा=बाल पकड़कर। हस्ते गृहीत्वा=हाथ पकड़कर।

आसक्त, तत्पर, व्यग्र, प्रवीण, निपुण, पण्डित, साधु तथा योग्यतावाची शब्दों के योग में सप्तमी आती है जैसे गृहकर्मणि तत्परा, व्यग्रा वास्त्री=स्त्री घर के कार्य्य में लगी हुई। अक्षविद्यायां प्रवीणः पण्डितो वा=पासों की विद्या में होशियार। प्रभुत्वं तस्मिन् युज्यते उपपद्यतेवा=प्रभुता उसके योग्य है। मातरि स साधुः=माता के साथ वह अच्छा वर्ताव करने वाला है।

* जिस प्रयोजन के लिए कुच्छ किया जावे उससे सप्तमी आती है यदि प्रयोजन और जो किया जावे उसमें समवाय (जो अलग न हो सके) सम्बन्ध हो जैसे केशेषु चमरी हता = वालों के लिए चमरी हिरण मार डाला गया ।

† सब से अधिक गुण वाची विशेषणों के योग में सप्तमी वा षष्ठी आती है परन्तु समास केवल सप्तमी का ही होता है जैसे तेषु तेषां वा श्रेष्ठः = उनमें सब से अच्छा । कविश्रेष्ठः = कविषु श्रेष्ठः यह केवल सप्तमी में हो सकता है ।

‡ समय वा दिशावाची शब्द जिनके बीच में अन्तर हो पञ्चमी वा सप्तमी विभक्ति लेते हैं जैसे इहस्थः क्रोशात् क्रोशे वा लक्ष्यं विध्येत् = यहां ठहरा हुआ वह एक कोस पर लक्ष्य को वेधे । अस्मिन्दिने भुक्त्वायं त्र्यहात् त्र्यहे वा भोक्ता = आज खाकर यह तीन दिन बाद खावेगा ।

¶ जब दो क्रियाएं हों जिनमें से एक विशेषण रूप क्रिया हो और उसके होने पर दूसरी क्रिया की जावे तब पूर्व क्रिया से सप्तमी विभक्ति आती है जैसे तस्मिन् गतेऽहमपठम् = उसके जाने पर मैंने पढ़ा । गोषु दुह्यमानासु स गतः = जब गाएं दुही जा रहीं थीं तब वह चला गया । त्वयि रक्षितरि नकुतोऽपिभयम् = जब तुम रक्षा करने वाले हो तो कहीं से डर नहीं । इस को भावे सप्तमी कहते हैं ।

---

* निमित्तात्कर्मयोगे । वार्तिक ।

† यतश्च निर्धारणम् । पा. २. ३. ४१

‡ सप्तमी पञ्चम्यौ कारकमध्ये । पा० २. ३. ५.

¶ यस्य च भावेन भावलक्षणम् । पा० २. ३. ३७

अप पूर्वक राध् (अपराध करना) के योग में सप्तमी वा षष्ठी आती है जैसे तव अपराद्धोऽस्मि = मैंने तुम्हारा अपराध किया । कस्मिन्नपराद्धा शकुन्तला = शकुन्तलाने किसका अपराध किया ।

* अधीतिन् = जिसने पढ़ा, गृहीतिन् = जिसने ग्रहण किया इत्यादि शब्दों के योग में जो विषय पढ़ा वा ग्रहण किया गया हो उस से सप्तमी आती है जैसे स व्याकरणे अधीती = वह व्याकरण पढ़ा हुआ है । स वेदाङ्गेषु गृहीती = उसने वेदाङ्ग अच्छे प्रकार ग्रहण कर लिए हैं ।

उप (अधिक है) अधि (स्वामी है) के साथ सप्तमी आती है जैसे हरेर्गुणाः उपशते = हरि के गुण सौ से अधिक हैं । रामः भुवि अधि = राम पृथ्वी का मालिक है । और अर्थों में उप और अधि के योग में द्वितीया आती है ।

शब्द

आपूर्व ह्वे (ह्वय् १ प) = पुकारना
अस्ति = है [अस् (२ प.) = होना का रूप
यावत् (अव्यय) = जब तक
तत् (अव्यय) = तिस कारण से, तो
प्राक् (अव्यय) = पहेले
विप्रः = ब्राह्मण
उज्जयिनी = एक नगर का नाम
अपत्य (न) = बालक, औलाद
अव पूर्व. स्था + णिच् (स्थाप् १०) = ठहराना
स्नातुम् = स्ना (स्नान करना) + तुमुन् = स्नान करने को

* क्तस्येन्विषयस्य कर्मण्युपसंख्यानम् (वार्तिक)

उप+सृ [१ प.] = समीप आना
* आह्वानम् = पुकार
खाद् (१ प.) = खाना
कृष्ण (वि) = काला
मध्य (वि) = बीचवाला
खण्डशः (अव्यय) = टुकड़ों में
खण्डशः कृतः = टुकड़े २ कर डाला गया
पिशुनता = चुग़ली, पीछे बुरा कहना
पातकम् = पाप
मण्डनम् = भूषण
हितवादिन् (वि) = हित की बात कहने वाला
वरीयस् (वि) = अधिक अच्छा
अव पूर्व-गम् (१ प.) = जानना
राघवानुचरः = राघव अर्थात् राम का नौकर
गतवत् (वि) = गम् + क्तवत् = गया अर्थात् प्राप्त हुआ
विषादः = रञ्ज, दुःख
कुशलिन् (वि) = कुशल वाला, सकुशल
निमित्तम् = कारण, शगुन
तथाविध (वि) = वैसा, उस प्रकार का

दारिद्रयम् = ग़रीबी
वि पूर्व आपूर्व पद् (४ आ.) = मरना
वि पूर्व-आपूर्व पद्+णिच् [पाद् १०] = मारना
नकुलः = नेउला
चिरम् (अव्यय) = बहुत दिनों तक, बहुत दिनों से
लिप् [६ प. आ. (लिंप्)] = ढकना, वा धब्बा युक्त होना ।
अवधार्य = अव पूर्व धृ. [१० प. आ. निश्चय करना] + ल्यप् = निश्चय करके
उपकारक (वि) = भलाई करने वाला
निर् पूर्वईक्ष् (१ आ) = विचारसे देखना
रक्तविलिप्त (वि) = रक्तेन विलिप्तः रक्त विलिप्तः (समास) = खून से लिपा हुआ
तातपादः = पिता के पैर अर्थात् पिता (पूजनीय)
परिग्रहः = स्वीकार करना
दारपरिग्रहः = विवाह
चिन्त्यमान (वि) = खबर लिया गया ।

---

*आपूर्व ह्वे धातु में (अन) प्रत्यय, धातु में ल्युट् (अन) प्रत्यय लगाने से नपुंसक लिंग शब्द बनते हैं जैसे ज्ञा + ल्युट् = ज्ञानम्, दा + ल्युट् = दानम् ।

कथा

अस्ति उज्जयिन्यां माधवो नाम विप्रः। तस्य ब्राह्मणी स्वापत्यस्य रक्षार्थं ब्राह्मणमवस्थाप्य स्नातुं गता। अथ ब्राह्मणाय राज्ञः आह्वानं दक्षिणां दातुमागतम्। *तच्छ्रुत्वा ब्राह्मणः स्वदारिद्र्यात् अचिन्तयत् यदि सत्वरं न गच्छामि तदन्यः कश्चित् श्रुत्वा दक्षिणां ग्रहीष्यति। किन्तु बालकस्यात्र रक्षको नास्ति। तत्किं करोमि।

यत् किञ्चित् भवेत् चिरं पालितमिमं नकुलं बालकस्य रक्षायां व्यवस्थाप्य गच्छामीति। तथा कृत्वा स गतः। ततस्तेन नकुलेन बालकसमीपमागच्छन् कृष्णसर्पः दृष्टः व्यापाद्यचकोपात्खण्डशः कृतः ततोऽसौ नकुलो ब्राह्मणमागच्छन्तमवलोक्य रक्त विलिप्तः सत्वरमुपगत्य ब्राह्मणस्य चरणयोः क्रीडितवान्। ततः स विप्रः तथाविधं तं दृष्ट्वा बालकोऽनेन खादित इत्यवधार्य नकुलं व्यापादितवान्। अनन्तरं यावदुपसृत्य ब्राह्मणः अपत्यं पश्यति तावद्बालकः कुशली सर्पश्च व्यापादितस्तिष्ठति। ततस्तमुपकारकं नकुलं निरीक्ष्य स परं विषादं गतवान्।

---

*देखो [सन्धि ५६] तत्+श्रुत्वा, श् के पूर्व वर्गों का तीसरा, चौथा, पहला दूसरा अक्षर हो और श् के परे य्, र्, ल्, व्, ह्, ङ्, ञ्, ण्, न्, वा म् वा स्वर हो तो श् का छ् हो जाता है और जब त् वा द् के परे छ् हो तो त् वा द् का च् हो जाता है।

संस्कृतवाक्यानि

वेदिं परितः ब्राह्मणा मामन्तरेण किं चिन्तयन्ति । राजन् अलं श्रमेण, भवता त्वया सह तत्र गन्तव्यम् ।

लोभश्चेद्गुणेन किं पिशुनता यद्यस्ति किं पातकैः
सत्यं चेत्तपसा च किं शुचि मनो यद्यस्ति तीर्थेन किम् ।

सौजन्यं यदि किं गुणैः स्वमहिमा यद्यस्ति किं मंडनैः

सद्विद्या यदि किं धनैरपयशो यद्यस्ति किं मृत्युना ॥

नमस्ते । मूर्खा न प्रणमन्ति देवताभ्यो हितवादिने च कुप्यन्ति । यद्यस्मत् वरीयान् राक्षसोऽवगम्यते तदिदं शस्त्रं तस्मैदीयताम् ।

इतरो रावणादेष राघवानुचरोयदि । सफलानि निमित्तानि प्राक् प्रभातात्ततोमम ॥
जीवत्सु तातपादेषु नवे दारपरिग्रहे । मातृभिश्चिन्त्यमानानां तेहि नो दिवसा गताः ॥

भाषा

मनुष्य उसको राम इस नाम से पुकारते हैं । वह राजा से भिक्षा मांगता है । घर के चारों ओर पानी है । मेरे विना वह घर के बाहर जाते हैं । एक आंख के काने मनुष्य को मैंने घोड़े पर से देखा । उसके चले जाने पर बहुत दिनों तक मैं पुस्तक पढ़ता रहा । मेरे देखते देखते वह गिर पड़ा । राम से देवदत्त अधिक अच्छा है परन्तु वह बालक सब से श्रेष्ठ है । पंडित बालकों पर क्रुद्ध नहीं होते हैं ।

द्वितीय पाठ

* समास

समास सम् पूर्वक अस् (४ प.=फेंकना) धातु से बना है जिसके अर्थ एकट्ठा फेंकना अर्थात् एकट्ठा रखने के हैं। जब दो वा बहुत पद एकट्ठे रखकर और सब की विभक्तियों के प्रत्ययों का लोप कर के केवल अन्तिम पद में विभक्ति लगाकर एक बड़ा पद बनाते हैं तो उस बड़े पद को समस्तपद कहते हैं। और इस प्रकार शब्दों के एकट्ठा करने को समास कहते हैं। और समस्त पद भी समास कहाता है। जब दो पदों अथवा दो समस्त पदों का समास होता है तो पहले पद वा पहले समस्त पद को पूर्व पद कहते हैं और दूसरे पद वा दूसरे समस्त पद को उत्तर पद कहते हैं छोटे छोटे कई समास मिलाकर एक बड़ा समास बनाते हैं इन छोटे २ समासों की भी अन्तिम विभक्ति का लोप करके जो अन्त में बड़ा समास बनता है उसीके अन्त में केवल विभक्ति लगाई जाती है। समास में विभक्तियों के प्रत्ययों के लोप होने के अतिरिक्त कभी कभी कुछ शब्दों के अन्तिम अक्षर गिर जाते हैं जैसे महान् राजा=महाराजः (राजन् शब्द का (अन्) न् गिर गया और महाराज शब्द

---

* सब संज्ञादि शब्दों का सब से समास नहीं हो सकता है। संस्कृत के महवरों में जो समास आए हैं वही प्रयुक्त हो सकते हैं और उन्हीं विख्यात समासों के हेतु वैयाकरणों ने नियम बनाए हैं। अच्छे अच्छे संस्कृत के कवि और लेखकों की पुस्तकों में जो समासआए हैं वही सब को प्रयुक्त करना चाहिये।

नोट:—समस्तपद में सन्धि करना अनिवार्य है।


अकारान्त हो गया) और शब्दों में बहुत से परिवर्तन हो जाते हैं जो बहुत अधिक हैं इन शब्दों की विशेषताएं इस पाठ के अन्त पर संक्षेप से बता दी गई हैं।

समास के चार भेद मुख्य हैं। द्वन्द्वसमास, तत्पुरुषसमास, बहुव्रीहिसमास, और अव्ययीभाव समास। इन चार के अतिरिक्त एक पांचवा भेद सह सुपा समास भी कोई कोई करते हैं।

* द्वन्द्व

द्वन्द्वसमास दो वा अधिक ऐसी संज्ञाओं का बनता है जो यदि समास में न रक्खी जावें तो च से जोड़ना पड़ेंगी और समास के तोड़ने पर ऐसी संज्ञयें प्रथमा विभक्ति में रक्खी जाती हैं। समास तोड़ने को विग्रह कहते हैं। द्वन्द्व के विग्रह का चिन्ह च है। द्वन्द्व तीन प्रकार का होता है इतरेतरद्वन्द्व, समाहारद्वन्द्व, एकशेषद्वन्द्व।

(१) इतरेतरद्वन्द्व— यदि दो संज्ञा हैं तो अन्त की संज्ञा द्विवचन में लिखी जाती है यदि दो से अधिक संज्ञा जुड़ी हों तो अन्त की संज्ञा बहुवचन में लिखी



* चार्थे द्वन्द्वः। पा० २. २. २२।

जाती है जैसे रामः च कृष्णः च=रामकृष्णौ। रामश्च लक्ष्मणश्च भरतश्च शत्रुघ्नश्च =रामलक्ष्मणभरतशत्रुघ्नाः। इसको इतरेतरद्वन्द्व कहते हैं यह सीधा है।

(२) †समाहार द्वन्द्व—वह द्वन्द्व समास जो समूह प्रकट करे और जिस की संज्ञाएं शरीर वा सेना के अङ्ग हों वा उन जीवों के नाम हों जिनकी परस्पर स्वाभाविक शत्रुता है अथवा बाजा बजाने वालों के नाम आदि हों उसको समाहार द्वन्द्व कहते हैं यह सदैव नपुंसकलिंग एकवचन होता है इसकी संज्ञाएं चाहे जितनी हों जैसे रथानामश्वानां गजानां च समाहारः=रथाश्वगजम्। पाणीच पादौ च=पाणिपादम्। अहिश्च नकुलश्च=अहिनकुलम्=सांपनेउला (यह नपुंसकलिंग एकवचन में ही होता है)।

(३) एकशेषद्वन्द्व—जब सदृश संज्ञाओं का द्वन्द्व समास किया जाता है तो और शब्दों का लोप होकर केवल एक शब्द शेष रह जाता है उसमें विभक्ति लगती है इसको एकशेषद्वन्द्व कहते हैं यदि स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दो शब्दों का एकशेषद्वन्द्व होगा तो पुल्लिंग शब्द शेष रहेगा स्त्रीलिंग नहीं, जैसे माता च पिता च पितरौ, हंसश्च हंसी च हंसौ, भ्राता च स्वसा च भ्रातरौ, पुत्रश्च दुहिता च पुत्रौ। रामश्च रामश्च रामौ।

तत्पुरुष

तत्पुरुष समास उन दो शब्दों का बनता है जिनका अन्तिम शब्द प्रधान होता है और पूर्व शब्द गौण होता है अर्थात् अन्तिम शब्द के अर्थ को भली प्रकार प्रकट


---

† द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनाङ्गानाम्। पा० २. ४. २।

कर देता है जैसे राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः (राजा का पुरुष यहां पुरुष प्रधान है उसी से वाक्य के अर्थों का सम्बन्ध है जिसमें राजपुरुष आया हो और राजन् जो पूर्वपद है वह गौण अथवा अप्रधान है यह केवल पुरुष को विशिष्ट करता है कि कैसा पुरुष, राजा का (राजा का वाक्य में कुच्छ सम्बन्ध नहीं), और जैसे महान् पुरुषः = महापुरुषः ।

* तत्पुरुष के तीन मुख्य भेद हैं (१) विभक्ति तत्पुरुष, (२) कर्म्मधारय तत्पुरुष (३) द्विगुतत्पुरुष, और तत्पुरुष के चार और भेद हैं (४) नञ्तत्पुरुष (५) प्रादि तत्पुरुष (६) गतितत्पुरुष और (७) उपपद तत्पुरुष । यह सब मिलाकर तत्पुरुष के सात भेद हुए । उनके लक्षण और उदाहरण निम्न लिखित हैं:—

१ विभक्ति तत्पुरुष—जिस तत्पुरुष समास का पहला पद विग्रह करने पर प्रथमा और सम्बोधन को छोड़ किसी और विभक्ति को ग्रहण करता है उस तत्पुरुष



को विभक्ति तत्पुरुष कहते हैं जो विभक्ति पूर्व पद ग्रहण करता है उसी को लगाकर तत्पुरुष का नाम लिया जाता है जैसे राज्ञः पुरुषः राजपुरुषः [षष्ठी तत्पुरुष]

* (१) द्वितीया विभक्ति सहित शब्दों का गत, पतित, आपन्न इत्यादि शब्दोंके साथ द्वितीया तत्पुरुष समास बनता है जैसे स्वर्गंगतः=स्वर्गगतः, दुःखम् आपन्नः= दुःखापन्नः (दुःख को प्राप्त), दुःखम् अतीतः [दुःखातीतः]=(जिसने दुःख को पार किया) । जो संज्ञा समय वा दशा का लगातार होना प्रकट करे उनके साथ भी द्वितीया तत्पुरुष होता है जैसे सम्वत्सरं वासः=सम्वत्सरवासः (वर्षभर रहना), मुहूर्तम् सुखम्=मुहूर्तसुखम् ॥ †

(२) तृतीयान्त शब्दों का सदृश, सम आदि अथवा क्त प्रत्ययान्तादि शब्दों से तृतीया तत्पुरुष समास बनता है जैसे मात्रा सदृशः मातृसदृशः, पित्रा समः पितृसमः, नखैर्भिन्नः नखभिन्नः (नाखूनों से तोड़ा गया) इत्यादि ।

(३) चतुर्थ्यन्त शब्दों का, हित, अर्थ आदि शब्दों के साथ तथा द्रव्य वाचक संज्ञा शब्दों के साथ (जिस द्रव्य से पूर्व पद सूचक वस्तु बनी हो) चतुर्थी तत्पुरुष समास होता है जैसे यूपाय (यज्ञका खम्भा) दारु (काष्ठ विशेष) यूपदारु, गवे हितम्=गोहितम् । अर्थ शब्द के साथ जब समास होता है तो समस्त पद एक विशेषण के रूप में होता है और तीनों लिङ्ग वाला होता है अपने परे की संज्ञा

---

* द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः । पा० २. १. २४ ।

† अत्यन्तसंयोगे च । पा० २. १. २९ ।

अनुसार लिङ्ग लेता है। इसको नित्यसमास कहते हैं जैसे सुखाय अयं (श्रम:)= सुखार्थः (श्रम:), सुखाय इयं (विद्या)=सुखार्था (विद्या), सुखाय इदम्=सुखार्थं (धनम्) ॥

(४) पञ्चम्यन्त शब्दों का, अपेत (अलग), मुक्त, पतित आदि शब्दों के साथ पञ्चमी तत्पुरुष समास होता है जैसे वृकात् भीत:=वृकभीतः, सुखात् अपेत: =सुखापेतः, स्वर्गात् पतित:=स्वर्गपतित: ॥

(५) षष्ठयन्त शब्दों का दूसरी किसी संज्ञा के साथ षष्ठीतत्पुरुष समास होता है और कुछ शब्दों के साथ इस प्रकार से षष्ठीतत्पुरुष समास होता है कि पहला पद अन्त में और अन्त वाला पद पूर्व में रक्खा जाता है जैसे अन्हः मध्यम् (दिनका मध्य)=मध्यान्हः। राज्ञः पुरुष:=राजपुरुषः । वृक्षस्यशाखा= वृक्षशाखा इत्यादि।

(६) सप्तम्यन्त शब्दों का पण्डित, पटु, आतप आदि शब्दों के साथ सप्तमी तत्पुरुष समास होता है जैसे सभायां पण्डित:=सभापण्डितः, वाचि पटुः (होशियार)=वाक्पटुः, आतपेशुष्कः आतपशुष्कः। कभी २ समास में पूर्व पद की विभक्तिका लोप नहीं होता है तो उसको अलुक् सप्तमी तत्पुरुष कहते हैं जैसे युधि स्थिरः इति युधिष्ठिरः (युध्=युद्ध) इसी प्रकार जब षष्ठ्यन्त पद की विभक्ति लुप्त नहीं होती तो उसको अलुक् षष्ठी तत्पुरुष कहते हैं जैसे वाचः पतिः=वाचस्पतिः ॥

२ कर्मधारय तत्पुरुष—जब तत्पुरुष समास के विग्रह करने पर दोनों शब्दों में एकसी ही विभक्ति लगती है तो उसको कर्मधारयतत्पुरुष कहते हैं प्रायः दोनों

शब्द प्रथमान्त हुआ करते हैं और उनके बीच वा अन्त में कुछ शब्द जैसे असौ तत्, इव, एव लगा कर विग्रह करते हैं। प्राय: यह समास विशेषण और विशेष्य का होता है।

कर्मधारय, के तीन मुख्य भेद हैं—विशेषणपूर्वपदकर्मधारय, उपमान पूर्वपदकर्मधारय, उपमानोत्तरपदकर्मधारय। कर्म्मधारय के और भेद जो क्रमविरुद्ध होते हैं वह इस पाठ के अन्तपर देखा दिए हैं। उनमें मुख्य मयूरव्यंसकादि कर्मधारय और शाकपार्थिवादि वा मध्यमपदलोपी कर्मधारय हैं।

* (१) **विशेषण पूर्वपद कर्मधारय**—जिसमें पूर्वपद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य होता है। इसके विग्रह करने में प्राय: तत् शब्द यदि विशेष्य नपुंसकलिङ्ग है और असौ शब्द यदि विशेष्य स्त्रीलिङ्ग वा पुँल्लिग है प्रयुक्त होते हैं और एक च मध्य में और एक च अन्त में प्राय: रख दिया जाता है जैसे महान् च असौ पुरुषश्च इति महापुरुष:, नीलं (नीलां) च तत् उत्पलं च (कमल)=नीलोत्पलम्। सती च असौ प्रवृत्तिश्च इति सत्प्रवृत्ति:।

† जब कर्म्मधारय समास के विग्रह में विशेषण स्त्रीलिङ्ग होता है तो समास में पूर्वपद पुँल्लिङ्ग होजाता है जैसे प्रथमा च असौ परीक्षा च इति प्रथमपरीक्षा।

---

*कभी २ दोनों पद केवल विशेषण ही होते हैं तो भी कर्मधारय समास होता है जैसे शीतं च उष्णं च शीतोष्णम् इत्यादि को विशेषणोभयपदकर्मधारय कहते हैं।

† पुंवत्कर्म्मधारयजातीयदेशीयेषु। पा० ६. ३. ४२।

* (२) **उपमान पूर्वपद कर्मधारय**—उसको कहते हैं जिसमें पूर्वपद उपमान अर्थात् जिस वस्तु से उपमा दी हो ऐसी वस्तु हो और उत्तर पद गुणवाचक हो अर्थात् समान गुण बताता हो इसके विग्रह करने में दोनों शब्दों के बीच में एक इव (उपमा सूचक चिन्ह) रखते हैं जैसे घन इव श्यामः घनश्यामः (बादल के समान काला) इसको उपमान समास भी कहते हैं।

(३) † **उपमानोत्तरपद कर्मधारय**—अथवा उपमित समास उसको कहते हैं जिसमें उत्तरपद उपमान हो अर्थात् जिसकी उपमा दी जाय (जो प्रायः

---

* उपमानानि सामान्यवचनैः। पा० २. १. ५५।

† उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे। पा० २. १. ५६।

नोटः—पूर्ण उपमा में ४ चीजें होती हैं। (१) उपमेय—जिसका वर्णन हो अर्थात् जिसकी उपमा दी जावे (२) उपमान—दूसरी वस्तु जिससे उपमा दी जावे जो बाहर की हो जिसका वर्णन न हो रहा हो (३) सामान्य अर्थात् समानधर्म—वह गुण जो उपमेय और उपमान में समान हो। (४) उपमावाचक शब्द जैसे इव, यथा, सदृश, वत् आदि।

चन्द्र इव मुखं सुन्दरम्—यहां मुख उपमेय, चन्द्र उपमान, सुन्दर साधारणधर्म और इव उपमावाचक शब्द है।

उपमान समास में सामान्य अर्थात् समानधर्म रक्खा जाता है उपमित में नहीं। उपमान और उपमित दोनों समासों में उपमावाचक शब्द नहीं रक्खा जाता है।

व्याघ्र, सिंह, चन्द्र, कमल आदि शब्द हैं) और पूर्वपद वही वस्तु हो जिसका हम वर्णन करना चाहते हैं और जिस समास में कोई समान गुणवाचक शब्द न हो । इसमें उत्तर पद के अन्त पर एक इव विग्रह में रखना पड़ता है जैसे पुरुषो व्याघ्र इव पुरुषव्याघ्रः । मुखं चन्द्र इव मुखचन्द्रः । इस समास को उपमित समास भी कहते हैं ।

(४) आवधारणा पूर्वपद कर्मधारय—उपमित समास को ही एक दूसरे प्रकार से भी हम विग्रह कर सकते हैं अर्थात् दोनों शब्दों के मध्य में एव शब्द रक्खें तो वह अवधारणा पूर्वपद समास कहलावेगा जैसे मुखमेवचन्द्रः मुखचन्द्रः, विद्याएव धनम् विद्याधनम् , इस समास में पूर्वपद पर बहुत प्रधानता पड़ती है । इसमें रूपक अलङ्कार होता है । परन्तु उपमित में उपमा अलङ्कार होता है ।

*३. द्विगु तत्पुरुष—उसको कहते हैं जिसका पहला पद संख्यावाचक शब्द हो और उत्तरपद (विशेष्य) संज्ञा हो और जिसका प्रयोग स्त्रीलिङ्ग वा नपुंसकलिंग में हो । जैसे त्रयाणां लोकानां समाहारः (समूह)=त्रिलोकी, त्रयाणां भुवनानां समाहारः=त्रिभुवनम् , पञ्चपात्रम् । अकारान्त द्विगु स्त्रीलिङ्ग होता है परन्तु पात्रादि गण में गिनाए गए शब्द जब अन्त पर हों तो स्त्रीलिङ्ग नहीं होता है परन्तु नपुंसकलिङ्ग होता है । समूह सूचक द्विगु एक वचन में होता है । समाहार द्विगु

---

* संख्यापूर्वोद्विगुः । पा० २. १. ५२ ।

अकारान्तोत्तरपदो द्विगुः स्त्रियामिष्टः । पात्राद्यन्तस्य न ।

द्विगुरेकवचनम् । पा० २. ४. १. ।

के अतिरिक्त द्विगु दो और प्रकार से भी बनता है, अर्थात् तद्धितार्थे द्विगु जैसे द्वाभ्यां गोभ्यां क्रीत: इति द्विगु: और उत्तरपदे परे द्विगु जिस को तीन शब्द एक संख्यावाचक और दो तत्पुरुष वा बहुव्रीहि के पद मिल कर बनाते हैं जैसे पंचभि: जनै: दृष्टम् इति पंचजनदृष्टम् । पंच हस्ता: प्रमाणमस्य इति पंचहस्तप्रमाण: ।

तत्पुरुष समास के मुख्य भेद बता चुके अब थोड़े और भेद तत्पुरुष के बताते हैं जैसे—

* ४. नञ् तत्पुरुष जो न के साथ समास होता है । न के परे यदि व्यञ्जन होता है तो न का अ हो जाता है यदि स्वर होता तो अन् होजाता है जैसे न ब्राह्मण: = अब्राह्मण:, न अश्व: अनश्व: इत्यादि ।

५. प्रादि तत्पुरुष जिनका पहला पद प्र आदि उपसर्ग होता है जैसे प्रकृष्ट: आचार्य: प्राचार्य: (बड़ा गुरु) । अतिक्रान्तो मालाम् = अतिमाल: = माला से बढ़कर इत्यादि ।

६. गति तत्पुरुष जो धातु के बने हुए कुछ अव्यय शब्दों से गति जोड़ने से बनते हैं जैसे पुरस्कृत्य, साक्षात्कृत्य, शुक्लीकृत्य इत्यादि । गति तत्पुरुष ल्यप्प्रत्ययान्त होते हैं और जब समास न किया जावे तो त्का प्रत्ययान्त अव्यय शब्द यथा सम्भव अलग रहता है । गति नाम उपसर्गों का तथा धातु के पहेले-जुड़नेवाले अव्ययों का है जैसे च्विप्रत्ययान्त अव्यय, अलम् , तिरस् , पुरस् आदि ।

* नलोपोनञ: । तस्मान्नुडचि । पा० ६. ३. ७३ और ७४ ।

७. उपपद तत्पुरुष जिनमें दूसरापद किसी धातु में कृत् प्रत्यय लगाकर पूर्वपद ही के होने से बना हो जैसे कुम्भं करोति इति कुम्भकारः, साम गायति सामगः (सामवेद गाने वाला इत्यादि ॥

यदि उत्तरपद विना पूर्व पद के अलग बन सकता हो तो उपपद नहीं होगा जैसे धरति इति धरः, पयसां धरः = पयोधरः = बादल, स्तन । जानाति इति ज्ञः = जानने वाला । धर्मस्य ज्ञः = धर्मज्ञः । सर्वस्यज्ञः = सर्वज्ञः । गुणस्यज्ञः = गुणज्ञः यह सब षष्ठीतत्पुरुष हैं ।

बहुव्रीहि समास ।

द्वन्द्व और तत्पुरुष समास का समस्त पद संज्ञा होता है किन्तु बहुव्रीहि समास का समस्तपद विशेषण होता है और यह सम्पूर्ण समासं रूपी विशेषण किसी दूसरी संज्ञा के (जो वाक्य में होती है) लिङ्ग, वचन, और विभक्ति के अनुसार आता है । बहुव्रीहि समास के विग्रह में यद् और तद् शब्द के रूप रक्खे जाते हैं ताकि यह प्रकट हो जावे कि यह समास विशेषण है । इस समास का शब्दार्थ करने से अशुद्ध अर्थ निकलते हैं क्योंकि इस समास का सम्पूर्ण समास किसी संज्ञा की अपेक्षा रखता है जिसके वह गुण बताता है जैसे महाबाहुः का शब्दार्थ करनेसे प्रकट होता है कि बड़ी बांह किन्तु यह इष्ट अर्थ नहीं है शुद्ध अर्थ यह है—महान् बाहुः यस्य स महाबाहुः (नरः) (बड़ी है बांह जिसकी वह) । अब यदि इसके आगे नपुंसकलिङ्ग संज्ञा है तो उसके अनुसार इस समस्त पद के रूप चलेंगे और यदि पुँल्लिङ्ग वा स्त्रीलिङ्ग है तो उनके अनुसार जैसे महाबाहु मित्रम् , महाबाहुः नारी । बहुव्रीहि समास न के

साथ भी होता है किन्तु उसका विग्रह तत्पुरुष के समान नहीं किया जाता है जैसे अपुत्रः पुरुषः, अपुत्रा स्त्री, अपुत्रम् मित्रम्, इनके क्रम से विग्रह यह हैं नास्ति पुत्रः यस्य सः (पुरुषः), नास्ति पुत्रः यस्याः सा (स्त्री), नास्ति पुत्रः यस्य तत् (मित्रम्)। बहुव्रीहि समास के दो भेद हैं समानाधिकरण बहुव्रीहि और व्यधिकरण बहुव्रीहि। समानाधिकरण बहुव्रीहि उसको कहते है जिसमें पूर्वपद और उत्तरपद दोनों समान अधिकरण अर्थात् समान विभक्ति वाले होते हैं ऊपर की उदाहरणों में महान् और बाहु दोनों पद प्रथमा विभक्ति वाले हैं। व्यधिकरण बहुव्रीहि उसको कहते हैं जिसमें पूर्वपद और उत्तरपद की विभक्तियां भिन्न २ हों जैसे चक्रपाणिः = चक्रं पाणौ यस्य सः = जिसके हाथ में चक्र हो, यहां चक्र प्रथमान्त है और पाणौ सप्तम्यन्त है।

* कुछ बहुव्रीहि समासों के विग्रह में जो विशेषण स्त्रीलिङ्ग होता है वह समास में पूर्वपद में पुँल्लिङ्ग हो जाता है जैसे रूपवती भार्या यस्य स रूपवद्भार्यः।

†जब बहुव्रीहि समास का अन्तिम पद स्त्रीलिङ्ग होता है जिसके अन्त में ई वा ऊ हो तो एक क (कप्) और उन में अवश्य जोड़ दिया जाता है इसी प्रकार यदि अन्त का शब्द ऋकारान्त है तो भी क अवश्य जोड़ दिया जाता है जैसे ईश्वरः कर्त्ता यस्य

---

* स्त्रियाः पुम्वद्भाषितपुंस्कादनूङ्समानाधिकरणेस्त्रियामपूरणीप्रियादिषु। पा० ६. ३. ३४।

† नद्यृतश्च। पा० ५. ४. १५३।

तत् ईश्वरकर्तृकं जगत्, बहवः नद्यः यस्मिन् स बहुनदीकः (देशः), आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द का अन्तिम आ ह्रस्व हो जाता है जैसे लक्ष्मीर्भार्या यस्य स लक्ष्मीभार्यः। लक्ष्मीर्भार्या यस्यतत् लक्ष्मीभार्यम् (मित्रम्)।

* प्रत्येक बहुव्रीहि समास में एक क विकल्प करके जोड़ा जा सकता है जैसे महायशाः वा महायशस्कः। महाबाहुः वा महाबाहुकः।

अव्ययीभाव

† अव्ययीभाव समास किसी संज्ञा में अव्यय जोड़ने से बनते हैं और नपुंसकलिङ्ग द्वितीया एक वचन होते हैं और फिर सम्पूर्ण समस्त पद अव्यय होजाता है। क्रियाविशेषण संस्कृत में नपुंसकलिङ्ग द्वितीया एक वचन में रक्खे जाते हैं और अव्यय होते हैं। अव्ययीभाव समास यदि अकारान्त है तो अन्त पर नपुंसकलिंग के

---

* शेषाद्विभाषा। पा० ५. ४. १५४।

† कुछ अव्ययीभाव समास जो आ, बहिः आदि शब्दों से मिलकर बनते हैं वह द्वितीया विभक्ति के अतिरिक्त विकल्प करके पञ्चमी विभक्ति भी लेते हैं जैसे आमुक्तेः वा आमुक्ति संसारः = संसार मुक्ति तक है। बहिर्वनम् वा बहिर्वनात्॥

कुछ शब्द विकल्प से तृतीया और सप्तमी भी लेते हैं जैसे गृहस्य समीपे उपगृहम्, उपगृहेण, उपगृहे वा इत्यादि।

अनुआदि कर्मप्रवचनीयों के साथ द्वितीया आती है और इनके अव्ययीभाव का भी वैसा ही रूप होता है जैसे अनुवनम् चाहे इस को अनु के योग में द्वितीया ऐसा कहो चाहे इसको समास कहो वनस्य समीपे अनुवनम्॥

द्वितीया एक वचन के सदृश वह म् (अम्) लेता है और यदि और कोई स्वर अन्त में है तो वैसे का वैसा ही रहेगा जैसे और स्वरान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द द्वितीया एक वचन में रहते हैं। कूलस्य समीपे = उपकूलम् [कूल (नं.) = किनारा], (हरौ इति अधिहरि = हरि पर वा हरि में) आत्मनि इति आध्यात्मम् (अन्त का न् गिर जाता है अतएव अकारान्त नपुंसकलिङ्ग के सदृश है) दैवे इति अधिदैवम्। अधि सप्तमी के अर्थ के अतिरिक्त विषय अर्थ में भी अव्ययीभाव बनाता है जैसे कृष्णमधिकृत्य कथा इति अधिकृष्णं कथा = कृष्णविषयक कथा।

अव्ययीभाव समास बहुत अर्थों में होते हैं जैसे विभक्ति के अर्थ में, समीप, क्रम, सदृशादि अर्थों में जैसे हरेः सादृश्यं सहरि, शक्तिमनतिक्रम्य इति यथाशक्ति, अहनि अहनि इति प्रत्यहम् = रोज़ इत्यादि। यथाशक्ति यह समस्त पद नपुंसकलिङ्ग वारि शब्द के द्वितीया एक वचन की तरह वैसे का वैसा बना रहा। क्रमस्य आनुपूर्व्येण इति अनुक्रमम् = क्रमानुसार। रूपस्य योग्यम् इति अनुरूपम्।

* अव्ययीभाव समास में शब्द का अन्तिम स्वर यदि दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है और ए, ऐ का इ और ओ का उ हो जाता है और अन्नन्त पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग शब्दों का अन्तिम न् गिरजाता है परन्तु अन्नन्त नपुंसकलिङ्ग शब्दों का अन्तिम न् विकल्प करके गिरता है। जैसे गोदायाः समीपे अनुगोदम् (गोदा = गोदावरी)। मक्षिकाणामभावः निर्मक्षिकम् = जब वा जहां

---

* अनश्च। नपुंसकादन्यतरस्याम्। पा० ५. ४. १०८, १०९।

मक्षिका (मक्खी) न हों। राज्ञः समीपमुपराजम् (राजन् का न् गिरा)। चर्मणः समीपमुपचर्मम् वा उपचर्म [चर्मन् (नं) = चाम)। गङ्गायाः समीपे अनुगङ्गम्।

* वर्गों के पहेलेचार व्यञ्जनान्त शब्दों में तथा नदी, गिरि आदि शब्दों में अव्ययीभाव समास में एक अ विकल्प करके जोड़ दिया जाता है. जैसे उपगिरि वा उपगिरम्, उपसमिधम् वा उपसमित्। नद्याः समीपम् उपनदम् वा उपनदि। अक्ष्णः परं परोक्षम्, अक्ष्णः प्रति प्रत्यक्षम्। परोक्षम् और प्रत्यक्षम् में अवश्य अ जोड़ा जाता है।

अप, परि, बहि, आ, आदि विकल्प करके पञ्चमी विभक्त्यन्त अव्ययीभाव समास बनाते हैं जैसे अपविष्णु वा अप्विष्णोः (= विष्णु से दूर), परि विष्णु वा परि विष्णोः। बर्हिवनम् वा बर्हिवनात् (वनके बाहर), आमुक्ति वा आमुक्तेः संसारः (मुक्ति तक संसार है।) अनु, अभि और प्रति (= तरफ़) विकल्प करके द्वितीया विभक्त्यन्त अव्ययीभाव बनाते हैं जैसे अनुवनम् वा वनमनु, प्रत्यग्नि वा अग्निं प्रति। अभ्यग्नि वा अग्निमभि। तस्य पश्चात् = तदनु। शिवस्य पश्चात् = अनुशिवम्। यावच्छ्लोकं प्रमाणाः = जितने श्लोक उतने प्रमाण।

सहसुपा समास

ऊपर लिखे चारों समासों के नियमों से जो न बने उसको सहसुपेति वा सुप्सुपा समास कहते हैं इसका साधारण नियम यह है कि एक सुबन्तपद (विभक्ति सहित पद)

---

* अ (टच्) जब जोड़ा जाता है तो शब्द का अन्तिम स्वर गिर पड़ता है जैसे गिरि + अ = गिर् + अ = गिर।

दूसरे (विभक्ति सहित पद) सुबन्तपद से मिलकर समास बना सकता है। संक्षेप से जो समास ऊपर लिखे समासों के भेदों में न आवे उसे सहसुपेति समास कहते हैं।

कुछ समासों की विशेषताएं

१ * तत्पुरुष समास के अन्त पर जब राजन्, अहन् अथवा सखि शब्द हों तो इनका अन्तिमस्वर (यदि हो) अथवा अन्तिम व्यञ्जन अपने पूर्वस्वर के साथ गिर जाता है और इनमें एक अ (टच्) जोड़ दिया जाता है अर्थात यह अकारान्त हो जाते हैं जैसे परम: राजा = परमराज:= बड़ा राजा, महान् राजा= महाराज: । पुण्यम् अह: इति पुण्याहम्, कृष्णस्य सखा = कृष्णसख: । परन्तु परमसखि, अतिसखि और सुसखि शब्द वैसे ही रहते हैं जैसे हे सुसखे = हे अच्छे मित्र। प्रथमा, द्वितीया और सम्बोधन में इनके रूप सखि के समान, चलते हैं शेष विभक्तियों में हरि के समान।

२ † तत्पुरुष के अन्त पर रात्रि भी ऊपर के शब्दों की तरह अकारान्त हो जाता है यदि इसके पूर्व कोई संख्या, भागवाची शब्द पहला भाग आदि वा अव्यय हो जैसे द्वयो: रात्र्यो: समाहार: (द्वि + रात्रि) = द्विरात्रम्। पूर्वं रात्रे: = पूर्वरात्र: = रात्रि का पहला हिस्सा। सर्वा रात्रि: इति सर्वरात्र:। रात्र यहां पुँल्लिङ्ग हो जाता है।

‡ ३. महत् जब कर्म्मधारय अथवा बहुव्रीहि समास का पहला शब्द होता है

---

* राजाह:सखिभ्यष्टच् (पा० ५. ४. ६१)

† अह:सर्वैकदेशसंख्यातपुण्याच्चरात्रे: (पा० ५. ४. ८७)

‡ आन्महत: समानाधिकरणजातीययो:। (पा० ६. ३ ४६)

तो महत् का महा होजाता है जैसे महान् च असौ राजा च इति महाराजः, महाबाहुः = बड़ी है बांह जिसकी ।

४. * वह तत्पुरुष जिसके अन्त पर सेना सुरा छाया शाला वा निशा हो, विकल्प करके नपुंसकलिङ्ग होता है और तब यह शब्द ह्रस्व अकारान्त हो जाते हैं जैसे गोशाला वा गोशालम् । ब्राह्मणसेना वा ब्राह्मणसेनम् । भित्तिछाया वा भित्तिछायम् ।

५ † बहुव्रीहि समास में यदि पूर्वपद ऐसा शब्द हो जो पुँल्लिङ्ग से आ वा ई जोड़ने से स्त्रीलिङ्ग बनाया गया हो तो वह पुँल्लिङ्ग कर दिया जाता है जब उसका उत्तर पद कोई स्त्रीलिङ्ग हो । जैसे रूपवती भार्या यस्य स रूपवद्भार्यः ।

६ ‡ बहुव्रीहि समास के अन्त पर गन्ध (पु०) गन्धि होजाता है जब उसके पूर्व उत्, पूति, वा सु हो अथवा समास में गन्ध की तुलना की गई हो जैसे शोभनः गन्धः यस्य स सुगन्धिः । पद्मस्य इव गन्धः यस्मिन् तत् पद्मगन्धि । इसी तरह हृदय का हृत् हो जाता है जब उसके पूर्व सु वा दुस् हो जैसे शोभनं हृदयं यस्य स सुहृत् । अक्षि शब्द अकारान्त हो जाता है जब बहुव्रीहि के अन्त पर होता है जैसे जलजवत् अक्षिणी यस्य सः = जलजाक्षः = जिसकी आंखें कमलके सदृश हैं ।

---

* विभाषा सेनासुराछायाशालानिशानाम् (पा० २. ४. २५)

† स्त्रियाःपुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ्समानाधिकरणेस्त्रियामपूरणीप्रियादिषु (पा० ६. ३. ३४)

‡ गन्धस्येदुत्पूति सुसुरभिभ्यः (पा० ५. ४. १३५)

७ * बहुव्रीहि समास के अन्त पर प्रजा प्रजस् और मेधा मेधस् और धनुष् धन्वन् हो जाते हैं जैसे अविद्यमाना प्रजा यस्य स अप्रजाः=जिसके सन्तान नहीं। शोभना मेधा यस्य स सुमेधाः=अच्छी बुद्धिवाला। अधिज्यं धनुः यस्य स अधिज्यधन्वा=जिसके धनु पर तांत चढ़ी हो।

बहुव्रीहि समास में सह का जब तृतीयान्त पद से समास होता है तो वह विकल्प से स हो जाता है जैसे पुत्रेण सह=सपुत्रः वा सहपुत्रः=पुत्र के साथ।

बहुव्रीहि समास में कुच्छ शब्द विकल्प से पूर्व रक्खे जाते (पूर्वनिपात) हैं जैसे आहिताग्निः वा अग्न्याहितः इत्यादि (आहितः अग्निः येन सः=जिसने अग्न्याधान किया)।

८. † सब समासों के अन्त पर ऋच्, पुर्, अप् और धुर् (जब उसके अर्थ उत्तरदायित्व का हो और गाड़ी का धुरा अर्थ न हो तब) अकारान्त होजाते हैं पथिन् शब्द पथ होजाता है—जैसे रम्यः पन्था यस्य स रम्यपथः (देशः) राज्यधुरा।

९. ‡ सब समासों में तमस् के पूर्व जब अव, सम् वा अन्ध हो और वचस् के पूर्व जब ब्रह्मन् वा हस्तिन् हो तो तमस् और वर्चस् में एक अ जोड़ दिया जाता है जैसे अन्धं तमः इति अन्धतमसम्=अन्धा करने वाला अन्धेरा। ब्रह्मणः वर्चः इति ब्रह्मवर्चसम्=ब्राह्मण का तेज।

---

* नित्यमसिच् प्रजामेधयोः (पा० ५. ४. १२२) धनुषश्च (पा० ५. ४. १३२)

† ऋक्पूरब्धूःपथामानक्षे (पा० ५. ४. ७४) धुर्+अ=धुर+टाप्=धुरा

‡ अवसमन्धेभ्यस्तमसः। ब्रह्महस्तिभ्यां वर्चसः (पा० ५. ४. ७९)

१०. समान के परे जब ज्योतिस् आदि उत्तर पद होते हैं तो समान का स हो जाता है जैसे समानं जनपदं यस्य स सजनपदः = एक ही देशवाला, समानं नाम यस्य स सनामा = समान नाम वाला, समानं वयः यस्य सः = सवयाः = समान उमर वाला। संस्कृत में जो शब्द नियम विरुद्ध बनता है उसको निपात से सिद्ध हुआ कहते हैं। निपात का दूसरा अर्थ रखना भी है जैसे पूर्वनिपातः।

११. कर्म्मधारय समास के निम्नलिखित समास नियम विरुद्ध बने हैं। (१) मयूरव्यंसकादि समास मयूरश्चासौ व्यंसकश्च मयूरव्यंसकः = कपटी मोर। तस्मै इदंतदर्थम्। तस्मै अयं तदर्थः। तस्मै इयंतदर्था। अन्यः राजा राजान्तरम्। यह नित्य समास कहाते हैं इनमें विग्रह में अर्थात् समास के तोड़ने पर और शब्द रक्खा जाता है और समास में और (अन्तर नपुंसकलिङ्ग है इसलिए समस्तपद नपुंसकलिङ्ग हुआ) अन्यत् मित्रम् मित्रान्तरम्, अन्या लता लतान्तरम् = दूसरीलता। ऐसे ही चित् एव चिन्मात्रम् नित्य समास है।

* सदृश अर्थ रखने वाले निभ, सङ्काश, नीकाश, प्रतीकाश, उपमादि शब्दों से नित्य समास होता है जैसे चक्रेण सदृशः चक्रनिभः = चक्र के समान। देवनिभमपत्यम्।

(२) शाकपार्थिवादि समास जिसको मध्यपदलोपी समास भी कहते हैं जिन में पूर्वपद का जो स्वयं समस्तपद होता है अन्तिमपद गिर जाता है तब उत्तरपद जुड़ता है जैसे शाकप्रियः (साग तरकारी है प्रिय जिसको ऐसा) पार्थिवः इति शाकपार्थिवः। छायाप्रधानः तरुः = छायातरुः।

---

* स्युरुत्तरपदेत्वमी निभसङ्काशनीकाशप्रतीकाशोपमादयः इति अमरः। नित्य समासः अस्वपद विग्रहः।

१२. * द्विगु तत्पुरुष समास के तीन और प्रकार हैं (१) तद्धितार्थ द्विगु (२) उत्तरपद द्विगु (३) समाहार द्विगु । पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण वाची शब्द वा संख्या वाची शब्द जब किसी दूसरे शब्द के साथ समास में मिलते हैं तब यदि तद्धित प्रत्यय जुड़ता है तो समास तद्धितार्थ और यदि दो पदों में जिनका स्वतन्त्र समास न इष्ट हो कोई उत्तर पद जुड़ता है तो उत्तरपद और यदि समूह का अर्थ होता है तो समाहार कहाता है जैसे पौर्वशालः (तद्धितार्थ)=पूर्वस्यां शालायां भवः । त्रिभिः मार्गैः गच्छति इति त्रिमार्गगा (यह उत्तर पद समास है) द्विगुतत्पुरुष के लक्षणादि देखो ।

१३. समास में नकारान्त पूर्वपद के न् का लोप होजाता है जैसे राजपुरुषः, शास्त्रिपरीक्षा, सन्यासिव्रतम् इत्यादि ।

शब्द

एकाकिन् (वि)=अकेला	कुतूहलम्=टोह, इच्छा
मन्दभाग्य (वि)=भाग्यहीन	श्रु=सुनना
प्रभृति (अव्यय)=लगाकर, लेकर	मधु (पुं०)=वसन्तऋतु, चैत मास
जन्मनः प्रभृति=जन्म से लगाकर	समम् (अव्यय)=साथ साथ
वृत्तान्तः=हाल	सरस् (नं०)=तालाब, झील

* तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च (पा० २. १. ५१)

तपस् (नं) = तप

मञ्जरी = बाली, गुच्छा

तपोधनः = तपः धनं यस्यसः = तपस्वी, सन्यासी

कुसुमायुधः = कुसुममायुधं यस्य सः = कामदेव

परवशी पूर्वक कृ = परवश करना

सविभ्रमम् (क्रियाविशेषण है अतः अव्यय) = विभ्रम अर्थात् विलास पूर्वक

विभ्रमः = विलास, क्रीडायुक्त चेष्टाएं

कृतप्रणामा (वि) = कृतः प्रणामः यया सा

मद्विकारदर्शनापहृतधैर्य (वि) = ममविकारः इति मद्विकारः, मद्विकार-स्यदर्शनमिति मद्विकारदर्शनं, मद्विकार-दर्शनेन अपहृतं धैर्यं यस्य सः = मेरे विकार (बदलना जैसे शरीर का कांपनादि) के देखने से हर लिया गया अर्थात् जाता रहा धीरज जिसका वह

अनङ्गः = कामदेव

अभिधानं = नाम

नाम (अव्यय) = नामक, नामवाला

अवतंसी पूर्वक कृ = शिर का भूषण बनाना

प्रख्यात (वि) = प्रसिद्ध, मशहूर

आत्मजः = पुत्र

श्रवण (पु. नं.) = कान

कर्णः = कान

कलापः = समूह

सम्प्रति (अव्यय) = अभी

पारिजातः = कल्पवृक्ष विशेष

नन्दनम् = इन्द्र के वन का नाम

समर्पित = (सम् + ऋ + णिच् + क्त) = दिया गया

कर्णपूरी पूर्वक कृ = कानका भूषण बनाना

कुतूहलिन् (वि) = खोजवाला

आयासः = कष्ट

परिमलः = खुशबू, सुगन्ध

रुचित = (रुच् १ आ) + क्त = पसन्द की गई

ग्रह् = ग्रहण करना

सम् + उपपूर्वक सृ (पा १) = समीप जाना

आत्मीय (वि) = अपना

अप् पूर्व. नी (१ उभय) = हटाना

मदीय (वि) = मेरा

श्रवणं = कान

अन्तरम् = अवकाश, समय

छत्रग्राहिणी = छतुरी पकड़ने वाली

आहूत = आपूर्व ह्वे (१ उभय) + क्त = पुकारा गया

तदनु (अव्यय) = उसके वाद

तद्विरहातुर (वि) = उसके वियोग से दुःखी

उत् पूर्व. सृज् (६ प.) = छोड़ना

निस्पन्दम् (अव्यय) = निश्चल भाव से

सायं (अव्यय) = सायङ्काल को

मन्मथावेशः = कामदेव का आवेश अर्थात् घुसना, प्रभाव

अधिरूढ = अधि + रुह् (१ प.) + क्त = चढ़ा, प्राप्त

गहनं = जङ्गल, झाड़ी

अवपूर्व धृ (१० उभय) = निश्चय करना

आरब्ध = आ + रभ (१ आ) + क्त = आरम्भ किया

उत (अव्यय) = अथवा

आपूर्व यस् (४ प.) + णिच् (यास् १० आ) = कष्ट देना

मदनः = कामदेव

दुराचार (वि) = दुष्ट आचरणवाला

दूरी पूर्वक कृ = दूर करना

आ पूर्व-क्षिप् (६ उभय) = काटना (वचन को), आक्षेप करना

उत् पूर्व-क्षिप् (६ उभय) = उठाना

मूढ = मुह् (४ प.) + क्त = अज्ञानी, मूर्ख

प्रतिक्रिया = इलाज, दवा

आपूर्व कर्ण् (१० प.) = सुनना

सन्यासिव्रत (नं.) = सन्यासिनः व्रतम् = सन्यासी का व्रत

उप पूर्व दिश् (६ उभय) = उपदेश देना

युक्त (वि) = ठीक

ध्रुव (वि) = निश्चित

गर्हित = गर्ह् (१ प.) + क्त = निन्दित

अकृत्यं = अकार्य्य

असु (पु. सदैव बहु वचनमें आता है) = प्राण

रक्षणीय (वि) = रक्षा करने योग्य

सकाशम् (अव्यय)=पास, तीर
आ+विद्+णिच् (आवेद् १०)= बताना
एतदवस्था=एतस्य अवस्था
प्रवृत्त=प्र+वृत् (१ आ)+क्त= लगा हुआ
संजातलज्ज (वि)=संजाता लज्जा यस्य सः=जिसको लज्जा लगी
सव्याजम् (अव्यय)=बहाना से
अनिवेद्य=न निवेद्य (नि+विद्+णिच् +ल्यप्)=न बताकर
प्रपूर्व-अर्थ् (१० आ)=मांगना
अभिधाय=अभि+धा+ल्यप्=कहकर
विलपत् (वि)=[वि+लप् (१ प.) +शतृ=विलाप करते हुए
आश्रित=आ+श्रि (श्रय् १ उभय) +क्त=आश्रय लिया
निष्फलजिवित (वि)=निष्फलं जीवितं यस्य सः
वृत=वृ+क्त=चुना गया

वरम् (अव्यय)=अच्छा
चिता=चिता, जिस पर मुरदा जलाया जाता है
विरचनं=रचना, बनाना
आदिष्टवत् (वि)=आ+दिश् (६ उभय)+क्तवत्=आज्ञा दिया
मरणैकनिश्चया (वि)=मरणे एकः निश्चयः यस्याः सा=मरने में ही है केवल निश्चय जिसका
मण्डलं=घेरा, गोला
विनिर्गत=वि+निर्+गम्+क्त= निकला, बाहेर आया
निर्गत=निकल गया
दिव्याकृति (वि)=दिव्या आकृतिः यस्य सः=दिव्याकार वाला
बाहु (पु.)=हाथ
उत्क्षिपत् (वि)=उत्+क्षिप्+शतृ= उठाते हुए
परित्याज्य (वि)=छोड़ने योग्य
उद्पूर्व. पत् (१ प.)=उठना, ऊपर उड़ना

अनुसरत् (वि) = अनु + सृ + शतृ = पीछे जाते हुए

उद्गत (उद् + गम् + क्त) = ऊपर गया

तारा = तारा, नक्षत्र

गणः = समूह

मध्य (पु. नं०) = बीच

उद् + स्था (१ तिष्ठ्) = उठना

प्र पूर्व. क्षल् (क्षाल् १०) = धोना, साफ़ करना

त्रिलोकी = (त्रयाणां लोकानां समाहारः) = तीन लोक

अर्थिन् (वि) = चाहनेवाला, मांगनेवाला

स्थाणु (पु.) = शिव, महादेव

मुक्तकण्ठं (अव्यय) = गला फाड़कर, चिल्ला कर

एवंविधा = एवं विधा प्रकारः यस्याः सा = ऐसी

प्ररुदित = प्र + रुद् + क्त = रोया

महाश्वेतावृत्तान्तः

महाश्वेता चन्द्रापीडमुक्तवती, "हे राजपुत्र, किमनेन मम मन्दभाग्याया जन्मनः प्रभृति वृत्तान्तेन श्रुतेन । तथापि यदि बहुकुतूहलम् तत्कथयामि श्रूयताम्"।

गौरी हंसौ नाम मम पितरौ । अथैकदा मधुमासदिवसेषु अम्बया सममिदमच्छोदं नाम सरः स्नातुमभ्यागतया मया कपिञ्जलपुण्डरीकौ नाम मुनिकुमारौ दृष्टौ, पुण्डरीककर्णे एका कुसुममञ्जरी च दृष्टा । तं तपोधनं कुमारमीक्षमाणाहं नवयौवनसुलभेन कुसुमायुधेन परवशीकृता अभवम् । तस्मै सविभ्रमं प्रणामञ्च कृतवती । कृतप्रणामायां मयि मद्विकारदर्शनापहृतधैर्यं तमपि कुमारं तरलतामनयदनङ्गः । अथ मुहूर्तमिव स्थित्वा द्वितीयं मुनिकुमारं कपिञ्जलनामानमुपसृत्य प्रणामपूर्वकमपृच्छम्—'भगवन् किमभिधानः कस्य वायं कुमारः किंनाम्नस्तरोरियमनेन अवतंसीकृता कुसुममञ्जरी' इति।

कपिञ्जलेन उक्तम्—अस्ति सकलभुवनप्रख्यातकीर्त्तिः श्वेतकेतुर्नाम महामुनिः। तस्य लक्ष्म्यामुत्पन्नोऽयमात्मजः। स एव एनमागृहीतसकलविद्याकलापं कृतवान्। अयं सम्प्रति भवानीपतिं पूजयितुमागतः। मार्गमिलितया नन्दनवन देवतया चास्मै इयं पारिजातकुसुममञ्जरी समर्पिता अनेन च कर्णपूरीकृता इति—

इत्युक्तवति तस्मिन् पुण्डरीकः—अयि कुतूहलिनि किमनेन प्रश्नायासेन, यदि रुचितपरिमला गृह्यतामियमित्युक्त्वा समुपसृत्य आत्मीयात् श्रवणात् अपनीय मदीये श्रवणे तां कृतवान्। अत्रान्तरे छत्रग्राहिण्याहूताहं स्नातुं गता। तदनु स्वगृहं गत्वा ततः प्रभृति तद्विरहातुरा सर्वव्यापारानुत्सृज्य एकाकिनी निस्पन्दमतिष्ठम्। सायं कपिञ्जल आगत्य मामुक्तवान् "राजपुत्रि, अपगतायां भवत्यां मन्मथावेशस्यपरां कोटि-मधिरूढं लतागहने लिखितमिवावस्थितं पुण्डरीकमहमपश्यम्। पापात् यथाशक्ति मित्रं निवारणीयमिति मनसावधार्य मया स उपदिष्टः—मित्र पुण्डरीक, किमेतदारब्धं भवता किमिदं गुरुभिरुपदिष्टम् उत धर्मशास्त्रेषु पठितम्, उतापरः तपसां प्रकारः। कथमेतद्युक्तं भवतो मनसापि चिन्तयितुम्। मूढोहि मदनेन आयास्यते। तद्धैर्यमवलम्ब्य दूरीक्रिय-तामयं दुराचारः काम इत्येवं वदत एव मे वचनमाक्षिप्य तेनोक्तम् मम तु गत इदानीमु-पदेशकालो मृत्युश्च ध्रुवो यावज्जीवामि 'मदनसंतापस्य प्रतिक्रियां त्वया क्रियमाणामिच्छा मीति। एतदाकर्ण्याहमचिन्तयम्—अतिगर्हितेन अकृत्येनापि मित्रासून् रक्षणीयान् मन्यन्ते साधवः, महाश्वेतायाः सकाशं गच्छामि आवेदयामि च एतदवस्थामिति चिन्त-यित्वा कदाचित् अयमनुचितव्यापारप्रवृत्तं मां संजातलज्जो निवारयेत् इति अनिवेद्यैव तस्मै सव्याजमुत्थाय आगतोऽहम्, अधुना यदुचितं तद्भवत्या कर्तव्यम्, केवलं मित्र-प्राणरक्षारूपदक्षिणां प्रार्थये इत्यभिधाय कपिञ्जलो गतः। रात्रौ तत्र गत्वाहं विलपन्तं

कपिञ्जलं मृतञ्च पुण्डरीकमपश्यम् । मनसा स्वयंवृतपतेः मरणे, पतिव्रताया मरणमेव वरमिति मरणैकनिश्चया चिताविरचनाय अहमादिष्टवती ।

अत्रान्तरे चन्द्रमण्डल विनिर्गतो दिव्याकृतिः पुरुषः तन्मृतं पुण्डरीकशरीरं बाहुभ्या-मुत्क्षिपन् गम्भीरेण स्वरेण 'वत्से महाश्वते न परित्याज्याः त्वया प्राणाः । पुनरपि तवानेन सह भविष्यति समागमः' इति मामभिधाय सहैव तेन गगनतलमुदपतत् कपिञ्जलश्च तमेव अनुसरन् अन्तरिक्षमुद्गतः । पश्यन्त्या एव मे सर्व एव ते तारागणमध्यम-विशन् । अहन्तु प्रातः उत्थाय तस्मिन्नेव सरसि हस्तपादं प्रक्षाल्य सन्यासिव्रतं स्वीकृत्य इमं त्रिलोकीनाथं शरणार्थिनी स्थाणुमाश्रिता । साहमेवंविधा निष्फल जीवितानिःसुखा" इत्युक्त्वा महाश्वेता मुक्तकण्ठं प्ररुदिता ।

भाषा

राम लक्ष्मण सीता के साथ वन को गए । वहां पुष्पित वृक्षों से युक्त पञ्चवटी तथा सुन्दर पर्वतों से घिरे हुए स्थानों तथा स्वच्छजल से युक्त झीलों को देखा । वह रोज़ अपने हाथ पैरों को धोता है ।

ईश्वर में तीनों लोक इकट्ठे स्थित हैं । तुम्हारे माता पिता कहां है । राजा के आदमी बड़ी भुजा वाले हैं । वह अपनी शक्ति के अनुसार पढ़ता है । वेद पढ़ने वाला ब्राह्मण वेद पढ़ाने को तैयार होता है । बड़े वल और बड़े तेज वाला आदमी दिन रात पढ़ता है । घोड़े पर चढ़ा हुआ आदमी रथ, हाथी और सैनिकों को युद्ध के क्षेत्र को लिये जाता है ॥

तृतीय पाठ

* अनद्यतनभविष्यत् काल (लुट्) †

लुट् में रूप चलाते समय यह देखना पड़ता है कि धातु अनिट् है वा सेट् ‡

---

* बोलने के आठ पहर के उपरान्त जो क्रिया होगी उसको अनद्यतन कहते हैं अद्य=आज आठ प्रहर तक, नअद्य=अनद्य और तन प्रत्यय होने अर्थ में प्रायः आता है अनद्यतन=जो आज न हो)

† लुट् में सब धातुओं के अन्तिम स्वर वा उपधा (बीच) के ह्रस्व स्वर का गुण हो जाता है गुण हो जाने के पश्चात् यदि धातु सेट् है तो इ जोड़कर यदि अनिट् है तो विना इ जोड़े हुए यदि वेट् है तो विकल्प करके इ जोड़कर नीचे लिखे प्रत्यय जोड़ने से रूप बन जाते हैं इसके सब प्रत्यय व्यञ्जनादि हैं अतः सेट् में सबमें इ जोड़ी जावेगी ॥

लुट् के प्रत्यय

	परस्मैपद प्र.	म.	उ.		आत्मनेपद प्र.	म.	उ.
ए०	ता	तासि	तास्मि	ए०	ता	तासे	ताहे
द्वि०	तारौ	तास्थः	तास्वः	द्वि०	तारौ	तासाथे	तास्वहे
ब० व०	तारः	तास्थ	तास्मः	ब० व०	तारः	ताध्वे	तास्महे

‡ जैसा प्रथम पुस्तक में बता आए हैं। लुट् , लृट् , लृङ् , आशीर्लिङ् , लिट् , लुङ् लकारों में धातु के रूप बनाते समय तथा कृदन्त बनाते समय यह देखना

लुट्

नी (ले जाना) धातु के रूप

परस्मैपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	नेता (वह ले जावेगा)	नेतासि (तू ले जावेगा)	नेतास्मि (मैं ले जाऊंगा)
द्वि०	नेतारौ (वे दोनों ले जावेंगे)	नेतास्थः (तुम दोनों ले जाओगे)	नेतास्वः (हम दोनो ले जावेंगे)
बहु०	नेतारः (वे सब ले जावेंगे)	नेतास्थ (तुम सब ले जाओगे)	नेतास्मः (हम सब ले जावेंगे)

पड़ता है कि (दशों गणों की) सब धातुओं में कौन सेट् है अर्थात् किसमें प्रत्यय जोड़ने के पहेले एक इ जोड़ी जावेगी और कौन अनिट् है अर्थात् किसमें इ न जोड़ कर सीधे प्रत्यय जोड़े जावेंगे। सेट् अनिट् पहेचानने के निम्न लिखित नियम हैं:—

(१) एक से अधिक स्वर रखने वाले धातु तथा प्रत्ययान्त धातु तथा चुरादिगण के धातु सदैव सेट् होते हैं।

(२) एक स्वर रखने वाले धातु यदि वे अजन्त (अच्=स्वर है अन्त पर जिनके ऐसे) हैं तो वे अनिट् हैं। केवल नीचे लिखे एक स्वर वाले अजन्त धातु सेट् हैं (शेष सब अनिट्):—

आत्मनेपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	नेता	नेतासे	नेताहे
द्वि०	नेतारौ	नेतासाथे	नेतास्वहे
बहु०	नेतारः	नेताध्वे	नेतास्महे

(वही अर्थ है जो परस्मैपद में था)

ऊदॄदन्तैर्यौतिरुक्ष्णु शीस्नु नुक्षुश्विडीङ् श्रिभिः ।
वृङ् वृञ्भ्यांचविनैकाचोऽजन्तेषु निहताः स्मृताः ॥

ऊकारान्त, ॠकारान्त धातु और यु, रु, क्ष्णु, शी, स्नु, नु, क्षु, श्वि, डी, श्रि, वृ सेट् हैं शेष सब एक स्वर वाली अजन्त धातु अनिट् हैं।

(३) नीचे लिखी एक स्वर वाली व्यञ्जनान्त धातु अनिट् हैं शेष सब एकाच् हलन्त धातु सेट् हैं।

शक्लृ पच् मुच् रिच् वच् विच् सिच् । प्रच्छित्यज् निजिर्भजः ।
भञ्ज् भुज् भ्रस्ज् मस्जि यज् युज् रुज् । रञ्ज् विजिर् स्वञ्जि् सञ्ज् सृजः ॥ १
अद् क्षुद् खिद् छिद् तुदि नुदः । पद्यभिद् विद्यतिर्विनद् ।
शद् सदी स्विद्यति स्कन्दि । हदी क्रुध् क्षुधि बुध्यती ॥ २
बन्धिर्युधिरुधी राधिर् । व्यध् शुधः सधि सिध्यती ।
मन्यहन्नापक्षिप् छुपि तप् । तिपस्तृप्ति दृप्यती ॥ ३

लुट् में गम् और सेव् धातुओं के रूप

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र.	म.	उ.	प्र.	म.	उ.
ए०	गन्ता	गन्तासि	गन्तास्मि	सेविता	सेवितासे	सेविताहे
द्वि०	गन्तारौ	गन्तास्थः	गन्तास्वः	सेवितारौ	सेवितासाथे	सेवितास्वहे
बहु०	गन्तारः	गन्तास्थ	गन्तास्मः	सेवितारः	सेविताध्वे	सेवितास्महे

लुट् में भू धातु के रूप

परस्मैपद

	प्र०	म०	उ०
ए० व०	भविता	भवितासि	भवितास्मि
द्वि० व०	भवितारौ	भवितास्थः	भवितास्वः
बहु व०	भवितारः	भवितास्थ	भवितास्मः

लिप् लुप् वप् शप् स्त्रप् सृपि यभ् । रभ् लभ् गम् नम् यमोरमिः ।
क्रुशिर्दशिंदिशी दृश् मृश् । रिश् रुश् लिश् विश् स्पृश् कृषिः ॥ ४
त्विष् तुष् द्विष् दुष् पुष्य पिष् विष् । शिष् शुष् श्लिष्यतयो घसिः ।
वसतिर्दहदिहि दुहो नह् मिह् रुह् लिह् वहिस्तथा ॥ ५

* लृङ् [क्रियातिपत्ति (अतिपत्ति = न किया जाना)]

लृङ् (क्रियातिपत्ति) उस लकार को कहते हैं जो भूत और भविष्यत् दोनों कालों में यह प्रकट करता है कि क्रिया नहीं हुई (यदि कारण होता तो ऐसा होता इत्यादि) क्योंकि उसके होने का कारण नहीं हुआ अथवा क्रिया नहीं होगी क्यों कि उसके होने का कारण नहीं होगा संक्षेपतः शर्त प्रकट करता है। इस लकार में भी लुट् और लृट् के समान सेट्, अनिट् और वेट् का विचार प्रत्यय जोड़ने के पूर्व करना पड़ता है।

---

* धातु के अन्तिम स्वर, वा उपधा के ह्रस्व स्वर का लृङ् में गुण हो जाता है फिर यदि धातु सेट् है तो इ जोड़ कर यदि अनिट् है तो विना इ जोड़े हुए यदि वेट् है तो विकल्प करके इ जोड़ कर नीचे लिखे प्रत्यय जोड़ने से और लङ् के समान रूप के पूर्व एक अ जोड़ने से लृङ् के रूप बन जाते हैं। सब प्रत्यय व्यञ्जनादि हैं अतः सबमें यदि धातु सेट् हैं तो इ जोड़ी जावेगी।

लृङ् के प्रत्यय

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए०	स्यत्	स्यः	स्यम्	स्यत	स्यथाः	स्ये
द्वि०	स्यताम्	स्यतम्	स्याव	स्येताम्	स्येथाम्	स्यावहि
बहु०	स्यन्	स्यत	स्याम	स्यन्त	स्यध्वम्	स्यामहि

नोट—लङ् के प्रत्ययों के पूर्व स्य जोड़ने से लृङ् के प्रत्यय बन जाते हैं।

लृङ् में नी धातु के रूप.

परस्मैपद

	प्र०	म०	उ०
ए०	अनेष्यत् (यदि वह लेजाता)	अनेष्यः (यदि तू लेजाता)	अनेष्यम् (यदि मैं लेजाता)
द्वि०	अनेष्यताम् (यदि वे दोनों लेजाते)	अनेष्यतम् (यदि तुम दोनों लेजाते)	अनेष्याव (यदि हम दोनों लेजाते)
बहु०	अनेष्यन् (यदि वे सब लेजाते)	अनेष्यत (यदि तुम सब लेजाते)	अनेष्याम (यदि हम सब लेजाते)

आत्मनेपद

	प्र०	म०	उ०
ए०	अनेष्यत	अनेष्यथाः	अनेष्ये
द्वि०	अनेष्येताम्	अनेष्येथाम्	अनेष्यावहि
बहु०	अनेष्यन्त	अनेष्यध्वम्	अनेष्यामहि

लृङ् में भू धातु के रूप

परस्मैपद

	प्र०	म	उ०
ए०	अभविष्यत्	अभविष्यः	अभविष्यम्
द्वि०	अभविष्यताम्	अभविष्यतम्	अभविष्याव
बहु०	अभविष्यन्	अभविष्यत	अभविष्याम

लृङ् में गम् धातु के रूप

परस्मैपद

	प्र०	म०	उ०
ए०	अगमिष्यत्	अगमिष्यः	अगमिष्यम्
द्वि०	अगमिष्यताम्	अगमिष्यतम्	अगमिष्याव
बहु०	अगमिष्यन्	अगमिष्यत	अगमिष्याम

लृङ् में सेव् धातु के रूप

आत्मनेपद

	प्र०	म०	उ०
ए.	असेविष्यत	असेविष्यथाः	असेविष्ये
द्वि.	असेविष्येताम्	असेविष्येथाम्	असेविष्यावहि
बहु०	असेविष्यन्त	असेविष्यध्वम्	असेविष्यामहि

* आशीर्लिङ्

आशीर्लिङ् प्रार्थना वा आशीर्वाद प्रकट करता है।

---

* आशीर्लिङ् में परस्मैपद के प्रत्यय परे धातु के अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण नहीं होता किन्तु आत्मनेपद में लुट्, लृट्, लृङ्, के समान अन्तिम स्वर और उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण हो जाता है उसके पश्चात् यदि सेट् धातु है तो इ जोड़कर यदि अनिट् है तो न जोड़कर यदि वेट् है तो विकल्प करके इ जोड़कर नीचेलिखे प्रत्यय जोड़ने से रूप बन जाते हैं:—

आशीर्लिङ् में नी धातु के रूप

परस्मैपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	नीयात् (वह ले जावे)	नीयाः (तू ले जावे)	नीयासम् (मैं ले जाऊं)
द्वि०	नीयास्ताम् (वे दोनों ले जाएं)	नीयास्तम् (तुम दोनों ले जाओ)	नीयास्व (हम दोनों ले जाएं)
बहु०	नीयासुः (वे सब ले जाएं)	नीयास्त (तुम सब ले जाओ)	नीयास्म (हम सब ले जावें)

आशीर्लिङ् के प्रत्यय

परस्मैपद

	प्र.	म.	उ.
ए.	यात्	याः	यासम्
द्वि.	यास्ताम्	यास्ताम्	यास्व
बहु.	यासुः	यास्त	यास्म

आत्मनेपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	सीष्ट	सीष्ठाः	सीय
द्वि०	सीयास्ताम्	सीयास्थाम्	सीवहि
बहु०	सीरन्	सीढ्वम्	सीमहि

आत्मनेपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	नेषीष्ट	नेषीष्ठाः	नेषीय
द्वि०	नेषीयास्ताम्	नेषीयास्थाम्	नेषीवहि
ब०	नेषीरन्	नेषीढ्वम्	नेषीमहि

परस्मैपदी गम् धातु के रूप

आशीर्लिङ्

	प्र.	म.	उ.
ए०	गम्यात्	गम्याः	गम्यासम्
द्वि०	गम्यास्ताम्	गम्यास्तम्	गम्यास्व
बहु०	गम्यासुः	गम्यास्त	गम्यास्म

आत्मनेपदी सेव् धातु के रूप

आशीर्लिङ्

	प्र.	म.	उ.
ए०	सेविषीष्ट	सेविषीष्ठाः	सेविषीय
द्वि०	सेविषीयास्ताम्	सेविषीयास्थाम्	सेविषीवहि
बहु०	सेविषीरन्	सेविषीढ्वम्	सेविषीमहि

आशीर्लिङ् में भू धातु के रूप

परस्मैपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	भूयात्	भूयाः	भूयासम्
द्वि०	भूयास्ताम्	भूयास्तम्	भूयास्व
बहु०	भूयासुः	भूयास्त	भूयास्म

परस्मैपद में आशीर्लिङ् में आकारान्त धातुओं का आ, ए हो जाता है जैसे स्था का स्थेयात्, दा का देयात्।

शब्द

उपक्रीय=(उपपूर्व० क्री+ल्यप्)= मोल लेकर

तु (अव्यय)=तो, तर्हि

उत्तीर्ण=(उत्+तॄ+क्त)=पास वा पार किया

व्रतः, व्रतम्=प्रतिज्ञा

बलिष्ठ (वि.)=बलवान्

आशिन् (वि.)=खानेवाला

योगिन् (वि.)=योगी, योग करनेवाला

कुशलिन् (वि.)=सकुशल

सुखिन् (वि.)=सुखी

अपराधिन् (वि.)=अपराध करनेवाला

प्राप्त=प्रपूर्व. आप्+क्त=पाया हुआ

देवीकोट्टनाम्नि=देवीकोट्ट है नाम जिस का उस (नगर में)

सक्तु (पु.)=सत्तू (सदैव बहुवचन में आता है)

प्रपूर्व. आप् धातु=पाना

दण्डम्, दण्डः=डण्डा

भाण्डम्=बर्त्तन, पात्र

कुम्भकारः=कुम्हार

भाण्डपूर्ण=(वि.)=बर्तनों से पूर्ण

अनेकधा (अव्यय)=अनेक प्रकार से

द्वन्द्वः=झगड़ा

एकदेशः=एक स्थान

श्वः (अव्यय)=कल (जो आवेगा)

आकुलित (वि.)=व्याकुल

सुप्त (वि.)=स्वप्+क्त=सोया हुआ

सक्तुरक्षा=सत्तू की रक्षा

विक्रीय=वि पूर्व क्री+ल्यप्=बेंचकर

लक्षसंख्य (वि.)=लक्ष है संख्या जिसकी

चतुष्टयं=चार का समूह अर्थात् चार

अनुराग:=प्रीति
लगुड:=लाठी
चूर्ण् (१० प.)=पीसना
भग्न (भंज्+क्त)=तोड़ा गया
तथाविध (वि.)=उस प्रकार का
तिरस्कृत (तिरस् पूर्व. कृ+क्त)=अनादर किया गया
अभिधाय (अभि पूर्व. धा+ल्यप्)=कह कर
अत्र पूर्व. लोक् (आ. और प. १०)=देखना
मण्डप (पु.,)=मड़वा
कपर्द:=कौड़ी
घट:=घड़ा
शराव:=प्याला
शरावम्=प्याला
जि (१ प. जय्)=जीतना
परा पूर्व० जि (१ आ०)=हराना, हारना

संस्कृतवाक्यानि

* विद्वत्वं च नृपत्वं चनैव तुल्यंकदाचन। स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥

पादपानां भयं वातात् पद्मानां शिशिराद्भयम्।
पर्वतानां भयं वज्रात् साधूनां दुर्जनाद्भयम्॥

वयं श्व: पाठशालायां भवितास्म:। स कदा गृहे भविता। यूयं पालकं सेविताध्वे। ते पाठान् पठितार: ।

* त्व प्रत्यय लगाने से (नपुंसकलिङ्ग में) भाव अर्थ प्रकट होता है।

ईश्वरस्य भयादहं कदापि पापं न करिष्यामि। त्वं व्याघ्रं हन्तासि।*

यदि त्वमपठिष्यस्तु अद्य उत्तीर्णोऽभविष्यः।

यदि सर्वे जना ब्रह्मचर्य्यव्रतमकरिष्यन् तर्हि सर्वे भीष्मवत् बलिष्ठा अभविष्यन्। यदि वयं योगिनः अभविष्याम वयमपि फलाशिनोऽभविष्याम। यदा दशरथस्य पुत्रो रामोनाम युद्धं प्रति गतवान् तदा मुनयो देवाश्च उक्तवन्तः अयं जीयात् शत्रुश्च पराजेषीष्ट परमेश्वरश्च इमं रक्ष्यात् † इति।

राजन् कुशलीभव तव पुत्राः सुखिनो भूयासुः।

यदि राजानोऽपराधिनः पुरुषान्न अदण्डयिष्यन् तर्हिनिर्भया भूत्वाबहवः पुरुषा अपराधिनोऽभविष्यन्। यदि यूयं मह्यं तानि पुस्तकान्यनेष्यत तु वयं युष्मभ्यं बहु धनमदास्याम। यूयमिदं सर्वं धनं स्वगृहं नेषीढ्वमस्मभ्यञ्च दक्षिणां देयास्त।

---

* हन् और गम् अनिट् हैं किन्तु लृट् में और लृङ् में एक इ स्य के पूर्व आजाती है (हन्ता, हनिष्यति, गन्ता, गमिष्यति ऐसे ही ऋकारान्त धातु भी अनिट् हैं किन्तु स्य के पूर्व इ उन में भी आजाती है जैसे (कर्त्ता, करिष्यति)।

† लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ् में धातु के गणों का विचार नहीं होता अतएव इन लकारों के प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शप् (अ) आदि नहीं जोड़ा जाता सीधे प्रत्यय जोड़ दिए जाते हैं। इन चार के अतिरिक्त दो लकार लिट् और लुङ् हैं जिनमें धातु के गणों का विचार नहीं होता॥

कथा

देवीकोट्टनाम्नि नगरे कश्चिद् देवशर्मा नाम ब्राह्मणो वसतिस्म । तेन सक्तु शराव एकः प्राप्तः । तमादायासौ कुम्भकारस्य भाण्डपूर्णमण्डपस्य एकदेशे श्रमेणाकुलितः सुप्तः । ततः सक्तुरक्षार्थं हस्ते दण्डमेकमादाय अचिन्तयत्'-यद्यहं सक्तुशरावे श्वः विक्रीय अन्यान् बहून् कपर्दान्प्राप्तास्मि तदात्रैव तैः कपर्दैःघटशरावादिकमुपक्रीय अनेकधा वर्धिततद्धनैः पुनः पुनर्वस्त्रादिकमुपक्रीय विक्रीयलक्षसंख्यानि धनानि कृत्वा विवाहचतुष्टयं करिष्यामि । अन्याः पत्न्यो यदा द्वन्द्वं करिष्यन्ति तदा कोपेनाहं ता लगुडेन ताडयिष्यामि' इत्यभि-धाय तेन लगुडः क्षिप्तः । तेन सक्तु शरावश्चूर्णितो बहूनि भाण्डानि च भग्नानि । ततस्तेन शब्देनागतेन कुम्भकारेण तथाविधानि भाण्डान्यवलोक्य ब्राह्मणस्तिरस्कृतो मण्डपाद्बहिः कृतश्च ॥

भाषा

तुम प्रयाग जाओगे । मैं सभामें इस प्रकार नहीं बोलूंगा । तुम अपना काम कब करोगे । जब वे तुमसे पूछेंगे तब तुम क्या उत्तर दोगे । यदि तुम अयोध्या जाओगे तो वहां बहुत उत्तम २ वस्तु देखोगे । वे तुम्हारी बात चीत (=वार्ता) सुन कर मुस्कराएँगे । हमारी माता तुम से कथा कहेगी । वह कब सुखी होगा । हम दोनों को इनाम देंगे । बालक वेद विद्या पढ़कर अवश्य ही ब्रह्मचर्य्य धारण करेंगे । यदि मेरे पास डण्डा होता तो मैं सांप को मारता किन्तु अब मैं नहीं मारूँगा । हमारे राजा जीतें । कौड़ियों से वस्त्र मोल लेकर लड़के खेलेंगे । अगर वे पढ़ते तो अवश्य पास होते । यदि तुम इस गृह में होते तो देखते । वह ब्राह्मणों को दक्षिणा

देवे। ईश्वर तुम सब की रक्षा करे। मण्डप में बहुत आदमी बैठेंगे। थकावट से व्याकुल होकर वह अब यहां ठहरेगा। यदि तुम आते तो वस्तु लेजाते। वह बहुत धन लावे। इत्यादि

चतुर्थ पाठ

तद्धित प्रत्यय

संस्कृत में संज्ञादि शब्दों में व्युत्पन्न अर्थात् बने हुए शब्द बनाने के लिए जो प्रत्यय सम्बन्धादि अर्थ बताने के हेतु जोड़े जाते हैं उनको तद्धित प्रत्यय कहते हैं। यह प्रत्यय अव्यय, विशेषण वा संज्ञा बनाने के लिए लगाए जाते हैं।

संस्कृत प्रथम पुस्तक में कुछ प्रसिद्ध तद्धित प्रत्यय बता चुके हैं इस पुस्तक में और मुख्य तद्धित प्रत्यय अच्छी तरह बताते हैं :—

(१) अव्यय वा क्रियाविशेषण बनाने वाले तद्धितप्रत्यय

* तसिल् (तः)—यह प्रत्यय पञ्चमीविभक्ति के अर्थ में जोड़ा जाता है जैसे आदि + तसिल् = आदितः = आदि से। कुतः = कहां से। अतः = इससे। (किम् और एतद् में तसिल् जोड़ा) नगर + तसिल् = नगरतः = नगर से। परितः = चारो ओर से।

---

* पञ्चम्यास्तसिल्। पा० ५. ३. ७.

* त्रल्—यह प्रत्यय सप्तमीविभक्ति के अर्थ में जोड़ा जाता है जैसे कुत्र= कहां। तत्र=वहां। अत्र=यहां।

† वत्—यह प्रत्यय समानता प्रकट करने के अर्थ में जोड़ा जाता है जैसे पुत्रवत्=पुत्र के समान।

‡ च्वि—(यह गिर जाता है परन्तु इसके पूर्व के अ का ई हो जाता है) यह प्रत्यय 'जो न हो उसके हो जाने' अर्थ में संज्ञादि शब्दों में जोड़ा जाता है और इसके पश्चात् कृ, भू वा अस् के रूप रक्खे जाते हैं इस कारण च्विप्रत्ययान्त शब्द उपसर्ग के सदृश होजाता है जैसे सज्ज+च्वि+भू=सज्जीभवति=तैयार होता है। घन+च्वि+भूतः=घनीभूतः=घना हुआ।

सात्—भी च्वि की तरह जोड़ा जाता है परन्तु यह गिरता नहीं है और इसका अर्थ सम्पूर्ण बदलना होता है जैसे भस्मन्+सात्+कृ=भस्मसात्करोति=विल्कुल भस्म कर देता है। लवणं जलसात्भवति वा लवणं जलीभवति=निमक जल हो जाता है।

शस्—इसका अर्थ उदाहरणों से प्रकट होगा। शत+शस्=शतशः=सौ सौ करके। अल्पशः=थोड़ा २ करके।

---

* सप्तम्यास्त्रल्। ५. ३. १०.।
† तेन तुल्यं क्रिया चेद्वति। (पा० ५. १. ११५)
‡ अभूततद्भावेच्विः। अस्य च्वौ (हा० ७. ४. ३२)

(२) विशेषण बनाने वाले तद्धित प्रत्यय

मतुप् (मत्)—यह रखने वाला अर्थ में जोड़ा जाता है जैसे गो + मतुप् = गोमत् = गाय वाला ।

* मत् का वत् होजाता है जब शब्द के अन्त अथवा उपधा में अ, आ वा म् हो जैसे किंवत्, रूपवत्, रसवत् (इसके रूप रसवान्, रसवन्तौ, रसवन्तः इत्यादि चलते हैं)

† इनि (इन्) ठन् (इक)—यह दो प्रत्यय रखने वाला अर्थ में अकारान्त शब्दों से जोड़े जाते हैं जैसे दण्ड + इनि = दण्डिन् = दण्ड रखने वाला । दण्ड + ठन् = दण्डिक । धनिन्, धनिक ।

‡ इतच् (इत)—यह युक्त अर्थ में तारका आदि शब्दों में जोड़ा जाता है जैसे तारका + इतच् = तारकितं (नभः) = तारों से युक्त (आकाश)

¶ विनि (विन्)—यह प्रत्यय सकारान्त तथा माया, मेधा, स्रज् शब्दों से

---

* मादुपधायाश्च मतोर्वोऽयवादिभ्यः (पा० ८. २. ९)

† अतः इनिठनौ (पा० ५. २. ११५)

‡ तद्धित प्रत्यय जोड़ने का प्रसिद्ध नियम यह है कि स्वरादि (स्वर है आदि में जिनके) तद्धित प्रत्यय परे रहते शब्द के अन्तिम अ, आ, इ, ई गिर जाते हैं दण्ड का अ और तारा का आ इसी कारण गिर गया (यस्येतिच । पा० ६. ४. १४८)

¶ अस्मायामेधास्रजोविनिः (पा० ५. २. १२१)

युक्त या रखने वाला अर्थ में जोड़ा जाता है जैसे तेजस्+विनि=तेजस्विन्=तेजवाला, मेधाविन्=बुद्धिमान्, स्रग्विन्=मालायुक्त ।

अच् (अ)—यह अर्शस् आदि शब्दों से रखने वाला वा युक्त अर्थ में जोड़ा जाता है और यतः स्वरादि प्रत्यय परे रहते शब्द का अन्तिम अ, आ, इ, ई गिर जाता है अतएव अच् प्रत्ययान्त शब्द का रूप वैसा ही बना रहता है जैसा विना प्रत्यय जोड़े था जैसे सुख+अच्=सुख (वि)=सुखी। सुख शब्द संज्ञा है परन्तु अच् प्रत्ययान्त सुख विशेषण है ।

प्रसिद्ध तद्धित प्रत्यय ।

* अण् (अ)—यह प्रत्यय (१) उसकी औलाद अर्थ में संज्ञा में जोड़ा जाता है जैसे वसुदेवस्य अपत्यं पुमान् इति वासुदेवः=वसुदेव का पुत्र । पर्वतस्य अपत्यं स्त्री इति पार्वती=पर्वत की लड़की। पृथाया अपत्यं पुमान् पार्थः=पृथा का पुत्र । यह प्रत्यय (२) सम्बन्ध अर्थ में भी आता है जैसे देव+अण्=दैवम्=देवस्य इदम्=देव सम्बन्धी या देव का। इन्द्र+अण्=ऐन्द्रं (हविः)=इन्द्र की (हविः)। यह प्रत्यय (३) विकार अर्थ में भी आता है अर्थात् जिस से कुछ बना हो जैसे सुवर्ण+अण्=सौवर्ण (वि) सोने का बना हुआ । यह प्रत्यय (४) भाव अर्थ में भी

---

* तद्धितेष्वचामादेः (पा० ७. २. ११७) जिस तद्धित प्रत्यय में ण् वा ञ गिर जाता है उसके परे रहते शब्द के पहेले स्वर की वृद्धि होती है यहां वसुदेव और पर्वत में व और प का अ पहेला स्वर है तभी उसकी वृद्धि आ हुई ।

आता है जैसे मुनेः भावः मौनम् = मुनि + अण् । यूनो भावः यौवनम् = युवन् + अण्, लघु + अण् = लाघवम् = छोटापन । यह प्रत्यय कभी २ (५) स्वार्थ में भी आता है अर्थात् वही अर्थ रहता है जैसे चोरः एव चौरः । प्रज्ञः एव प्राज्ञः । यह प्रत्यय (६) जानने वा पढ़ने वाला अर्थ में भी आता है जैसे व्याकरणमधीते वेत्ति वा वैयाकरणः ।

अञ् (अ)—अपत्य अर्थ में तथा 'उस देश का राजा' इस अर्थ में देश-वाचक वा क्षत्रिय वाचक शब्दों से अञ् आता है जैसे इक्ष्वाकोः अपत्यम् ऐक्ष्वाकः = इक्ष्वाकु की सन्तान । पञ्चालानां राजा पाञ्चालः = पञ्चालदेश का राजा ।

* इञ् (इ)—अपत्य अर्थात् सन्तान अर्थ में अकारान्त शब्दों से इञ् प्रत्यय आता है जैसे दशरथस्य अपत्यं पुमान् इति दाशरथिः = दशरथ + इञ् = दशरथ का पुत्र ।

† ठञ् (इक)—कालवाची शब्दों से ठञ् प्रत्यय होता है जैसे मास + ठञ् = मासिक, वर्ष + ठञ् = वार्षिक ।

ठक् (इक)—आचरण, रक्षा आदि अर्थों में ठक् प्रत्यय आता है जैसे धर्ममाचरति = धार्मिकः, समाजं रक्षति = सामाजिकः । दध्ना संस्कृतम् = दाधिकम् = दही में बना हुआ ।

तस्येदम् (पा० ४. ३. १२०) तस्य विकारः (पा० ४. ३. १३४.)

* अत इञ् (पा० ४. १. ९५)

† कालाट्ठञ् (पा० ४. ३. ११.) ठस्येकः पा० ७. ३. ५० = ठका इक हो

ख (ईन)—यह प्रत्यय 'उसमें हो' अर्थ में पार आदि शब्दों से आता है जैसे पार+ख=पारीण=जो पार हो।

खञ् (ईन)—यह ग्राम से आता है जैसे ग्रामीण।

* छ (ईय) यह सम्बन्ध अर्थ में आता है—जैसे तद्+छ=तदीय (वि)= उसका, देवदत्त+छ=देवदत्तीय। स्वकीय, राजकीय आदि शब्दों में एक क और जोड़ दिया जाता है।

† ढक् (एय)—स्त्री प्रत्ययान्त शब्दों से सन्तान अर्थ में ढक् प्रत्यय आता है जैसे विनता+ढक्=वैनतेय। भगिनी+ढक्=भागिनेय=बहेन का पुत्र।

वुञ् (अक)—गोत्रादि शब्दों से समूह अर्थ में तथा जिसका वा जिस में हो उससे मनुष्य आदि अर्थों में तथा और अर्थों में वुञ् प्रत्यय आता है जैसे राज्ञां समूहः राजकम्। अरण्ये भवः आरण्यकः। उष्ट्रेभवः=औष्ट्रकः=ऊंट से उत्पन्न। औष्ट्रकम्=ऊंट का समूह।

कन् (क)—छोटे अर्थ में अथवा स्वार्थ (वही अर्थ) में कन् प्रत्यय आता है जैसे बालः एव=बालकः। ह्रस्वः वृक्षः वृक्षकः।

---

* आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्। पा० ७. १. २.
प्रत्यय के प्रथम अक्षर फ्, ढ्, ख्, छ्, घ्, को क्रम से आयन्, एय्, ईन्, ईय्, और इय् आदेश हो।

† स्त्रीभ्योढक् [पा० ४. १. १२०]

कल्पप्, देश्य, देशीयर् (कल्प, देश्य, देशीय)—सदृश अर्थ में यह प्रत्यय आते हैं जैसे कुमारकल्पः=कुमार के लगभग सदृश। विद्वद्देश्यः=विद्वान् के लगभग बराबर। विद्वद्देशीयः=विद्वान् के लगभग बराबर।

ट्यु, ट्युल् (तन)—यह प्रत्यय समयवाचक अव्ययों से 'उस समय जो हो' इस अर्थ में आते हैं जैसे सायं भवः सायंतनः=जो शाम को हो। अद्य भवः अद्यतनः=जो आज हो। सनातनः, चिरंतनः।

* तल् (ता)—यह प्रत्यय भाववाची स्त्रीलिङ्ग संज्ञा बनाने के लिए आता है जैसे लघुता=छोटापन। समता=बराबरी। जनादि शब्दों से समूह अर्थ में भी तल् प्रत्यय आता है जैसे जनता, बन्धुता।

त्व—यह भाववाची नपुंसकलिङ्ग संज्ञा बनाने के लिए आता है जैसे मनुष्यत्वम्=मनुष्यपन। गोत्वम्=गायपन। बन्धुत्वम्। जनत्वम्।

मात्रच् (मात्र)—यह नाप बताने में आता है जैसे जानुमात्रं जलम्=जानु तक जल।

मयट् (मय)—यह विकार अर्थ (अर्थात् उसी से बना हुआ) अथवा अधिकता अर्थ में आता है जैसे काष्ठमयोहस्ती=काठ का बना हुआ हाथी। घृतमयोयज्ञः=बहुत घी युक्त यज्ञ।

---

* तस्य भावस्त्वतलौ। पा० ५. १. ११९

* त्यप् (त्य) यह अव्ययों से 'उसमें जो हो' अर्थ में आता है जैसे तत्रत्य (वि) = जो वहां हो । इहत्य (वि) = जो यहां हो ।

यत् (य)—यह (१) 'उसमें जो हो' अर्थ में आता है । जैसे ग्राम + यत् = ग्राम्य (वि) जो ग्राम में हो । दिव् + यत् = दिव्य (वि) = जो स्वर्ग में हो । प्राच् + यत् = प्राच्य = जो पूर्व में हो । (२) साधु = अच्छा अर्थ में भी यत् आता है जैसे कर्मणि साधुः = कर्मण्यः = काम में अच्छा । (३) योग्यता अर्थ में भी यत् प्रत्यय आता है जैसे दण्डम् अर्हति इति दण्ड्यः = दण्ड पाने योग्य । अर्घ्य (वि) = अर्घ पाने योग्य । कण्ठ्य = कण्ठ के योग्य, दन्त्य (वि) = दांत के योग्य, अथवा कण्ठ वा दान्त के लिए हितकारी ।

ष्यञ् — (य) — भाव अर्थ में नपुंसकलिङ्ग संज्ञा बनाने में ष्यञ् आता है जैसे सुजनस्य भावः सौजन्यम् । कुमारस्यभावः कौमार्यम् ।

घ (इय)—यह प्रत्यय क्षत्र शब्द में 'उत्पन्न हुआ' अर्थ में और राष्ट्र शब्द में 'सम्बन्धी' अर्थ में जोड़ा जाता है जैसे क्षत्रियः = क्षत्र वंश में उत्पन्न हुआ । राष्ट्रियः = राष्ट्र सम्बन्धी ।

इमनिच् (इमन्)—यह प्रत्यय भाववाची पुँल्लिङ्ग संज्ञा बनाने में पृथु, लघु, महत् आदि विशेषणों में जोड़ा जाता है जैसे लघिमन् (पु.) = लघु + इमनिच् । महिमन् , प्रथिमन् आदि । (महिमा महिमानौ महिमानः रूप चलते हैं)

---

* अव्ययात्त्यप् । पा० ४. २. १०४.

* व्यञ्जनान्त शब्दों के रूप

चकारान्त, जकारान्त, तकारान्त और दकारान्त पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप समान होते हैं।

---

* संस्कृत व्याकरण के प्रत्यय जो शब्दों में सन्धि के नियमों से जोड़ने से रूप बन जाते हैं ।

	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०
प्र.	: (स्)	औ	अः
द्वि.	अम्	औ	अः
तृ.	आ	भ्याम्	भिः
च	ए	भ्याम्	भ्यः
पं.	अः	भ्याम्	भ्यः
ष.	अः	ओः	आम्
स.	इ	ओः	सु
सं.	:	औ	अः

(स्वौजसमौट्छष्टाभ्याम्भिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसोसाम्ङ्योस्सुप । पा० ४. १. २.)

चकारान्त और जकारान्त शब्दों के रूप

पुँल्लिङ्ग

सत्यवाच् (सच बोलने वाला)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र.	सत्यवाक्†	सत्यवाचौ	सत्यवाचः
द्वि.	सत्यवाचम्	सत्यवाचौ	सत्यवाचः
तृ.	सत्यवाचा	सत्यवाग्भ्याम्‡	सत्यवाग्भिः
च.	सत्यवाचे	,,	सत्यवाग्भ्यः
पं.	सत्यवाचः	,,	,,
ष.	सत्यवाचः	सत्यवाचोः	सत्यवाचाम्
स.	सत्यवचि	,,	सत्यवाक्षु¶
सं.	सत्यवाक्	सत्यवाचौ	सत्यवाचः

स्त्रीलिङ्ग

स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप जिनके अन्तमें च्, ज्, त्, द्, हों पुँल्लिङ्ग शब्दों के समान होते हैं। वाच्=वाणी के रूप सत्यवाच् के समान चलाना चाहिए।

नपुंसकलिङ्ग

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र.	सत्यवाक्	सत्यवाची	सत्यवाञ्चि
द्वि.	,,	,,	,,
तृ.	सत्यवाचा	सत्यवाग्भ्याम्	सत्यवाग्भिः
च.	सत्यवाचे	,,	सत्यवाग्भ्यः
पं.	सत्यवाचः	,,	,,
ष.	,,	सत्यवाचोः	सत्यवाचाम्
स.	सत्यवाचि	,,	सत्यवाक्षु
सं.	सत्यवाक्	सत्यवाची	सत्यवाञ्चि

† देखो सन्धि नियम ५६ और ४७ कि च् वा ज् के परे यदि कोई अक्षर न हो तो च् वा ज् का क् हो जाता है। वाच्+स् (जब शब्द के अन्त में एक से अधिक व्यञ्जन हों तो केवल पहेला एक रह जाता है और सब गिर जाते हैं) अतः क् रह गया स् गिर गया रूप हुआ वाक् (५६)

‡ देखो सन्धि नियम (४८) च् वा ज् के परे यदि वर्गों का तीसरा चौथा पांचवां अक्षर य्, र्, ल्, व्, ह् में कोई हो अर्थात् अक्षरों के तीसरे गण का अक्षर हो तो च् वा ज् का ग् हो जाता है। संस्कृत व्याकरण में हलादि प्रत्ययों के परे शब्द की पदान्त संज्ञा मानी जाती है और स्वरादि प्रत्ययों के परे च् का ग् नहीं होता क्योंकि वहां च् वा ग् पदान्त नहीं है अतएव सत्यवाच् + औ = सत्यवाचौ

¶ स् के परे रहते च् का क् हुआ (सं० ४७) और क् के परे स् का ष् हुआ (स० ४४) क्+षु=क्षु, सत्यवाक्षु।

प्राय: सब चकारान्त शब्दों के रूप तीनों लिंगों में सत्यवाच् के समान चलते हैं

जकारान्त शब्दों के रूप

पुँल्लिंग (वणिज्=बनियां) के रूप				स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग असृज् (खून) शब्द के रूप			
	ए०	द्वि०	बहु०	स्त्रीलिङ्ग के रूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं।		ए०	द्वि०	बहु०
प्र.	वणिक्	वणिजौ	वणिज:		प्र.	असृक्	असृजी	असृञ्जि
द्वि.	वणिजम्	,,	,,		द्वि.	,,	,,	,,
तृ.	वणिजा	वणिग्भ्याम्	वणिग्भि:		तृ.	असृजा	असृग्भ्याम्	असृग्भि:
च.	वणिजे	,,	वणिग्भ्य:		च.	असृजे	,,	असृग्भ्य:
पं.	वणिज:	,,	,,		पं.	असृज:	,,	,,
ष.	,,	वणिजो:	वणिजाम्		ष.	,,	असृजो:	असृजाम्
सं.	वणिजि	,,	वणिक्षु		स.	असृजि	,,	असृक्षु
स.	वणिक्	वणिजौ	वणिज:		सं.	असृक्	असृजी	असृञ्जि

प्राय: सब जकारान्त शब्दों के रूप पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग में वणिज् के समान और नपुंसकलिङ्ग में असृज् के समान चलते हैं असृज् के रूप द्वितीया बहुवचन से विकल्प करके और तरह से भी चलते हैं (अर्थात् असृज् का असन् विकल्प कर के द्वितीया बहुवचन से हो जाता है)

दकारान्त, धकारान्त और शकारान्त शब्दों के रूप

सुहृद् (मित्र) पुँल्लिङ्ग शब्द के रूप

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुहृद्*	सुहृदौ	सुहृदः
द्वि०	सुहृदम्	,,	,,
तृ०	सुहृदा	सुहृद्भ्याम्	सुहृद्भिः
च०	सुहृदे	,,	सुहृद्भ्यः
पं०	सुहृदः	,,	,,
ष०	सुहृदः	सुहृदोः	सुहृदाम्
स०	सुहृदि	,,	सुहृत्सु †
सं०	सुहृद्	सुहृदौ	सुहृदः

तकारान्त, दकारान्त, चकारान्त, जकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप पुँल्लिङ्ग के समान होते हैं आपद् (विपत्ति) स्त्रीलिङ्ग के रूप सुहृद् के समान चलते हैं।

नपुंसकलिङ्ग हृद् (हृदय) शब्दके रूप

ए०	द्वि०	बहु०
हृत्	हृदी	हृन्दि
,,	,,	,,
हृदा	हृद्भ्याम्	हृद्भिः
हृदे	,,	हृद्भ्यः
हृदः	,,	,,
हृदः	हृदोः	हृदाम्
हृदि	,,	हृत्सु
हृत्	हृदी	हृन्दि

* शब्द के अन्त में केवल एक हलन्त रह सकता है शेष सब गिर जाते हैं अतः स् गिर गया फिर विकल्प करके त् का द् हुआ ४६। देखो ५६.

† ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व्, को छोड़ यदि किसी व्यञ्जन के परे अक्षरों का प्रथम गण अर्थात क्, ख्, च्, छ्, ट्, ठ्, त्, थ्, प्, फ्, श्, ष्, स्, हो तो वह व्यञ्जन अपने वर्ग का प्रथम हो जाता है यहां प्रत्यय सु था द् के परे स् है अतः दकार अपने वर्ग तवर्ग का प्रथम अक्षर त् हो गया इसी तरह समिध+सु=समित्सु ॥ देखो (४५) [खरिच । पा० ८. ४. ५५]।

प्राय: सब दकारान्त शब्दों के रूप पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग में सुहृद् के समान और नपुंसकलिङ्ग में हृद् के समान होते हैं ॥

धकारान्त शब्दों के रूप

पुँल्लिङ्ग

सुसमिध् (वि) (समिधा है जिसमें अग्नि की) के रूप बिलकुल स्त्रीलिङ्ग समिध् के समान होते हैं ।

स्त्रीलिङ्ग

समिध् (होम की लकड़ी)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	समित्	समिधौ	समिध:
द्वि०	समिधम्	,,	,,
तृ०	समिधा	समिद्भ्याम्	समिद्भि:
च०	समिधे	समिद्भ्याम्	समिद्भ्य:
पं०	समिध:	,,	,,
ष०	,,	समिधो:	समिधाम्
स०	समिधि	समिधो:	समित्सु
सं०	समित्	समिधौ	समिध:

नपुंसकलिङ्ग

सुसमिध् (शोभना समित् यस्मिन्)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	सुसमित्	सुसमिधी	सुसमिन्धि
द्वि०	,,	,,	,,

शेष स्त्री. समिध् के समान

सं०	सुसमित्	सुसमिधी	सुसमिन्धि

शकारान्त शब्दों के रूप

पुँल्लिङ्ग विश् (वैश्य) के रूप				शकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दोंके रूप पुँल्लिङ्ग के रूपों के समान होते हैं।	नपुंकलिङ्ग तादृश् (तैसा) के रूप		
	ए०	द्वि०	बहु०		ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	विट्*	विशौ	विशः		तादृक्	तादृशी	तादृंशि
द्वि०	विशम्	विशौ	विशः		,,	,,	,,
तृ०	विशः	*विड्भ्याम्	विड्भिः		तादृशा	तादृग्भ्याम्	तादृग्भिः
च०	विशे	,,	विड्भ्यः		तादृशे	,,	तादृग्भ्यः
पं०	विशः	,,	,,		तादृशः	,,	,,
ष०	विशः	विशोः	विशाम्		,,	तादृशोः	तादृशाम्
स०	विशि	विशोः	विट्सु †		तादृशि	,,	तादृक्षु
सं०	विट्	विशौ	विशः		तादृक्	तादृशी	तादृंशि

* श् वा छ् के परे झल् अर्थात् वर्ग वा पांचवां अक्षर और य्, र्, ल्, व् को छोड़ यदि कोई व्यञ्जन हो तो श् वा छ् का ष् हो जाता है [सन्धि ५५] और जब ष् + स् है तो अन्तिम स् का लोप हुआ तो ष् रह गया अब ष् का ट् हुआ [सन्धि ५५] क्योंकि अन्त में है और विड्भ्याम् में श् का ड् हुआ क्योंकि भ् चौथा अक्षर परे है।

† सन्धि नियम ५० के अनुसार संज्ञाशब्द के ष् वा ढ् के परे स् हो तो ष् वा ढ् का ट् हो जाता है।

प्राय: सब शकारान्त पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग शब्द ईदृश् (ऐसा), तादृश् (तैसा), दिश् (स्त्री० दिशा) आदि को छोड़ विश् के समान होते हैं।

प्राय: सब शकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्दों के रूप तादृश् के समान चलते हैं।

पुँल्लिङ्ग तादृश् (तैसा) के रूप

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	तादृक्*	तादृशौ	तादृश:
द्वि०	तादृशम्	,,	,,
तृ०	तादृशा	तादृग्भ्याम्	तादृग्भि:
च०	तादृशे	,,	तादृग्भ्य:
पं०	तादृश:	,,	,,
ष०	,,	तादृशो:	तादृशाम्
स०	तादृशि	तादृशो:	तादृक्षु†
सं०	तादृक्	तादृशौ	तादृश:

स्त्रीलिङ्ग दिश् (दिशा), ईदृश् (ऐसा), कीदृश् (कैसा), आदिके रूप तादृश् के समान चलते हैं।

जैसे तादृश् के रूप पुँल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग में चलते हैं इसी प्रकार एतादृश् (ऐसा), कीदृश् (कैसा), यादृश् (जैसा) के रूप चलते हैं।

दृश् और स्पृश् जिनके अन्त में हो उन शब्दों के रूप पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग में तादृश् के समान चलते हैं।

---

* दिश् और दृश् अान्त शब्दों का श् व्यञ्जनादि प्रत्यय के परे रहते क् हो जाता है और फिर क् का ग् तीसरा वा चौथा अक्षरादि परे रहते होजाता है (१३)

† तादृश् + सु = तादृष् + सु = तादृक् + सु = तादृक् + षु = तादृक्षु ।

महत् शब्द के रूप (क्रम विरुद्ध होते हैं वह नीचे लिखते हैं)

पुँल्लिङ्ग महत् (बड़ा)

	ए.	द्वि.	बहु.
प्र०	महान्	महान्तौ	महान्तः
द्वि०	महान्तम्	महान्तौ	महतः
तृ०	महता	महद्भ्याम्	महद्भिः
च०	महते	महद्भ्याम्	महद्भ्यः
पं०	महतः	महद्भ्याम्	महद्भ्यः
ष०	महतः	महतोः	महताम्
स०	महति	महतोः	महत्सु
सं०	महन्	महान्तौ	महान्तः

महत् का स्त्रीलिङ्ग महती है जिसके रूप नदी के समान चलते हैं

नपुंसकलिङ्ग महत् (बड़ा)

ए.	द्वि.	बहु.
महत्	महती	महान्ति
महत्	महती	महान्ति
महता	महद्भ्याम्	महद्भिः
महते	महद्भ्याम्	महद्भ्यः
महतः	महद्भ्याम्	महद्भ्यः
महतः	महतोः	महताम्
महति	महतोः	महत्सु
महत्	महती	महान्ति

पुँल्लिङ्ग मघवत् (इन्द्र)

	ए.	द्वि.	बहु.
प्र०	मघवान्	मघवन्तौ	मघवन्तः
द्वि०	मघवन्तम्	मघवन्तौ	मघवतः
तृ०	मघवता	मघवद्भ्याम्	मघवद्भिः
च०	मघवते	मघवद्भ्याम्	मघवद्भ्यः
पं०	मघवतः	मघवद्भ्याम्	मघवद्भ्यः
ष०	मघवतः	मघवतोः	मघवताम्
स०	मघवति	मघवतोः	मघवत्सु
सं०	मघवन्	मघवन्तौ	मघवन्तः

पुँल्लिङ्ग मघवन् (इन्द्र)

ए.	द्वि.	ब.
मघवा	मघवानौ	मघवानः
मघवानम्	मघवानौ	*मघोनः
मघोना	मघवभ्याम्	मघवभिः
मघोने	मघवभ्याम्	मघवभ्यः
मघोनः	मघवभ्याम्	मघवभ्यः
मघोनः	मघोनोः	मघोनाम्
मघोनि	मघोनोः	मघवसु
मघवन्	मघवानौ	मघवानः

* मघवन्, श्वन् पु० (कुत्ता) और युवन् पु० (युवा, जवान) के व का उ स्वरादि प्रत्यय परे रहते हो जाता है जैसे मघवन्+अः=मघ+उ+नः=मघोनः।

शब्द

सक्तु (पुं०)=सत्तू

[सक्तु सदैव बहुवचन में आता है]

विज्ञातं=वि पूर्व. ज्ञा+क्त=जाना गया

नाम (अव्यय)=जिसका नाम यह था, नामवाला, वास्तव में

भुक्तशेष (वि.)=जो खाने से बचा हो

कलश:=कलश, घड़ा

सम्पूरित=सम् पूर्व. पृ (पूर्ण करना)+क्त=पूरा किया गया

अवलम्ब्य=अव पूर्व. लम्ब् (१ आ० लटकाना)+ल्यप्=टांगकर

अधस्तात् (अव्यय)=नीचे

खट्वा=खटिया

निधाय=[निपूर्व. धा (रखना)+ल्यप्] रखकर

सततम् (अव्यय)=सदैव, लगातार

* दृष्टि (स्त्री.)=निगाह

तावत् (अव्यय)=तब लों, पहेले

तद् (अव्यय)=तो, तिस कारण से

दुर्भिक्षम्=क़हत, सूखा

रूप्यम्=रुपिया

रूपकः=रुपिया

अजाद्वयं= { अजा=बकरी; द्वय (न)=दो का समूह=दो } =दो बकरी

खुर:=खुर (जानवर के पैर का)

नागदन्त:=खूंटी

यत् (अव्यव)=जो, जिस कारण से

प्रभूत (वि)=बहुत

महिषी=भैंस

वड़वा=घोड़ी

प्रसवत: (अव्यय)=गर्भ से [तस् (तसिल्) प्रत्यय लगाने से बनता है]

---

* दृश्+क्तिन्=दृष्टि। बहुत धातुओं में क्तिन् प्रत्यय लगता है और स्त्रीलिङ्ग में संज्ञा बनती है शुध्+क्तिन्=शुद्धि।

विक्रयः = बेचना

प्रासादः = महल

सम् पूर्व पद् (४ आ) = प्राप्त होना

सकाशः = समीपता, नज़दीकी

अश्वशाला = अश्वानाम् शाला

अभि पूर्व. धा = कहना

त्याज्य(वि) = छोड़ने योग्य

गृहकर्मन् (नं) = गृहस्थ कर्म

सम् पूर्व, उद् पूर्व. स्था = उठना

प्रहार: = मारना, मार

दत्त = (दा + क्त) = दिया गया

भग्न [भञ्ज् (टूटना) + क्त] = टूटा हुआ

पतित = पत् (१ प.) + क्त = गिरा हुआ

संस्कृतवाक्यानि ।

यदि वाङ्नाभविष्यत्तुन साधु नासाधु न सत्यंनानृतंविज्ञातमभविष्यत् । विड्भिः मघोने तादृक् महान् वार्षिकयज्ञः समिद्भिः कर्तव्यः यादृशा यज्ञेन मघवान् तुष्येत् । पुरातनराजकीयव्यवस्था सामाजिकैः स्वीकार्य्या । जनता महती देवता नररूपेण तिष्ठति ।

कृपणब्राह्मणस्य कथा

कस्मिंश्चिन्नगरे कश्चित् कृपणोनाम ब्राह्मणः प्रतिवसति स्म । तेनसक्तुभिर्भुक्तशेषैः कलशः सम्पूरितः, तच्च घटम् नागदन्तेऽवलम्ब्य तस्याधस्तात्खट्वां निधाय सततमेकदृ-

ष्ट्या तमवलोकयतिस्म । अथ कदाचिद्रात्रौस चिन्तितवान् यत्परिपूर्णोघटस्तावत्सक्तुभिर्वर्त्तेत तद्यदि दुर्भिक्षंभवेत् तदनेन* रूपकाणां शतमुत्पद्येत । ततस्तेन मया अजाद्वयं ग्रहीतव्यम् † । ततः कस्मिंश्चित् समये ताभ्यां यूथं भविष्यति । ततो अजाभिः प्रसूता गा ग्रहीष्यामि । गोभिः महिषीःमहिषीभिर्वडवाः । वडवानां प्रसवतः प्रभूता अश्वा भविष्यन्ति तेषां विक्रयात्प्रभूतं सुवर्णम्भविष्यति । सुवर्णेन प्रासादः सम्पत्स्यते ततः कश्चिद्ब्राह्मणो मम गृहमागत्य मह्यं रूपवतीं कन्यान्दास्यति । तत्सकाशात्पुत्रो मे भविष्यति । तस्याहं सोमशर्मा इति नाम करिष्यामि । अहं पुस्तकं गृहीत्वा अश्वशालायाः एकदेशे उपविष्टस्तत् पठिष्यामि । ततः सोमशर्मा मां दृष्ट्वा अश्वखुराणां सकाशात् मम समीपमागमिष्यति । ततोऽहं ब्राह्मणीं कोपेन अभिधास्यामि 'त्वया बालको न त्याज्यः नय बालकं तावदिति' । सापि गृहकर्म्मसु संलग्ना मम वचनं न श्रोष्यति । ततोऽहं समुत्थाय तां पादेन ताडयिष्यामि इत्येवं तेन ध्यानेस्थितेन तथैव पादस्य प्रहारो दत्तो यथा स घटो भग्नः सक्तुभिः सह भूमौ पतितश्च ।

---

* सहस्र, शत आदि नपुंसकलिङ्ग शब्दों के योग में षष्ठी आती है जब यह विशेष्य होते हैं अर्थात् सैकड़ा आदि अर्थ रखते हैं ।

† ग्रह्=(ग्रहणकरना) धातु में लुट् , लृट् और लङ् में इ दीर्घ होजाती है (जैसे ग्रहीता, ग्रहीष्यति इत्यादि)

भाषा ।

सत्य बोलने वाले की वाणी माननीय है। हाथ से खून गिरता है। खाटपर से वह गायों और घोड़ियों को देखता है । तुम सुनोगे कि मैं प्रयाग में जाकर पढ़ूंगा। अस्त्रों की मारसे योधा मरते हैं। मैं युद्ध नहीं करूँगा। जगत् बहुत विचित्र है। वह हज़ार रुपिया ले जावेगा। मैं पहले विद्या को अच्छी तरह पढ़ूंगा तब मैं उपदेश दूंगा। दुर्भिक्ष जब होगा तो निश्चय है कि राजा अच्छा प्रबन्ध करेगा। घर के काम अच्छे प्रकार करने चाहिये। यह बड़ा वृक्ष वड़ी २ शाखाएँ फैलाता है और बड़े २ फल देता है। वैश्यों की सभा में उपदेश कौन करता है। मित्र का हृदय शुद्ध होना चाहिए। वह कैसी पूजा करता है। जैसा तुम्हारा धन है वैसा औरों का भी है। तुमने कैसे यज्ञ और दान किये। हम सबने बड़े २ दान किए हैं और चाहते हैं कि और बहुत लोग ऐसे ही करें। वैसे वैश्य यज्ञों को फैलावें और बड़े धन की रक्षा करें ॥

पञ्चम पाठ

धातु

संस्कृत की सब धातुओं के दशलकार होते हैं इनमें से चार अर्थात् लट्, लङ्, लोट् और विधिलिङ् बनाने के हेतु सब धातुओं को दश गणों में विभक्त किया है। इन दश गणों में से चार गणों की अर्थात् पहेले, चौथे, छठे, और दशवें गण की धातुओं के रूप एक प्रकार से बनते हैं और शेष छे गणों की धातुओं के रूप दूसरे प्रकार से बनते हैं संक्षेपतः दशगणों को हम दो श्रेणी वा दर्जों में विभक्त कर सकते हैं पहेले दर्जे या श्रेणी में १, ४, ६, और १०, यह चार गण आवेंगे और इनमें प्रत्यय जोड़ने के पूर्व अङ्ग (अर्थात् धातु का वह रूप जो गुण आदि करके विकरण (गण का चिन्ह) जोड़ने से बनता है जिसमें प्रत्यय जोड़ने से रूप बनते हैं) अकारान्त होता है और दूसरी श्रेणी वा दर्जे में (२) अदादिगण (३) जुहोत्यादिगण (५) स्वादिगण (७) रुधादिगण (८) तनादिगण (९) क्र्यादिगण यह छे गण आवेंगे जिनमें विशेषता यह है कि इनमें अङ्ग जिसमें प्रत्यय जोड़े जाते हैं अकारान्त नहीं होता क्योंकि पहेली श्रेणी अर्थात् १, ४, ६ और १० गणों के विकरण अर्थात् गण के चिन्ह (१ अ ४ य ६ अ १० अय) सब अकारान्त हैं और दूसरी श्रेणी के शेष ६ गणों के चिन्ह अकारान्त नहीं हैं। चार लकारों (लट्, लङ्, लोट्, विधिलिङ्) में जो प्रत्यय जोड़े जाते हैं वे एक प्रकार के होते हैं और सार्वधातुक कहाते हैं और जो प्रत्यय शेष लकारों (लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ्, लिट्, लुङ) में जोड़े जाते हैं वे

दूसरे प्रकार के होते हैं उनको आर्धधातुक कहते हैं। सार्वधातुक प्रत्यय जोड़ने के पूर्व यह विचार करना पड़ता है कि कौन गण की धातु है और आर्धधातुक प्रत्यय जोड़ने के पूर्व यह विचार करना पड़ता है कि धातु सेट्, अनिट्, वा वेट् है। *

---

*सब धातुओं के लकारों के प्रत्यय

प्रत्यय

- सार्वधातुक (लट्, लङ्, लोट् विधिलिङ्) (१० गणों का विचार)
  - प्रथम श्रेणी जिसमें अङ्ग अकारान्त होता है १, ४, ६, १० गण
  - दूसरी श्रेणी जिसमें अङ्ग अकारान्त नहीं होता है = २, ३, ५, ७, ८, ९ गण
- आर्धधातुक (लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ्, लिट्, लुङ्) (सेट्, अनिट्, वेट् का विचार)

संस्कृत व्याकरण में प्रत्यय इस प्रकार लिखे हैं जो कुछ बदलादि करके लकारों में जोड़े जाते हैं।

तिप्तस्झिसिप्थस्थमिब्वस्मस्तातांझथासाथांध्वमिड्वहिमहिङ्। (पा० ३. ४.७८)

परस्मैपद	प्र.	म.	उ.
ए०	तिप्	सिप्	मिप्
द्वि०	तस्	थस्	वस्
बहु०	झि	थ	मस्

आत्मनेपद	प्र.	म.	उ.
ए०	त	थास्	इट्
द्वि०	आताम्	आथाम्	वहि
बहु०	झ	ध्वम्	महिङ्

दूसरी श्रेणी के गणों (२, ३, ५, ७, ८, ९ गणों) की धातुओं में तथा विकरणों (चिन्हों) में प्रत्यय जोड़ने के पूर्व कुछ विशेष परिवर्तन करने पड़ते हैं इन परिवर्तनों के विचार से हम सब प्रत्ययों के जो दूसरी श्रेणी के गणों की धातुओं में लगाए जाते हैं दो भेद करते हैं एक प्रकार के प्रत्ययों को प्रबल प्रत्यय कहेंगे जिन के परे रहते धातु के अङ्ग के अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण हो जाता है और दूसरे प्रकार के प्रत्ययों को दुर्बल कहेंगे जिनके परे रहते धातु के अङ्ग के अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण नहीं होता । *

दूसरी श्रेणी के गणों की धातुओं के

*** प्रत्यय**

प्रबल

(१) पर. के लट्, लङ्, के सब ए. व. और लोट् के प्र० के ए. व. उत्तम के तीनों वचन,

(२) आ. के लोट् के उत्तम पुरुष के सब वचन ।

दुर्बल

(१) पर. के लट्, लङ् के सब द्विवचन और बहुवचन, लोट् के प्र. के द्वि. व. बहु. व, म. के सब वचन, विधि के सब व.

(२) आ. के लोट् के उ. को छोड़ सब प्रत्यय, लट्, लङ् और विधिलिङ् के सब प्रत्यय

परस्मैपद *	आत्मनेपद
परस्मैपद के एकवचन के प्रत्यय प्रबल होते हैं (अपवाद =) किन्तु विधिलिङ् के सब एकवचन और लोट् का मध्यम पुरुष एकवचन दुर्बल होता है। परस्मैपद के द्विवचन और बहुवचन के प्रत्यय दुर्बल होते हैं किन्तु (अपवाद =) लोट् के उत्तम पुरुष के द्विवचन और बहुवचन प्रबल होते हैं।	आत्मनेपद के एकवचन द्विवचन बहुवचन के प्रत्यय दुर्बल होते हैं। (अपवाद =) किन्तु लोट् के उत्तमपुरुष के एकवचन, द्विवचन, और बहुवचन प्रबल हैं।

नोट:— प्रत्ययों के आदि में स्वर होगा अथवा व्यञ्जन होगा जिन प्रत्ययों के आदि में स्वर है उनको स्वरादि वा अजादि प्रत्यय कहते हैं और जिनके आदि में व्यञ्जन है उनको व्यञ्जनादि अथवा हलादि प्रत्यय कहते हैं।

* संस्कृत व्याकरणों में परस्मैपद प्रथमपुरुष एकवचन को तिप्, मध्यम एकवचन को सिप्, उत्तम. एकवचन को मिप् लिखा है और इसमें प् अनुबन्ध इसलिये लगा दिया है कि यह प्रबल प्रत्यय हैं जिन प्रत्ययों में प् गिर जाता है वे प्रबल होते हैं।

सार्वधातुकमपित्। पा० १. २. ४। अपित् सार्वधातुक प्रत्यय परे रहते गुण वृद्धि नहीं होती। पित् के परे रहते गुण वृद्धि होती है।

सेर्ह्यपिच्च। पा० ३.८. ८७ = लोट् में सि (सिप्) का 'हि' हो और वह अपित् हो अर्थात् लोट् मध्यम पुरुष एकवचन के प्रत्यय परे रहते गुण वृद्धि न हो।

आठवां गण अर्थात् तनादिगण (उ)

*इसका विकरण अर्थात् गण का चिन्ह उ है। धातु में उ जोड़कर नीचे टिप्पणी में लिखे प्रत्यय जोड़ने से रूप बनते हैं ।

आडुत्तमस्यपिच्च । पा० ३. ४. ९२=लोट् का सम्पूर्ण उत्तमपुरुष पित् हो अर्थात् उसके परे रहते गुण वृद्धि हो । आत्मनेपद और परस्मैपद दोनों के लोट् उत्तम-पुरुष के तीनों वचनों के प्रत्यय पित् हैं ।

यासुट् परस्मैपदेषूदात्तोङिच्च । पा० ३. ४. १०३.=लिङ् (विधिलिङ्) के सब प्रत्यय ङित् हों अर्थात् उनके परे रहते गुण वृद्धि न हो ।

* धातु जिनका अङ्ग अकारान्त नहीं हैउन के प्रत्यय

(२, ३, ५, ७, ८, ९ गणों की धातु के प्रत्यय)

लट् के प्रत्यय

परस्मैपद	प्र.	म.	उ.	आत्मनेपद	प्र.	म.	उ.
ए०	ति (१)	सि (२)	मि (३)	ए०	ते	से	ए
द्वि०	तः	थः	वः	द्वि०	आते	आथे	वहे
बहु०	अन्ति	थ	मः	बहु०	अते	ध्वे	महे

लङ् के प्रत्यय

	प्र.	म.	उ.		प्र.	म.	उ.
ए०	त् (४)	: (स्) (५)	अम् (६)	ए०	त	थाः	इ
द्वि०	ताम्	तम्	व	द्वि०	आताम्	आथाम्	वहि
बहु०	अन्	त	म	बहु०	अत	ध्वम्	महि

तन् [(प. आ. ८) = फैलाना] के रूप

लट्

परस्मैपद	प्र.	म.	उ.
ए०	*तनोति	तनोषि	तनोमि
द्वि०	तनुतः	तनुथः	तनुवः, तन्वः †
बहु०	‡ तन्वन्ति	तनुथ	तनुमः, तन्मः

आत्मनेपद	प्र.	म.	उ.
ए०	तनुते	तनुषे	तन्वे
द्वि०	तन्वाते	तन्वाथे	तनुवहे, तन्वहे
बहु०	तन्वते	तनुध्वे	तनुमहे, तन्महे

लोट् के प्रत्यय

परस्मैपद	प्र.	म.	उ.
ए०	तु (७)	हि	आनि (८)
द्वि०	ताम्	तम्	आव (९)
बहु०	अन्तु	त	आम (१०)

आत्मनेपद	प्र.	म.	उ.
ए०	ताम्	स्व	ऐ (११)
द्वि०	आताम्	आथाम्	आवहि (१२)
बहु०	अताम्	ध्वम्	आमहि (१३)

* तन्+उ (८ गण का विकरण) = तनु + ति प्रबल है अतः अङ्ग तनु के अन्तिम स्वर उ का गुण ओ हुआ = तनो + ति = तनोति ।

‡ तन्+उ (८ गण का विकरण) = तनु + अन्ति = (दुर्बल है अतः केवल प्रत्यय जोड़ा) तन्वन्ति [सन्धि ३]

† अङ्ग का अन्तिम उ विकल्प करके गिर जाता है यदि उसके परे व अथवा म हो किन्तु यदि उ के पूर्व कोई संयुक्त अक्षर है तो नहीं गिरता है । (लोपश्चास्यान्यतरस्यांम्वोः । पा० ६. ४. १०७)

लङ्

	प्र.	म.	उ
ए०	अतनोत्	अतनोः	अतनवम्
द्वि०	अतनुताम्	अतनुतम्	अतनुव, अतन्व
बहु०	अतन्वन्	अतनुत	अतनुम, अतन्म

	प्र	म	उ.
ए०	अतनुत	अतनुथाः	अतन्वि
द्वि०	अतन्वाताम्	अतन्वाथाम्	अतनुवहि, अतन्वहि
बहु०	अतन्वत	अतनुध्वम्	अतनुमहि, अतन्महि

विधिलिङ् के प्रत्यय

परस्मैपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	यात्	याः	याम्
द्वि०	याताम्	यातम्	याव
बहु०	युः	यात	याम

आत्मनेपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	ईत	ईथाः	ईय
द्वि०	ईयाताम्	ईयाथाम्	ईवहि
बहु०	ईरन्	ईध्वम्	ईमहि

नोटः—प्रत्ययों में कोष्ठ में लिखे १३ प्रत्यय (१० परस्मैपद में और ३ आत्मनेपद में) प्रबल हैं शेष सब प्रत्यय दुर्बल हैं। प्रबल के परे रहते अन्तिम स्वर का वा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण होता है दुर्बल के परे रहते कुछ नहीं होता केवल प्रत्यय जोड़ दिए जाते हैं।

लोट्

	प्र.	म.	उ.	प्र.	म	उ.
ए०	तनोतु	*तनु	तनवानि	तनुताम्	तनुष्व	तनवै
द्वि०	तनुताम्	तनुतम्	तनवाव	तन्वाताम्	तन्वाथाम्	तनवावहै
बहु०	तन्वन्तु	तनुत	तनवाम †	तन्वताम्	तनुध्वम्	तनवामहै

विधिलिङ्ग्

	प्र.	म.	उ.	प्र.	म.	उ.
ए०	तनुयात्	तनुयाः	तनुयाम्	तन्वीत	तन्वीथाः	तन्वीय
द्वि०	तनुयाताम्	तनुयातम्	तनुयाव	तन्वीयाताम्	तन्वीयाथाम्	तन्वीवहि
बहु०	तनुयुः	तनुयात	तनुयाम	तन्वीरन्	तन्वीध्वम्	तन्वीमहि

---

* यदि उ के पूर्व संयुक्त व्यञ्जन न हो तो लोट् मध्यमपुरुष एकवचन के प्रत्यय (हि) का लोप तनादिगण में हो जाता है यह प्रत्यय दुर्बल है—

उतश्चप्रत्ययादसंयोगपूर्वात् । पा० ६. ४. १०६

† तन्+उ (गण का विकरण)=तनु+आम (प्रबल है अतः गुण हुआ) =तनो+आम=तन्+अव्+आम=तनवाम [सन्धि ७]

* कृ (प. आ. ८)=करना के रूप

लट्

परस्मैपद

	प्र.	म.	उ.
ए०	करोति	करोषि	करोमि
द्वि०	कुरुतः	कुरुथः	कुर्वः
बहु०	कुर्वन्ति	कुरुथ	कुर्मः

आत्मनेपद

प्र.	म	उ.
कुरुते	कुरुषे	कुर्वे
कुर्वाते	कुर्वाथे	कुर्वहे
कुर्वते	कुरुध्वे	कुर्महे

लङ्

	प्र.	म.	उ.
ए०	अकरोत्	अकरोः	अकरवम्
द्वि०	अकुरुताम्	अकुरुतम्	अकुर्व
बहु०	अकुर्वन्	अकुरुत	अकुर्म

प्र.	म.	उ.
अकुरुत	अकुरुथाः	अकुर्वि
अकुर्वाताम्	अकुर्वाथाम्	अकुर्वहि
अकुर्वत	अकुरुध्वम्	अकुर्महि

---

* कृ का प्रबल प्रत्यय परे रहते कर् और दुर्बल प्रत्यय परे रहते कुर् हो जाता है। व और म परे रहते कृ के अङ्ग का उ अवश्य गिर जाता है और विधिलिङ् के प्रत्यय के य् परे रहते भी उ गिर जाता है।

लोट्

	प्र.	म.	उ.	प्र.	म.	उ.
ए०	करोतु	कुरु	*करवाणि	कुरुताम्	कुरुष्व	करवै
द्वि०	कुरुताम्	कुरुतम्	करवाव	कुर्वाताम्	कुर्वाथाम्	करवावहै
बहु०	कुर्वन्तु	कुरुत	करवाम	कुर्वताम्	कुरुध्वम्	करवामहै

विधिलिङ्

	प्र०	म०	उ	प्र.	म.	उ.
ए०	कुर्यात्	कुर्याः	कुर्याम्	कुर्वीत	कुर्वीथाः	कुर्वीय
द्वि०	कुर्याताम्	कुर्यातम्	कुर्याव	कुर्वीयाताम्	कुर्वीयाथाम्	कुर्वीवहि
बहु०	कुर्युः	कुर्यात	कुर्याम	कुर्वीरन्	कुर्वीध्वम्	कुर्वीमहि

मुख्य संज्ञादि शब्दों के रूप जिन में बहुतों के रूप क्रमविरुद्ध चलते हैं।

स्वरान्त शब्द

औकारान्त शब्दों के रूप बनाने के हेतु प्रथम पुस्तक में जो प्रत्यय लिखे हैं तथा इस पुस्तक के पृष्ठ १०१ में जो प्रत्यय लिखे हैं

---

*कृ+उ+आनि=कर्+उ+आनि (कृ का कर् हुआ क्योंकि आनि प्रबल है)=करु+आनि=करो+आनि (प्रबल प्रत्यय परे रहते गुण हो जाता है और उ का गुण ओ है)=कर्+अव्+आनि=करवाणि (सन्धि ७)

उन्हीं को सन्धि नियमानुसार शब्दों में जोड़कर रूप बना लेना चाहिये परन्तु यहां विशेष नियमों से कुछ कठिन रूप चलाये गये हैं उनको यहां लिखते हैं।

पुँल्लिङ्ग विश्वपा (विश्व=संसार, पा पालक)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	विश्वपाः	विश्वपौ	विश्वपाः
द्वि०	विश्वपाम्	विश्वपौ	विश्वपः
तृ०	विश्वपा	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभिः
च०	विश्वपे	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभ्यः
पं०	विश्वपः	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभ्यः
ष०	विश्वपः	विश्वपोः	विश्वपाम्
स०	विश्वपि	विश्वपोः	विश्वपासु
सं०	विश्वपाः	विश्वपौ	विश्वपाः

सब आकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के रूप जो धातु से बने हों (अर्थात् जिन शब्दों के अन्त में धातु हो) विश्वपा के समान चलते हैं।

पुँल्लिङ्ग पति शब्द के रूप

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	पतिः	पती	पतयः
द्वि०	पतिम्	पती	पतीन्
तृ०	पत्या	पतिभ्याम्	पतिभिः
च०	पत्ये	पतिभ्याम्	पतिभ्यः
पं०	पत्युः	पतिभ्याम्	पतिभ्यः
ष०	पत्युः	पत्योः	पतीनाम्
स०	पत्यौ	पत्योः	पतिषु
सं०	पते	पती	पतयः

जब पति किसी समास के अन्त में होता है तो समासयुक्त पति के रूप मुनि के समान चलते हैं जैसे नृपति, नरपति इत्यादि परन्तु पति जब अकेला होता है तो जो रूप ऊपर लिखे हैं वही होते हैं।

पुँल्लिङ्ग सेनानी (सेना को लेजाने वाला) के रूप

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	सेनानी:	सेनान्यौ	सेनान्य:
द्वि०	सेनान्यम्	सेनान्यौ	सेनान्य:
तृ०	सेनान्या	सेनानीभ्याम्	सेनानीभि:
च०	सेनान्ये	सेनानीभ्याम्	सेनानीभ्य:
पं०	सेनान्य:	सेनानीभ्याम्	सेनानीभ्य:
ष०	सेनान्य:	सेनान्यो:	सेनान्याम्
स०	सेनान्याम्	सेनान्यो:	सेनानीषु
सं०	सेनानी:	सेनान्यौ	सेनान्य:

ग्रामणी (गांव का मुखिया) अग्रणी (आगे ले चलने वाला) के रूप सेनानी के समान होते हैं ।

पुँलिङ्ग सुधी (अच्छी बुद्धि वाला)

ए०	द्वि०	बहु०
सुधी:	सुधियौ	सुधिय:
सुधियम्	,,	,,
सुधिया	सुधीभ्याम्	सुधीभि:
सुधिये	,,	सुधीभ्य:
सुधिय:	,,	,,
,,	सुधियो:	सुधियाम्
सुधियि	,,	सुधीषु
सुधी:	सुधियौ	सुधिय:

सब ईकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के रूप सुधी के समान होते हैं केवल सेनानी आदि के रूप भिन्न होते हैं ।

स्त्रीलिङ्ग

लक्ष्मी शब्द के रूप नदी के समान होते हैं केवल इतना भेद है कि प्रथमा एक वचन में लक्ष्मी: होता है अर्थात् एक विसर्ग और आजाता है ।

स्त्रीलिङ्ग स्त्री शब्द के रूप

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र.	स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रियः
द्वि.	स्त्रियम्, स्त्रीम्	स्त्रियौ	,, स्त्रीः
तृ.*	स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभिः
च.	स्त्रियै	,,	स्त्रीभ्यः
पं.	स्त्रियाः	,,	,,
ष.	,,	स्त्रियोः	स्त्रीणाम्
स.	स्त्रियाम्†	,,	स्त्रीषु
सं.	स्त्रि	स्त्रियौ	स्त्रियः

स्त्रीलिङ्ग श्री (धन) शब्द के रूप

ए०	द्वि०	बहु०
श्रीः	‡श्रियौ	श्रियः
श्रियम्	,,	,,
श्रिया	श्रीभ्याम्	श्रीभिः
श्रियै, श्रिये	,,	श्रीभ्यः
श्रियाः, श्रियः	,,	,,
,,	,, श्रियोः	श्रीणाम्, श्रियाम्
श्रियाम्, श्रियि	श्रियोः	श्रीषु
श्रीः	श्रियौ	श्रियः

श्री के समान ह्री (लज्जा) धी (बुद्धि) भी (डर) के भी रूप चलते हैं।

स्त्रीलिङ्ग भू (पृथ्वी) शब्द के रूप

ए.	द्वि.	बहु.
भूः	‡भुवौ	भुवः
भुवम्	,,	,,
भुवा	भूभ्याम्	भूभिः
भुवै, भुवे	,,	भूभ्यः
भुवाः, भुवः	,,	,,
,,	,, भुवोः	भूनाम्, भुवाम्
भुवाम्, भुवि	भुवोः	भूषु
भूः	भुवौ	भुवः

भू के समान भ्रू (भौं) के भी रूप चलते हैं।

---

* इस में ई का इय् होजाता है जब स्वर परे हो (सन्धि नियम विरुद्ध) जैसे सुधी + औ = सुध् + ई + औ = सुध् + इय् + औ = सुधियौ, स्त्री + आ = स्त्र् + इय् + आ = स्त्रिया।

† सप्तमी में इ के स्थान में आम् है।

‡ भू शब्द में ऊ और श्री के ई के परे जब स्वर हो तो क्रम से ऊ का उव् और ई का इय् होजाता है। भू + औ = भ् + ऊ + औ = भ् + उव् + औ = भुवौ। श्री + औ = श्रिय् + औ = श्रियौ।

पुँल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग रै (धन) शब्द के रूप

	ए.	द्वि.	बहु.
प्र.	राः	रायौ	रायः
द्वि.	रायम्	,,	,,
तृ.	राया	*राभ्याम्	राभिः
च.	राये	,,	राभ्यः
पं.	रायः	,,	,,
ष.	,,	रायोः	रायाम्
स.	रायि	रायोः	रासु
सं.	राः	रायौ	रायः

नपुंसकलिङ्ग दधि (दही) शब्द के रूप

	ए.	द्वि.	बहु.
प्र.	दधि	दधिनी	दधीनि
द्वि.	,,	,,	,,
तृ.	†दध्ना	दधिभ्याम्	दधिभिः
च.	दध्ने	,,	दधिभ्यः
पं.	दध्नः	,,	,,
ष.	,,	दध्नोः	दध्नाम्
स.	दध्नि, दधनि	,,	दधिषु
सं.	दधि, दधे	दधिनी	दधीनि

अक्षि (आंख) अस्थि (हड्डी) सक्थि (गाड़ी का जोड़) के रूप दधि के समान चलते हैं। यह सब नपुंसकलिङ्ग हैं।

---

* व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रै का रा हो जाता है जैसे रै+भ्याम्=राभ्याम् शेष में सन्धिनियमानुसार प्रत्यय जोड़ दो जैसे रै+औ=र्+आय्+औ [सन्धि ६] =रायौ।

† दधि, अक्षि, अस्थि, सक्थि के रूप प्रथमा द्वितीया और सम्बोधन में वारि के समान चलते हैं और तृतीया से स्वरादि प्रत्यय परे रहते क्रम से इनका दधन्, अक्षन्, अस्थन् और सक्थन् हो जाता है और इनके रूप नामन् के समान चलते हैं जैसे नाम्ना इसी तरह दध्ना, अक्ष्णा, अस्थ्ना, सक्थ्ना इत्यादि रूप होते हैं और व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते वारि के समान ही रूप चलते हैं जैसे वारिभ्याम्, दधिभ्याम्। (अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णामनङुदात्तः। पा० ७. १. ७५।)

व्यञ्जनान्त शब्द

पुँल्लिङ्ग *प्रांच् (पूरब का)=पूर्वीय				प्रांच् का स्त्रीलिङ्ग, तृतीया का प्रत्यय हटाकर जो बचे उस में ई जड़नेसे बनता है जैसे प्राचा से आ निकल गया तो प्राच् रहा इस में ई जोड़ी तो प्राची हुआ जिसके रूप नदी के समान चलते हैं।	प्रांच् (पूरब का) नपुंसकलिङ्ग शब्द		
	ए०	द्वि०	बहु०		ए०	द्वि०	बहु०
प्र.	प्राङ्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः		प्राक्	प्राची	प्राञ्चि
द्वि.	प्राञ्चम्	,,	प्राचः		,,	,,	,,
तृ.	प्राचा	प्राग्भ्याम्	प्राग्भिः		प्राचा	प्राग्भ्याम्	प्राग्भिः
च.	प्राचे	,,	प्राग्भ्यः		प्राचे	,,	प्राग्भ्यः
पं.	प्राचः	,,	,,		प्राचः	,,	,,
ष.	,,	प्राचोः	प्राचाम्		,,	प्राचोः	प्राचाम्
स.	प्राचि	,,	प्राक्षु		प्राचि	,,	प्राक्षु
सं.	प्राङ्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः		प्राक्	प्राची	प्राञ्चि

* प्रांच् आदि कुछ चकारान्त शब्द अञ्च् (जाना) धातु से बने हैं। प्रांच्=पूरब जाने वाला, उदच्=उत्तर जाने वाला, तिर्यच्=तिर्छा चलने वाला, इन में पहले पांच रूपों में अन्तिम च के पूर्व एक अनुस्वार जो परे अक्षर का पंचम अक्षर हो जाता है आता है। प्राक्षु=प्राच्+सु=प्राक्+सु [४७]=प्राक्षु (४४), प्राच्+भ्याम् =प्राग्भ्याम् [४८] क्योंकि वैयाकरणों ने भ्याम् से लेकर सब व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते शब्दों को पदान्त माना है (वास्तव में वे नहीं हैं) द्वितीया बहुवचन से आगे स्वरादि प्रत्यय परे रहते प्रत्यच् (पश्चिमीय) का प्रतीच्, उदच् का उदीच् होता है अवांच् (दक्षिण) का अवाच् ही रहता है, सम्यच् (अच्छा) का समीच् तिर्यच् का तिरश्च् आदेश हो जाता है। इन शब्दों को संस्कृत व्याकरण में प्राञ्च्, उदञ्च्, तिर्यञ्च्, प्रत्यञ्च्, अवाञ्च्, सम्यञ्च् लिखते हैं।

पुँल्लिङ्ग *ददत् (शतृ प्रत्ययान्त) (देते हुए)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र.	ददत्	ददतौ	ददतः
द्वि.	ददतम्	,,	,,
तृ.	ददता	ददद्भ्याम्	ददद्भिः
च.	ददते	,,	ददद्भ्यः
पं.	ददतः	ददद्भ्याम्	ददद्भ्यः
ष.	,,	ददतोः	ददताम्
स.	ददति	,,	ददत्सु
सं.	ददत्	ददतौ	ददतः

ददत् का स्त्रीलिङ्ग तथा ददत् के समान शतृ प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्री लिंग केवल जोड़ने से बनता है जैसे ददत्+ई=ददती जिसके रूप नदी के समान चलते हैं

नपुंसकलिंग ददत् शब्द

ददत्	ददती	ददति, ददन्ति
ददत्	ददती	ददति, ददन्ति
ददता	ददद्भ्याम्	ददद्भिः
ददते	ददद्भ्याम्	ददद्भ्यः
ददतः	ददद्भ्याम्	ददद्भ्यः
ददतः	ददतोः	ददताम्
ददति	ददतोः	ददत्सु
ददत्	ददती	ददति, ददन्ति

* जैसे प्रथम पुस्तक में बतला चुके हैं कि पहले पांच रूपों में शतृ प्रत्ययान्त शब्दों में न् जोड़ा जाता है जैसे गच्छन्, गच्छन्तौ, गच्छन्तः इत्यादि ऐसा न् तीसरे गण के धातुओं के शतृ प्रत्ययान्त शब्दों में तथा शासत्, जक्षत्, चकासत्, दरिद्रत्, जाग्रत्, दीव्यत् और वेव्यत् शतृ प्रत्ययान्त शब्दों में नहीं जोड़ा जाता है इनके नपुंसकलिङ्ग में न् और कहीं नहीं जोड़ा जाता केवल प्रथमा, द्वितीया और सम्बोधन के बहुवचन में विकल्प कर के जोड़ा जाता है। जैसे ददति अथवा ददन्ति

जुहोत्यादि (३) गण के सब धातुओं के शतृप्रत्ययान्त शब्दों के रूप ददत् के समान होते हैं।

पुँल्लिंग श्वन् (कुत्ता) शब्द				पुँल्लिंग युवन् (जवान) शब्द			पुँल्लिंग पथिन् (मार्ग) शब्द		
	ए. व.	द्वि. व.	ब. व.						
प्र.	श्वा	श्वानौ	श्वानः	युवा	युवानौ	युवानः	पन्थाः	पन्थानौ	पन्थानः
द्वि.	श्वानम्	श्वानौ	शुनः	युवानम्	युवानौ	यूनः	पन्थानम्	पन्थानौ	पथः
तृ.	शुना *	श्वभ्याम्	श्वभिः	यूना*	युवभ्याम्	युवभिः	पथा	पथिभ्याम्	पथिभिः
च.	शुने	श्वभ्याम्	श्वभ्यः	यूने	युवभ्याम्	युवभ्यः	पथे	पथिभ्याम्	पथिभ्यः
पं.	शुनः	श्वभ्याम्	श्वभ्यः	यूनः	युवभ्याम्	युवभ्यः	पथः	पथिभ्याम्	पथिभ्यः
ष.	शुनः	शुनोः	शुनाम्	यूनः	यूनोः	यूनाम्	पथः	पथोः	पथाम्
स.	शुनि	शुनोः	श्वसु	यूनि	यूनोः	युवसु	पथि	पथोः	पथिषु
सम्बो.	श्वन्	श्वानौ	श्वानः	युवन्	युवानौ	युवानः	पन्थाः	पन्थानौ	पन्थानः

---

* श्वन् और युवन् शब्दों में व का सम्प्रसारण द्वितीया बहुवचन से स्वरादि प्रत्यय परे रहते हो जाता है। जैसे श्वन्+आ=श+व+न्+आ=श्+उ अ+ना[६२] फिर यह नियम है कि सम्प्रसारण के इ, उ, ऋ, ऌ के परे जो स्वर हो उसका लोप हो [सम्प्रसारणाच्च। पा॰ ६. १. १०८.]=श्+उ+ना=शुना, युवन्+आ=यु+उ अन्+आ=यु+उन्+आ=यूना।

नपुंसकलिंग अहन् (दिन) शब्द				पुँल्लिंग पुंस् शब्द के रूप		
	ए. व.	द्वि. व.	ब. व.	ए. व.	द्वि. व.	ब व.
प्र.	* अहः	अहनी, अह्नी	अहानि	पुमान्	पुमांसौ	पुमांसः
द्वि.	अहः	अहनी, अह्नी	अहानि	पुमांसम्	पुमांसौ	पुंसः
तृ.	अह्ना	अहोभ्याम्	अहोभिः	पुंसा	† पुंभ्याम्	पुंभिः
च.	अह्ने	अहोभ्याम्	अहोभ्यः	पुंसे	पुंभ्याम्	पुंभ्यः
पं.	अह्नः	अहोभ्याम्	अहोभ्यः	पुंसः	पुंभ्याम्	पुंभ्यः
ष.	अह्नः	अह्नोः	अह्नाम्	पुंसः	पुंसोः	पुंसाम्
स.	अहनि, अह्नि	अह्नोः	अहःसु	पुंसि	पुंसोः	पुंसु
सं.	अहः	अहनी, अह्नी	अहानि	पुमन्	पुमांसौ	पुमांसः

* अहन् शब्द का न् प्रथमा और सम्बोधन ए. व. में विसर्ग तथा व्यञ्जनादि प्रत्यय परे विसर्ग हो जाता है शेष नामन् के समान रूप चलते हैं।

† पुंस् का स् व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते गिर जाता है पुंस्+भ्याम्=पुंभ्याम्।

स्त्रीलिंग दिव् (द्युलोक) शब्द			स्त्रीलिङ्ग गिर्(वाणी) शब्द			स्त्री० आशिस् (आशीर्वाद)		
ए. व.	द्वि. व.	ब. व.	ए. व.	द्वि. व.	ब. व.	ए०	द्वि०	बहु०
प्र. द्यौः	दिवौ	दिवः	गीः	गिरौ	गिरः	आशीः	आशिषौ	आशिषः
द्वि. दिवम्, द्याम्	दिवौ	,,	गिरम्	,,	,,	आशिषम्	,,	,
तृ. दिवा	द्युभ्याम्	द्युभिः*	गिरा	गीर्भ्याम्	गीर्भिः†	आशिषा	आशीर्भ्याम्	आशीर्भिः
च. दिवे	,,	द्युभ्यः	गिरे	,,	गीर्भ्यः	आशिषे	,,	आशीर्भ्यः
पं. दिवः	,,	,,	गिरः	,,	,,	आशिषः	,,	,,
ष. ,,	दिवोः	दिवाम्	,,	गिरोः	गिराम्	,,	आशिषोः	आशिषाम्
स. दिवि	,,	द्युषु	गिरि	,,	गीर्षु	आशिषि	,,	आशिःषु
सं. द्यौः	दिवौ	दिवः	गीः	गिरौ	गिरः	आशीः	आशिषौ	आशिषः

* दिव् शब्द का द्यु हो जाता है जब उसके परे व्यञ्जनादि प्रत्यय हो जैसे दिव्+भिः=द्युभिः ।

एक दूसरा शब्द द्यो स्त्रीलिङ्ग (द्युलोक) है जिसके रूप गो के समान चलते हैं जैसेः—

प्र० द्यौः	द्यावौ	द्यावः
द्वि० द्याम्	द्यावौ	द्याः
तृ० द्यवा	द्योभ्याम्	द्योभिः
च० द्यवे	,,	द्योभ्यः
पं० द्योः	,,	,,
ष० द्योः	द्यवोः	द्यवाम्
स० द्यवि	,,	द्योषु
सं० द्यौः	द्यावौ	द्यावः

† गिर्, पुर्, धुर्, और आशिस् आदि शब्दों के उपधा का स्वर व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते दीर्घ हो जाता है जैसे गिर् का गीर्भिः

पुर् (स्त्री.) के रूप

पूः	पुरौ	पुरः
पुरम्	पुरौ	पुरः
पुरा	पूर्भ्याम्	पूर्भिः

इत्यादि होते हैं ।

स्त्रीलिङ्ग अप् (जल) शब्द के रूप (यह केवल बहुवचन में आता है।)	नपुंसक लिङ्ग हविस् (होम का द्रव्य)			पुँल्लिङ्ग सम्राज् शब्द के रूप (राजाओं का राजा)		
बहु वचन	ए०	द्वि०	बहु०	ए०	द्वि०	बहु०
प्र० आपः	हविः	हविषी	हवींषि	सम्राट् सम्राड्	सम्राजौ	सम्राजः
द्वि. अपः	,,	हविषी	,,	सम्राजस्	सम्राजौ	सम्राजः
तृ. अद्भिः	हविषा	हविर्भ्याम्	हविर्भिः	सम्राजा	सम्राड्भ्याम्	सम्राड्भिः
च. अद्भ्यः	हविषे	,,	हविर्भ्यः	सम्राजे	,,	सम्राड्भ्यः
पं. ,,	हविषः	,,	,,	सम्राजः	,,	,,
ष. अपाम्	,,	हविषोः	हविषाम्	,,	सम्राजोः	सम्राजाम्
स. अप्सु	हविषि	,,	हविःषु	सम्राजि	सम्राजोः	सम्राट्सु
सं. आपः	हविः	हविषी	हवींषि	सम्राट् सम्राड्	सम्राजौ	सम्राजः

शब्द

सन्यासिन् (वि) = सन्यासी

वन् (आ. ८) = मांगना

कृ (८ प. आ) = करना

वशी पूर्व. कृ = वश में करना, जीतना

अङ्गी पूर्व. कृ = स्वीकार करना

आविष् पूर्व कृ = प्रकट करना

तिरस् पूर्व. कृ = तिरस्कार करना, निरादर करना

प्रति पूर्व. कृ = बदला लेना, इलाज करना

कुर्वत् [(वि.) कृ + शतृ] = करता हुआ

वयस् (न.) = आयु, उमर, पक्षी

पूर्वाह्णः = दिन का पहला पहर

अपराह्णिक (वि.) = दिन के दूसरे पहर सम्बन्धी

यावत् (अव्यय) = जबतक

अमुत्र (अव्यय) = उस लोक में

इह (अव्यय) = इस लोक में

स्मरः = काम (देव), प्रेम

सुखम् (क्रियाविशेषण) = सुख से

उद् + स्था (उत्तिष्ठ् १ प.) = उठना

उद् + स्था + णिच् (उत्थाप् १०) = उठाना

श्वः (अव्यय) = कल (आनेवाला)

ह्यः (अव्यय) = कल (जो बीत गया)

मध्यम-मध्य (वि) = बीच का

शिखरं = चोटी

प्रवादः = बातचीत, खबर

चौरः = चोर

रवः = शब्द

नादः = शब्द

मध्यं, मध्यमं = बीच

मर्कटः = बन्दर

कुप् (४ प.) = क्रोध करना

पुर् (स्त्री.) = नगर

कियत् (वि) = कितना

मण्डलम् = घेरा

गौरवं = बड़ाई

आसक्त (वि) = लगा हुआ
पूज्य (वि) = पूजने योग्य
पाणि (पु.) = हाथ
वि पूर्व. मृश् [६ प.] = विचारना, छूना
वि पूर्व. ज्ञा (जानना) + णिच् [ज्ञाप् १०] = बताना
पलायमान (वि) = (परा का पला हो जाता है) = परा पूर्व. अय् [१ आ. दौड़ना] + शानच् = भागता हुआ
अनुक्षणं (अव्यय) = हरक्षण पर अथवा बार बार
साध् + णिच् (१०) = सिद्ध करना, वश में करना
अनवसर (वि) = जिसका अवसर नहीं है
घण्टा = घण्टा

कियत् शब्द में जब अपि जोड़ा जाता है तो कुछ अर्थ होता है।

पुर (न०) = नगर
व्यापादित = वि, आ पूर्व. पद् (४ आ.) + णिच् + क्त = मारा गया
वद् + णिच् (वाद् १०) = बोलवाना, बजाना
खाद् (१ प.) = भोजन करना, खाना

कथा ।

अस्ति श्रीपर्वतमध्ये ब्रह्मपुरं नाम नगरम् । तस्य शिखरे घण्टाकर्णो नाम राक्षसः प्रतिवसतीति जनानां प्रवादः जातः । एकदा घण्टामादाय पलायमानः कश्चित् चौरो व्याघ्रेण व्यापादितः । तस्य पाणेः पतिताघण्टा वानरैः प्राप्ता । वानरास्तां घण्टां प्रतिक्षणं वादयन्तिस्म । ततो नगरस्य जनैः स खादितो मनुष्यः दृष्टः प्रतिक्षणं घण्टाया रवश्चश्रुतः । अनन्तरं घण्टाकर्णः कुपितो मनुष्यान् खादति घण्टां च वादयतीत्युक्त्वा सर्वेजना नगरात्पलायिताः । ततः करालया नाम नार्या विमृश्य यत् अनवसरोऽयं घण्टा-

नाद: तदवश्यं मर्कटा घण्टां वादयन्ति इति स्वयं विज्ञाय राजा विज्ञापित:—देव यदि कियत्तोऽपि धनस्य व्यय: क्रियते, तदाहमेनं घण्टाकर्णं साधयामीति ततो राज्ञा तस्यै धनं दत्तम् । तया च मण्डलं कृत्वा तत्र गणेशादीनां पूजागौरवं दर्शयित्वा स्वयं वानरप्रियाणि फलानि आदाय वनं प्रविश्य फलानि क्षिप्तानि । ततो घण्टां परित्यज्य वानरा: फलासक्ता अभवन् । सा च घण्टां गृहीत्वा नगरमागता सर्वजनेषु पूज्या चाभवत् ।

संस्कृतवाक्यानि ।

भवत: सहायतया विपदं प्रत्यकुर्म । ब्रह्मचर्य्यव्रतं कुर्वीत । ब्रह्मचर्य्येण तपसा देवा मृत्युमजयन् । यदुचितं भवेत् तत्करोतु भवान् । राजनि वयं प्रीतिमाविष्कुर्वीमहि । ब्राह्मणा धनं वन्वते ।

पूर्वे वयसि तत्कुर्यात् येन वृद्ध:सुखं वसेत् ।
सकलजीवने तत्कुर्यात् येनामुत्र सुखं भवेत् ॥
श्व:कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम् ।
नहिप्रतीक्षते मृत्यु: कृतं केन न वा कृतम् ॥

भाषा

वे यज्ञ फैलावें । उसकी कीर्ति तुमने फैलाई । राजपुत्र ने अधर्म किया । हम सब लोग अपना प्रयोजन सिद्ध करें । धर्म करो यश फैलावो और विद्या पढ़ो । ब्राह्मणों ने भिक्षा मांगी क्योंकि कि यदि वे धन का उपार्जन करें तो मानों पाप करते हैं । हम काशी यात्रा करते हैं । वह पानी मांगता है । तुम अपनी अल्पबुद्धि प्रकट करते हो । राम ने यज्ञ को किया (तन्) । तू ने और राम ने पाप किया है ।

हमदोनों अपनी कीर्ति फैलाएं और अध्ययन करें । हम सब सन्ध्या करें (लोट्) । वह अपनी इन्द्रियों को सुख से वश में करता है । हम सब ने उसकी आज्ञा स्वीकार की । आज का काम कल के लिए नहीं उठाना चाहिए ।

षष्ठ पाठ

कृत्प्रत्यय

संस्कृत में धातुओं में (संज्ञा, विशेषण तथा अव्यय बनाने के हेतु) जो प्रत्यय जोड़े जाते हैं उनको कृत्प्रत्यय कहते हैं ।

संस्कृत प्रथम पुस्तक में कुछ प्रसिद्ध कृत्प्रत्यय बता चुके हैं । इस पुस्तक में मुख्य कृत्प्रत्यय अच्छे प्रकार बतावेंगे ।

(१) विशेषण बनानेवाले कृत्प्रत्यय

१. (i) शतृ (अत्)—शतृप्रत्ययान्त रूप बनाने का सरल नियम यह है कि धातु के वर्तमान काल प्रथम पुरुष के बहुवचन का रूप लो और उसका प्रत्यय गिरा दो और फिर अत् जोड़ दो । यदि धातु परस्मैपदी है तो शतृप्रत्ययान्त रूप बन जावेंगे जैसे भू+शतृ (अत्)=भवत्=होते हुए । भव्+अन्ति का अन्ति निकाल कर अत् जोड़ा ।

(ii) शानच्=(आन, मान) यदि धातु आत्मनेपदी हो तो वर्त्तमान काल के प्रथम पुरुष के बहुवचन के रूप के प्रत्यय अन्ते (न्ते) वा अते गिराकर शानच् प्रत्यय जोड़

दो शानच्प्रत्ययान्त रूप बन जावेंगे। भ्वादि (१) दिवादि (४) तुदादि (६) और चुरादि (१०) गणों की धातु में मान जोड़ा जाता है (अर्थात् अकारान्त अङ्ग में) जैसे सेवमान=सेवा करते हुए। मन्यमान=विचारते हुए। तुदमान=सताते हुए। कथयमान=कहते हुए। परन्तु शेष (२) (३) (५) (७) (८) (९) गणों की धातुओं में आन जोड़ा जाता है जैसे (८) कुर्वाण=करते हुए। (५) सुन्वान= नचोड़ते हुए। रुन्धान=रोकते हुए। (९) विक्रीणान=बेंचते हुए। (३) दधान= धारण करते हुए। (२) द्विषाण=द्वेष करते हुए।

शतृप्रत्ययान्त और शानच्प्रत्ययान्त शब्द विशेषण होते हैं।

२. * क्त (त) प्रत्यय दुर्बल है। क्त के परे रहते धातु में गुण नहीं होता। सेट्, अनिट्, वेट् का विचार इसमें भी होता है। इसके परे कुछ धातुओं में †सम्प्रसारण हो जाता है जैसे वच्+क्त‡=उक्त, प्रच्छ्+क्त=‡पृच्छ्+क्त=पृष्ट, स्वप्+क्त=सुप्त।

---

* क्त प्रत्ययान्त रूप को कभी २ भाव अर्थ में नपुंसकलिङ्ग संज्ञा करके भी प्रयुक्त करते हैं जैसे गतं=गतिः, कृतं=काम [नपुंसके भावे क्तः। पा० ३. ३. ११४]

† (६२ सन्धि) य्, र्, ल्, व् का इ, ऋ, ऌ, उ होना सम्प्रसारण है।

‡ वच्+क्त=उच्+त (६२)=उक्+त (४७ सन्धि)=उक्त। पृच्छ्+क्त=पृष्+त (५५)=पृष्ट (३१)

* धातु के अन्तिम द् और र् के परे क्त का न हो जाता है और फिर पूर्व. द् का भी न हो जाता है जैसे भिद्+क्त=भिद्+न=भिन्न और कुछ संयुक्त अक्षर आदि में रखने वाले आकारान्त अथवा जिनका अन्तिम स्वर आकार हो गया है (६१) उन धातुओं के परे भी क्त का न हो जाता है जैसे ग्लै+क्त=ग्लान=थका हुआ। म्लै+क्त=म्लान=दुःखी हुआ। लू आदि धातुओं से क्त न होता है जैसे लू+क्त=लून। क्त के परे रहते सब स्वरान्त धातु तथा अनिट् व्यञ्जनान्त धातु इ नहीं लेते हैं शेष सेट् धातु इ लेते हैं।

क्त के परे रहते चुरादिगणी तथा णिजन्त धातु का अय गिर जाता है जैसे कथ् का कथित।

कुछ धातुओं का अनुस्वार (=न्) क्त के परे रहते गिर जाता है जैसे गम्+क्त=गत, नम्+क्त=नत, हन्+क्त==हत। कुछ धातुओं का उपधा का स्वर दीर्घ होजाता है। जैसे क्रम्+क्त=क्रान्त, शम्+क्त=शान्त, कुछ धातुओं का उपधा का अनुस्वार गिर जाता है अन्ज्+क्त=अक्त [४७] रन्ज्+क्त=रक्त [४७]।

३. क्तवत् (तवत्)—क्त प्रत्यय में वत् जोड़ने से क्तवत्प्रत्ययान्त रूप बनते हैं जिनका स्त्रीलिङ्ग ई जोड़ने से बनता है जैसे कृ+क्त=कृत, कृत+वत्=कृतवत्=कृ+क्तवत्। कृतवत्+ई=कृतवती।

---

* रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः (पा० ८. २. ४२.)
संयोगादेरातोधातोर्यण्वतः (पा० ८. २. ४३.)
ल्वादिभ्यः। पा० ८. २. ४४।

४. स्यतृ, स्यमान *(स्यत्, स्यमान) जैसे वर्त्तमान काल में शतृ, शानच् लगाये जाते हैं इसी प्रकार भविष्यकाल में होते हुए अर्थ प्रकट करने को स्यतृ और स्यमान क्रम से परस्मैपदी और आत्मनेपदी धातु में लगाए जाते हैं। लट् धातु का रूप बनाकर उसके प्रत्यय, ति, ते आदि अलग करदो और परस्मैपदी धातु में त् और आत्मनेपदी धातु में मान जोड़दो इनके रूप बन जावेंगे। करिष्यति का ति अलग किया करिष्य + त् = करिष्यत् (जो करने को होगा) करिष्यमाण (जो करने को होगा) दृश् + स्यतृ = द्रक्ष्यत्। शतृ, शानच् प्रत्ययान्त पश्यत्, सेवमान शब्दों के समान इनके रूप चलेंगे यह और क्त और क्तवत् प्रत्यय विशेषण बनाते हैं।

कृत्यप्रत्यय—तव्य, अनीय, (अनीयर्) य (यत्, क्यप्, ण्यत्)

५. कृत् प्रत्ययों में से जो कृत् प्रत्यय धातुओं में कर्मवाच्य वा भाववाच्य अर्थ प्रकट करने में जोड़े जाते हैं उनको कृत्य प्रत्यय कहते हैं।

†कृत्यप्रत्ययों के योग में तृतीया विभक्ति और विकल्प करके षष्ठी विभक्ति आती है जैसे तत् मया कर्त्तव्यम् अथवा तत् मम कर्त्तव्यम् = (अर्थ दोनों वाक्यों का एकही है अर्थात्) मुझ को वह करना चाहिए।

---

* लट् के समान स्यतृ, स्यमान भी प्रबल प्रत्यय हैं जो काम लट् में करना पड़ता है वही इन में भी॥

† कृत्यानां कर्तरिवा [पा० २. ३. ७१] = कृत्यानां योगे कर्तरि वा षष्ठीस्यात्

तव्य, अनीयर् (अनीय) और यत् , ण्यत् , क्यप् (य)—प्रत्यय धातु में कर्मवाच्य वा भाववाच्य में इस अर्थ में आते हैं कि कर्त्ता से " ऐसा किया जाना चाहिए" अथवा "कर्त्ता से ऐसा किया जावेगा" "कर्त्ता से ऐसा होना योग्य है वा ऐसा किया जाना योग्य है" जैसे मयाधनंदातव्यम्=मुझको धन देना चाहिए, मया दक्षिणा दानीया= मुझको दक्षिणा देना चाहिए। मया श्लोक: श्रवणीय:=मुझ को श्लोक सुनना चाहिए।

(१) जब कोई कर्म नहीं होता है जिसकी प्रथमा विभक्ति इनके साथ रक्खी जावे तो यह नपुंसकलिङ्ग प्रथमा एक वचन में रक्खे जाते हैं जैसे मया पठितव्यम्= मुझको पढ़ना चाहिए। त्वया कदापि तत्र न गमनीयम्=तुझको वहां कदापि नहीं जाना चाहिए। मया देयम्=मुझको देना चाहिए ॥

(२) तव्य, अनीयर्, यत् प्रत्ययान्त रूप (तीनों लिङ्गों में) विशेषण होते हैं।

(३) तव्य, अनीय और य प्रबल प्रत्यय हैं अतएव धातु का अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्वस्वर का इनके परे रहते गुण हो जाता है। तव्य के रूप में इ आवेगा यदि धातु सेट् है और इ नहीं आवेगा यदि धातु अनिट् है दा=दातव्य, दानीय। श्रु=श्रोतव्य, श्रवणीय। बुध्=बोधितव्य, बोधनीय। कृ= कर्तव्य, करणीय ॥

(४) यत् (य) के परे आकारान्त धातुओं का तथा जो आकारान्त मानी जाती हैं (ए, ऐ, ओ कारान्त) उनका आ ए होजाता है जैसे दा—देय, गै=गेय, नी— नेय।

यत् (य) के परे रहते धातु के ओ का (जो गुण होने से बना हो) अव् हो जाता है जैसे श्रु = श्रो + यत् = श्रव्य, भू = भो + यत् = भव्य ।

*ण्यत् (य) के परे यदि धातु के अन्त में ऋ है तो उसकी वृद्धि हो जाती है जैसे कृ + ण्यत् (य) = कार्य ।

(५) † यदि धातु के अन्त में ह्रस्व स्वर है तो क्यप् के य के पूर्व एक त् और आजाता है जैसे स्तु + क्यप् = स्तुत्य, कृ + क्यप् = कृत्य इत्यादि ।

यह प्रत्यय विशेषण बनाते हैं ।

(२) अव्यय बनाने वाले कृत्प्रत्यय ।

१. तुमुन् (तुम्)—इस प्रत्यय के परे रहते यदि धातु सेट् है तो उसके अन्त में इ लगेगी यदि अनिट् है तो इ नहीं लगेगी और यदि वेट् है तो

---

* कुछ धातुओं में ण्यत् (य) जोड़ा जाता है कृ भी एक वैसा ही धातु है जिसमें ण्यत् जोड़ा है । ण्यत् में ण् गिर जाता है और त् गिर जाता है य शेष रहता है और यह बता चुके हैं कि जिस प्रत्यय में ण् गिरेगा तो धातु में वृद्धि होगी अतएव कृ में वृद्धि हुई ॥

† ह्रस्वस्य पिति कृतितुक् [पा॰ ६. १. ७१.] = यदि धातु के ह्रस्वस्वर के परे ऐसा प्रत्यय हो जिसमें प् गिरता है (जैसे क्यप् में) तो उस प्रत्यय के पूर्व एक त् जोड़ दिया जाता है ।

विकल्प करके इ लगेगी। तुमुन् प्रत्यय प्रबल है अतः इसके परे धातु के अन्तिम स्वर का वा उपधा के स्वर का गुण होजाता है जैसे कृ+तुमुन्=कर्तुम्, भू+तुमुन्=भू+इ+तुमुन्=भो+इ+तुमुन्=भवितुम्, इ+तुमुन्=एतुम्, चुर्+तुमुन्=चोरयितुम्। (चुरादिगणी सब धातुएं सेट् होती हैं) तुमुन् प्रत्ययान्त शब्द अव्यय हैं। तुमुन् प्रत्ययान्त रूप बनाने की सरल रीति यह है कि लुट् लकार का रूप बनाओ और उसका प्रत्यय (ता) गिराकर तुम् जोड़ दो जैसे गन्ता गन्तुम्, भविता भवितुम्, कथयिता कथयितुम्।

२. क्त्वा (त्वा)—दुर्बल प्रत्यय है, क्त प्रत्यय के समान इसके साथ भी कुछ धातुओं का अनुस्वार (न्) गिर जाता है और उपधा का स्वर दीर्घ हो जाता है जैसे शम्+क्त्वा=शान्त्वा, मन्+क्त्वा=मत्वा। संक्षेपतः प्रायः क्त्वा प्रत्यय परे रहते वही सब कार्य्य करना पड़ता है जो क्त प्रत्यय परे रहते करना पड़ा था यदि त (क्त) हटा कर उसके स्थान में त्वा (क्त्वा) रक्खो क्त्वाप्रत्ययान्त रूप बन जावेंगे। ज्ञात, ज्ञात्वा।

परन्तु केवल चुरादिगणीधातु और णिजन्तु धातु का विकरण अय क्त्वा प्रत्यय परे रहते बना रहता है परन्तु क्त परे रहते गिर जाता है जैसे कथित, कथयित्वा चोरयित्वा, चोरित।

३. ल्यप् (य)—यदि धातु में उपसर्ग जुड़ा हो तो क्त्वा के स्थान में ल्यप् (य) जोड़ा जाता है जैसे विचार्य (विचार करके) आदाय=लेकर।

यदि स्वरान्त धातु का स्वर ह्रस्व है तो य में त् जोड़ा जाता है जैसे निस्+चि+ल्यप्=निश्चित्य। परा+जि+ल्यप्=पराजित्य। क्त्वा, ल्यप् अव्यय बनाते हैं।

४. णमुल् (अम्) प्रत्यय भी धातुओं में उसी अर्थ में जोड़ा जाता है जिस अर्थ में क्त्वा प्रत्यय जोड़ा जाता है और णमुल् प्रत्ययान्त रूप अव्यय होते हैं। इस प्रत्यय के परे रहते धातु के उपधा के ह्रस्वस्वर का गुण और धातु के अन्तिम स्वर की वृद्धि हो जाती है और उपधा के ह्रस्व अ की प्रायः वृद्धि होजाती है जैसे नी+णमुल् नायम्=लेजाकर। दा+णमुल्=दायम्=देकर। ग्राहम्=ग्रहण करके। हस्तग्राहम् =हाथ पकड़ कर।

(३) संज्ञा बनाने वाले कृत्प्रत्यय

तृच् वा तृन् (तृ), ण्वुल् (अक), णिनि (इन्)

१. धातुओं में तृन्, तृच्, (तृ) ण्वुल् (अक) और णिनि (इन्) जोड़ने से संज्ञा शब्द बनते हैं जिनका अर्थ कर्त्ता का (अर्थात् उन्हीं क्रियाओं का करनेवाला) होता है जैसे नी+अक=नायक=ले जाने वाला, नी+तृ=नेतृ=ले चलने वाला, पठ्+णिनि (इन्)=पाठिन्=पढ़ने वाला।

तृच्, तृन्, ण्वुल्, णिनि सब प्रबल प्रत्यय हैं। विशेषणों की तरह भी इनका प्रयोग होता है। तृच्, तृन् प्रत्यय के परे धातु के अन्तिम स्वर अथवा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण हो जाता है जैसे नी+तृ=नेतृ, वच्+तृ= वक्तृ, युध्+तृ=योद्धृ। ण्वुल् (अक) णिनि (इन्) प्रत्यय के परे धातु के अन्तिम स्वर वा उपधा के अ की वृद्धि हो जाती है और उपधा के शेष ह्रस्व स्वर का (अ को छोड़ सब स्वरों का) गुण हो जाता है। नी=नै+ण्वुल् (अक)= नायक, वस्+णिनि=वासिन्। आकारान्त धातु ण्वुल् (अक) और णिनि (इन्)

के पूर्व एक य् लेते हैं जैसे दा+अक=दायक, स्था+इन्=स्थायिन्। *

† तृच्, तृन् प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्रीलिंङ्ग ई जोड़ने से बनता है जैसे कर्तृ+ई=कर्त्री, नेतृ+ई=नेत्री और णिनि प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्रीलिङ्ग ई जोड़ने से बनता है जैसे वासिन्—वासिनी। और ण्वुल् प्रत्ययान्त शब्दो का स्त्रीलिङ्ग ‡ आ जोड़नेसे बनता है जैसे नायक—नायिका ¶ अकप्रत्ययान्त शब्दों के स्त्रीलिङ्ग में पूर्व के अ का इ हो जाता है नायक के य का यि हुआ।

क्तिन् (ति) ल्युट् (अन) घञ् (अ)

२. ति, अन और अ प्रत्यय धातु में जोड़ने से धातु की संज्ञा भाव अर्थ में बनती है जैसे गम्+क्तिन् (ति)=गति (स्त्री.)=जाना। गम्+अन

---

* तृच् और तृन् में इतना भेद है कि तृन् के योग में द्वितीया और तृच् के योग में षष्ठी आती है जैसे नराणां नेता। स राजा न्यग्भावयिता शत्रून्=वह राजा शत्रुओं को लचानेवाला। यहां पहेले वाक्य में तृच् है और दूसरे वाक्य में तृन् है। आतोयुक् चिण्कृतोः [पा० ७. ३. ३३] अचोञ्णिति। पा० ७. २. ११५

† ऋन्नेभ्योङीप् (पा० ४. १. ५.)=ऋकारान्त और नकारान्त शब्दों का स्त्रीलिङ्ग ई (ङीप्) जोड़ने से बनता है।

‡ अजाद्यतष्टाप् [४. १. ४.]

¶ प्रत्ययस्थात्कात्पूर्वस्यात इदाप्यसुपः [पा० ७. ३. ४४]।

(ल्युट्) = गमन (नं०) = जाना, आ + गम् + अ (घञ्) = आगम (पु.) = आना ॥

(१) * ति (क्तिन्) प्रत्यय दुर्बल है उसके परे रहते धातुमें वही परिवर्त्तन होते हैं जो क्त के परे रहते होते हैं । इसकी बनी हुई संज्ञा सदैव स्त्रीलिंग होती है वच् + क्तिन् = उक्ति, मुच् + क्तिन् = मुक्ति। बुध् + क्तिन् = बुद्धि ।

(२) अन (ल्युट्) प्रबल प्रत्यय है इसके परे रहते धातु के अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण होता है । इस प्रत्यय से बनी हुई संज्ञा सदैव नपुंसकलिङ्ग होती है जैसे भू = भो + अन = भवन (नं०), हन् + अन = हनन (नं०) बुध् + अन = बोधन, मुच् + अन = मोचन, वच् + अन = वचन ।

(३) † अ (घञ्) भी प्रबल प्रत्यय है इसके परे रहते धातुके अन्तिम स्वर की वृद्धि और उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण होता है किन्तु यदि उपधा में अ है तो अ की वृद्धि होगी । अन्तिम च् वा ज् इस प्रत्यय के परे रहते क् वा ग् क्रम से होजाते हैं। पच् + अ = पाकः, युज् + अ = योगः (पु.) । इस प्रत्यय से बनी हुई संज्ञा पुँल्लिङ्ग होती हैं । भू + अ = भौ + अ = भावः, बुध् + अ = बोधः ।

---

* क्ङिति च । पा. १. १. ५ = जिस प्रत्यय में क् वा ङ् गिरे उसके परे रहते गुण वृद्धि नहीं होते हैं ।

† अचोञ्णिति । पा० ७. २. ११५

यत्, ण्यत्, क्यप् (य)

इन कृत्प्रत्ययों का कुछ हाल ऊपर बता चुके हैं। अब विशेष हाल बताते हैं।

* यत् प्रत्यय उन धातुओं से आता है जिनके अन्त में स्वर हो। दा + यत् = देय = देने योग्य, नी + यत् = नेय = ले चलने योग्य।

जिन धातुओं के अन्त पर पवर्ग और उपधा में अ हो वह तथा कुछ और व्यञ्जनान्त धातुएं भी यत् लेते हैं जैसे रम् + यत् = रम्य = रमण करने योग्य, हन् + यत् = वध्य = मारने योग्य (हन् का वध् हो जाता है जब यत् प्रत्यय परे हो)।

क्यप् प्रत्यय सामान्यतः उन धातुओं से आता है जिनके उपधा में ऋ हो तथा इ और स्तु आदि धातु से आता है जैसे वृध् + क्यप् = वृध्य = बढ़ाने योग्य, इ + क्यप् = इत्य = जाने योग्य, शास् + क्यप् = शिष्य = सिखाने योग्य, कृ + क्यप् = कृत्य = जो करने योग्य हो। भृ + क्यप् = भृत्य = जो पोषण करने योग्य हो = नौकर।

† ण्यत्—व्यञ्जनान्त धातु तथा ऋकारान्त धातुओं से ण्यत् प्रत्यय आता है। इसके परे रहते धातु के उपधा के अ और अन्तिम स्वर की वृद्धि होती है और धातु

---

* अचोयत् (पा० ३. १. ९७.)

† ऋहलोर्ण्यत्। पा० ३. १. १२४। ण्यत् में ण् गिरता हैं इस लिए इसके परे रहते वृद्धि होजाती है।

के उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण होता है। जैसे कृ+ण्यत्=कार्य्य=जो करने योग्य हो। भृ+ण्यत्=भार्य जिसका स्त्रीलिङ्ग, भार्या=जो पोषण करने योग्य हो अर्थात् धर्मपत्नी, है। वच्+ण्यत्=वाच्यम्=कहने योग्य। भुज्+ण्यत्=भोज्यम्=अन्न।

ह्रस्व वा दीर्घ उकारान्त धातुओं से ण्यत् प्रत्यय आता है जैसे=लू+ण्यत =लाव्यम्=काटने योग्य।

धातुओं से संज्ञा तथा विशेषण बनाने वाले प्रसिद्ध कृत्प्रत्यय।

* अच् (अ)—यह पच् आदि धातुओं से करने वाला अर्थ में आता है जैसे पच्+अच्=पचः=भोजन पकाने वाला। चुर्+अच्=चोरः=चोरी करने वाला। अर्ह्+अच्=अर्ह=योग्य।

इकारान्त धातु तथा कुछ और धातुओं से भाववाची संज्ञा शब्द बनाने में अच् प्रत्यय आता है जैसे जि+अच्=जयः=जीत। वृष्+अच्=वर्षः=पानी बरसना। भी+अच्=भयम्=डर। भय को छोड़ अच्प्रत्ययान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं।

† अण् (अ)—यह धातुओं से उस समय आता है जब उनके पूर्व कोई कर्म जुड़ा हो जैसे कुम्भं करोतीति=कुम्भकारः=कुम्भ+कृ+अण्।

---

* नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः। पा० ३. १. १३४.
एरच्। पा० ३. ३. ५६।

† कर्मण्यण् पा० ३. २. १.

* अप (अ)—ऋकारान्त और उकारान्त धातुओं से भाववाची संज्ञा बनाने में आता है जैसे आ+दृ+अप्=आदरः। वि+स्तृ+अप्=विस्तरः=फैलाउ। भू+अप्=भवः। कुछ धातुएं घञ् अथवा अप् प्रत्यय लेते हैं भेद केवल इतना है कि घञ् के परे रहते पूर्व स्वर की वृद्धि होती है परन्तु अप् के परे रहते वृद्धि नहीं होतीं है जैसे हस्+अप्=हसः, हस्+घञ्=हासः।

वि+स्तृ+अप्=विस्तरः। वि+स्तृ+घञ्=विस्तारः॥ शब्दों के फैलाउ को विस्तर कहते हैं और अन्य वस्तुओं के फैलाउ को विस्तार कहते हैं।

† क (अ)—जिन धातुओं की उपधा में इ, उ, ऋ, वा लृ होता है उनसे और ज्ञा, प्री और कॄ धातुओं से 'करने वाला' अर्थ में क प्रत्यय आता है जैसे बुध्+क=बुधः=पण्डित। लिख्+क=लिखः=लिखनेवाला। प्री+क=प्रियः=प्यारा। ज्ञा+क=ज्ञः=जानने वाला।

‡ आकारान्त धातुओं से क प्रत्यय आता है जैसे नृ+पा+क=नृपः। सुस्थः।

---

* ऋदोरप्। पा० ३. ३. ५७।

† इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः [पा० ३. १. १३५] ज्ञा में जब क का अ जुड़ा तो ज्ञा का आ पहेले गिर गया और फिर ज्ञ्+अ=ज्ञ हो गया (आतो लोपइटिच। पा० ६. ४. ६४)

‡ आतश्चोपसर्गे। पा० ३. १. १३६=उपसर्ग सहित आकारान्त धातु क लेते हैं। आतोऽनुपसर्गेकः [पा. ३. २. ३]=यदि उपसर्ग न हो कर्म पहेले हो तो भी आकारान्त धातु क लेते हैं

खल् (अ)—जब धातु का उपसर्ग दुर् वा सु हो तो उस से खल् प्रत्यय आता है जैसे दुर्+कृ+खल्=दुष्करः=जो कठिनता से किया जाय। सु+कृ+खल्=सुकरः=जो आसानी से किया जाय।

खच् (अ)—यह कुछ ऐसी धातुओं में जोड़ा जाता है जिनके पहेले कर्म्म जुड़ा होता है और जिस ऐसी धातु में खच् जोड़ा जाता है उसके पूर्वस्थित कर्म्म के पश्चात् एक म् जोड़ दिया जाता है जैसे प्रिय+वद्+खच्=प्रियंवदः=प्रिय बोलने वाला। भय+कृ+खच्=भयङ्करः। तुरङ्गमः।

* घञ्—हलन्त आदि धातुओं में घञ् प्रत्यय जोड़ा जाता है और पुँल्लिङ्ग संज्ञा बनाता है जैसे भू+घञ्=भावः=पदार्थ। पद्+घञ्=पादः=पैर। कुप्+घञ्=कोपः।

† खश् (अ)—अपने पूर्व कर्म्मपद रखने वाली तुद्, तप्, मन् आदि धातुओं से खश् प्रत्यय आता है और इसके पूर्वस्थ कर्म्म के पश्चात् एक म् आ

---

* घञ् में ञ् गिरता है इस कारण इसके परे रहते उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण और उपधा के अ की और अन्तिम स्वर की वृद्धि होती है (अचोञ्णिति। पा० ७. २. ११५) और जब घञ्प्रत्ययान्तधातु में कोई उपसर्ग जुड़ा हो तो वह उपसर्ग विकल्प करके दीर्घ होता है यदि मनुष्य अर्थ नहो जैसे प्रतिकार वा प्रतीकार।

उपसर्गस्यघञि अमनुष्ये बहुलम्।

† अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम्। पा० ६. ३. ६७=अरुस्, द्विषत्, वा स्वरान्त शब्द जब किसी धातु के पूर्व हो और धातु में ऐसा प्रत्यय लगा हो जिसमें ख गिरता होतो धातु के पूर्व उस शब्द के वाद एक म् आ जाता है।

जाता है जैसे अरुंषि (=मर्माणि) तुदति इति अरुन्तुद: =मर्मस्थल को कष्ट देने वाला। ललाटंतपति इति ललाटंतप: =ललाट+तप्+खश्=मत्थे को तपाने वाला। पण्डित+मन्+खश्=पण्डितंमन्य: =जो अपने आप को पण्डितमाने।

* ट (अ) अधिकरण वाची शब्द पूर्वक चर् धातु से तथा दिवा आदि पूर्वक कृ से ट प्रत्यय आता है, जैसे जलचर:, वनचर:, दिवाकर:, प्रभाकर:,

† ड (अ)—यह प्रत्यय गम् धातु से जब उसके पूर्व अन्तआदि शब्द हों और कुछ विशेष अवस्थाओं में जन् धातु से जोड़ा जाता है जैसे अन्त+गम्+ड= अन्तग: =जो अन्त तक जाता है। अध्वन्+गम्+ड=अध्वग: =मुसाफ़िर। अनु +जन्+ड=अनुज: =छोटा भाई। पङ्क+जन्+ड=पङ्कज:। तुरग:।

अ, अङ्—प्रत्ययान्त अर्थात् बनाए हुए धातुओं तथा उपधा में दीर्घ स्वर रखने वाली व्यञ्जनान्त धातुओं से अ और भिद् आदि धातुओं से अङ् भाववाची संज्ञा बनाने के लिए आते हैं और यत: इनसे बना हुआ शब्द स्त्रीलिङ्ग में ही प्रयुक्त होता है इस कारण उसका स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए आ (टाप्) जोड़ देते हैं जैसे कृ+सन् +अ+टाप्=चिकीर्षा=करने की इच्छा। पा+सन्+अ+टाप्=पिपासा=प्यास

* चरेष्ट: पा० ३. २. १६.

† जिस प्रत्यय में ड् गिरता है उसके परे रहते धातु की टि (अन्तिम स्वर वा अन्तिम व्यञ्जन अपने पूर्व स्वर सहित) का लोप होता है गम् के अम् का लोप हुआ ग्+अ=ग रह गया।

ईह्+अ+टाप्=ईहा । ऐसे ही पीड़ा, बाधा में अ है । भिद्+अङ्+टाप्=भिदा=भेद । श्रत्+धा+अङ्+टाप्=श्रद्धा । चिन्त्+अङ्+टाप्=चिन्ता । कृप्+अङ्+ टाप्=कृपा ।

*ण्वुल् (अक)— धातुओं से कर्त्ता अर्थ में ण्वुल् प्रत्यय आता है जैसे कृ+ण्वुल्=कारकः=करनेवाला । पच्+ण्वुल्=पाचकः=पकाने वाला । जन्+ण्वुल्=जनकः ।

ल्यु (अन)—नन्द् आदि धातुओं से विशेषण बनाने में आता है जैसे नन्द्+ल्यु=नन्दन (वि)=आनन्द देने वाला ।

* ल्युट् (अन)—सबधातुओं से भाववाची नपुंसकलिङ्ग संज्ञा बनाने के लिये आता है जैसे हस्+ल्युट्=हसनम्=हंसना । पा+ल्युट्=पानम्=पीना । गम्+ल्युट्=गमनम्=जाना ।

कि (इ)—यह दा और धा धातुओं से आता है और पुँल्लिङ्ग संज्ञा बनाता है जैसे सम्+धा+कि=संधि (पु) । वि+धा+कि=विधि (पुं)

---

* युवोरनाकौ । पा० ७. १. १.=वु का अक और यु का अन होजाता है इसलिए ण्वुल् का अक और ल्युट् का अन होता है । ण्वुल् और णिनि में ण् गिरता है अतएव अन्तिम स्वर और उपधा के अकार की वृद्धि होती है । आचोञ्णिति पा० ७. २. ११५ ।

णिनि (इन्)—यह ग्रहादि धातुओं से 'करने वाला' अर्थ में आता है जैसे स्था + णिनि = स्थायिन् (वि) = टिकनेवाला। वेदपाठिन्। ऋतुगामिन्।

उ—यह सन्नन्त धातुओं से तथा इष्, भिन्न् आदि से संज्ञा बनाने के लिए आता है जैसे कृ + सन् + उ = चिकीर्षुः = करने की इच्छाकरने वाला। इच्छुः = इच्छा करने वाला। भिक्षुः।

* क्विप्—(क्विप् का कुछ बाक़ी नहीं रहता सब गिर पड़ता है) यह रुद् आदि धातुओं से आता है जैसे सर्व + दृश् + क्विप् = सर्वदृश् = सब देखने वाला। मर्मन् + स्पृश् + क्विप् = मर्मस्पृश् = मर्मस्थल छूनेवाला। टीका + कृ + क्विप् = टीकाकृत्* = टीका करनेवाला। गम् + क्विप् = जगत्। वच् + क्विप् = वाच्।

क्विन्, कञ् और क्स—यह सर्वनाम पूर्वक दृश् धातु से सदृश अर्थ में जोड़े जाते हैं। क्विन् का सब गिर पड़ता है जैसे तद् + दृश् + क्विन् = तादृश् = वैसा। कीदृश्। कञ् के क्, ञ् गिर जाते हैं अ रह जाता है जैसे तद् + दृश् + कञ् = तादृश = वैसा। कीदृश। क्स का क् गिर जाता है स रह जाता है जैसे तद् + दृश् + क्स = तादृक्ष = वैसा। कीदृक्ष।

ष्ट्रन् (त्र)—दा आदि धातुओं से जिस के द्वारा धातु की क्रिया की जावे उसके अर्थ में ष्ट्रन् प्रत्यय आता है जैसे स्तु + ष्ट्रन् = स्तोत्र = जिस (छन्द) से स्तुति की जाने। शस् + ष्ट्रन् = शस्त्र = हथियार (जिस से काटा जावे)। ष्ट्रन्प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

---

* ह्रस्वस्यपिति कृति तुक्। पा० ६. १. ७१।

शब्द

रथकारः = रथ बनाने वाला

उपहत (उप + हन् + क्त) = सताया गया, दबाया गया

दारिद्रयोपहत (वि.) = गरीबी से दबाया गया, गरीब

अधिष्ठान = स्थान

निष्क्रान्त = निस् + क्रम् (४ प. क्राम्) + क्त = निकला

अस्तः = अस्त होना, डूबना

वेला = समय

सूर्यास्तवेला = सूर्यस्य अस्तः तस्यवेला

मंसिका = मञ्जिल

चतुर्भूमिक (वि) = चतस्रः भूमिका यस्य = चौमंज़िला

भ्रष्ट = भ्रंश् (४ प. भ्रश्) + क्त = हटा, गिरा

आरोप्य = आ + रुह् (१ प.) + णिच् + ल्यप् = चढ़ाकर

निक्षिप्तवत् (वि) = नि + क्षिप् (६ प.) + क्तवत् = फेंका

रत = रम् + क्त = युक्त = लगा हुआ

अर्ह् (१ प.) = योग्य होना

लोकः = जन, दुनियां

चिरंतन (वि.) बहुत दिनों का (अव्यय में होनेवाले अर्थ में तन प्रत्यय जोड़ा जाता है।)

गृहं (न.) = घर, परन्तु केवल बहुवचन में पुँल्लिङ्ग होता है

यूथं = समूह

प्रसवः = गर्भ उत्पन्न करना

वेदना = दुःख

प्रसववेदना = प्रसवस्य वेदना

उष्ट्री = ऊंटिनी

दासेरकः = ऊंट

अभिमुख (वि.) = सामने होना

रज्जुका = छोटी रस्सी

कृते (अव्यय) = लिये
पल्लव (पु. न.) = पत्ता
छित्वा = छिद् (काटना) + क्त्वा
अहर्निशं (अव्यय) = (समास) दिन रात
पीवर (वि.) = मोटा, मसीला
पीवरतनुः (वि.) = पीवरा तनुः यस्याः सा
दुग्धं = दूध
तनु = (स्त्री.) = शरीर
चारु (वि.) = सुन्दर
चारुसर्वाङ्गी = जिसके सब अङ्ग सुन्दर थे
निपूर्व वृत् (१ आ.) = लौटना
उप पूर्व. या = समीप जाना
नूतन (वि.) = नया
दुष्कर (वि.) = जो दुःख से किया जाता है
परिपालनं = अच्छे प्रकार पालन
भव्यं = अभ्युदय, खुशहाली
भद्र (वि.) = कल्याण करने वाला
समीचीन (वि.) अच्छा, ठीक
धनिक (वि.) = धनी, धनवाला
द्रव्यं = धन
कलभः = बच्चा (ऊंट वा हाथी का)

ग्रहणं = ग्रहण करना, लेना
रक्षणीय (वि.) = रक्षा करने योग्य
गुर्जरदेशः = गुर्जर नाम का देश
प्रचुर (वि.) = बहुत
रक्षापुरुषः = रक्षा करने वाला आदमी
वृत्तिः = जीविका, नौकरी
प्र + यम् (यच्छ् १ प.) = देना
दुग्धपानम् = दुग्धस्य पानं (पीना) = दूध पीना
निरूपित = नि + रूप् (१० विचारना) + क्त
कुर्वत् = कृ + शतृ (करता हुआ)
रथकारत्वं = रथ बनाने वाला होना
व्यवस्थापित = वि + अव + स्था + णिच् क्त = नियत किया
बहुधनीभूत = बहुधनी + भू + क्त (बहुधन + च्वि + भूत) = बहुत धनी हुआ
आसाद्य = आ + सद् (सीद् ६ प.) + णिच् + ल्यप् = पहुंचकर, प्राप्त कर
बद्धवत् = बन्ध् + क्तवत् = बांधा
संजात = सम् + जन् (जा ४ आ) + क्त = हुआ
परशु (पु.) = कुल्हाड़ी

रथकारस्य कथा

कस्मिंश्चिदधिष्ठाने उज्ज्वलको नाम रथकारः प्रतिवसतिस्म। स चातीव दारिद्र्योपहतः चिन्तितवान् "अहो धिक्, इयं दरिद्रता अस्माकं गृहे! यतः सर्वोऽपि जनः स्वकर्म्मणि रतः तिष्ठति अस्माकं पुनः व्यापारो नात्राधिष्ठाने अर्हति। यतः सर्वेषां लोकानां चिरन्तनाः चतुर्भूमिका गृहाः सन्ति, मम नकिमपिगृहम्। तत् किं मदीयेन रथकारत्वेन प्रयोजनम् ?" इति चिन्तयित्वा देशान्निष्क्रान्तः।

यावत् किञ्चित् वनं गच्छति, तावत् वनमध्ये सूर्य्यास्तवेलायां स्वयूथात् भ्रष्टाम् प्रसववेदनया पीड्यमानामुष्ट्रीमपश्यत्। स च दासेरकेण युक्तामुष्ट्रीं गृहीत्वा स्वस्थानाभिमुखः प्रस्थितः गृहमासाद्य रज्जुकां गृहीत्वा तामुष्ट्रिकां बद्धवान्।

ततश्च तीक्ष्णं परशुमादाय, तस्याः कृते पल्लवनयनार्थं पर्वतस्यैकदेशं गतः। तत्र च नूतनान् कोमलान् बहून् पल्लवान् छित्वा शिरसि आरोप्य, तस्या अग्रे निक्षिप्तवान्। तया च ते शनैः शनैर्भक्षिताः। तत्पश्चात् पल्लवानां भक्षणात् अहर्निशं पीवरतनुः उष्ट्री सञ्जाता। सोऽपिदासेरको महान् उष्ट्रः सञ्जातः। ततः रथकारो नित्यमेव दुग्धं गृहीत्वा स्वकुटुम्बं पालयतिस्म। अथ रथकारो अचिन्तयत्। "अहो किमन्यैः दुष्करकर्म्मभिः यावत् मम एतस्मादेव उष्ट्रीपरिपालनात् अस्य कुटुम्बस्य भव्यं सञ्जातम्। तत्किमन्येन व्यापारेण" इति विचिन्त्य गृहमागत्य स्वप्रियामाह "भद्रे समीचीनोऽयं व्यापारः तव सम्मतिश्चेत्, कुतोऽपि धनिकात् किञ्चित् द्रव्यमादाय मया कलभानाम् ग्रहणाय गुर्जरदेशोगन्तव्यः तावत्त्वया एतौ यत्नेन रक्षणीयौ यावदहमपरामुष्ट्रीं क्रीत्वा समागच्छामीति।" ततश्चगुर्जरदेशं

गत्वा उष्ट्रीं गृहीत्वा स्वगृहमागतः। किं बहुना तेन तथा कृतं यथा तस्य प्रचुरा उष्ट्राः करभाश्च सम्भूताः। ततः तेन महत् उष्ट्रयूथं कृत्वा रक्षापुरुषो नियुक्तः। तस्य वृत्त्यर्थमेकं करभं प्रतिवर्षं प्रयच्छतिस्म। अन्यच्च अहर्निशं तस्य दुग्धपानं व्यवस्थापितम्। एवं ...कारोऽपि नित्यमेव उष्ट्रीकरभव्यापारं कुर्वन् बहुधनीभूतः।

भाषा

उसने बालक को वन में ले जाकर मारा। नेतालोग भविष्य में पुरुषार्थ करते हुए जीतेंगे। सब को धर्म करना चाहिए और सुपात्रों को दान देना चाहिए। गाएं मारने योग्य नहीं हैं। चोर दण्ड देने योग्य है। एक देश में फ़ौज चलानेवाली स्त्री थी। दुष्टों को ताड़ना देना तथा सज्जनों की रक्षा करना राजाओं का परम धर्म है। श्रद्धा से दान देना चाहिए। दुःशासन द्रौपदी को केशों से पकड़ कर सभा में लाया। अच्छा अन्न पकानेवाला कठिनता से मिलता है। मेहनत से सब काम आसानी से करने योग्य हो जाते हैं। ज्ञानी को धन की प्यास नहीं होती है।

सप्तम पाठ

स्वादि (५) गण की धातुओं के रूप ।

स्वादि गण का विकरण (चिन्ह) नु है धातु में नु जोड़ कर पञ्चम पाठ में लिखे हुए प्रत्यय जोड़ने से धातु के रूप बनते हैं ।

सु (५ प० आ) = निचोड़ना के रूप

लट्

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	सुनोति	सुनोषि	सुनोमि	सुनुते	सुनुषे	सुन्वे
द्वि.	सुनुतः	सुनुथः	सुनुवः, सुन्वः*	सुन्वाते	सुन्वाथे	सुनुवहे, सुन्वहे
बहु.	सुन्वन्ति	सुनुथ	सुनुमः, सुन्मः	सुन्वते	सुनुध्वे	सुनुमहे, सुन्महे

लङ्

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	असुनोत्	असुनोः	असुनवम्	असुनुत	असुनुथाः	असुन्वि
द्वि.	असुनुताम्	असुनुतम्	असुनुव, असुन्व	असुन्वाताम्	असुन्वाथाम्	असुनुवहि, असुन्वहि
बहु.	असुन्वन्	असुनुत	असुनुम, असुन्म	असुन्वत	असुनुध्वम्	असुनुमहि, असुन्महि

---

*धातु के अङ्ग का अन्तिम उ विकल्प करके गिर जाता है यदि उसके परे व, म हो किन्तु यदि उ के पूर्व कोई संयुक्त अक्षर है तो उ नहीं गिरता है । यही नियम तनादि गण का था । जैसे सुनुवः, सुन्वः परन्तु आप्नुवः केवल एक ही रूप है ।

लोपश्चास्यान्यतरस्यांम्वोः । पा० ६।४।१०७

लोट्

	प्र०	म०	उ०		प्र०	म०	उ०
ए.	सुनोतु	सुनु*	सुनवानि	ए.	सुनुताम्	सुनुष्व	सुनवै
द्वि.	सुनुताम्	सुनुतम्	सुनवाव	द्वि.	सुन्वाताम्	सुन्वाथाम्	सुनवावहै
बहु.	सुन्वन्तु	सुनुत	सुनवाम	बहु.	सुन्वताम्	सुनुध्वम्	सुनवामहै

विधिलिङ्

	प्र०	म०	उ०		प्र०	म०	उ०
ए.	सुनुयात्	सुनुयाः	सुनुयाम्	ए.	सुन्वीत	सुन्वीथाः	सुन्वीय
द्वि.	सुनुयाताम्	सुनुयातम्	सुनुयाव	द्वि.	सुन्वीयाताम्	सुन्वीयाथाम्	सुन्वीवहि
बहु.	सुनुयुः	सुनुयात	सुनुयाम	बहु,	सुन्वीरन्	सुन्वीध्वम्	सुन्वीमहि

*स्वादि (५) गण में लोट् मध्यमपुरुष एकवचन के प्रत्यय (हि) का लोप हो जाता है यदि उ के पूर्व संयुक्त अक्षर न हो। यदि उ के पूर्व संयुक्त अक्षर होगा तो हि का लोप नहीं होगा जैसे सुनु = तू नचोड़, परन्तु आप्नुहि = तू प्राप्त कर। यही नियम तनादि (८) गण का है।

उतश्च प्रत्ययादसंयोगपूर्वात्। ६।४।१०६

आप् (५ प०)=पाना

लट्

	प्र०	म०	उ०
ए.	आप्नोति	आप्नोषि	आप्नोमि
द्वि.	आप्नुतः	आप्नुथः	आप्नुवः*
बहु.	†आप्नुवन्ति	आप्नुथ	आप्नुमः

लङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	आप्नोत्	आप्नोः	आप्नवम्
द्वि.	आप्नुताम्	आप्नुतम्	आप्नुव
ब.	आप्नुवन्	आप्नुत	आप्नुम

लोट्

	प्र०	म०	उ०
ए.	आप्नोतु	आप्नुहि	आप्नवानि
द्वि.	आप्नुताम्	आप्नुतम्	आप्नवाव
ब.	आप्नुवन्तु	आप्नुत	आप्नवाम

विधिलिङ्

	प्र०	म०	उ०
ए	आप्नुयात्	आप्नुयाः	आप्नुयाम्
द्वि.	आप्नुयाताम्	आप्नुयातम्	आप्नुयाव
ब.	आप्नुयुः	आप्नुयात	आप्नुयाम

†स्वादिगण में यदि धातु के अन्त में व्यञ्जन हो तो जो उसमें गण का नु जोड़ा जाता है उस नु के उ का उव् हो जाता है यदि उस उ के परे दुर्बल स्वरादि प्रत्यय हो यहां आप्नु + अन्ति = आप्नुवन्ति हुआ (सन्धि के विरुद्ध)।

*यहां उ के पूर्व संयुक्त अक्षर प्न् है अतः उ नहीं गिरा जैसा सु धातु में विकल्प से गिरा था।

श्रु (५ प० [शृ*]) = सुनना के रूप सु धातु के समान चलते हैं। जैसे:—

	लट्			लङ्		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	शृणोति	शृणोषि	शृणोमि	अशृणोत्	अशृणोः	अशृणवम्
द्वि.	शृणुतः	शृणुथः	शृणवः, शृणुवः	अशृणुताम्	अशृणुतम्	अशृणुव, अशृणव
ब.	शृण्वन्ति	शृणुथ	शृणमः, शृणुमः	अशृण्वन्	अशृणुत	अशृणुम, अशृणम

	लोट्			विधिलिङ्		
ए.	शृणोतु	शृणु	शृणवानि	शृणुयात्	शृणुयाः	शृणुयाम्
द्वि.	शृणुताम्	शृणुतम्	शृणवाव	शृणुयाताम्	शृणुयातम्	शृणुयाव
ब.	शृण्वन्तु	शृणुत	शृणवाम	शृणुयुः	शृणुयात	शृणुयाम

संख्यावाचक शब्द

एक शब्द प्रायः एक वचन होता है किन्तु जब कुछ वा थोड़े का अर्थ हो तो बहुवचन में भी आता है इसके रूप स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग और पुँल्लिंग में सर्व के समान चलते हैं। जैसे एके पुरुषाः = कुछ पुरुष।

---

*कोष्ठ के भीतर वह रूप रक्खा गया है जो कुछ धातुएं विकरण और प्रत्यय जोड़ने के पूर्व ग्रहण करती हैं। श्रु को मानो शृ धातु है।

अनेक शब्द केवल बहुवचन में आता है और तीनों लिङ्गों में सर्व की तरह चलता है।

*** द्वि (दो) शब्द के रूप केवल द्विवचन में होते हैं।**

पुँल्लिङ्ग		स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग में द्वि शब्द के रूप समान होते हैं।	
प्र०	द्वौ	प्र०	द्वे
द्वि०	द्वौ	द्वि०	द्वे
तृ०	द्वाभ्याम्	तृ०	द्वाभ्याम्
च०	द्वाभ्याम्	च०	द्वाभ्याम्
पं०	द्वाभ्याम्	पं०	द्वाभ्याम्
ष०	द्वयोः	ष०	द्वयोः
स०	द्वयोः	स०	द्वयोः
सम्बो	द्वौ	सं०	द्वे

† त्रि (तीन) शब्द के रूप केवल बहुवचन में चलते हैं।

---

* पुँल्लिङ्ग में द्वि को द्व मान कर द्विवचन में रूप चलाना चाहिए और ऐसे ही नपुंसक लिङ्ग में भी द्व मान कर और स्त्रीलिङ्ग में द्वा मान कर द्विवचन में रूप चलाना चाहिए।

† त्रि के रूप मुनि के समान बहुवचन में चलाना चाहिए पुँल्लिङ्ग के रूप बनेंगे। वारि के समान बहुवचन में चलाने से नपुंसकलिङ्ग के रूप बनेंगे।

	पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुंसकलिङ्ग
प्र०	त्रयः	तिस्रः	त्रीणि
द्वि०	त्रीन्	तिस्रः	त्रीणि
तृ०	त्रिभिः	तिसृभिः	त्रिभिः
च०	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	त्रिभ्यः
पं०	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	त्रिभ्यः
ष०	त्रयाणाम्	तिसृणाम्	त्रयाणाम्
स०	त्रिषु	तिसृषु	त्रिषु
सम्बो	त्रयः	तिस्रः	त्रीणि

चतुर् (चार) जो केवल बहुवचन में आता है ।

	पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	नपुँसकलिङ्ग
प्र०	चत्वारः	चतस्रः	चत्वारि
द्वि०	चतुरः	चतस्रः	चत्वारि
तृ०	चतुर्भिः	चतसृभिः	चतुर्भिः
च०	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः	चतुर्भ्यः
पं०	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः	चतुर्भ्यः
ष०	चतुर्णाम्	चतसृणां	चतुर्णाम्
स०	चतुर्षु	चतसृषु	चतुर्षु
सम्ब०	चत्वारः	चतस्रः	चत्वारि

चार तक संख्यावाचक शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में भिन्न २ प्रकार से होते हैं शेष का हाल आगे लिखेंगे ।

एक, द्वि, त्रि, चतुर् शब्दों के रूप चलाना बता चुके हैं अब और संख्या वाचक शब्दों के रूप बताते हैं ।

सब नकारान्त संख्यावाचक शब्दों के रूप नीचे लिखे पञ्चन् शब्द के समान होते हैं और तीनों लिङ्गों में नकारान्त संख्यावाचक शब्दों के रूप एक ही से होते हैं। जैसे पंच पुरुषाः । पंच नार्यः । पंच मित्राणि।

पञ्चन् (पु. स्त्री. नं.)= पांच (केवल बहुवचन में प्रयुक्त होता है)	षष् (पु. स्त्री. नं) =छे (केवल बहु वचन में आता है)	अष्टन् (पु. स्त्री. न०)=आठ (केवल बहुवचन में आता है ।)
बहु०	बहु०	बहु०
प्र. पञ्च	प्र. षट्	प्र. अष्ट, अष्टौ
द्वि. पञ्च	द्वि. षट्	द्वि. अष्ट, अष्टौ
तृ. पञ्चभिः	तृ. षड्भिः	तृ. अष्टभिः, अष्टाभिः
च. पञ्चभ्यः	च. षड्भ्यः	च. अष्टभ्यः, अष्टाभ्यः
पं. पञ्चभ्यः	पं. षड्भ्यः	पं. अष्टभ्यः, अष्टाभ्यः
ष. पञ्चानाम्	ष. षण्णाम्	ष. अष्टानाम्
स. पञ्चसु	स. षट्सु	स. अष्टसु, अष्टासु
सं. पञ्च	सं. षट्	सं. अष्ट, अष्टौ

सब नकारान्त संख्यावाचक शब्दों के रूप पञ्चन् के समान चलते हैं जैसे सप्तन्=७, नवन्=९, दशन्=१०, एकादशन्=११, द्वादशन्=१२, त्रयोदशन्=

१३, चर्तुदशन्=१४, पञ्चदसन्=१५, षोडशन्=१६, सप्तदशन्=१७, अष्टादशन् १८, नवदशन् वा एकोनविंशति=१९ ।

संस्कृत में विशेषण का लिङ्ग, वचन और विभक्ति विशेष्य के समान होती है। संख्यावचक शब्द भी विशेषण हैं परन्तु इनमें इतना भेद है कि पहेले चार अर्थात् एक, द्वि, त्रि और चतुर् शब्द अपने विशेष्य के समान लिङ्ग वचन और विभक्ति लेते हैं परन्तु पञ्चन् से नवदशन् तक संख्यावाचक शब्द अपने विशेष्य से केवल वचन और विभक्ति में समानता रखते हैं तीनों लिङ्गों में एक ही से बने रहते हैं और विंशति से लगा कर आगे के सब संख्यावाचक शब्द अपने विशेष्य से केवल विभक्ति में समानता रखते हैं लिङ्ग और वचन में समान नहीं होते क्योंकि स्वयं स्त्रीलिङ्ग वा नपुंसकलिङ्ग एक वचन में ही रहते हैं विशेष्य का चाहें जो लिङ्ग हो और उसका वचन तो वहु होता ही है ।

* विंशति से लेकर आगे नवनवति (९९) तक जितने संख्यावाचक शब्द हैं वे स्त्रीलिङ्ग हैं उनके रूप एकवचन में स्त्रीलिङ्ग शब्दों के समान चलते हैं जैसे

---

* भाषा में जैसे वीसी स्त्रीलिङ्ग वोलते हैं और केवल एक ढेरी का अर्थ बीसी से निकलता है इसी तरह संस्कृत में भी विंशति आदि एकवचन ही में आते हैं और स्त्रीलिङ्ग होते हैं । परन्तु इसको संज्ञा की तरह भी प्रयुक्त कर सकते हैं तब इस के द्विवचन और बहुवचन भी आते हैं और जिस वस्तु की यह संख्या हो उससे षष्ठी आती है जैसे आमों की दो या तीन बीसियां ।

विंशति के रूप मति के समान और त्रिंशत् (=३०) के रूप सरित् (स्त्री० =नदी) के समान चलते हैं (और सरित् और महत् के रूप समान होते हैं) और *विंशति से लेकर नवनवति = ९९ तक का प्रयोग केवल एक वचन में और स्त्रीलिङ्ग में होता है परे की संज्ञा का चाहें जो लिङ्ग वा वचन हो जैसे विंशतिः पुरुषाः =२० आदमी । त्रिंशत् फलानि = ३० फल । चत्वारिंशत् नार्यः =४० स्त्रियां इत्यादि

---

* विंशति के आगे संख्यावाचक शब्द बनाने के लिये निम्न लिखित प्रत्यय विंशति (=२०) त्रिंशत् (=३०) चत्वारिंशत् (=४०) पञ्चाशत् (=५०) षष्टि (=६०) सप्तति (=७०) अशीति (=८०) नवति (=९०) के पूर्व जोड़ने से सौ तक संख्या बनती है:—

प्रत्यय
एक
द्वा
त्रयः
चतुः
पञ्च
षष्
सप्त
अष्टा
नव

नोट—विंशति और त्रिंशत् को छोड़ शेष सब में द्वा, त्रयः, अष्टा का विकल्प से द्वि, त्रि, अष्ट भी रक्खा जाता है ।

दशन् (१०) के पूर्व भी यही प्रत्यय जोड़कर संख्या बनती है केवल इतना भेद है कि एकादशन् (११) और षोडशन् (१६) यह दो भिन्न होते हैं अशीति (८०) के पूर्व भी यही प्रत्यय जोड़ने से संख्या बनती है किन्तु इतना भेद है कि द्वा का द्वि और त्रयः का त्रि अशीति परे रहते अवश्य हो जाता है जैसे द्व्यशीति = ८२, त्र्यशीति = ८३ ।

किन्तु यदि विंशति आदि को संख्यावाचक विशेषणों की तरह न प्रयुक्त करें किन्तु संज्ञा शब्दों की तरह प्रयुक्त करें तो इनका द्विवचन बहुवचन भी होता है परन्तु जिनकी यह संख्या बताते हैं उन से षष्ठी विभक्ति आती है जैसे पुरुषाणां द्वे विंशती=दो बीसी पुरुष। फलानां त्रीणि शतानि=तीन सैकड़ा फल। मित्राणां तिस्रः विंशतयः=तीन बीसीमित्र। रूप्याणां लक्षम्=एक लाख रुपिया (वा लक्षम् रूप्याणि)

विंशति से आगे सब संख्यावाचक शब्दों की संज्ञा से केवल विभक्ति में अनुकूलता होती है लिङ्ग, वचन में नहीं ॥

स षष्टिं पुस्तकानि अपठत्=उसने साठ किताबें पढ़ीं। विंशतेः पुरुषाणाम्=बीस पुरुषों का। शतस्य नारीणाम्=सौस्त्रियों का।

संख्यावाचक शब्द जो टिप्पणी में बताए प्रत्यय जोड़कर बने हैं

एकादशन्=११

द्वादशन्=१२

त्रयोदशन्=१३

चतुर्दशन्=१४

पञ्चदशन्=१५

षोडशन्=१६

सप्तदशन्=१७

अष्टादशन्=१८

नवदशन्, एकोनविंशति=१९

विंशति=२०

एकविंशति=२१

द्वाविंशति=२२

त्रयोविंशति=२३

चतुर्विंशति=२४

पञ्चविंशति=२५

षड्विंशति = २६ (५५ सन्धि)

सप्तविंशति = २७

अष्टाविंशति = २८

नवविंशति = २९

त्रिंशत् = ३०

एकत्रिंशत् = ३१

द्वात्रिंशत् = ३२

त्रयस्त्रिंशत् = ३३

चतुस्त्रिंशत् = ३४

पञ्चत्रिंशत् = ३५

षट्त्रिंशत् = ३६

सप्तत्रिंशत् = ३७

अष्टात्रिंशत् = ३८

नवत्रिंशत् = ३९

चत्वारिंशत् = ४०

एकचत्वारिंशत् = ४१

द्वाचत्वारिंशत् = ४२

त्रयश्चत्वारिंशत् = ४३

चतुश्चत्वारिंशत् = ४४

पञ्चचत्वारिंशत् = ४५

षट्चत्वारिंशत् = ४६

सप्तचत्वारिंशत् = ४७

अष्टाचत्वारिंशत् = ४८

नवचत्वारिंशत् = ४९

पञ्चाशत् = ५० इत्यादि

शत नपुंसकलिंग है १०० सौ से आगे अधिक वा उत्तर शब्द जोड़कर संख्या बनती है जैसे

एकाधिकशतम् = १०१

द्वादशाधिकशतम् = ११२

पञ्चाशदुत्तरंशतम् = १५०

द्विशतम् = २००

त्रिशतम् = ३०० वा त्रीणिशतानि = ३००

सहस्रम् (न.) = १०००

लक्षम् (नं०) = एक लाख

द्वानवत्यधिकाष्टशताधिकसहस्रम् = १८९२

सप्तशतानि च विंशतिश्च = ७२०

क्रमवाचक शब्द ।

क्रमवाचक शब्द क्रम बताते हैं जैसे पहेला, दूसरा इत्यादि एक, द्वि, त्रि, र, षष् के क्रमवावक शब्द क्रम से यह हैं:—

प्रथम, अग्रिम, आदिम = पहेला । द्वितीय = दूसरा । तृतीय = तीसरा । चतुर्थ, तुर्य, तुरीय = चौथा । षष्ठ = छठा ।

शेष शब्दों में से दशन् तक नकारान्त संख्यावाचक शब्दों के क्रमवाचक शब्द अन्तिम न् के स्थान में म रखने से बन जाते हैं जैसे पञ्चम = पांचवां, दशन् का दशम = दशवां इत्यादि। उसके वाद एकादशन् से लेकर नवदशन् तक संख्यावाचक शब्दों के क्रमवाचक शब्द केवल न् गिराने से बनते हैं जैसे एकादशन् का एकादश = ग्यारवां इत्यादि ।

विंशति से लेकर आगे के सब संख्यावाचक शब्दों के क्रमवाचक शब्द तम जोड़ने से बनते हैं जैसे विंशतितम = बीसवां, त्रिंशत् + तम = त्रिंशत्तम = तीसवां इत्यादि अथवा विंशति का ति गिराने से और शेष व्यञ्जनान्तों का अन्तिम व्यञ्जन गिराने से क्रमवाचक शब्द बनते हैं जैसे विंश = बीसवां, त्रिंश = तीसवां, चत्वारिंश = चालीसवां ।

क्रमवाचक शब्दोंके रूप संज्ञा शब्दों के समान चलते हैं।

इनका स्त्रीलिङ्ग इस प्रकार बनता है कि:—

{ प्रथम, अग्रिम, आदिम }, द्वितीय, तृतीय, { तुर्य, तुरीय } का स्त्रीलिंग आ जोड़ने से बनता है जैसे प्रथमा, द्वितीया, इत्यादि ।

शेष सब क्रमवाचक शब्दों का स्त्रीलिंग ई जोड़ने से बनता है जो जब जोड़ी जाती है तो शब्द का अन्तिम अ गिर जाता है जैसे चतुर्थ+ई=चतुर्थ्+ई= चतुर्थी, एकादश+ई=एकादशी इत्यादि। स्त्रीलिंग में ईकारान्त शब्दों के रूप नदी के समान होते हैं और आकारान्त शब्दों के रूप लता के समान चलते हैं। केवल आकारान्त शब्दों में से द्वितीया और तृतीया के रूप चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी विभक्तियों के एक वचन में आकारान्त सर्वनाम शब्दों के रूपों के समान भी विकल्प से होते हैं।

[पुँल्लिङ्ग द्वितीय और तृतीय शब्द भी विकल्प करके च०, पं० और स० विभक्तियों के एकवचन में अकारान्त सर्वनाम शब्दो के समान रूप ग्रहण करते हैं]

द्वितीय (पु०)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	द्वितीयः	द्वितीयौ	द्वितीयाः
द्वि०	द्वितीयम्	द्वितीयौ	द्वितीयान्
तृ०	द्वितीयेन	द्वितीयाभ्याम्	द्वितीयैः
च०	द्वितीयाय द्वितीयस्मै	,,	द्वितीयेभ्यः
पं०	द्वितीयात् द्वितीयस्मात्	,,	,,
ष०	द्वितीयस्य	द्वितीययोः	द्वितीयानाम्
स०	द्वितीये द्वितीयस्मिन्	,,	द्वितीयेषु
सम्बो	द्वितीय	द्वितीयौ	द्वितीयाः

द्वितीया (स्त्री)

	ए०	द्वि०	बहु०
प्र०	द्वितीया	द्वितीये	द्वितीयाः
द्वि०	द्वितीयाम्	द्वितीये	,,
तृ०	द्वितीयया	द्वितीयाभ्याम्	द्वितीयाभिः
च०	द्वितीयायै द्वितीयस्यै	,,	द्वितीयाभ्यः
पं०	द्वितीयायाः द्वितीयस्याः	,,	,,
ष०	द्वितीयायाः द्वितीयस्याः	द्वितीययोः	द्वितीयानाम्
स०	द्वितीयायाम् द्वितीयस्याम्	,,	द्वितीयासु
सम्बो०	द्वितीये	द्वितीये	द्वितीयाः

तृतीय के रूप द्वितीय के समान चलाओ और तृतीया के रूप द्वितीया के समान चलाओ।

संख्यावाचक शब्द जो क्रियाविशेषण होते हैं।

'वार' अर्थ प्रकट करनें में एक का क्रियाविशेषण सकृत् (एक वार) है द्वि का द्विः है त्रि का त्रिः है चतुर् का चतुः है शेष सब शब्दों का क्रियाविशेषण कृत्वः जोड़ने से बनता है जैसे षट्कृत्वः = छे वार, पञ्चकृत्वः = पांच वार इत्यादि यह सब क्रियाविशेषण अव्यय होते हैं।

शब्द

वद् (१ प०) = कहना
वि० पूर्व० वद् (१ आ) = झगड़ा करना, विवाद करना
धर्माधिकारिन् (वि०) = जज, न्याय करने वाला
धर्माधिकरणिकः = जज, न्याय करने वाला
दूष (१०) = दोष देना
निपूर्व. युज् + णिच् = (नि. पूर्व. योज् १०) लगाना, नियुक्त करना
न्यायः = इन्साफ़
साक्षिन् (पु०) = गवाह
एकतर (वि०) = दो में से एक
भोः (अव्यय) = ओ
कौतूहलम् = टोह, खोज
उद्देशः = प्रयोजन
स्थानम् = जगह
या (२ प०) = जाना
जनकः = पिता
द्रुतम् (अव्यय) = जल्दी से
शमी = वृक्षविशेष

कोटरं = खोख

सांप्रतम् = (अव्यय) अभी, युक्त

लक्षम् = एक लाख

राजकुल (नं) = अदालत

अप + आ + वृ (५ प.) = खोलना

अमुत्र (अव्यय) = उसलोक में

वाच्य (वि) = कहने योग्य वा कहना चाहिये

तारस्वर: = बड़ा स्वर

चोर: = चोर

चौर: = चोर

अश् = (५ आ०) व्यापक होना, भोगना

आप् (५ पा०) = पाना

चि (५ प० आ) = एकट्ठा करना

वि पूर्व. चि = ढूंढना

सम्पूर्व. चि = एकट्ठा करना

शक् (५ प०) = सकना (तुमुन् प्रत्यय के साथ आता है)

वृ (५ प० आ०) = ढाकना

आ पूर्व वृ = ढाकना

वि पूर्व वृ = विवरण करना, खोलना

सम्पूर्व० वृ = बन्द करना

हि (५ प०) = जाना, भेजना

प्र पूर्व. हि = भेजना

वञ्च् (१०) = धोखा देना

शिशु (पु०) = बालक

वित्तं = धन

शिल्पं = कारीगरी

मानव: = मनुष्य

सम्यक् (अव्यय) = अच्छी तरह

व्रज् (१ प०) = जाना

हृष् (१ प०) = प्रसन्न होना

हृष्ट = हृष् + क्त

आ पूर्व. कर्ण् (१०) = सुनना

गुरुजन: = बड़े लोग

अनुज्ञात: = अनुपूर्वज्ञा + क्त = आज्ञा दिया गया

शुभ (वि०) = अच्छा

प्रस्थित: = (प्रपूर्व. स्था. १ प० = रवाना होना) + क्त = रवाना हुआ

देशान्तरम् = अन्यः देशः इति देशान्तरम् (नित्यसमास) = दूसरा देश

खलु (अव्यय) = वास्तव में

मातृवत् (अव्यय) = माता के समान [वत् प्रत्यय सदृश अर्थ में लगाने से अव्यय बनता है]

लोष्टवत् (अव्यय) = ढीला के समान

दार (पु.) = स्त्री (सदैव बहुवचन में आता है)

पर (वि,) = दूसरा

परदाराः = दूसरे की स्त्री

आत्मन् (पु०) = अपना आप, आत्मा

विपूर्व० ईक्ष् (१ आ) = देखना

शक् (४ प० आ) = सकना, योग्य होना

दारिद्रयं = ग़रीबी

तत् (अव्यय) = तस्मात्, तिस कारण से

आश्रयः = सहारा

भद्रं = कल्याण

युक्त (वि) = ठीक

कुटुम्बिन् (वि) = कुटुम्ब में रहने वाला

बान्धवः = सम्बन्धी लोग

प्र पूर्व. अर्थ् (१० आ०) = मांगना

प्रहृष्टमनस् (वि) = प्रहृष्टं मनः यस्य सः = जिसका मन बहुत प्रसन्न हो

भूयः (अव्यय) = फिर, पुनः

दुश्चेष्टित (नं) = बुरा काम

वार्द्धकं = बुढ़ापा

अधिष्ठानं = स्थान, वासस्थान

उपेत = उप पूर्व इ(२ प०) + क्त = युक्त (इत = इ + क्त = गत)

प्रत्यूषम् } प्रत्यूषः } = सवेरा, प्रातःकाल

निशीथ (पु०) = आधीरात वा रात का समय

अर्थोपार्जनं = अर्थः = धन, उपार्जनं = (कमाना, प्राप्ति) = धन की प्राप्ति

दिव्य (नं) = क़सम, वा अपराध पहचानने के लिये एक प्रकार की परीक्षा

निग्रहः = सज़ा, जेलखाना, अपने वश रखना

अपायः = नाश होना, विपद्, हटना

समीपवर्त्तिन् (वि.) = पास में रहने वाला

अभिहित = अभि पूर्व० धा = (कहना) + क्त = कहा

भद्र (वि) = भला (आदमी), कल्याण करने वाला

करुणं = दु:ख

सद् (६ प० सीद्) = दु:खी होना

* प्रभूततर (वि.) = बहुत ज़्यादा

आ पूर्व० सद् + णिच् (साद् १०) = प्राप्त करना

अर्थ (पु०) = धन

औत्सुक्यं = उत्साह, प्रबल इच्छा

निवृत्त = नि पूर्व० वृत् (वर्त् १ आ) [लौटना] + क्त = लौटा

पूर् (१०) = भरना, ढकना

अटवी = वन

गर्त (पु० न) = गड्ढा

बहुकुटुम्ब (वि) = बहु कुटुम्बं यस्य स: = बहुत कुटुम्ब वाला

वित्ताभाव: = वित्तस्य अभाव: = धन का न होना

खन् (१ प० आ०) = खोदना

रिक्त (वि) = खाली

भाण्ड (न०) = घड़ा, वर्तन

अत्रान्तरे (अव्यय) = इसी अरसे में

नि पूर्व० विद् + णिच् (१० वेद्) = बताना

कोटरस्थ (वि) = जो खोह में बैठा हो

विस्मयोत्फुल्ललोचन (वि) = विस्मयेन उत्फुल्लानि लोचनानि येषां ते

हरणं = लेजाना

वह्नि = (पु०) अग्नि

---

* विशेषणों में तर प्रत्यय लगाने से अधिक अर्थ और तम लगाने से सब से अधिक अर्थ होजाता है प्रभूत + तर = बहुत अधिक । प्रभूततम = सबसे अधिक । तर ईयस् के समान और तम इष्ठ के समान अर्थ रखता है ।

परि पूर्व वेष्ट् (१०) = घेरना

दह् (१ प०) = जलना, जलाना

परि पूर्व० देव् (१०) = दुःख करना

सत् (वि) = अस् + शतृ = होते हुए

उपरत = उप + रम् (१ आ) + क्त = मरा हुआ

हन् + णिच् = (घात् १०) = मारडालना

घातित = मारा गया

चातुर्य्य = चतुराई

गहन (वि) = घना

गहन (नं.) = झाड़ी

क्व (अव्यय) = कहां

क्वापि = कहीं भी

सञ्जात = सम् पूर्व० जन् (होना) + क्त = हुआ

अनु पूर्व० स्था = करना

भवन (नं) = गृह

अन्येद्युः (अव्यय) = दूसरे दिन

समभ्येत्य = सम् पूर्व० अभि पूर्व० इ (= जाना) + ल्यप् = सामने जाकर

शिरस् (नं) = शिर

हृत = हृ (हर् १ प०) = ले जाना) + क्त = हरा गया

पूरणं = भरना

प्र पूर्व० दा (यच्छ् १ प०) = देना

अर्द्ध (नं) = आधा भाग

मा (अव्यय) = मत

धर्म्मबुद्धिपापबुद्धियोः कथा

कस्मिंश्चिदधिष्ठाने धर्म्मबुद्धिः पापबुद्धिश्च द्वेमित्रे प्रतिवसतःस्म । अथ कदाचित् पापबुद्धिना चिन्तितम्--"अहं तावत् मूर्खो दारिद्र्योपेतश्च तदेनं धर्म्मबुद्धिमादाय देशान्तरं गत्वा अस्याश्रयेण अर्थोपार्जनं कृत्वा, एनमपि वञ्चयित्वा, सुखीभवामि" इति

अथान्यस्मिन् दिने पापबुद्धिः धर्मबुद्धिमुक्तवान्—'भोः मित्र देशान्तरम-दृष्ट्वा वार्द्धके शिशुजनाय कां वार्त्तां कथयिष्यसि । विद्यां वित्तं शिल्पं तावत्सम्यक् नाप्नोति मानवः यावत्स भूमौ देशात देशान्तरमुत्साहपूर्वकं न व्रजति' इति ।

अथ स तस्य तद्वचनमाकर्ण्य प्रहृष्टमनाः तेनैवसह गुरुजनैरनुज्ञातः शुभेदिने देशान्तरं प्रस्थितः । तत्र च धर्मबुद्धिप्रभावेण भ्रमता पापबुद्धिना प्रभूततरं वित्तमासा-दितम् । ततश्च द्वावपि तौ प्रहृष्टौ स्वगृहं प्रति औत्सुक्येन निवृत्तौ ।

अथ स्वस्थानसमीपवर्त्तिना पापबुद्धिना धर्मबुद्धिरभिहितः, "भद्र न सर्वमेतद्धनं गृहं प्रतिनेतुं युक्तं यतः कुटुम्बिनो बान्धवाश्च प्रार्थयिष्यन्ते । तदत्रैव वनगहने क्वापि भूमौ निक्षिप्य किञ्चिन्मात्रमादाय गृहं प्रविशावो, भूयोऽपि नेष्यावोऽस्मात् स्थानात् प्रयोजने सञ्जाते" इति । तदाकर्ण्य धर्मबुद्धिराह* भद्र, एवं क्रियतामिति । तथानुष्ठिते द्वावपि तौ स्वगृहं गत्वा सुखेन संस्थितवन्तौ । अथ अन्यस्मिन् दिने पापबुद्धिर्निशीथे अटवीं गत्वा तत् सर्वं वित्तं समादाय गर्तं पूरयित्वा स्वभवनं प्रत्यावृत्तः अथ अन्येद्युः धर्मबुद्धिं समभ्येत्य प्रोवाच †

"सखे ! बहुकुटुम्बा वयं वित्ताभावात् सीदामः, तद्गत्वा तत्र तत्स्थानात्

---

* "आह" ब्रू धातु का लट् का प्रथम पुरुष एक वचन का रूप है इस का अर्थ 'बोलता है' है ।

† 'उवाच' ब्रू का लिट् (परोक्षभूत) का प्रथम पुरुष एक वचन का रूप है । इसका अर्थ 'बोला' है

किञ्चिद्धनमानयाव" इति । स उवाच भद्र एवं क्रियतामिति । अथ द्वावपि तत् स्थानं गत्वा यावत् खनतस्तावत् रिक्तं भाण्डं दृष्टवन्तौ । अत्रान्तरे पापबुद्धिः शिरस्ताडयन् प्रोवाच 'भो धर्मबुद्धे, त्वया हृतमेतद्धनं नान्येन, यतो भूयोऽपि गर्तपूरणं कृतं तत् प्रयच्छ मे तस्यार्द्धमन्यथा अहं राजकुले निवेदयिष्यामि इति । स आह 'भो दुरात्मन् मैवं वद, खल्वहं नैतच्चौरकर्म करोमि । उक्तं च ।

मातृवत् परदारान् परद्रव्याणि लोष्टवत् ।
आत्मवत् सर्वभूतानि वीक्षन्ते धर्मबुद्धयः ॥ इति

एवं द्वावपि तौ विवदमानौ धर्माधिकारिणं गतौ स्वविवादविषयञ्च उक्तवन्तौ परस्परं दूषयन्तौ । अथ धर्माधिकारिभिः दिव्यपरीक्षार्थे यावन्नियोजितौ तावत् पापबुद्धिराह "अहो न सम्यगृदृष्टोऽयं न्यायः. तदत्र विषये वृक्षदेवता मम साक्षीभूताः तिष्ठन्ति । ता अपि आवयोरेकतरं चौरं साधुं वा करिष्यन्ति इति" । अथ तैः सर्वैरभिहितम् "भोः युक्तमुक्तं भवता तदस्माकमपि अत्र विषये महत् कौतूहलं वर्त्तते । प्रत्यूषसमये युवाभ्यामपि अस्माभिः सह तत् वनस्थानं गन्तव्यमिति" ।

एतस्मिन्नन्तरे पापबुद्धिः स्वगृहमागत्य स्वजनकमुवाच "तात धर्मबुद्धेः प्रभूतोऽयमर्थो मया चोरितः स च तव वचनेन प्राप्स्यते, अन्यथास्माकं प्राणैः सह यास्यति" । स आह वत्स द्रुतं वद यत्कथयित्वा तद्द्रव्यं प्राप्नुयामिति । पापबुद्धिराह तात अस्ति तत्प्रदेशे महाशमीवृक्षः तस्य महत् कोटरमस्ति, तत्र त्वं साम्प्रतमेव प्रविश ततः प्र॰ यदाहं सत्यश्रवणं कारयिष्यामि तदा त्वया वाच्यं यद् धर्मबुद्धिश्चौर इति' ।

तथानुष्ठिते प्रत्यूषे स्नात्वा पापबुद्धिर्धर्मबुद्धेः अग्रे धर्माधिकरणिकैः सह तां शमीमभ्येत्य तारस्वरेण प्रोवाच "भगवति वनदेवते, आवयोर्मध्ये यश्चौरः तं कथयेति"। अथ शमीकोटरस्थः पापबुद्धिपिता प्रोवाच "भोः, शृणुत धर्मबुद्धिना हृतमेतद्धनमिति" तदाकर्ण्य सर्वे ते राजपुरुषा विस्मयोत्फुल्ललोचनाः सन्तः वित्तहरणोचितं दण्डं धर्मबुद्धये शास्त्रदृष्ट्यावलोकयन्तस्स्थिताः। अत्रान्तरे सुष्ठु विचार्य धर्मबुद्धिना तच्छमीकोटरमिन्धनैः परिवेष्टय वह्निना दग्धम्।

अथ ज्वलति तस्मिन् शमीकोटरेऽर्द्धदग्धशरीरः करुणं परिदेवयन् पापबुद्धिपिता निस्सृतः, ततश्च तैः सर्वैः पृष्टः "भोः किमिदम्" इत्युक्ते स तेभ्यः पापबुद्धेः सर्वं दुश्चेष्टितं निवेद्य उपरतोऽभवत्। अथ ते राजपुरुषाः पापबुद्धिं शमीशाखायामवलम्ब्य धर्मबुद्धिञ्च प्रशस्य उक्तवन्तः "अहो साध्विदमुच्यते "उपायं चिन्तयेत् प्राज्ञस्तथापायं च चिन्तयेत् इति।

धर्मबुद्धिः कुबुद्धिश्च द्वावेतौ विदितौ मम।
पुत्रेण व्यर्थचातुर्यात् पिता पापेन घातितः॥

संस्कृतवाक्यानि

परमेश्वरोऽश्नुते सर्वत्र। ब्राह्मणा यज्ञे सोमं सुन्वते। उद्यानं गत्वा पुष्पाणि अवचिनोमि। राजनि आगते, द्वौ पुरुषौ राजगृहस्य द्वारमपावृणुतः। धार्मिकाः पुरुषाः स्वधर्मस्य फलममुत्र अश्नुवते। सन्यासिनां व्याख्यानं शृणमः। गहनं वनं गन्तुं न शक्नुमः। धर्मबुद्धिपापबुद्धयोः कथां कोऽभिधातुं शक्नोति। चतस्रो गावः चो

हृताः ता विचिनुमः । अस्य पुस्तकस्य संकेतानादौ व्यवृणवम् । कथय नः ताः कथा याः पण्डितेभ्यस्त्वमशृणोः । त्वं कानि कर्माणि समचिनुथाः । कथं धर्मं त्यक्तुं शक्नुयाम् । स्वपुत्राय पत्रं प्रहिणु । शृणुत हे मनुष्या अयमपराधी प्राणदण्डाय नीयते । ईदृक् कर्म ये कुर्युः ते दण्डमपि एतादृक् प्राप्नुयुः ।

भाषा

कौन सब जगह व्यापक है ? वे सुख भोगते हैं । हम दोनों इनाम पाते हैं । मैंने एक पुस्तक पाई । वे बाग़ में फूल चुना करें । मैंने दो फूल और छे वृक्ष देखे । हम सब चार घोड़े और तीन गाएं पासकते हैं । बीस मनुष्यों ने अपने मित्रों को पाया । पहेले इन सौ आदिमियों को पत्र भेजो । आकाश जगत् को ढके है । वह द्वार बन्द करता है और खोलता है । क्या तुम वहां जा सकते थे । वे धन को एकट्ठा करें । मैं ने चार बड़ी पुस्तकें पाईं । बड़े बड़े आदमी सदैव ईश्वर की स्तुति करते हैं ।

अष्टम पाठ

क्र्यादि (नवां) गण

क्र्यादिगण का चिन्ह ना है जिसको धातु में जोड़ कर पञ्चम पाठ में लिखे प्रत्यय जोड़ते हैं तो रूप बनते हैं यह 'ना' प्रबल प्रत्ययों के परे रहते ना ऐसा ही बना रहता है किन्तु दुर्बल प्रत्ययों के परे रहते यह नी हो जाता है यदि दुर्बल प्रत्यय व्यञ्जनादि हैं (जिनके आदि में व्यञ्जन हो) और न् हो जाता है यदि दुर्बल प्रत्यय स्वरादि हैं (स्वर है आदि में जिन के ऐसे)

क्री (९ प. आ.) = खरीदना

लट्

	परस्मैपद प्र०	म०	उ०	आत्मनेपद प्र०	म०	उ०
ए०	*क्रीणाति	क्रीणासि	क्रीणामि	क्रीणीते	क्रीणीषे	क्रीणे
द्वि०	क्रीणीतः	क्रीणीथः	क्रीणीवः	क्रीणाते	क्रीणाथे	क्रीणीवहे
बहु०	क्रीणन्ति	क्रीणीथ	क्रीणीमः	क्रीणते	क्रीणीध्वे	क्रीणीमहे

लङ्

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए०	अक्रीणात्	अक्रीणाः	अक्रीणाम्	अक्रीणीत	अक्रीणीथाः	अक्रीणि
द्वि०	अक्रीणीताम्	अक्रीणीतम्	अक्रीणीव	अक्रीणाताम्	अक्रीणाथाम्	अक्रीणीवहि
बहु०	अक्रीणन्	अक्रीणीत	अक्रीणीम	अक्रीणत	अक्रीणीध्वम्	अक्रीणीमहि

*क्री + णा + ति (ति प्रबल प्रत्यय है देखो पाठ पांचवां टिप्पणी) र् के परे न का ण होता है क्री + न् + अन्ति (स्वरादि दुर्बल है अतः न् चिन्ह रक्खा) = क्रीणन्ति (४२) ।

लोट्

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए०	क्रीणातु	क्रीणीहि	क्रीणानि	क्रीणीताम्	क्रीणीष्व	*क्रीणै
द्वि०	क्रीणीताम्	क्रीणीतम्	क्रीणाव	क्रीणाताम्	क्रीणाथाम्	क्रीणावहै
बहु०	क्रीणन्तु	क्रीणीत	क्रीणाम	क्रीणताम्	क्रीणीध्वम्	क्रीणामहै

विधिलिङ्

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए०	क्रीणीयात्	क्रीणीया:	क्रीणीयाम्	क्रीणीत	क्रीणीथा:	क्रीणीय
द्वि०	क्रीणीयाताम्	क्रीणीयातम्	क्रीणीयाव	क्रीणीयाताम्	क्रीणीयाथाम्	क्रीणीवहि
बहु०	क्रीणीयु:	क्रीणीयात	क्रीणीयाम	क्रीणीरन्	क्रीणीध्वम्	क्रीणीमहि

† क्र्यादिगण में यदि धातु के अन्त में कोई व्यञ्जन है तो लोट् मध्यम, एक वचन में 'हि' के बजाय आन जोड़ा जावेगा। जैसे ग्रह्+आन=गृहाण, मुष्+आन=मुषाण. [(मुष् ६ प०)=चोराना, ग्रह् (गृह् ६ प० आ)=लेना, निपूर्व० ग्रह्=रोकना] ज्ञा (जा ६ प०)=जानना, अनुपूर्व ज्ञा=आज्ञा देना, और यदि धातु स्वरान्त है तो 'हि' जोड़ा जावेगा। जैसे क्रीणीहि परन्तु ग्रन्थ् (६ ग्रथ्) =गांठना, एकट्ठा करना, का ग्रथान=तू गांठ।

---

*आत्मनेपद लोट् उत्तम प्रबल प्रत्यय है अत: क्री+ना+ऐ=क्रीणै।

† हल: श्न: शानज्झौ। पा० ३-१-८३

ज्ञा ([जा] ९ प.)=जानना

लट्

	प्र.	म.	उ.
ए.	जानाति	जानासि	जानामि
द्वि.	जानीतः	जानीथः	जानीवः
बहु.	जानन्ति	जानीथ	जानीमः

लङ्

	प्र.	म.	उ.
ए.	अजानात्	अजानाः	अजानाम्
द्वि.	अजानीताम्	अजानीतम्	अजानीव
बहु.	अजानन्	अजानीत	अजानीम

लोट्

	प्र	म.	उ.
ए.	जानातु	जानीहि*	जानानि
द्वि.	जानीताम्	जानीतम्	जानाव
बहु.	जानन्तु	जानीत	जानाम

विधिलिङ्

	प्र.	म.	उ.
ए.	जानीयात्	जानीयाः	जानीयाम्
द्वि	जानीयाताम्	जानीयातम्	जानीयाव
बहु.	जानीयुः	जानीयात	जानीयाम

क्र्यादिगण (६) में उपधा का न् गिर जाता है अतएव ग्रन्थ्=ग्रथ्नाति । बन्ध्+ना+मि=बध्नामि इत्यादि ।

---

* धातु ज्ञा स्वरान्त है अतः हि जोड़ा जावेगा आन नहीं जोड़ा जावेगा क्योंकि व्यञ्जनान्त नहीं है और लोट् मध्य ए. व. दुर्बल प्रत्यय है अर्थात् हि दुर्बल है अतः नी विकरण जोड़ा गया ।

षकारान्त और हकारान्त शब्दों के रूप ।

पुँल्लिङ्ग

द्विष्=द्वेष करने वाला

	ए.	द्वि	बहु.
प्र.	* द्विट्	द्विषौ	द्विषः
द्वि.	द्विषम्	,,	,,
तृ.	द्विषा	द्विड्भ्याम्	द्विड्भिः
च.	द्विषे	,,	द्विड्भ्यः
पं.	द्विषः	,,	,,
षं.	,,	द्विषोः	द्विषाम्
स.	द्विषि	,,	† द्विट्सु
सं.	द्विट्	द्विषौ	द्विषः

स्त्रीलिङ्ग

षकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप ठीक वैसे चलते हैं जैसे कि पुँल्लिङ्ग शब्दों के

नपुंसकलिङ्ग

द्विष् (वि.)=द्वेष करने वाला

ए.	द्वि.	बहु.
द्विट्	द्विषी	द्विंषि
,,	,,	,,
द्विषा	द्विडभ्याम्	द्विड्भिः
द्विषे	,,	द्विड्भ्यः
द्विषः	,,	,,
,,	द्विषोः	द्विषाम्
द्विषि	,,	द्विट्सु
द्विट्	द्विषी	द्विंषि

* ष् शब्द के अन्त में है अतः ट् हो गया और भ् के परे रहते ड् हो गया क्योंकि भ् अक्षरों के तीसरे गण अर्थात् हश् का अक्षर है [देखो सन्धि ५५] द्विष् +भ्याम्=द्विड्भ्याम् ।

† सन्धि नियम ५०—संज्ञा शब्द के ढ् वा ष के परे स् हो तो ढ् वा ष् का ट् हो जाता है जैसे द्विष्+सु=द्विट्सु ।

प्राय: सब षकारान्त शब्दों के रूप द्विष् के समान होते हैं।

पुँल्लिङ्ग

मधुलिह् (शहद की मक्खी)

	ए.	द्वि.	बहु.
प्र.	*मधुलिट्	मधुलिहौ	मधुलिहः
द्वि.	मधुलिहम्	,,	,,
तृ.	मधुलिहा	मधुलिड्भ्याम्	मधुलिड्भिः
च.	मधुलिहे	,,	मधुलिड्भ्यः
पं.	मधुलिहः	,,	,,
ष.	मधुलिहः	मधुलिहोः	मधुलिहाम्
स.	मधुलिहि	मधुलिहोः	मधुलिट्सु
सं.	मधुलिट्	मधुलिहौ	मधुलिहः

अनडुह् को छोड़ शेष सब हकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के रूप मधुलिह् के समान होते हैं।

स्त्रीलिङ्ग

उपानह् (स्त्री.)=जूता

ए.	द्वि.	बहु.
†उपानत्	उपानहौ	उपानहः
उपानहम्	,,	,,
उपानहा	उपानद्भ्याम्	उपानद्भिः
उपानहे	,,	उपानद्भ्यः
उपानहः	,,	,,
,,	उपानहोः	उपानहाम्
उपानहि	,,	उपानत्सु
उपानत्	उपानहौ	उपानहः

उपानह् को छोड़ शेष सब स्त्रीलिङ्ग हकारान्त शब्द मधुलिह् पुँल्लिङ्ग के समान चलते हैं।

---

* ह् के परे ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व्, को छोड़ कोई व्यञ्जन हो तो ह् का ढ् हो जाता है मधुलिह्=मधुलिढ्=मधुलिट्। लिह्+सु=लिढ्+सु=लिट्सु [सन्धि ४६, ५०]

† उपानह् का ह् बदल कर त् हो जाता है स् के परे रहते और द् हो जाता हैं भ् के परे रहते, और रूपों में ह् में स्वर जुड़ जाता है।

नपुंसकलिङ्ग

लिह्=चाटने वाला

	ए.	द्वि.	बहु.
प्र.	लिट्	लिही	लिंहि
द्वि.	,,	,,	,,
तृ.	लिहा	लिड्भ्याम्	लिड्भिः
च.	लिहे	,,	लिड्भ्यः
पं.	लिहः	,,	,,
ष.	,,	लिहोः	लिहाम्
स.	लिहि	लिहोः	लिट्सु
सं.	लिट्	लिही	लिंहि

सब हकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्दों के रूप लिह् के समान चलते हैं।

स्त्रीलिंग बनाने के नियम

संस्कृत प्रथम पुस्तक में स्थान स्थान पर वाक्यों में आए हुए स्त्रीलिङ्ग शब्दों का बनाना बता चुके हैं अब यहां स्त्रीलिङ्ग बनाने के नियम क्रम से अच्छे प्रकार बताए जाते हैं।

*प्रायः अकारान्त शब्दों का स्त्रीलिङ्ग तथा अजादिगण के शब्दों का स्त्रीलिङ्ग आ (टाप्) प्रत्यय जोड़ने से बनता है। जैसे अज=बकरा, अजा=बकरी, अश्व का अश्वा=घोड़ी, प्रिय का प्रिया, दीन का दीना।

†परन्तु यदि शब्द के अन्त पर प्रत्यय का क है तो उसका स्त्रीलिङ्ग आ जोड़ने से बनेगा परन्तु इतना अधिक करना पड़ेगा कि अन्तिम क के पूर्व वाले अकार का इकार

---

*अजाद्यतष्टाप्। पा ४. १. ४.

†प्रत्ययस्थात्कात्पूर्वस्यात इदाप्यसुपः। पा. ७. ३. ४४.
क्षिपकादीनाञ्च। वार्त्तिक ७. ३. ४५ सूत्रपर।

हो जाता है। जैसे निवेदक का निवेदिका। कारक का कारिका। परिव्राजक का परिव्राजिका=सन्यासिनी। परन्तु क्षिपकादिगण में यह अधिक कार्य्य न हो। जैसे क्षिपक का क्षिपका=तीर फेंकने वाली। सेवक का सेवका इत्यादि।

ई (ङीष्, ङीप्) प्रत्यय जुड़ते समय शब्द का अन्तिम अ गिर जाता है।

* अजादिगण को छोड़कर और जातिवाचक अकारान्त शब्दों का स्त्रीलिङ्ग ई (ङीष्) प्रत्यय जोड़ने से बनता है। जैसे सिंह का सिंही, ब्राह्मण का ब्राह्मणी। मृग का मृगी। परन्तु यदि उपधा में य हो तो आ जोड़ने से ही स्त्रीलिङ्ग बनता है जैसे क्षत्रिय का क्षत्रिया।

† जिन शब्दों के अन्तर पर ऐसे प्रत्यय हों जिनमें ट् गिर पड़ता हो और जिन शब्दों के अन्त पर ढ, अण्, अञ्, द्वयसच्, दघ्नच्, मात्रच्, तयप्, ठक्, ठञ्, कञ् अथवा क्वरप् प्रत्यय लगे हों वे शब्द अकारान्त होते हुए भी अपना स्त्रीलिंग ई (ङीप्) जोड़ने से बनाते हैं। जैसे कीदृश का कीदृशी (कञ्)=कैसी। तादृशी। ऐन्द्री (अण्) इन्द्रवाली। वनचर का वनचरी (ट)=जङ्गल में रहने वाली। इत्यादि

इकारान्त तथा ईकारान्त विशेषणों का स्त्रीलिंग कोई और नहीं होता वे स्वयं स्त्रीलिंग हो सकते हैं। जैसे शुचि (पवित्र) सुधी (अच्छी बुद्धि वाली)

---

* जातेरस्त्रीविषयादयोपधात्। पा. ४. १. ६३

† टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः। पा. ४. १. १५

*इकारान्त कृत्प्रत्ययान्त स्त्रीलिंग शब्द (क्तिन्प्रत्ययान्त शब्दों को छोड़कर) विकल्प करके ई (ङीष्) स्त्रीलिंग में लेते हैं। जैसे रात्रि (स्त्री.) वा रात्री। ओषधि वा ओषधी। राजि वा राजी। श्रेणि वा श्रेणी।

†उकारान्त विशेषणों का स्त्रीलिंग विकल्प करके ई (ङीष्) जोड़ने से बनता है जैसे गुरु (स्त्री.) वा गुर्वी। मृदु (स्त्री.) वा मृद्वी।

‡ यदि समास उकारन्त ऊरु पद अन्त पर होने से हो और किसी से उपमा दी गई हो तो उसका स्त्रीलिंग ऊ (ऊङ्) प्रत्यय जोड़ने से बनता है। जैसे करभोरू= करभ के समान जांघ वाली। वामोरु (सुन्दर जांघवाला) का स्त्री. वामोरू है।

¶ ऋकारान्त तथा नकारान्त शब्दों का स्त्रीलिंग ई (ङीप्) प्रत्यय जोड़ने से बनता है। जैसे कर्तृ का कर्त्री=करने वाली। नेतृ का नेत्री। गुणिन् का गुणिनी (गुणवाली) स्वामिन् का स्वामिनी (मलिकिन)। फिर इन ईकारान्त शब्दों के रूप नदी के समान चलते हैं।

§जिन शब्दों में ऐसा प्रत्यय लगा हो जिसमें उ, ऋ, वा ऌ, गिरता हो तो उनका स्त्रीलिंग ई (ङीप्) प्रत्यय जोड़ने से बनता है। जैसे भू+शतृ=भवत् (शतृ में

---

*कृदिकारादक्तिनः। वार्त्तिक।

†वोतो गुणवचनात्। पा. ४. १. ४४

‡ऊरूत्तरपदादौपम्ये। पा. ४. १. ६९। ऊङुतः। पा. ४. १. ६६

¶ऋन्नेभ्योङीप्। पा. ४. १. ५

§उगितश्च। पा. ४. १. ६

ऋ गिरता है और श् गिरता है अत् शेष रहता है) का भवन्ती (होती हुई)। कुर्वत् का कुर्वती । चोरयत् का चोरयन्ती (चोरी करती हुई) गच्छत् का गच्छन्ती। यात् का याती वा यान्ती = जाती हुई।

* शतृ प्रत्ययान्तभ्वादिगण, दिवादिगण और चुरादिगण की धातुएं त् के पूर्व एक न् अवश्य लेते हैं जब उनका स्त्रीलिंग (अथवा नपुंसक लिंग का प्रथमा, द्वितीया और सम्बोधन का द्विवचन का रूप) बनाया जाता है। तुदादिगणी धातुएं तथा आकारान्त अदादिगणी धातुएं तथा स्यतृप्रत्ययान्त धातुएं यह न् विकल्प करके लेते हैं शेष सब गणों में यह न् नहीं जोड़ा जाता है। शक्नुवत् का शक्नुवती, अदत् का अदती परन्तु पठत् का पठन्ती। गमयत् का गमयन्ती।

हलन्त शब्दों के स्त्रीलिंग बनाने में उनका जो रूप तृतीया एक वचन में होता है उसमें आ के स्थान में ई जोड़ कर स्त्रीलिंग बनाते हैं जैसे प्रत्यञ्च् का प्रतीची = पश्चिमकी। प्राञ्च् का प्राची = पूर्वी।

मतुप् (वा वतुप्) प्रत्ययान्त, क्तवतप्रत्ययान्त तथा ईयसुन्प्रत्ययान्त और वस्-प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्रीलिङ्ग ई जोड़ने से बनता है जैसे बुद्धिमत् का बुद्धिमती, भगवत् का भगवती। विद्वस् का विदुषी, प्रेयस् का प्रेयसी (अधिक प्रिया) दृष्टवत् का दृष्टवती। (मतुप्, वतुप्, ईयसुन् में उ गिरता है)

---

*शप्श्यनोर्नित्यम्। पा. ७. १. ८१।
आच्छीनद्योर्नुम्। पा. ७. १. ८०।

कुछ शब्द जैसे इन्द्र, वरुण, भव आदि का स्त्रीलिङ्ग ई जोड़ने के पूर्व आन् जोड़ने से बनता है जब उनकी स्त्री का अर्थ होता है जैसे भवानी, इन्द्राणी, वरुणानी परन्तु मातुल का मातुली वा मातुलानी (माई) क्षत्रिय का क्षत्रियाणी वा क्षत्रिया पति का स्त्रीलिङ्ग पत्नी, राजन् का राज्ञी, नर का नारी, युवन् का युवति, युवती वा यूनी होता है।

* समासों में अकारान्त द्विगुसमास सदैव स्त्रीलिङ्ग हो जाता है जो ई जोड़ने से बनता है जैसे त्रयाणां लोकानां समाहारः = त्रिलोकी। पात्रादि शब्द जब द्विगु के अन्त पर हों तब स्त्रीलिङ्ग नहीं होता है जैसे त्रिभुवनम्, पञ्चपात्रम्।

† बहुव्रीहि समास का जिसका उत्तरपद कोई अङ्गवाची हो स्त्रीलिङ्ग प्रायः आ अथवा ई जोड़ने से बनता है जैसे चन्द्रमुखी—चन्द्रमुखा, सुकेशा—सुकेशी परन्तु यदि अङ्गवाची शब्द के उपधा में संयुक्त अक्षर हो तो (अङ्गादिगण के शब्दों को छोड़कर) केवल आ ही जोड़ने से स्त्रीलिङ्ग बनता है जैसे लोलजिह्वा = चञ्चल जीभ वाली। परन्तु कृशाङ्गा—कृशाङ्गी (पतले अङ्ग वाली)। दो से अधिक स्वर रखनेवाले अङ्गवाची शब्द केवल आ ही लेते हैं जैसे मृगनयना, चन्द्रवदना।

‡ न वा स वा सह के साथ बहुव्रीहिसमास में अङ्गवाची शब्द केवल आ लेता है जैसे सकेशा, अकेशा, सहनासिका।

---

* अदन्तो द्विगुः स्त्रियामिष्टः। महाभाष्यम्।

† स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात्। पा० ४. १. ५४

‡ सहनञ्विद्यमानपूर्वाच्च। पा० ४. १. ५७

शब्द

प्री (६ प. आ.) = प्रसन्न करना, खुश होना

अश् (६ प.) = खाना

{क्री (६ प. आ.) = मोल लेना
{विपूर्व. क्री (६ आ) = बेंचना

प्री (४ आ.) = प्रीति करना

बन्ध् [६ प. (बध्)] = बान्धना

ग्रन्थ् [६ प. (ग्रथ्)] = गांठना

अभि पूर्व. ज्ञा [६ प. (जा)] = पहचानना

{स्तृ [६ प. आ (स्तृ)] = ढाकना
{आपूर्व. स्तृ = ऊपर फैलाना, ढाकना

धू [६ प. आ (धु)] = हिलाना

धु वाधू (५ प. आ) = हिलाना

स्रज् (स्त्री०) = हार, माला

त्वच् (स्त्री०) = खाल

इन्द्रिय (नं०) = इन्द्रिय जिन से विषय जाने जाते हैं जैसे नाक, कान आदि

प्रथम (वि) = पहेला

घ्राणं = नाक

सुगन्धः = खुशबू

द्वितीय (वि) = दूसरा

चक्षुस् (नं०) = आंख

तृतीय (वि) तीसरा

श्रोत्रं = कान

कुर्वती = करती हुई (स्त्री०)

क्रीणत् (वि) = क्री + शतृ = खरीदते हुए

विक्रीणान (वि) = विपूर्व क्री + शानच् = बेंचते हुए

प्रस्थित = प्र + स्था + क्त = प्रस्थान किया, रवाना हुआ

क्वापि (अव्यय) = कहीं पर

कलत्रं = स्त्री

समक्रिय (वि) = समाना (एकसी) क्रिया यस्य

पुण्यकृत् (वि) = पुण्य करने वाला

अनुपूर्व. ग्रह् [६ प. आ (गृह्)] = कृपा करना, अनुग्रह करना

विपूर्व. ग्रह् = विग्रह करना, लड़ाई करना

मुष् (६ प.) = चोरी करना

पुष् (६ प.) = पोषण करना

स्तम्भ् (६ प. [स्तभ्]) = रोकना

पू (६ प. आ. [पु] = पवित्र करना

लू (६ प. आ. [लु]) = काटना

कॄ (६ प. आ. (कृ))=मार डालना
पॄ (६ प. आ. (पृ))=भरना
दॄ (६ प. (दृ))=फाड़ना
जॄ (६ प. (जृ))=बुड्ढा होना
वॄ (६ प. आ. (वृ))=पसन्द करना, चुनना
शिरस् (नं)=शिर
ह्यः (अव्यय)=कल (बीता हुआ)
मूढ़=मुह् (४ प.=मूर्ख होना)+क्त =मूर्ख
पाशः=फन्दा
अपरं (क्रियाविशेषण)=इसके अतिरिक्त, और
परं (क्रियाविशेषण)=परन्तु, मगर
पुरः (अव्यय)=सामने, आगे
शास्त्रोक्तानि=शास्त्रेषु उक्तानि
उद् पूर्व. पद्+णिच्=[पाद् (१०)] =पैदा करना
आरब्ध=आपूर्व. रभ् (१ आ)+क्त
विपूर्व. लप् (१ प.)=विलाप करना
किरातः=पहाड़ी मनुष्य
मुंच्+णिच् =मोच् (१०)=छोड़ाना
पुरा (अव्यय)=पहेले

ऋ+णिच् [=अर्प् (१०)]=प्राप्त करना, देना
वरम् (अव्यय)=अच्छा है
ऋत्विज् (पु.)=यज्ञ करने वाले
ईदृश (पुं. नं.)=ऐसा
ईदृशी=ऐसी
कीदृश (पुं. नं.)=कैसा
एकाकिन् (वि)=अकेला
उद्यत (वि)=तैयार
पाशः=फन्दा
बद्ध=बन्ध्+क्त=बन्धा हुआ
समम् (अव्यय)=साथ
अध्वन् (पु.)=मार्ग
प्रहारः=मार, चोट
पान्थः=मुसाफ़िर, डगरोही
सन्निधि (पुं)=समीप, पास
चर्मन् (नं.)=चमड़ा
अरत्न (वि)=न रत्नमस्ति यस्य सः
विधि (पु.)=करना, शास्त्र आज्ञा वा प्रकार
त्याजित (वि)=त्यज्+णिच्+क्त= छोड़ाया गया

त्याजितवस्त्राः = त्याजितानि वस्त्राणि यैः ते = जिनसे वस्त्र उतराए गए

लगुड (पु.) = लाठी

पुल्लीपुरं = नगर का नाम

रे (अव्यय) = ओ (सम्बोधन में प्रयुक्त होता है)

बहुमूल्यानि (वि) = बहु मूल्यं येषां तानि

तत्समक्षम् = तस्य समक्षम् (अव्यय सामने)

विहित = वि पूर्व. धा + क्त = किया गया

जङ्घा = जांघ

चिन्ताव्याकुलमनाः = चिन्तया व्याकुल मनः यस्य सः

धूर्त (पु.) = धोका देने वाला, बेईमान

चुर (१० प. आ. (चोर्)) = चोराना

चोरित (वि) चुर् + क्त = चोराया गया

वरः = पति

वायु (पु.) = हवा

आपद् (स्त्री) = विपद्

समक्रिय (वि) = समा ((वि) सदृश) क्रिया यस्य सः

त्रय (नं.) = तीन का समूह

रज्जु (स्त्री०) = रस्सी

कीदृशी = कैसी

यादृश (पु. नं) = जैसा

यादृशी = जैसी

भवद्विरहनाम्ना = भवाद्भिः विरहः (अलेहदगी) भवद्विरहः तस्यनाम्ना।

धृति (स्त्री०) = धीरज

अनुग्रहः = कृपा

सहायः = मित्र, साथी

भूत (वि) = भू + क्त = जो हो

वचस् (नं) = कहना, वचन

चित्त (नं.) = दिल

आर्द्र (वि.) = भीगा, तर

करुणा = रहम, दया

करुणार्द्रचित्ताः = करुणयाआर्द्रं चित्तं येषां ते

सुचरित्र (न.) = अच्छा आचरण वा काम

भर्तृ (पु) = पति, जो पालन करे

पुर (न) = नगर

ज्ञानेन्द्रियाणि

अस्माकं देहे पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि सन्ति । प्रथमं घ्राणं येन वयं सुगन्धं गृह्णीमः । द्वितीयं चक्षुः, येन वयं रूपं पश्यामः । तृतीयं श्रोत्रं येन वयं शृणुमः । चतुर्थी जिह्वा यया वयं सर्वेषां पदार्थानां रसं जानीमः । पञ्चमी त्वक् यया वस्तूनां स्पर्शं जानीमः ।

मूर्खब्राह्मणः ।

एकस्मिन्नगरे कोऽपि विप्रो महाविद्वान्, परं कुसंस्कारेण चौरोऽभवत् । स तस्मिन् पुरे अन्यदेशादागतान् चतुरो विप्रान् बहूनि वस्तूनि विक्रीणानान् दृष्ट्वा चिन्तितवान् "अहो ! केनोपायेनैषां धनं लभेय" इति विचिन्त्य स तेषां पुरोऽनेकानि शास्त्रोक्तानि सुभाषितानि प्रियाणि मधुराणि च वचनानि उक्त्वा तेषां मनसि विश्वास मुत्पाद्य, सेवां कर्त्तुमारब्धवान् ।

अथ तस्मिन् सेवां कुर्वति, तैः विप्रैः सर्ववस्तूनि विक्रीय बहुमूल्यानि रत्नानि क्रीतानि । ततः तानि सुखमध्ये तत्समक्षं प्रतिक्षिप्य स्वदेशं प्रति प्रस्थिताः ततः स धूर्त्तः प्रस्थितांस्तान् विप्रान् प्रेक्ष्य चिंताव्याकुलितमनाः सञ्जातः—"अहो धनमेतत् न किंचित् मया चोरितम् । अथ एभिः सह गच्छामि मार्गे क्वापि एतेभ्यो विषं दत्वा एतान्निहत्य सर्वरत्नानि गृह्णामि" इति विचिन्त्य तेषामग्रे सकरुणं विलप्य इदमाह "भोः । मित्राणि, यूयं मामेकाकिनं त्यक्त्वा गन्तुमुद्यताः । तन्मे मनो भवद्भिः सह स्नेहपाशेन बद्धं भवद्विरहनाम्नैव आकुलं सञ्जातं धैर्यन्न धारयति । यूयमनुग्रहं विधाय सहायभूतं मामपि सहैव नयत" इति ।

तद्वचः श्रुत्वा ते करुणार्द्रचित्ताः तेन *सहायभुतेन सममेव स्वदेशं प्रति प्रस्थिताः, अथाध्वनि तेषु पञ्चसु पुल्लीपुरमध्ये व्रजत्सु किरातगुप्तचराः कथयितुमारब्धवन्तः "रे रे किराता धावत धावत अतिधनिनो गच्छन्ति, एतान् निहत्य धनं नयत" इति ।

ततः किरातैः तद्वचनमाकर्ण्य सत्वरं गत्वा ते विप्रा लगुडप्रहारैस्ताडितास्त्याजितवस्त्राश्च विलोकिताः, परं धनं किंचिन्न लब्धम् । तदा तैः किरातैरभिहितम्—"भोः पान्थाः ! पुरा कदापि गुप्तचरवचनमनृतं नाभवत् । ततो भवतां सन्निधौ क्वापि धनं विद्यते, तदर्पयत अन्यथा सर्वेषामपि वधं विधाय चर्म विदीर्य्य प्रत्यंगं प्रेक्ष्य धनं नेष्यामः" इति ।

तदा तेषामीदृशवचनमाकर्ण्य चौरविप्रेण मनसि चिंतितम्—"यदा एषां विप्राणां वधं विधाय अङ्गं विलोक्य रत्नानि नेष्यन्ति तदा मामपि हनिष्यन्ति । ततोऽहं पूर्वमेवात्मानमरत्नं समर्प्य एतान् मोचयामि इति निश्चित्य तेन अभिहितम्—"भोः किराताः, यदि एवं तर्हि मां पूर्वं निहत्य विलोकयत" इति । ततस्तैः तथानुष्ठितं तञ्च धनरहितमवलोक्य अपरे चत्वारोऽपि मुक्ताः । तदुक्तम्

पण्डितोऽपिवरं शत्रुर्न मूर्खो हितकारकः । मूढभृत्यहतोराजा विप्राश्चौरेण रक्षिताः ॥

---

* सहायभूत नित्यसमास है इसका विग्रह इस प्रकार होता है । सहायेन सदृशः इति सहायभूतः । यहां भूत का अर्थ 'सदृश' है ।

संस्कृतवाक्यानि

भवते पुष्पस्रजं ग्रश्नामि। गाः स्वयमनुचरा बध्नन्ति। वृक्षाँल्लुनीहि। यज्ञ-भूमिमृत्विजः कुशैरास्तृणते। स्वपुस्तकं गृहाण पाठशालाञ्च गच्छ। स्वयंवरकाले कन्या कश्चित् राजकुमारमवृणात् तदनु वृतः कुमारः वरो भूत्वा विवाहविधौ कन्यायाः पाणिमगृह्णात्। धनं दत्वा एकां गां क्रीणीमः स्वगृहवस्तूनि च विक्रीणीमहे। कैकेयी दशरथमवदत्—"अहं वरं वृणे" इति वृणीष्वेति स उक्तवान्।

अग्निर्मम अङ्गानि पुनातु। वयं तां कथां न जानीमः। वायुर्महतो वृक्षान् धुनोति किन्तु पर्वतान्न धुनाति। व्याघ्रा वनेषु मृगान् कृणन्ति।

प्रीणाति यः सुचरितैःपितरं स पुत्रो
यद्भर्तुरेव हितमिच्छति तत्कलत्रम्।
तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं यत्
एतत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते॥

यूयं ह्यः किमश्नीत। त्वं धनेन बहूनि वस्तूनि अक्रीणीथाः। वयं रज्जुभिः चौरान बध्नीम। उपानद्भिश्च तानताडयाम। मधुलिह एतादृशानि पुष्पाणि वृणन्ति। द्विषि मित्राणि सुखेन स्वोदरमपि न पृणन्ति।

भाषा

वायु वृक्षों को हिलाता है। धन कदापि न चोराओ (मुष्)।

मैंने आज कुछ नहीं खाया (अश्)। ब्राह्मण राजा से दक्षिणा ग्रहण करते हैं (ग्रह्)। गाएं मोल ले और घोड़ा बेंच।

तुम सब इस को पानी से भरो [पॄ (६ प. केवल परस्मैपदी है)]।

मैं वेद जानूँ।

हम सब को इन्द्रियां रोकना चाहिये (नि+ग्रह्)।

वे सब को खुश करते हैं (प्री)। ईश्वर मुझको पवित्र करे।

ऋषियों के कथनों को मैंने एकट्ठा किया (ग्रन्थ्)। राम वन में फल खाते थे (अश्)। मैं जानता हूँ कि देवदत्त ने वह किताब ली।

नवम पाठ

अदादि (२) गण

अदादि गण का कोई विकरण (चिन्ह) नहीं है अतएव इसमें धातु में सीधे प्रत्यय (जो पञ्चम पाठ में लिखे हैं) जोड़ दिये जाते हैं केवल प्रबल प्रत्यय परे रहते गुण करना पड़ता है और दुर्बल प्रत्यय परे रहते कुछ नहीं करना पड़ता है। इस प्रकार धातुओं के रूप बन जाते हैं।

जो धातु आकारान्त है उनके रूप बनाना बहुत सरल है किन्तु इस गण की जो धातु आकरांत नहीं हैं उन में स्वयं धातुओं में प्रत्यय जोड़ने के पूर्व बहुत परिवर्तन होते हैं जो आगे लिखेंगे।

परस्मैपदी या [(२. प.) जाना] धातु के रूप

लट्

	प्र.	म.	उ.
ए.	याति	यासि	यामि
द्वि.	यातः	याथः	यावः
बहु.	यान्ति	याथ	यामः

लङ्

	प्र.	म.	उ.
ए.	अयात्	अयाः	अयाम्
द्वि.	अयाताम्	अयातम्	अयाव
बहु.	*अयान्, अयुः	अयात	अयाम

लोट्

	प्र.	म.	उ.
ए.	यातु	याहि	यानि
द्वि.	याताम्	यातम्	याव
बहु.	यान्तु	यात	याम

विधिलिङ्

	प्र.	म.	उ.
ए.	यायात्	यायाः	यायाम्
द्वि.	यायाताम्	यायातम्	यायाव
बहु.	यायुः	यायात	यायाम

स्ना (२. प. स्नानकरना) पा (२ प. रक्षा करना) ख्या (२ प. कहना) दा (२ प. काटना) भा (२ प. चमकना) रा (२ प. देना) इत्यादि आकारांत धातुओं के रूप या के समान चलते हैं।

---

* इस गण की आकारांत धातुओं का लङ् के प्रथम पुरुष के बहुवचन का प्रत्यय विकल्प करके उः भी है।

आत्मनेपदी शीधातु (२ आ. लेटना) के रूप

शी का गुण सब प्रत्ययों के परे रहते होता है और जो प्रत्यय प्रथम पुरुष बहु वचन के (विधिलिङ् को छोड़) हैं उनके पहले इस धातु में र् आजाता है।

जैसे शी + अते = शे + र + अते = शेरते = वे सब लेटते हैं।

लट्

	प्र.	म.	उ
ए.	शेते	शेषे	शये
द्वि.	*शयाते	शयाथे	शेवहे
बहु.	शेरते	शेध्वे	शेमहे

लोट्

	प्र.	म.	उ.
ए.	शेताम्	शेष्व	शयै
द्वि.	शयाताम्	शयाथाम्	शयावहै
बहु.	शेरताम्	शेध्वम्	शयामहै

लङ्

	प्र.	म.	उ.
ए.	अशेत	अशेथाः	अशयि
द्वि.	अशयाताम्	अशयाथाम्	अशेवहि
बहु.	अशेरत	अशेध्वम्	अशेमहि

विधिलिङ्

	प्र.	म.	उ.
ए.	शयीत	शयीथाः	शयीय
द्वि.	शयीयाताम्	शयीयाथाम्	शयीवहि
बहु.	†शयीरन्	शयीध्वम्	शयीमहि

---

* शी की ई का गुण ए सर्वत्र होता है जैसे शे + आते = श् + अय् + आते = शयाते (सन्धि ६)।

† शी + ईरन् = शे + ईरन् = शयीरन्, इसमें र् नहीं जोड़ा गया है जैसा कि शी + अते = शे + र + अते = शेरते में किया था।

असू (२ प. आ)=होना

असधातु बहुत कम आत्मनेपद में आती है अतएव आत्मनेपद के रूप नहीं लिखे।

इस गण में असधातु का अन्तिम स् प्रत्यय के धू वा स् परे रहते गिर जाता है और असधातु का अ दुर्बल प्रत्यय परे रहते गिर जाता है। इ धातु स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते य् हो जाता है।

परस्मैपद				परस्मैपद		
	असू=होना				इ (२ प.)=जाना	
	लट्				लट्	
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	अस्ति	*असि	अस्मि	एति	एषि	एमि
द्वि.	स्तः	स्थः	स्वः	इतः	इथः	इवः
बहु.	सन्ति	स्थ	स्मः	यन्ति	इथ	इमः

* अस् धातु में बहुत बातें नियम विरुद्ध होती हैं यहां एक स् गिर गया (अस्सि के स्थान में असि रहा)।

लङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	*आसीत्	आसीः	आसम्
द्वि.	आस्ताम्	आस्तम्	आस्त
बहु.	आसन्	आस्त	आस्म

लोट्

	प्र०	म०	उ०
ए.	अस्तु	एधि	असानि
द्वि.	स्ताम्	स्तम्	असाव
बहु.	सन्तु	स्त	असाम

विधिलिङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	स्यात्	स्याः	स्याम्
द्वि.	स्याताम्	स्यातम्	स्याव
बहु.	स्युः	स्यात	स्याम

लङ्

प्र०	म०	उ०
ऐत्	ऐः	आयम्
†ऐताम्	ऐतम्	ऐत
आयन्	ऐत	ऐम

लोट्

प्र०	म०	उ०
एतु	इहि	अयानि
इताम्	इतम्	अयाव
यन्तु	इत	अयाम

विधिलिङ्

प्र०	म०	उ०
इयात्	इयाः	इयाम्
इयाताम्	इयातम्	इयाव
इयुः	इयात	इयाम

---

* लङ् के प्रत्यय त् और : के पूर्व अस् में एक ई जोड़ दी जाती है अस्+ई+त्=असीत् फिर पूर्व लङ् का अ (आ) जोड़ा=आसीत्। अस् धातु के रूपों को बहुत क्रम विरुद्ध होने के कारण कण्ठस्थ करना ही ठीक है।

† आडजादीनाम्। पा० ६. ४. ७२=स्वरादिधातु के आदि में लङ् में अ के स्थान में आ जोड़ा जाता है जो (सन्धिनियम विरुद्ध) अगले धातु के स्वर, इ वा ई से मिल कर ऐ, उ वा ऊ से मिलाकर औ, ऋ से मिल कर आर हो जाता है संक्षेपतः एक वृद्धि होजाती है जैसे आ+इताम्=ऐताम्।

इस गण में बहुत धातुओं के रूप क्रमविरुद्ध चलते हैं और धातु अपने २ नियम पृथक् २ रखते हैं जैसे उकारान्त धातु प्रायः व्यञ्जनादि प्रबल प्रत्यय परे रहते वृद्धि लेते हैं और स्वरादि प्रबल प्रत्यय परे रहते गुण लेते हैं और दुर्बल प्रत्यय परे रहते वैसे ही रहते हैं किन्तु स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते उनके उ का सन्धिनियम विरुद्ध उव् हो जाता है और इकारान्त धातुओं का ऐसी दशा में इ का इय् हो होजाता है जैसे स्तु=स्तुति करना, प. स्तौति (स्तु की वृद्धि स्तौ हुई) स्तुतः, स्तुवन्ति इत्यादि आ. स्तुते, स्तुवाते, स्तुवते और लङ् में प्र. ए. अस्तौत् , उ. ए. *अस्तवम् (स्वरादि प्रबल प्रत्यय परे गुण हुआ) स्तु के रूप नु (स्तुति करना) के समान होते हैं। नु के रूप नीचे दिये जाते हैं।

नु [(प. २) स्तुति करना] के रूप

लट्

	प्र०	म०	उ०
ए.	नौति	नौषि	नौमि
द्वि.	नुतः	नुथः	नुवः
बहु.	नुवन्ति	नुथ	नुमः

लङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	अनौत्	अनौः	अनवम्
द्वि.	अनुताम्	अनुतम्	अनुव
बहु.	अनुवन्	अनुत	अनुम

लोट्

प्र०	म०	उ०
नौतु	नुहि	नवानि
नुताम्	नुतम्	नवाव
नुवन्तु	नुत	नवाम

विधिलिङ्

प्र०	म०	उ०
नुयात्	नुयाः	नुयाम्
नुयाताम्	नुयातम्	नुयाव
नुयुः	नुयात	नुयाम

---

* अ+स्तु+अम्=अ+स्तो+अम्=अस्तवम्।

अदादि (२) गण में प्रायः धातु का अन्तिम इ, ई और उ, ऊ स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते क्रम से इय् और उव् हो जाते हैं।

ब्रू (२. प. आ) धातु में एक ई व्यञ्जनादि प्रबल प्रत्यय परे रहते जोड़ दी जाती है और इसके पहले पांच रूप विकल्प करके भिन्न होते हैं। ब्रू का प्रबल प्रत्यय परे रहते गुण होता है दुर्बल प्रत्यय परे रहते कुछ नहीं होता है।

ब्रू = बोलना

लट्

	परस्मैपद प्र०	म०	उ०	आत्मनेपद प्र०	म०	उ०
ए.	*ब्रवीति, आह	ब्रवीषि, आत्थ	ब्रवीमि	ब्रूते	ब्रूषे	ब्रुवे
द्वि.	ब्रूतः, आहतुः	ब्रूथः, आहथुः	ब्रूवः	†ब्रुवाते	ब्रुवाथे	ब्रूवहे
बहु.	ब्रुवन्ति, आहुः	ब्रूथ	ब्रूमः	ब्रुवते	ब्रूध्वे	ब्रूमहे

लङ्

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	अब्रवीत्	अब्रवीः	अब्रवम्	अब्रूत	अब्रूथाः	अब्रुवि
द्वि.	अब्रूताम्	अब्रूतम्	अब्रूव	अब्रुवाताम्	अब्रुवाथाम्	अब्रूवहि
बहु	अब्रुवन्	अब्रूत	अब्रूम	अब्रुवत	अब्रूध्वम्	अब्रूमहि

* ब्रू + ई + ति। ति प्रबल प्रत्यय है अतः ब्रो + ई + ति = ब्र् + अव् + ई + ति = ब्रवीति (सन्धि ७)।

† अदादिगण में उ वा ऊ का उव् हो जाता है यदि दुर्बल स्वरादि प्रत्यय परे हो यहां ब्रू + आते = ब्र् + उव् + आते = ब्रुवाते हुआ।

लोट्

ए.	ब्रवीतु	ब्रूहि	ब्रवाणि	ब्रूताम्	ब्रूष्व	ब्रवै
द्वि.	ब्रूताम्	ब्रूतम्	ब्रवाव	ब्रुवाताम्	ब्रुवाथाम्	ब्रवावहै
बहु.	ब्रुवन्तु	ब्रूत	ब्रवाम	ब्रुवताम्	ब्रूध्वम्	ब्रवामहै

विधिलिङ्

ए.	ब्रूयात्	ब्रूयाः	ब्रूयाम्	ब्रुवीत	ब्रुवीथाः	ब्रुवीय
द्वि.	ब्रूयाताम्	ब्रूयातम्	ब्रूयाव	ब्रुवीयाताम्	ब्रुवीयाथाम्	ब्रुवीवहि
बहु.	ब्रूयुः	ब्रूयात	ब्रूयाम	ब्रुवीरन्	ब्रुवीध्वम्	ब्रुवीमहि

अदादिगण की व्यञ्जनान्त धातुओं के रूप कठिन होते हैं।*

---

* अदादिगण में, मृज् आदि धातुओं का ज् तथा धातु का अन्तिम श् और छ् बदल कर ष् हो जाता है जब इनके परे कोई व्यञ्जन हो (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, ., ल्, व्, को छोड़) (देखो सन्धि ५५)

मृज् (२ प. पोंछना)

ईश् (२ आ.) = मालिक होना, राज्य करना

लट् ईष्टे (सन्धि ५५, ३१)

ईशाते

ईशते इत्यादि

(मृज् में प्रबल परे उपधाकी वृद्धि होती है)

लट् मार्ष्टि (५५, ३१) ५० मार्ज्मि मार्ज्मि

मृष्टः	मृष्ठः	मृज्वः
मृजन्ति	मृष्ठ	मृज्मः

इत्यादि

हन् (२. प. मार डालना) का न् व्यञ्जनादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते गिर जाता है (य् , र्, ल् , व् , ङ् , ञ् , ण् , न् , म् , व्यञ्जनों को छोड़) और उपधा का अ अर्थात् ह का अ स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते गिर जाता है और ह् का घ् हो जाता है। शब्द के वा रूप के मध्य के न् वा म् का अनुस्वार हो जाता है यदि उस के परे स् , श् , ष् अथवा ह् हो।

हन् (२ प.)

	लट्			लङ्		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	हन्ति	*हंसि	हंमि	†अहन्	†अहन्	अहनम्
द्वि.	हतः	हथः	हन्वः	अहताम्	अहतम्	अहन्व
ब.	घ्नन्ति	हथ	हन्मः	अघ्नन्	अहत	अहन्म

द्विष् (द्वेषकरना)

लट् द्वेष्टि द्वेक्षि द्वेष्मि

द्विष्टः द्विष्ठः द्विष्वः

द्विषन्ति द्विष्ठ द्विष्मः

इत्यादि

लिह् (२ प. आ. चाटना)

(ह् का ढ् आदि हुआ देखो सन्धि)

(४६, ५२, २१, ३८) ५०

लट् लेढि लेक्षि लेह्मि

(४६, ५२, २१, ३८) ५०

लीढः लीढः लिह्वः

लिहन्ति लीढ लिह्मः इत्यादि

* न् के परे स् है अतः न् का अनुस्वार हुआ हन्+सि=हंसि।

† अदादिगण में मध्यम ए. व. और प्रथम. ए. व. का प्रत्यय : और त् धातु के अन्तिम व्यञ्जन के परे जब होता हैं तो गिर जाता है (सन्धि ५६ हन् के परे यह थे अतः गिर गये)।

	लोट्			विधिलिङ्	
ए. हन्तु	जहि	हनानि	हन्यात्	हन्याः	हन्याम्
द्वि. हताम्	हतम्	हनाव	हन्याताम्	हन्यातम्	हन्याव
ब. घ्नन्तु	हत	हनाम	हन्युः	हन्यात	हन्याम

विद् (२ प.) = जानना

विद् धातु लट् में और लोट् में विकल्प करके दो प्रकार के रूप लेता है

	लट्			लोट्	
प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए. *वेत्ति	वेत्सि	वेद्मि	वेत्तु	विद्धि	वेदानि
वेद	वेत्थ	वेद	विदाङ्करोतु	विदांकुरु	विदाङ्करवाणि
द्वि. वित्तः	वित्थः	विद्वः	वित्ताम्	वित्तम्	वेदाव
विदतुः	विदथुः	विद्व	विदांकुरुताम्	विदांकुरुतम्	विदाङ्करवाव
बहु. विदन्ति	वित्थ	विद्मः	विदन्तु	वित्त	वेदाम
विदुः	विद	विद्म	विदांकुर्वन्तु	विदांकुरुत	विदाङ्करवाम

नोट—ष् और तवर्ग की जब सन्धि होती है तो तवर्ग का टवर्ग हो जाता है (५४) ऐसे ही तवर्ग और टवर्ग की सन्धि होती है तो तवर्ग का टवर्ग हो जाता है।

* विद्+ति (प्रबल है) अतः वेद्+ति=वेत्ति (सन्धि ४५) यदि (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व् को छोड़) किसी व्यञ्जन के परे अक्षरों का प्रथमगण अर्थात् खर् होगा तो पूर्व का व्यञ्जन अपने वर्ग का प्रथम अक्षर हो जाता है अतः द् का त् हुआ।

लङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	अवेत् अवेद्	अवेः, अवेत् अवेद्	अवेदम्
द्वि.	अवित्ताम्	अवित्तम्	अविद्व
ब.	अविदुः	अवित्त	अविद्म

विधिलिङ्

प्र०	म०	उ०
विद्यात्	विद्याः	विद्याम्
विद्याताम्	विद्यातम्	विद्याव
विद्युः	विद्यात	विद्याम

रुद् (२ प.) = रोना

रुद् धातु तथा स्वप् (२ प. सोना) श्वस् (२. प. सांस लेना) आदि कुछ धातुओं में व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते एक इ जोड़ दी जाती है (य व्यञ्जन को छोड़) और लङ् के म. के ए. व. में और प्र् के ए. व. में ई वा अ जुड़ता है इ नहीं।

लट्

	म०	म०	उ०
ए.	रोदिति	रोदिषि	रोदिमि
द्वि.	रुदितः	रुदिथः	रुदिवः
ब.	रुदन्ति	रुदिथ	रुदिमः

लङ्

प्र०	म०	उ०
अरोदीत् अरोदत्	अरोदीः अरोदः	अरोदम्
अरुदिताम्	अरुदितम्	अरुदिव
अरुदन्	अरु'दत	अरुदिम

लोट्			विधिलिङ्		
ए. रोदितु	रुदिहि	रोदानि	रुद्यात्	रुद्याः	रुद्याम्
द्वि. रुदिताम्	रुदितम्	रोदाव	रुद्याताम्	रुद्यातम्	रुद्याव
ब. रुदन्तु	रुदित	रोदाम	रुद्युः	रुद्यात	रुद्याम

दुह् (२. प. आ. दुहना)

लट्

परस्मैपद	प्र०	म०	उ०	आत्मनेपद	प्र०	म०	उ०
ए.	*दोग्धि	धोक्षि†	दोह्मि	ए.	दुग्धे	धुक्षे	दुहे
द्वि.	दुग्धः	दुग्धः	दुह्वः	द्वि.	दुहाते	दुहाथे	दुह्वहे
बहु.	दुहंति	दुग्ध	दुह्मः	ब.	दुहते	‡धुग्ध्वे	दुह्महे

* दुह्+ति=दोह्+ति=दोघ्+ति (सन्धि ४६) धातु के आदि में द् है अन्त में ह् है और व्यञ्जन त् ह् के परे है अतः दोघ्+धि (५२)=दोग्धि (५३)

† दुह्+सि=दोघ्+सि (४६)=धोघ्+सि (एक स्वर युक्त धातुओं के यदि आदि में ब्, ग् द् हो और अन्त में वर्ग का चतुर्थ अक्षर हो तो क्रम से ब् का भ, ग् का घ्, द् का ध् होजाता है यदि ऐसी धातु के परे स्, ध्व हों अथवा कुच्छ न पड़े हो अर्थात् धातु पदान्त हो (एकाचो बशो भष् झषन्तस्य स्ध्वोः। पा० ८. २. ३७) यहां स परे है अतः=धोघ्+सि=धोक्+सि (४५)=धोक्+षि (४४)=धोक्षि

‡ दुह्+ध्वे=दुघ्+ध्वे (४६)=धुघ्+ध्वे († ऊपर के सूत्र के अनुसार)=धुग्ध्वे (५३)

लङ्

परस्मैपद			अत्मनेपद		
ए. *अधोक्, अधोग्	अधोक् अधोग्	अदोहम्	अदुग्ध	अदुग्धाः	अदुहि
द्वि. अदुग्धाम्	अदुग्धम्	अदुह्व	अदुहाताम्	अदुहाथाम्	अदुह्वहि
बहु. अदुहन्	अदुग्ध	अदुह्म	अदुहत	अधुग्ध्वम्	अदुह्महि

लोट्

ए. दोग्धु	दुग्धि	दोहानि	दुग्धाम्	धुक्ष्व	दोहै
द्वि. दुग्धाम्	दुग्धम्	दोहाव	दुहाताम्	दुहाथाम्	दोहावहै
बहु. दुहन्तु	दुग्ध	दोहाम	दुहताम्	धुग्ध्वम्	दोहामहै

विधिलिङ्

ए. दुह्यात्	दुह्याः	दुह्याम्	दुहीत	दुहीथाः	दुहीय
द्वि. दुह्याताम्	दुह्यातम्	दुह्याव	दुहीयाताम्	दुहीयाथाम्	दुहीवहि
बहु. दुह्युः	दुह्यात	दुह्याम	दुहीरन्	दुहीध्वम्	दुहीमहि

---

*अदुह्+त् [लङ् का प्र. ए. व. तथा म. ए. व. का प्रत्यय गिर जाता है यदि अदादि गण में त् और : के पूर्व कोई व्यञ्जन हो (५९)] अदुह्=अदोह् [प्रबल था]=अदोघ् [४९]=अधोघ् [ऊपर † के सूत्र के अनुसार]=अधोक् वा अधोग् (४६)।

आत्मनेपदी चक्ष् (२. आ.)=बोलना के रूप

लट्

ए.	*चष्टे	चक्षे	चक्षे
द्वि.	चक्षाते	चक्षाते	चक्ष्वहे
बहु.	चक्षते	†चड्ढ्वे	चक्ष्महे

लङ्

अचष्ट	अचष्ठाः	अचक्षि
अचक्षाताम्	अचक्षाथाम्	अचक्ष्वहि
अचक्षत	अचड्ढ्वम्	अचक्ष्महि

लोट्

ए.	चष्टाम्	चक्ष्व	चक्षै
द्वि.	चक्षाताम्	चक्षाथाम्	चक्षावहै
बहु.	चक्षताम्	चड्ढ्वम्	चक्षामहै

विधिलिङ्

चक्षीत	चक्षीथाः	चक्षीय
चक्षीयाताम्	चक्षीयाथाम्	चक्षीवहि
चक्षीरन्	चक्षीध्वम्	चक्षीमहि

---

*जब कोई ऐसा संयुक्त अक्षर जिसका पहला अक्षर क् वा स् है किसी शब्द के अन्त में हो अथवा उसके परे कोई व्यञ्जन हो [ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व् को छोड़) तो क् वा स् गिर जाता है (स्कोः संयोगाद्योरन्ते च। पा० ८. २. २९) यहां चक्ष्+ते=चक्+ष्+ते=चष्+ते=चष्टे (३१)

† चक्ष्+ध्वे=चक्+ष्+ध्वे=चष+ध्वे (ऊपर * के सूत्रके अनुसार) चड्+ध्वे (५३)=चड्ढ्वे (सन्धि २१ वा ५४)

शब्द

संयमिन् (पु.)=योगी, संयम करने वाला
पश्यत् (वि.)=देखता हुआ अर्थात् जो आत्मा को देख रहा है
हन्तृ (पु.)=मारने वाला
हत (वि.)=मरा हुआ
उभ=दोनों
क्षयः=नाश
वृत्तं=चाल चलन, हालात
साधुवृत्तान्=साधु वृत्तं येषां ते साधुवृत्ताः तान्
वाच्यता=निन्दा
सौष्ठवं=सुन्दरता
हितं=भलाई
पुण्यपुरुषः=पवित्र पुरुष
प्रियदर्शनः=प्रियं दर्शनं यस्य सः
दुर्गत (वि)=जिसकी दुर्गति हुई हो
त्रय (न.)=तीन का समूह
बन्धु (पु.)=भाई, रिश्तेदार
अन् (२प. ४ आ)=सांस लेना, जीना
प्रपूर्वक अन् (२ प.)=जीना
प्रपूर्व अन् (४ आ)=जीना
श्रेयस् (नं०)=कल्याण, सुख
श्रेयस् (वि)=अधिक प्रशस्य, अधिक अच्छा
प्रिय (वि)=प्यारा
लोकत्रयपतिः=लोकानां त्रयं लोकत्रयं तस्य पतिः=तीनों लोकों का स्वामी
भा (२ प)=प्रकाशित होना, ज्ञात होना
स्ना (२ प)=स्नान करना
ख्या (२ प.)=कहना
वि पूर्व. ख्या=व्याख्यान देना
आस् (२ आ०)=बैठना
यु (२ प.)=सम्मिलित होना, मिलाना
अय् (१ आ.)=जाना
उद् पूर्व. अय्=उदय होना
आपूर्व. शास् (२ आ.)=आशा करना
वा (२ प.)=चलना जैसे वायु का
शी (२ आ.)= लेटना, सोना
अति पूर्व. शी=बढ़ जाना, जीतना
इ (२ प.)=जाना, प्राप्त होना
उद् पूर्व. इ ((२ प.)=उदय होना

आ पूर्व. इ (२ प.)=आना
अभि पूर्व इ. (२ प.)=सामने जाना
अधि पूर्व. इ (२ आ.)=पढ़ना
श्रा (२ प.)=पकाना
श्वस् (२. प.)=सांस लेना
विपूर्व. श्वस्=विश्वास करना
सम् आपूर्व. श्वस्=शान्त होना
सू (२ आ.)=उत्पन्न करना
द्विष् (२ प. आ)=द्वेष करना
वि पूर्व. प्र. पूर्व द्विष्=द्वेष करना
दरिद्रा (२ प.)=दरिद्र होना, निर्धन होना
जागृ (२ प.)=जागना
ईश् (२ आ.)=राज्य करना, स्वामी होना
ईड् (२ आ.)=स्तुति करना
आत्मघातकः=अपने आपको मार डालने वाला
प्रपूर्व. वद् (१ प.)=अच्छी तरह कहना
राघवः=राम (रघुकुल में उत्पन्न)

दिदृक्षु (वि)=देखने की इच्छा करने वाला
मैथिली=जानकी
अविलम्बितम् (अव्यय)=बहुत जल्द
अभयप्रदानं=भयसे रक्षा की प्रतिज्ञा देना
जन्मभाज् (पु.)=मनुष्य जन्म के भजने वाले अर्थात् धारण करने वाले
खलु (अव्यय)=वास्तव में
ध्यै [(१ प.)ध्याय्]=ध्यान करना
विश्वनाथः=सब संसार का मालिक
द्वय (न.)=दो का समूह
श्रोत्रद्वयं=दो कान (दो कानों का समूह)
प्राणिन् (पु.)=जीव
नखायुधत्वम्=नखा एव आयुधं यस्य स नखायुधः तस्य भावः
भावः=होना
अक्षय (वि.)=जो कभी नाश न हो
प्रभूततर (वि.)=बहुत अधिक
जरा=बुढ़ापा
मरणं=मरना
वर्जित (वि.)=अलग, छोड़ा गया
स्वल्पकायः (वि.)=सु अल्पः कायः यस्य सः=जिसका शरीर बहुत छोटा है

भक्षितं = खाना
अनुपूर्व सृज् (६ प.) = छोड़ना
काष्ठं = लकड़ी, काठ
लोष्टं = मिट्टी का ढोला
विमुख (वि.) = फिरा है मुख जिनका
अनुपूर्व. गम् (१ प.) = पीछे चलना
सहायः = साथी
तमस् (न.) = अंधेरा
दुस्तर (वि.) = जिसका पार करना कठिन है
सत् (अस् + शतृ) = होते हुए
व्यजनं = पंखा
कुर्वत् (वि.) = कृ + शतृ = करते हुए
भृत्य (पु.) = नौकर
भक्तिसमन्वितः = भक्त्या समन्वितः = भक्ति से युक्त
समन्वित (वि.) = सम् पूर्व अनु पूर्व इ धातु + क्त = युक्त
कायः = शरीर
उभयः = दोनों
लोकः = भुवन
साधुवादः = अच्छाई का कहना
अग्रतः (अव्यय) = आगे से

सादरं (क्रियाविशेषण) = आदरेण सहितम् यथा तथा
उभयलोकं प्रति = दोनों लोकों को
यशस् (नं) = कीर्ति
क्षिति (स्त्री.) = भूमि
तलः = सतह
शोभन (वि.) = अच्छा
प्रातःकाल (पु.) = सवेरा
सम् पूर्व अर्थ् (१०) = पुष्ट करना अनुमोदन करना, समर्थन करना
जरामरणवर्जितं = जरा च मरणं च जरामरणे ताभ्यां वर्जितम्
अतिभक्तिपरः = बहुत भक्ति में तत्पर अर्थात् लगा हुआ
वक्षस् (नं.) = छाती
स्थलं = स्थान
उपरि (अव्यय) = ऊपर
मक्षिका = मक्खी
मुहुः (अव्यय) = वार वार, पुनः २
निषिध्यमान (वि) = [निपूर्व. सिध् (१ प. (षेध)] = रोकना + यक् (कर्मणि) + शानच् = जो रोका जा रहा

तॄ (तर् १ प.)=तैरना, पार करना
उद् पूर्व तॄ=पार उतरना
दुस्तर (वि)=जिसका पार करना कठिन है
सम् पूर्व. चि (५ उभय)=एकट्ठा करना, जमा करना
जीवलोक (पु.)=जीवों का लोक
भव (पु.)=दुनिया, संसार
अव पूर्व गम्=जानना
कार्य्यकरः=काम करने वाले
जम्भः=दाढ़, दान्त
पुरा (अव्यय)=पहले, प्राचीन समय में
प्रसरः=फैलाउ, जाना
अप्रतिषिद्धप्रसरः=न प्रतिषिद्धः (निषिद्धः) प्रसरः यस्य सः
प्रतिपूर्व सिध् (१ प (षेध्))=रोकना
प्रतिषिद्ध=प्रतिषिध्+क्त=रुका हुआ, निषिद्ध

*उड्डीय=उद् पूर्व. डी (१, आ(डय्) =उड़ना)+ल्यप्
शित (वि)=तीक्ष्ण, तेज़
धारा=धार, किनारा
असि (पु.)=तलवार
चपल (वि.)=चञ्चल
खड्गः=तलवार
चिर (वि)=लम्बा(समय)
आयुस् (नं)=उमर
इच्छत्=इष्+शतृ=इच्छा करते हुए
अनुचरः=नौकर
विहित (वि)=वि+धा+क्त=किया
प्रहारः=मार, वार
शितधार (वि)=शिता धारा यस्य सः
द्विधा (अव्यय)= दो प्रकारसे, दो होना
पञ्चत्व (नं.)=मरना, मृत्यु (पांच पदार्थ जल, वायु आदि मेंमिलना)

---

* उद् +डीय=उड्डीय (५४)

संस्कृतश्लोकाः

मृतं शरीरमुत्सृज्य काष्ठलोष्टसमं क्षितौ ।
विमुखा बान्धवा यान्ति धर्मस्तमनुगच्छति ॥
तस्माद्धर्मं सहायार्थं नित्यं संचिनुयाच्छनैः* ।
धर्मेण हि सहायेन तमस्तरति दुस्तरम् ॥

ते जन्मभाजः खलु जीवलोके येषां मनोध्यायति विश्वनाथम् ।
वाणी गुणान्स्तौति कथां शृणोति श्रोत्रद्वयं ते भवमुत्तरन्ति ॥

प्राणिनामुपकाराय प्राणिति प्रियदर्शनः ।
प्राण्यते पुण्यपुरुषः श्रेयसे यशसे च सः ॥

† समाश्वसिमि केनाहं कथं प्राणिमि दुर्गतः ।
लोकत्रयपतिर्भ्राता यस्य मे स्वपिति क्षितौ ॥
रोदिम्यनाथमात्मानं बन्धुना रहितस्त्वया ।
प्रमाणं नोपकाराणामवगच्छामि यस्य ते ॥

---

* (सन्धि ५६) वर्गों के पहले चार अक्षरों के परे यदि श् हो और श् के परे कोई स्वर, य् , र् , ल् , व् , ह् , ङ् , ञ् , ण् , न् , म् हो तो श् का छ् हो जाता है । फिर त् + छ = च्छ (५४) ।

† जब लक्ष्मण के शक्ति लगी है उस समय रामचन्द्र जी विलाप करते हैं । (रामायण से)

* एधि कार्य्यकरस्त्वं मे गत्वा प्रवद राघवम् ।
दिदृत्तुर्मैथिली राम पश्यतु त्वाविलम्बितम् ॥
† या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी ।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ॥
‡ य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैवं मन्यते हतम् ।
उभौ तौ न विजानीतः नायं हन्ता न हन्यते ॥
करोति पापं योऽज्ञानान्नात्मनो वेत्ति च क्षयम् ।
प्रद्वेष्टि साधुवृत्तांश्च स लोकस्यैति वाच्यताम् ॥
प्राप्य चाप्युत्तमं जन्म लब्ध्वा चेन्द्रियसौष्ठवम् ।
न वेत्यात्महितं यस्तु स भवेदात्मघातकः ॥

संस्कृतवाक्यानि

बालको रोदिति । सज्जना नित्यं सायं प्रातः परमेश्वरं स्तुवन्ति । रामशरणमुपैमि । पण्डिता व्याकरणमधीयते । वायुर्वाति । किं बूथ देवि समाश्वसिहि तव पुत्र आगमिष्यति इति । सूर्य्यः प्रातरुदेति । वयं गङ्गायां स्नामः । नारी पुत्रं

---

* सीता रामचन्द्र को सन्देश भेजती हैं (रामायण से)

† गीता से उद्धृत ।

‡ कृष्ण जी अर्जुन को आत्मा का उपदेश दे रहे हैं (भगवद्गीता)

प्रासूत । सोऽरोदीत् । सोऽब्रवीत् युद्धे के द्रोणमघ्नन् इति । रणक्षेत्रे बहवो योधाः शेरते । अहं कथं विद्वान् स्यां तत् ब्रूहि । स सायं गा दोग्धि । अग्निमीडे संध्यायाम् । यो ऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः । परमेश्वरो जगतः ईष्टे * । इमं व्याघ्रं सत्वरं जहि । आचक्ष्व स्वनाम । सूर्य्यो भाति सर्वत्र । सन्यासिनो व्याख्यान्ति । स जलेनान्नं यौति । स उत्तीर्णो भवितुमाशास्ते । पूर्वे ऋषयो ज्ञानेन मनुष्यानत्यशेरत । शूद्राः पुरा द्विजातीनां भोजनमश्नान् । अधुना बहवः पुरुषा दरिद्रति । अहो अमी अश्वा यांति । रात्रिरयात् । एक आस्तेऽपरो याति ।

मूर्खसेवकस्य कथा

कस्यचित् राज्ञो नित्यमेको मूर्खोऽतिभक्तिपरोऽङ्गसेवकः अन्तःपुरेऽप्यप्रतिषिद्ध प्रसरोऽतिविश्वासस्थानमभवत् एकदा राज्ञि निद्रां गते सेवके च व्यजनं नीत्वा वायुं कुर्वति, राज्ञो वक्षःस्थलोपरि मक्षिका उपविष्टा व्यजनेन मुहुर्मुहुर्निषिध्यमाना अपि पुनः पुनः तत्रैव उपविशन्ति स्म ततः तेन स्वभावचपलेन मूर्खसेवकेन क्रुद्धेन सता तीक्ष्णं खड्गमादाय, तस्योपरि प्रहारो विहितः । ततो मक्षिका उड्डीय गताः तेन शितधारेण असिना राज्ञो वक्षो द्विधा जातं स पञ्चत्वं गतश्च । तस्मात् स्वकल्याणमिच्छता केनापि मूर्खोऽनुचरः स्वकार्य्ये न नियोजनीयः ।

---

* ईश् धातु के योग में जो कर्म होता है उसकी षष्ठी आती है ।

भाषा

मनुष्य वन को जाते हैं (इ)। ब्राह्मण सभा में थे (अस्)। उसने ईश्वर की स्तुति की (स्तु)। हम सब रात में सोते हैं (स्वप्) और सवेरे जागते हैं। किसी को उसकी बात पर विश्वास नहीं करना चाहिये। पक्षी भूमि पर नहीं सोते (शी)। तुम क्यों रोते हो। वह स्कूल में पढ़ता है (अधि+इ)। सब सांस लेते हैं (प्र+अन्)। तू के गाय दुहता है। भ्रमर शहद चाटता है (लिह्)। वह वेद जानता है। हम सब ने स्नान की। वायु तब नहीं चलती थी (वा)। व्याख्यान दो। सूर्य्य कब उदय होता है। हम स्तुति करते हैं। वे वेदमन्त्र बोलें (ब्रू)। बहुत प्राणियों के नाखून हथियार होते हैं इस कारण उनको दूसरे नहीं मार डालते हैं।

दशम पाठ

जुहोत्यादि (३) गण

इस गण का भी कोई विकरण (चिन्ह) नहीं है केवल वही सामान्य नियम है कि प्रबल प्रत्यय परे रहते अन्त वा उपधा के स्वर का गुण होता है और दुर्बल प्रत्यय परे रहते कुछ नहीं होता। प्रत्यय पञ्चम पाठ में लिख आए हैं।

इस गण में प्रत्यय जोड़ने के पूर्व धातु के पहेले अक्षर का द्वित्व हो जाता है फिर प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं [जैसे दा (३ प. आ) ददा+ति=ददाति] उन प्रत्ययों में केवल इतना परिवर्तन करना पड़ता है कि सब प्रत्ययों के प्रथम पुरुष

बहुवचन में जहां कहीं न् है वह गिर जाता है (आत्मनेपद के विधिलिङ् के प्रथम पुरुष बहुवचन के न् को छोड़) और लङ् परस्मैपद प्रथम पुरुष बहुवचन का प्रत्यय उः है [जिस के परे रहते ह्रस्व स्वर का गुण (यद्यपि यह नियम विरुद्ध है) हो जाता है] और यदि धातु आकारान्त है तो इसके परे रहते आ गिर जाता है और दा, धा का आ दुर्बल प्रत्यय परे रहते गिर पड़ता है।

जैसे दा + अन्ति = दद् + अति = ददति = वे सब देते हैं।

लङ् प्रथमपुरुष बहुवचन में हु (३ प. यज्ञ करना) + उः = जुहु + उः = जुहवुः = अजुहवुः = उन्होंने यज्ञ किए। दा का अददुः = उन्होंने दिया।

द्वित्व करने के नियम यह हैं।

(अक्षर से अभिप्राय "पहला स्वर अपने पूर्व के व्यञ्जन सहित" से है)

१. जो अक्षर द्वित्व किया जाय यदि वह किसी वर्ग का द्वितीय अक्षर है तो वह प्रथम अक्षर होकर उसी धातु के पूर्व रक्खा जाता है (जो अक्षर इस प्रकार पूर्व रक्खा होता है उसको व्याकरण में अभ्यास कहते हैं) और यदि जो अक्षर द्वित्व किया जाय वह चतुर्थ अक्षर है तो वह तृतीय अक्षर हो जाता है जैसे धा = धधा = दधा [धा (३. प. आ) = धारण करना] फल = फफल् = पफल् [देखो ६०]

२. यदि धातु के आदि का अक्षर कवर्गीय है तो वह अभ्यास में चवर्गीय हो जाता है (संक्षेपतः क और ख अभ्यास में च और छ हो जाते हैं) इत्यादि जैसे खन् = खखन् = छखन् = चखन् और अभ्यास के ह् का ज़ हो जाता है जैसे हा = हहा = जहा। हु = हुहु = जुहु इत्यादि

३. यदि धातु के पहेले अक्षर में दीर्घ स्वर है तो वह ह्रस्व हो जाता है और अभ्यास के ऋ का अ होजाता है जैसे कृ = कृकृ = ककृ = चकृ, दा = दादा = ददा

४. यदि धातु का पहेला अक्षर संयुक्त है तो केवल उसका पहला व्यञ्जन उसके स्वर सहित द्वित्व किया जावेगा जैसे ह्री (३. प. लज्जा करना) = ह्रीह्री = हिह्री = जिह्री किन्तु यदि संयुक्त अक्षर का पहेला अक्षर श् , ष् , स् है और दूसरा अक्षर क् , ख् , च् , छ् , ट् , ठ् , त् , थ् , प् , फ् , श् , ष् , स् है तो दूसरा ही द्वित्व होगा जैसे स्पर्ध् (१ आ. चुनोती देना) = पस्पर्ध् ।

जुहोत्यादि गण में विचित्र प्रकार से भी धातुएं द्वित्व आदि की जाती हैं जैसे मा और हा धातु का आ अभ्यास में इ हो जाता है और इन धातुओं का आ व्यञ्जनादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते ई हो जाता है जैसे आत्मनेपद लट् में; हा (३ आ. जाना) = जिहीते, जिहाते जिहते इत्यादि मा (३ आ. तौलना) = मिमीते, मिमाते, मिमते । निज् (३. प. आ. धोना) विज (३ आ. अलग करना) विष् (३ प. आ. घेरना) का अभ्यास में गुण होता है जैसे * नेनेक्ति, नेनिक्तः, नेनिजति इत्यादि । वेवेक्ति, वेविक्तः, वेविजति इत्यादि, वेवेष्टि, वेविष्टः, वेविषति । इत्यादि

भृ (३. प. आ. धारण करना वा पोषण करना) पृ वा पॄ (३. प. भरना) का ऋ अभ्यास में इ होजाता है जैसे भृ = भृभृ = भिभृ = बिभृ = बिभर्ति, बिभृतः, बिभ्रति । पिपर्ति, पिपृतः, पिप्रति इत्यादि ।

भी (३ प. डरना) के रूप बिभेति, बिभीतः, बिभ्यति इत्यादि होते हैं ।

* [नेनेज् + ति = नेनेक् + ति (सन्धि ४७) = नेनेक्ति] इत्यादि

हु (३ प)=होम करना

लट्

	प्र०	म०	उ०
ए.	जुहोति	जुहोषि	जुहोमि
द्वि.	जुहुतः	जुहुथः	जुहुवः
बहु.	जुह्वति	जुहुथ	जुहुमः

लङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	अजुहोत्	अजुहोः	अजुहवम्
द्वि.	अजुहुताम्	अजुहुतम्	अजुहुव
बहु.	*अजुहवुः	अजुहुत	अजुहुम

लोट्

	प्र०	म०	उ०
ए.	जुहोतु	†जुहुधि	जुहवानि
द्वि.	जुहुताम्	जुहुतम्	जुहवाव
बहु.	जुह्वतु	जुहुत	जुहवाम

विधिलिङ्

	प्र०	म०	उ०
ए.	जुहुयात्	जुहुयाः	जुहुयाम्
द्वि.	जुहुयाताम्	जुहुयातम्	जुहुयाव
बहु.	जुहुयुः	जुहुयात	जुहुयाम

दा और धा का अन्तिम स्वर दुर्बल प्रत्यय परे रहते गिर जाता है और धा धातु का दध् , धत् होजाता है यदि इसके परे त, थ, स् , ध्व हों ।

---

* अजुहु = अजुहो + उः = अजुह् + अव् + उः = अजुहवुः

† हुझल्भ्यो हेर्धिः । पा० ६. ४. १०१ । =हु धातु तथा वह धातुएं जिनके अन्त पर झल् अर्थात् ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व् को छोड़ कोई व्यञ्जन हो उनके परे हि का धि हो जाता है ।

दा (३ प. आ.)=देना

लट्

	परस्मैपद प्र०	म०	उ०	आत्मनेपद प्र०	म०	उ०
ए.	ददति	ददासि	ददामि	दत्ते	दत्से	ददे
द्वि.	दत्तः	दत्थः	दद्वः	ददाते	ददाथे	दद्वहे
बहु.	ददति	दत्थ	दद्मः	ददते	दद्ध्वे	दद्महे

लङ्

ए.	अददात्	अददाः	अददाम्	अदत्त	अदत्थाः	अददि
द्वि.	अदत्ताम्	अदत्तम्	अदद्व	अददाताम्	अददाथाम्	अदद्वहि
बहु.	अददुः	अदत्त	अदद्म	अददत	अदद्ध्वम्	अदद्महि

लोट्

ए.	ददातु	देहि	ददानि	दत्ताम्	दत्स्व	ददै
द्वि.	दत्ताम्	दत्तम्	ददाव	ददाताम्	ददाथाम्	ददावहै
बहु.	ददतु	दत्त	ददाम	ददताम्	दद्ध्वम्	ददामहै

विधिलिङ्

ए.	दद्यात्	दद्याः	दद्याम्	ददीत	ददीथाः	ददीय
द्वि.	दद्याताम्	दद्यातम्	दद्याव	ददीयाताम्	ददीयाथाम्	ददीवहि
बहु.	दद्युः	दद्यात	दद्याम	ददीरन्	ददीध्वम्	ददीमहि

धा (३ प. आ.)=धारण करना के रूप

लट्

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	दधाति	दधासि	दधामि	धत्ते	धत्से	दधे
द्वि.	धत्तः	धत्थः	दध्वः	दधाते	दधाथे	दध्वहे
बहु.	दधति	धत्थ	दध्मः	दधते	धद्ध्वे	दध्महे

लङ्

ए.	अदधात्	अदधाः	अदधाम्	अधत्त	अधत्थाः	अदधि
द्वि.	अधत्ताम्	अधत्तम्	अदध्व	अदधाताम्	अदधाथाम्	अदध्वहि
बहु.	अदधुः	अधत्त	अदध्म	अदधत	अधद्ध्वम्	अदध्महि

लोट्

ए.	दधातु	धेहि	दधानि	धत्ताम्	धत्स्व	दधै
द्वि.	धत्ताम्	धत्तम्	दधाव	दधाताम्	दधाथाम्	दधावहै
बहु.	दधतु	धत्त	दधाम	दधताम्	धद्ध्वम्	दधामहै

विधिलिङ्

ए.	दध्यात्	दध्याः	दध्याम्	दधीत	दधीथाः	दधीय
द्वि०	दध्याताम्	दध्यातम्	दध्याव	दधीयाताम्	दधीयाथाम्	दधीवहि
बहु०	दध्युः	दध्यात	दध्याम	दधीरन्	दधीध्वम्	दधीमहि

रुधादि (७) गण

इस गण में न विकरण (चिन्ह)=धातु के अन्तिम व्यञ्जन के पूर्व रख दिया जाता है यदि प्रवल प्रत्यय परे है और न् रख दिया जाता है यदि दुर्बल प्रत्यय परे है (अर्थात् न वा न् धातु के बीच में रक्खा जाता है) विकरण रखने के पश्चात् पञ्चम पाठ में लिखित प्रत्यय जोड़ देने से रूप बन जाते हैं। इस गण में गुणादि नहीं होता।

रुध् ७ (प. आ.)=रोकना

लट्

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	*रुणद्धि	†रुणत्सि	रुणध्मि	रुन्द्धे	रुन्त्से	रुन्धे
द्वि.	रुन्द्धः	‡रुन्द्धः	रुन्ध्वः	रुन्धाते	रुन्धाथे	रुन्ध्वहे
वहु०	रुन्धन्ति	रुन्द्ध	रुन्ध्मः	रुन्धते	रुन्द्ध्वे	रुन्ध्महे

*रुध्+ति=रु+न+ध+ति=रुणध्+ति (सन्धि ४२)=रुणध+धि [५२] =रुणद्धि (५३)=रुणद्धि। इसी प्रकार रुध्+तः=रुन्ध्+तः (क्योंकि तः दुर्वल है) रुन्ध्+धः (५२)=रुन्द्धः (५३)

†रुध्+सि=रुणध+सि (सि प्रवल है अतः न बीच में रक्खा गया जो पूर्व र् होने के कारण ण हो गया)=रुणत्सि (४५) से ध् का त् हो गया।

‡ किसी व्यञ्जन के परे जब दो सवर्ण झर् हों अर्थात् य्, र्, ल्, व्, ह्, ङ्, ञ्, ण्, न्, म् को छोड़ कोई एक वर्ग के दो व्यञ्जन हों तो उन में पहेले का विकल्प करके लोप हो जाता है यहां रुन्+द् धः का विकल्प से रुन्धः भी हो सकता है। (झरो झरि सवर्णे। पा० ८. ४. ६५)

लङ्

ए.	*अरुणत्-द्	अरुणत्-द्, अरुणः	अरुणवम्	अरुन्द्ध	अरुन्द्धाः	अरुन्धि
द्वि.	अरुन्द्धाम्	अरुन्द्धम्	अरुन्ध्व	अरुन्धाताम्	अरुन्धाथाम्	अरुन्ध्वहि
बहु.	अरुन्धन्	अरुन्द्ध	अरुन्ध्म	अरुन्धत	अरुन्द्ध्वम्	अरुन्ध्महि

लोट्

ए	रुणद्धु	†रुन्द्धि	रुणधानि	रुन्द्धाम्	रुन्त्स्व	रुणधै
द्वि.	रुन्द्धाम्	रुन्द्धम्	रुणधाव	रुन्धाताम्	रुन्धाथाम्	रुणधावहै
बहु०	रुन्धन्तु	रुन्द्ध	रुणधाम	रुन्धताम्	रुन्द्ध्वम्	रुणधामहै

विधिलिङ्

ए०	रुन्ध्यात्	रुन्ध्याः	रुन्ध्याम्	रुन्धीत	रुन्धीथाः	रुन्धीय
द्वि०	रुन्ध्याताम्	रुन्ध्यातम्	रुन्ध्याव	रुन्धीयाताम्	रुन्धीयाथाम्	रुन्धीवहि
बहु०	रुन्ध्युः	रुन्ध्यात	रुन्ध्याम	रुन्धीरन्	रुन्धीध्वम्	रुन्धीमहि

---

*अदादि गण के समान इस गण में भी धातु के व्यञ्जनों के परे लङ् के प्रथम एक वचन का प्रत्यय त् और मध्यम एक वचन के प्रत्यय : का लोप हो जाता है (५६) अरुध्+त्=अरुणध्+त्=अरुणध्=अरुणत् वा अरुणद् (सन्धि ४६)

†अदादि (२) जुहोत्यादि (३) और रुधादि (७) गणों में यदि धातु व्यञ्जनान्त है (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्, य्, र्, ल्, व् व्यञ्जनों को छोड़) तो लोट परस्मैपद मध्यम पुरुष एकवचन का प्रत्यय हि के स्थान में धि हो जाता है। रुध+धि (=दुर्बल है) अतः =रुन्ध्+धि=रुन्द्+धि (५३)=रुन्द्धि। हुझल्भ्योहेर्धिः। पा. ६. ४. १०१

हु धातु का नियम विरुद्ध लोट मध्यम एक वचन का प्रत्यय धि है॥

इस गण में धातु का ङ्, ञ्, ण्, न्, म् गिर जाता है, गिरने के पश्चात् विकरण का न वा न् जोड़े जाते हैं। इन्ध् [७ आ.(इध्)]=अग्नि बनाना वा दीप्त करना।

भञ्ज् (७ प. [भज्])=तोड़ना। हिंस् (७ प. [हिस्])। अञ्ज् (७ प [अज्] =मिलाना, लगाना), वि पूर्वक अञ्ज्=प्रकट करना।

युज् (७ प. आ.)=सम्मिलित होना

लट्

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र.	म.	उ.	प्र.	म.	उ.
ए.	*युनक्ति	†युनक्षि	युनज्मि	युङ्क्ते	युङ्क्षे	युञ्जे
द्वि.	युङ्क्तः	युङ्क्थः	युञ्ज्वः	युञ्जाते	युञ्जाथे	युञ्ज्वहे
बहु.	युञ्जन्ति	युङ्क्थ	युञ्ज्मः	युञ्जते	युङ्ग्ध्वे	युञ्ज्महे

लङ्

ए.	अयुनक्, अयुनग्	अयुनक्-ग्	अयुनजम्	अयुङ्क्त	अयुङ्क्थाः	अयुञ्जि
द्वि.	अयुङ्क्ताम्	अयुङ्क्तम्	अयुञ्ज्व	अयुञ्जाताम्	अयुञ्जाथाम्	अयुञ्ज्वहि
बहु.	अयुञ्जन्	अयुङ्क्त	अयुञ्ज्म	अयुञ्जत	अयुङ्ग्ध्वम्	अयुञ्ज्महि

---

*युज् + ति = यु न ज् + ति = युनक् + ति (सन्धि ४७) = युनक्ति

†युज् + सि = युनज् + सि = युनक् + सि (४७) = युनक् + षि (४४) = युनक्षि

लोट्

ए.	युनक्तु	युङ्ग्धि	युनजानि	युङ्क्ताम्	युङ्क्ष्व	युनजै
द्वि.	युङ्क्ताम्	युङ्क्तम्	युनजाव	युञ्जाताम्	युञ्जाथाम्	युनजावहै
बहु.	युञ्जन्तु	युङ्क्त	युनजाम	युञ्जताम्	युङ्ग्ध्वम्	युनजामहै

विधिलिङ्

ए.	युन्ज्यात्	युन्ज्याः	युन्ज्याम्	युञ्जीत	युञ्जीथाः	युञ्जीय
द्वि.	युन्ज्याताम्	युन्ज्यातम्	युन्ज्याव	युञ्जीयाताम्	युञ्जीयाथाम्	युञ्जीवहि
बहु.	युन्ज्युः	युन्ज्यात	युन्ज्याम	युञ्जीरन्	युञ्जीध्वम्	युञ्जीमहि

भुज् (७ प)=भोगकरना, भुज् (७ आं)=खाना, वृज् (७ प)=वर्जित करना, मने करना, लचाना। दकारान्त धातुओं के रूप इस गण में भिद् के समान चलते हैं।

भिद् (७ प. आ.)=भिन्न करना वा तोड़ना

लट्

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र.	म.	उ.	प्र.	म.	उ.
ए.	भिनत्ति	भिनत्सि	भिनद्मि	भिन्त्ते	भिन्त्से	भिन्दे
द्वि.	भिन्त्तः	भिन्त्थः	भिन्द्वः	भिन्दाते	भिन्दाथे	भिन्द्वहे
बहु.	भिन्दन्ति	भिन्त्थ	भिन्द्मः	भिन्दते	भिन्द्ध्वे	भिन्द्महे

लङ्

ए.	अभिनत्	अभिनत् / अभिनः	अभिनदम्	अभिन्त	अभिन्थाः	अभिन्दि
द्वि.	अभिन्त्ताम्	अभिन्त्तम्	अभिन्द्व	अभिन्दाताम्	अभिन्दाथाम्	अभिन्द्वहि
बहु.	अभिन्दन्	अभिन्त्त	अभिन्द्म	अभिन्दत	अभिन्द्ध्वम्	अभिन्द्महि

लोट्

ए.	भिनत्तु	भिन्द्धि	भिनदानि	भिन्त्ताम्	भिन्त्स्व	भिनदै
द्वि.	भिन्त्ताम्	भिन्त्तम्	भिनदाव	भिन्दाताम्	भिन्दाथाम्	भिनदावहै
बहु.	भिन्दन्तु	भिन्त्त	भिनदाम	भिन्दताम्	भिन्द्ध्वम्	भिनदामहै

विधिलिङ्

ए.	भिन्द्यात्	भिन्द्याः	भिन्द्याम्	भिन्दीत	भिन्दीथाः	भिन्दीय
द्वि.	भिन्द्याताम्	भिन्द्यातम्	भिन्द्याव	भिन्दीयाताम्	भिन्दीयाथाम्	भिन्दीवहि
बहु.	भिन्द्युः	भिन्द्यात	भिन्द्याम	भिन्दीरन्	भिन्दीध्वम्	भिन्दीमहि

विशेषण

दूसरे से अधिक गुण प्रकट करने में विशेषणों में ईयस् (ईयसुन्) अथवा तर (तरप्) प्रत्यय जोड़ा जाता है और सबसे अधिक गुण प्रकट करने में विशेषणों में इष्ठ (इष्ठन्) अथवा तम (तमप्) प्रत्यय जोड़ा जाता है।

*ईयस् और इष्ठ प्रत्यय जोड़ने के समय विशेषण का अन्तिम स्वर और यदि अन्त में व्यञ्जन हो तो वह व्यञ्जन अपने पूर्व के स्वर सहित गिर पड़ता है जैसे लघु (छोटा)+ईयस्=लघ्+ईयस्=लघीयस्=अधिक छोटा। लघु+इष्ठ=लघ्+इष्ठ= लघिष्ठ=सबसे अधिक छोटा। लघुतर, लघुतम भी रूप बनते हैं। महत्+ईयस्= महीयस्। महत्+इष्ठ=महिष्ठ।

पुँल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग में लघीयस् के रूप श्रेयस् के समान चलते हैं अर्थात् ईयस् और एयस् शब्दों की तरह रूप चलाना चाहिये। वलवत् का वलीयस्, वलिष्ठ रूप बनेगा†

---

*ईयस् और इष्ठ प्रत्यय जोड़ने में शब्दों के अन्त के मत्, वत्, विन्, इन् और तृ गिर पड़ते हैं और अन्तिम स्वर गिरता है अथवा अन्तिम व्यञ्जन अपने पूर्व के स्वर सहित गिरता है जैसे वलवत्+ईयस=वलीयस्, वलिष्ठ। कर्तृ+ईयस्=करीयस, कर्तृ+इष्ठ=करिष्ठ। मेधाविन् का मेधीयस्, मेधिष्ठ। धनिन् का धनीयस, धनिष्ठ विन्मतोर्लुक्। तुरिष्ठेमेयःसु। पा० ५. ३. ६५ और ६. ४. १५४

संस्कृत व्याकरणों में अन्तिम स्वर अथवा अन्तिम व्यञ्जन अपने पूर्व के स्वर सहित का नाम टि रक्खा है (संक्षेपतः ईयस् और इष्ठ जोड़ने पर शब्द की टि का लोप हो जाता है) टेः। पा० ६. ४. १५५

†प्रथम पुस्तक में लिख चुके हैं कि शब्दों में मत्, विन् और इन् प्रत्यय लगाने से विशेषण बनते हैं और मत् का वत् हो जाता है यदि शब्द के अन्त में म् अथवा अ हो अथवा म् वा अ उपधा में हो जैसे श्रीमत्, धनवत्, मेधाविन्=याद रखने वाली बुद्धिवाला। धनिन्=धनवाला

ईयस् प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्रीलिङ्ग ई जोड़ने से बनता है जैसे लघीयस्+ई= लघीयसी। और इष्ठ प्रत्ययान्त शब्दों का स्त्रीलिंग आ जोड़ने से बनता है जैसे कनिष्ठ+आ=कनिष्ठा=सबसे छोटी। तर और तम सीधे जोड़े जाते हैं और उनका स्त्रीलिङ्ग भी आ जोड़ने से बनता है। कभी कभी तर और तम, ईयस् और इष्ठ-प्रत्ययान्त शब्दों में और अधिक अर्थ प्रकट करने के लिए जोड़ दिए जाते हैं जैसे पापिन् का पापीयस् फिर पापीयस्तर, पापीयस्तम। श्रेष्ठतर, श्रेष्ठतम।

*ईयस्, इष्ठ प्रत्यय परे रहते यदि विशेषण में व्यञ्जन हो और उसमें ह्रस्व ऋ लगी हो तो ऋ का र हो जाता है जैसे मृदु (मुलायम) का म्रदीयस्, म्रदिष्ठ। पृथु (चौड़ा) का प्रथीयस्, प्रथिष्ठ। दृढ (मज़बूत) का द्रढीयस्, द्रढिष्ठ।

कुछ प्रसिद्ध विशेषण

(जिनके ईयसुन् और इष्ठन्प्रत्ययान्त रूप क्रमविरुद्ध बनते हैं)

प्रशस्य (प्रशंसनीय)	ज्यायस्, श्रेयस् (अधिक प्रशंसनीय)	ज्येष्ठ, श्रेष्ठ (सबसे अधिक प्रशंसनीय)
क्षुद्र (नीच, छोटा)	क्षोदीयस्	क्षोदिष्ठ
दीर्घ (बड़ा)	द्राघीयस्	द्राघिष्ठ
स्थूल (बड़ा)	स्थवीयस्	स्थविष्ठ
वृद्ध (बड़ा)	ज्यायस्, वर्षीयस्	ज्येष्ठ, वर्षिष्ठ

*र ऋतो हलादेर्लघोः। पा० ६. ४. १६१

गुरु (भारी, बड़ा)	गरीयस्	गरिष्ठ
प्रिय (प्यारा)	प्रेयस्	प्रेष्ठ
बहु	भूयस्	भूयिष्ठ
अल्प (थोड़ा, छोटा)	अल्पीयस्, कनीयस्	अल्पिष्ठ, कनिष्ठ
उरु (बड़ा)	वरीयस्	वरिष्ठ
लघु	लघीयस्	लघिष्ठ
अन्तिक (समीपवाला)	नेदीयस्	नेदिष्ठ
दूर (जो दूर हो)	दवीयस्	दविष्ठ
युवन् (जवान)	यवीयस्, कनीयस्	यविष्ठ, कनिष्ठ

शब्द

अधिष्ठानं = स्थान

वि पूर्वक शिष् (७ पा.) = विशिष्ट करना

रिच् (७ प. आ) = खाली करना

वृज् (७ प.) = बचना, हटना

अभि पूर्व. उप पूर्व. इ (२ प.) = समीप जाना

क्षुद् (७ प. आ.) = पीसना, बारीक पीसना

पिष् = (७ प.) = पीसना

खिद् (७ आ.) = शोकातुर होना, दुःखी होना

छिद् (७ प. आ) = काटना

निपूर्व युज् (७ प.. आ) = नियत करना, मुक़र्रर करना

उप पूर्व. स्था (१ आ) = समीप जाना, पूजा करना

प्र. ,, ,, (१ आ.) = जाना, प्रस्थान करना

धा (३ प. आ.) = धारण करना, रखना

परि पूर्व. धा = पहेनना
अभिपूर्व. धा = कहना
विपूर्व. धा = करना, आज्ञा देना (जैसे शास्त्रों में विधान है)
पृ वा पॄ (३ प.) = भरना
निज् (३ प. आ.) = साफ़ करना
अव पूर्वक निज् = धोना
मन् (४ आ.) = मानना, विचारना
हा (३ प.) = छोड़ना
भी (३ प.) = डरना (बिभेति, बिभीतः बिभ्यति इत्यादि)
मा (३ आ.) = नापना
विष् (३ प. आ.) = घेरना
हा (३ आ.) = जाना, पाना
ह्री (३ प.) = लज्जा करना
पात्रता = योग्यता
पात्रत्वं = योग्यता
चारणः = गानेवाला, कवि
ततः (अव्यय) = उससे, उसके पश्चात्
चारणस्तुतः = चारणैः स्तुतः = कवियों से प्रशंसा किया हुआ
सुरालयः = सुराणां देवानामालयः = स्वर्ग
अब्दः = वर्ष

अब्दशतान्ते = अब्दानां शतमब्दशतं तस्य अन्ते
ध्रुव (वि.) = निश्चित
भीत (वि.) = डरा हुआ (मनुष्य)
या (२ प.) = जाना
सम्पूर्व या = मिलना, साथ चलना
प्रेरित (वि.) = [प्र + ईर् (१० प. आ.) + क्त] उत्तेजित किया गया, चलाया गया
अनिच्छत् = (इष् + शतृ) = न इच्छत्
मन्दम् (क्रियाविशेषण) = धीरे २
कुतः (अव्यय.) = कहां से, किस कारण
मृत्यु (पु.) = मौत
चिन्तयत् (चिन्त् (१०) + शतृ) = चिन्ता करते हुए
तारागणः = नक्षत्रों का समूह
वरं (अव्यय) = अच्छा है
वेला = काल
काण (वि.) = काना
अग्निहोत्रं = अग्नि का होम
परिग्रहः = स्वीकार, ग्रहण
कृताग्निहोत्रपरिग्रहः (वि.) = कृतः अग्निहोत्रस्य परिग्रहः येन सः
आच्छादित = आ + छद् (छाद् १० प. आ.

ढाकना, छिपाना) + क्त = ढका हुआ

मेघाच्छादित (वि) = मेघेन आच्छादितः

गगनं = आकाश

प्रवर्षत् (प्र + वृष् (वर्ष् १ प. + शतृ) = बरसते हुए

पशुप्रार्थनाय = पशोः प्रार्थनम् (मांगना) पशुप्रार्थनं तस्मै

ग्रामान्तरं = अन्यः ग्रामः ग्रामान्तरम् = दूसरे ग्राम को

याचित = याच् (१ प. आ. मांगना) + क्त = मांगा

आगामिन् (वि.) = आने वाला

स्वपुराभिमुखः = स्वस्यपुरं (नगरं) स्वपुरं तस्य अभिमुखः [(वि.) = सामने मुख करके]

वञ्च् (१० आ.) = धोखा देना, ठगना

कदाचित् (अव्यय) = एक समय, कभी

सम्मुख (वि.) = सामने

धूर्तः = ठग

मिथः (अव्यय) = परस्पर

अद्यतनीय (वि.) = आज का

अप + नी (१ प. आ.) = हटाना

हिमं = ठण्ड, बरफ़

पातः = पड़ना, गिरना

हिमपातः = हिमस्य पातः = ठण्ड लगना

हास्यं = हँसी

शीतं = ठण्ड

त्राणं = रक्षा

वेषः वा वेशः = शकल, भेश

परिवर्तनं = बदलना

वेशपरिवर्तनम् = वेशस्य परिवर्तनम्

वि + धा = करना

आहिताग्नि (वि.) = आहितः (आ + धा + क्त) [रक्खा गया है] अग्निः येन सः

अग्निहोत्रिन् (वि.) = अग्नि होत्र करनेवाला

सारमेयः = कुत्ता

प्रति पूर्व. पद् + णिच् (पाद् १०) = ठहराना, सिद्ध करना

ब्रह्मन् (नं.) = ब्राह्मण, परमेश्वर

यथेच्छं (अव्यय) = इच्छानुसार

वर्त्मन् (नं.) = रास्ता

वर्त्मान्तरं = अन्यत् वर्त्म इति (दूसरी रास्ता)

वल्लभः = प्रिय

वत्सः = बछड़ा

अयुक्तं (अव्यय) = ठीक नहीं

कोपसहितं (क्रियाविशेषण) = कोपेन सहितं यथा तथा

आपूर्व. चर् (१ प.) = आचरण करना, काम करना

स्तोकं (अव्यय) = थोड़ा

वनान्तरं = अन्यत् वनं = दूसरा वन

अन्यवेशधारिन् (वि.) = और भेश धारण करनेवाला

तनु (स्त्री.) = शरीर

पीवर (वि.) = मोटा

पीवरतनु (वि) = पीवरा तनुः यस्य सः = मोटे शरीरवाला

रासभः = गदहा

अधिरूढ (वि.) = अधि + रुह् + क्त = चढ़ा हुआ

मर्त्यः = मनुष्य

अज्ञानतः (अव्यय तस् प्रत्यय लगा कर बना) = अज्ञान से

उद्दिश्य (अव्यय) = लिए

उद्दिष्ट (वि.) = (उद् + दिश् + क्त) उपदेश किया गया, बताया गया

चेलं = वस्त्र

सचेलम् = चेलेन सहितं = वस्त्र सहित

पापप्रशान्तिः = पापस्य प्रशान्तिः

प्रशान्तिः = शान्ति (स्त्री.)

शक्त (वि) = शक् + क्त = समर्थ, योग्य

उत्कट (वि) = अधिक, बड़ा, अभिमानी

बलोत्कट (वि.) = बले उत्कटः = बल में बड़ा

संस्कृतश्लोकाः

मृत्योर्बिभेषि किं बाल ! न स भीतं विमुञ्चति ।
अद्य वाब्दशतान्ते वा मृत्युर्वै प्राणिनां ध्रुवः ॥

विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम् ।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनाद्धर्मं ततः सुखम् ॥

न जहाति सदाचारं स सदा चारणस्तुतः ।
उज्जिहीते जगज्जित्वा तस्य कीर्तिः सुरालयम् ॥

कोऽर्थः पुत्रेण जातेन यो न विद्वान्न धार्मिकः ।
काणेन चक्षुषा किं वा चक्षुःपीडैव केवलम् ॥
वरमेको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतान्यपि ।
एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणोऽपि च ॥

———

संस्कृतवाक्यानि

वणिक् नित्यं धान्यं मिमीते । ब्राह्मणा वह्नौ समिधो जुह्वति । तस्मै भोजनं देहि येन स प्राणान् न जहातु । यस्मात् रावणात् सर्वे मनुष्या अबिभयुस्तं रामोऽहन् । निर्धनेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो धनं दत्त । ब्राह्मणाः पादानवानेनिजुः तदनु कर्म व्यदधुः । भर्त्रा सह पितुः समीपं गच्छन्ती जिह्रेमि इत्यवदत् शकुन्तला । स वस्त्राणि परिधत्ते । सर्वे जीवा उदरं पिप्रति, यस्तु धर्मार्थं जीवति स एव मनुष्यः ।

मां न हन्धि । योधाः शरीरस्य अङ्गान्यभिन्दन् । राज्ञः सेनापतिपदे तं नियुनज्मि । त्वं परपुरुषस्य भार्यां प्रति प्रीतिं किं व्यनक्षि । व्याघ्रा मृगान् हिंसन्ति । मूषको वस्त्राणि छिनत्ति । यत्किञ्चित् प्राप्नोषि तद्भुञ्जीथाः । न हिंस्यात् किञ्चिद्भूतमिति परमो धर्मः । रात्रौ नाभुञ्जि मह्यं किंचिद्भक्षयितुं देहि । पण्डितो मूर्खाणां सभां वृणक्ति । चन्द्रस्तमो भिनत्ति । द्विषः सेनां न अभिन्दन् परश्चारुन्धन् ॥

———

मित्रशर्म्मणो धूर्त्तानाञ्च कथा

कस्मिश्चिदधिष्ठाने मित्रशर्म्मा नाम ब्राह्मणः कृताग्निहोत्रपरिग्रहः प्रतिवसतिस्म कदाचिद्माघमासे मेघाच्छादिते गगने, मन्दं मन्दं प्रवर्षति मेघे तेन पशुप्रार्थनाय किञ्चित् ग्रामान्तरं गत्वा कश्चित् यजमानो याचितः। "भो यजमान! आगामिन्याममावास्यायामहं *यक्ष्यामि यज्ञम्। तद् देहि मे पशुमेकमिति।" अथ तेन तस्मै पीवरतनुः पशुः दत्तः। सोऽपि तमितश्चेतश्च गच्छन्तं विज्ञाय स्कन्धेन वहन् स्वपुराभिमुखः प्रतस्थे। अथ तस्य गच्छतो मार्गे त्रयो धूर्त्ताः सम्मुखाः बभूवुः। तैश्च तादृशं पीवरतनुं पशुमवलोक्य मिथोऽभिहितम्—"अहो! अस्य पशोः भक्षणात् अद्यतनीयो हिमपातः अपनीयते। तदेनं वंचयित्वा पशुमादाय शीतत्राणं कुर्म इति"

अथ तेषामेको वेशपरिवर्तनं विधाय सम्मुखं भूत्वा तमाहिताग्निमूचे "भो भो बालाग्निहोत्रिन् किमेवं जनविरुद्धं हास्यकार्य्यं त्वया क्रियते, यत् एष सारमेयोऽपवित्रः स्कन्धेन नीयते इति"। ततश्च तेन कोपाभिभूतेन अभिहितम्, "अहो! किमन्धस्त्वं यत् पशुं सारमेयं प्रतिपादयसीति"। सोऽब्रवीत् "ब्रह्मन् कोपस्त्वया न कर्तव्यः यथेच्छं गम्यतामिति। अथ यावत् किञ्चिद्वर्त्मान्तरं गच्छति तावत् द्वितीयो धूर्त्तः सम्मुखे समुपेत्य तमुक्तवान् "भो ब्रह्मन् यद्यपि वल्लभोऽयं ते मृतवत्सः तथापि स्कन्धमारोपयितुम युक्तमिति"। अथ असौ सकोपमिदमाह, "भोः! किमन्धस्त्वं, यत् पशुं मृतवत्सं

---

*यज् + स्यामि = यष् + स्यामि (सन्धि ५५) यक् + स्यामि (सन्धि ५०) = यक् + ष्यामि = यक्ष्यामि (सन्धि ४४)

वदसीति" । सोऽब्रवीत् । "भगवन् मा कोपं कुरु । अज्ञानात् मया अभिहितम् । तत् त्वं यथेच्छमाचरेति"

अथ स यावत् स्तोकं वनान्तरं गच्छति, तावत् तृतीयोऽन्यवेशधारी धूर्तः सम्मुखे समुपेत्य तमवदत्, "भोः ! अयुक्तमेतत्, यत् त्वं रासभं स्कन्धाधिरूढं नयसि, तत् त्यज्यताम् एषः । उक्तञ्च

यः स्पृशेद्रासभं मर्त्यो ज्ञानादज्ञानतोऽपि वा ।
सचेलं स्नानमुद्दिष्टं, तस्य पापप्रशान्तये ॥

"तत् त्यज एनम्, यावत् अन्यः कश्चित् न पश्यतीति" ।

अथ असौ तं पशुं रासभं मन्यमानो भयात् भूमौ प्रक्षिप्य स्वगृहमुद्दिश्य प्रपलायितः ततस्ते त्रयो मिलित्वा तं पशुमादाय यथेच्छया भक्षयितुमारब्धवन्तः ।

बहुबुद्धिसमायुक्ताः सुविज्ञाना बलोत्कटम् ।
शक्ता वञ्चयितुं धूर्त्ता ब्राह्मणं ज्ञानशून्यम् ॥

भाषा

उसने गाएं खेत में छोड़ीं (हा) । जनक ने अपनी कन्या सीता को राम को दिया (दा) । योधा शत्रुओं से नहीं डरते हैं (भी) ।

शास्त्र विधवाविवाह की आज्ञा देते हैं (विधा) । उसने नाज तौला (मा) । वह भोजन से उदर भरता है । मुझ को धन दे । वह हाथ शुद्ध कर रहा है ।

मैं वृक्ष काटता हूँ (छिद्) । उसने मुझको रोका रुध । वह ओषधि पीसता है (क्षुद्) । प्रशंसनीय ब्राह्मणों ने भोजन खाया (भुज्) । राम ने धनुष को तोड़ा (भिद्) । मैंने वह प्रकट कर दिया । उसको उस पद पर नियुक्त करो ।

वह नाज पीसता है (पिष्)* । अब राम जीवों को विशिष्ट (विशेषण युक्त) करता है । (विशिष्ट) योधा नगर घेरें (रुध्) । सबसे बड़ा पुरुष उसको तोड़े ।

एकादश पाठ

लिट् लकार

अब धातुओं के दशों गण †(१ भ्वादि, २ अदादि, ३ जुहोत्यादि, ४ दिवादि, ५ स्वादि, ६ तुदादि, ७ रुधादि, ८ तनादि, ९ क्र्यादि और १० चुरादि) समाप्त होगए और यह भी बता चुके हैं कि यह दशगण लट्, लङ्, लोट् और विधिलिङ् में रूप चलाने के हेतु बनाए गए हैं । और इन में से, १, ४, ६ और १० गणों के चिन्ह अकारान्त हैं इसलिए यह सरल हैं शेष गणों के चिन्ह

---

* पिष् के रूप पिनष्टि, पिंष्टः, पिंषन्ति इत्यादि होते हैं ।

†इन गणों के नाम इस प्रकार बने हैं कि गण की एक धातु रख कर उसमें आदि शब्द जोड़ दिया है जैसे भू+आदि=भ्वादि अद्+आदि=अदादि, चुर्+आदि=चुरादि

(विकरण) अकारान्त नहीं हैं अतएव वे कठिन हैं। संस्कृत की दशों गणों की धातुओं के लट्, लङ्, लोट् और विधिलिङ् में रूप चलाने का सरल बोध कराया जा चुका है। शेष लकार लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ्, लिट् और लुङ् में गणों का विचार नहीं होता चाहें जिस गण की धातु हो उसके रूप एक ही प्रकार से इनमें बनेंगे। इन में सेट्, अनिट्, वेट् का विचार होता है अर्थात् यदि धातु सेट् है तो धातु में एक इ व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते (य व्यञ्जन को छोड़) जोड़कर तब व्यञ्जनादि प्रत्यय लगाकर और स्वरादि प्रत्यय वैसे ही लगा कर रूप बनाए जाते हैं और यदि धातु अनिट् है तो व्यञ्जनादि और स्वरादि दोनों प्रकार के प्रत्यय सीधे जोड़ कर रूप बनाए जाते हैं। तृतीय पाठ में टिप्पणी में सेट्, अनिट् पहचानने के नियम दे चुके हैं

लुट्, लृट्, लृङ् और आशीर्लिङ् के सब प्रत्यय व्यञ्जनादि हैं और य व्यञ्जन किसी के आदि में नहीं है अतएव इनमें सेट् धातुओं के रूप बनाने में सब प्रत्ययों के जोड़ने के पूर्व एक इ जोड़ी गई थी और उनमें अनिट् में कहीं नहीं इ जोड़ी गई थी। उनके रूप सरल होने के कारण पहले बता दिए गए थे अब लिट् और लुङ् के रूप बताना शेष हैं इनके बताने के पश्चात् धातुओं के सब लकार समाप्त हो जावेंगे।

लिट् (परोक्षभूत)

लिट् उस समय प्रयुक्त होता है जब कोई क्रिया बहुत पुराने समय में हुई हो अथवा बोलने वाले के सामने न हुई हो*। लिट् दो प्रकार का होता है एक में तो

---

*उत्तम पुरुष में लिट् का प्रयोग नहीं आसकता क्योंकि जो बात बोलने वाले के सामने नहीं हुई वह कैसे कहे कि मैंने वा हमने ऐसा किया। पागलपन में या स्वप्न में मनुष्य उत्तमपुरुष में लिट् का प्रयोग कर सकता है।

धातु का द्वित्व करके उसमें प्रत्यय (आगे) जोड़ कर रूप बनाए जाते हैं और दूसरे में कुछ धातुओं में आम् प्रत्यय जोड़कर फिर कृ, भू वा अस् धातु के पहले प्रकार से बने हुये लिट् के रूप जोड़ कर रूप बनाए जाते हैं। दूसरे प्रकार के लिट् के रूप प्रत्येक धातु में कृ, भू, अस् धातुओं के रूप जोड़ने के कारण तीन प्रकार के होते हैं।

प्रथम प्रकार के लिट् के रूप बनाने के यह नियम हैं :—

(१) धातु को सन्धि नियम ६० के अनुसार वा दशम पाठ में जो द्वित्व करने के नियम दिए हैं उनके अनुसार जैसा जुहोत्यादि गण में किया था द्वित्व करो और द्वित्व करने के पश्चात् निम्नलिखित प्रत्यय जोड़ दो।

लिट् के प्रत्यय †

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	अ (*१)	थ (*२)	अ (*३)	ए	से	ए
द्वि.	अतुः	अथुः	व	आते	आथे	वहे
बहु.	उः	अ	म	इरे	ध्वे	महे

*(२) इन प्रत्ययों में परस्मैपद एकवचन सब पुरुषों के प्रबल हैं और परस्मैपद द्विवचन और बहुवचन दुर्बल हैं किन्तु आत्मनेपद के सब प्रत्यय दुर्बल ही हैं जैसा पहले बता चुके हैं। (देखो पञ्चम पाठ पृष्ठ ११६)

---

* यह तीन प्रत्यय प्रबल हैं।

† (परस्मैपदानां णलतुसुस्थलथुसणल्वमाः। पा० ३. ४. ८२.)

(क) प्रबल प्रत्यय परे रहते उपधा के ह्रस्व स्वर (अ को छोड़) का गुण हो जाता है किन्तु अन्तिम स्वर के विषय में लिट् में भेद है वह यह है।

*(ख) कि प्रथम पुरुष एकवचन में अन्तिम स्वर की अवश्य वृद्धि होगी और उपधा का स्वर यदि अ है तो उसकी भी अवश्य वृद्धि होगी

(ग) किन्तु मध्यम एकवचन में केवल गुण ही दोनों (अन्तिम स्वर वा उपधा के अ) का होता है और अ का गुण अ ही है।

(घ) और उत्तम एकवचन में विकल्प करके दोनों (अन्तिम स्वर वा उपधा के अ) की वृद्धि और गुण होता है

देखो यदि उपधा में अ के अतिरिक्त और कोई स्वर हो तो कुछ झगड़ा नहीं [देखो (क)] केवल जब उपधा में अ हो अथवा धातु स्वरान्त हो तो ऊपर के लेखानुसार रूप होंगे। दुर्बल प्रत्यय सीधे जोड़ दिये जावेंगे।

(३) यदि धातु सेट् है तो व्यञ्जनादि (य व्यञ्जन को छोड़) प्रत्यय परे रहते पहले एक इ रक्खी जाती है तब प्रत्यय जोड़े जाते हैं और जो अनिट् है तो इ न रख कर केवल प्रत्यय जोड़े जाते हैं यह सामान्य नियम है किन्तु लिट् में चाहें धातु सेट् हो चाहे अनिट् व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते सब धातु इ लेते हैं (अर्थात् थ, व, म, से, ध्वे वहे, महे के पूर्व एक इ सब धातुओं के लिट् में रक्खी जावेगी [आठ धातुओं कृ, सृ,

---

*नोटः—णल् में ण् गिरता है इसलिए प्र. ए. व. और उ. ए. व. जिनका प्रत्यय णल् है वृद्धि लेते हैं।

थ प्रत्यय व्यञ्जनादि है अतः लिट् की इ इसमें जोड़ी जाती है।

भृ, वृ, स्तु, द्रु, स्रु, श्रु को छोड़ कर] संक्षेपतः इन आठ धातुओं को छोड़ लिट् के लिये सब धातुओं को सेट् मानों केवल अकारान्त धातुएं जो अनिट् हैं वह थ प्रत्यय परे रहते इ नहीं लेते और प्रत्यय परे रहते वह भी सेट् हैं ॥*

लिट्

बुध् (१. प. आ.)=जानना

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	बुबोध	बुबोधिथ	बुबोध	बुबुधे	बुबुधिषे	बुबुधे
द्वि.	बुबुधतुः	बुबुधथुः	बुबुधिव	बुबुधाते	बुबुधाथे	बुबुधिवहे
बहु.	बुबुधुः	बुबुध	बुबुधिम	बुबुधिरे	बुबुधिध्वे	बुबुधिमहे

---

* प्रथम पुस्तक में तथा इस पुस्तक के तृतीय पाठ की टिप्पणी में अच्छे प्रकार बता चुके हैं कि कौन धातु सेट् और कौन अनिट् है। लिट् में जैसा नीचे की कारिका के अद्धा में लिखा है कृ आदि आठ धातुओं को छोड़ जो सब प्रत्ययों के परे रहते इ नहीं लेते तथा अकारान्त धातुओं को केवल थ (थलि) प्रत्यय परे रहते छोड़ शेष सब धातुएं (चाहें वह सेट् हों चाहें अनिट् हों) लिट् में व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते सेट् होते हैं।

कृसृभृवृस्तुद्रुस्रुश्रुवो लिटि। पा० ७. २. १३

अजन्तोऽकारवान्वा यस्तास्यनिट् थलि वेडयम्।

अदन्त ईदृङ्नित्यानिट् क्राद्यन्योलिटि सेड्भवेत् ॥

लिट्

नी (१. प. आ.)=ले जाना

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	*निनाय	†निनयिथ, निनेथ	निनाय, निनय	निन्ये	निन्यिषे	निन्ये
द्वि.	‡निन्यतुः	निन्यथुः	निन्यिव¶	निन्याते	निन्याथे	निन्यिवहे¶
बहु.	निन्युः	निन्य	निन्यिम	निन्यिरे	निन्यिध्वे, निन्यिढ्वे	निन्यिमहे

*नी=निनी (६०) निन्+ऐ (ई की वृद्धि) [लिट् का नियम (ख)]+अ= निन्+आय्+अ (सन्धि ६)=निनाय।

†अनिट् धातु जिनके अन्त में कोई स्वर हो अथवा उपधा में अ हो तो वे मध्यम एक वचन में विकल्प करके इ को लेते हैं जैसे नी+थ=निनी (सन्धि ६०)= निनेथ [लिट् (ग)] जब विकल्प होने वली इ जोड़ी तो निनी+इ+थ=निने+इ+ थ [लिट् (ग)]=निन्+अय्+इ+थ (६)=निनयिथ। देखो कारिका।
"अजन्तो ऽकारवान्वायस्तास्यनिट् थलि वेडयम् इत्यादि"

‡नी=निनी (६०)+अतुः=निन्यतुः (दुर्बल है कुछ नहीं हुआ)।

¶लिट् में स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते धातु के अन्तिम उ वा ऊ का उव् और इ वा ई का इय् हो जाता है यदि इ आदि के पूर्व संयुक्त व्यञ्जन हो और यदि संयुक्त व्यञ्जन पूर्व न हो तो इ वा ई का य् होता है (चाहें परे इ हो तो भी ऐसा होता है) और यतः स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते धातु की अन्तिम इ वा ई का य् हो जाता है

कृ (८ प. आ.) = करना

	प्र	म.	उ,	प्र.	म.	उ.
ए.	चकार	चकर्थ	चकार, चकर	चक्रे	चकृषे	चक्रे
द्वि.	*चक्रतुः	चक्रथुः	चकृव†	चक्राते	चक्राथे	चकृवहे
बहु.	चक्रुः	चक्र	चकृम	चक्रिरे	‡चकृढ्वे	चकृमहे

और यदि उसके परे इ हो तो भी ऐसा होता है इसलिए यहां नी + व = निनी + इव [लिट् का नियम (३)] = निन् + य् + इव = निन्यिव, इसी प्रकार निनी + इ + वहे = निन्यिवहे। शिशी + इरे = शिश्यिरे (यह सन्धि नियम विरुद्ध लिट् ही के लिए नियम है अन्यथा सन्धिनियमानुसार ई + इ = ई)

* कृ + अतुः = चकृ + अतुः (६०) = चक् + ऋ + अतुः = चक् + र् + अतुः (सन्धि ४) = चक्रतुः

†कृ = चकृ (६०) = चकृ + व = चकृव (थ, व, म, से, ध्वे, वहे, महे के परे रहते केवल आठ धातु कृ, सृ, भृ, वृ, स्तु, द्रु, स्रु, श्रु इ नहीं लेते हैं शेष सब सेट् वा अनिट् धातु लिट् में उपरि उक्त प्रत्ययों के परे रहते इ लेते हैं (केवल थ के परे रहते ऋकारान्त अनिट् धातु इ नहीं लेते और सब व्यञ्जनादि प्रत्यय परे रहते वह भी इ लेते हैं)।

‡कृ + ध्वे = कृढ्वे। लिट् में ध्वे का ढ्वे हो जाता है यदि उसके पूर्व अ, आ को छोड़ कोई और स्वर अथवा य्, र्, ल्, व्, ह् हो और यदि ध्वे के पूर्व इ है और इ के पूर्व य्, र्, ल्, व् अथवा ह् हो तो ध्वे का विकल्प करके ढ्वे हो जाता है। यहां ऋ था इसलिए चकृढ्वे हो गया।

इणः षीध्वंलुङ्लिटां धोऽङ्गात्। पा० ८. ३. ७८ विभाषेटः। पा० ८. ३. ७९

हस् (१. प.)=हँसना

(द्वित्व होने में ह् का ज् होता है)

	प्र०	म०	उ०
ए.	जहास	जहसिथ	जहास, जहस
द्वि.	जहसतुः	जहसथुः	जहसिव
बहु.	जहसुः	जहस	जहसिम

‡अस् (२. प.) वा भू (१. प.)=होना

ए.	बभूव	बभूविथ	बभूव
द्वि.	बभूवतुः	बभूवथुः	बभूविव
बहु.	बभूवुः	बभूव	बभूविम

शी (२. आ.)=लेटना

	प्र०	म०	म०
ए.	शिश्ये	शिश्यिषे	शिश्ये
द्वि.	शिश्याते	शिश्याथे	शिश्यिवहे
बहु.	शिश्यिरे	शिश्यिध्वे, शिश्यिढ्वे	शिश्यिमहे

श्रु (प. ५)=सुनना

शुश्राव	शुश्रोथ	*शुश्राव, शुश्रव
†शुश्रुवतुः	शुश्रुवथुः	शुश्रुव
†शुश्रुवुः	शुश्रुव	शुश्रुम

‡अस् धातु के लिट् के वही रूप हैं जो भू के (भू का लिट् में बभूव हो जाता है)

---

*श्रु+अ=शुश्रु+अ (६०)=शुश्रौ अथवा शुश्रो (उत्तम पुरुष एक वचन में धातु के अन्तिम स्वर की वृद्धि अथवा विकल्प से गुण होता है उ की वृद्धि औ और गुण ओ है)=शुश्रौ+अ=शुश्राव, शुश्रो+अ=शुश्रव, शुश्राव अथवा शुश्रव।

†लिट् में अन्तिम उ का स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते उव् हो जाता है यदि उसके पूर्व संयुक्त अक्षर हो। शुश्रु+उः=शुश्रुवुः, शुश्रु+अतुः=शुश्रुवतुः

‡अस्तेर्भूः। पा० २. ४. ५२=आर्धधातुक प्रत्यय परे रहते अस् का भू हो जाता है अर्थात् लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ्, लिट् और लुङ् में अस् धातु के वही रूप होते हैं जो भू धातु के हैं।

दा (३ पा. आ.)=देना

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	*ददौ	ददाथ, ददिथ	ददौ	ददे	ददिषे	ददे
द्वि.	ददतुः	ददथुः	†ददिव	ददाते	ददाथे	ददिवहे
बहु.	†ददुः	दद	ददिम	ददिरे	ददिध्वे	ददिमहे

दा के समान ज्ञा (जज्ञौ) स्था (तस्थौ) या (ययौ) भा (बभौ) घ्रा (जघ्रौ)=सूंघना, ध्मा (दध्मौ)=धौंकना, ध्यै (ध्यान करना) [दध्यौ] गै (गाना) [जगौ] इत्यादि धातुओं के रूप चलते हैं।

---

*जो धातु आकारान्त है उसके प्रथम एक वचन और उत्तम एक वचन लिट् में अ (णल्)प्रत्यय के स्थान में औ हो जाता है। ददा+औ=ददौ। जिन धातुओं के अन्त में ए, ऐ, ओ, औ हों उनको लिट्, लुङ्, लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ् में जानो कि वे आकारान्त हैं (६१) आत औ णलः पा० ७. १. ३४

†जिन धातुओं के अन्त में आ है अथवा ए, ऐ, ओ, औ हों (जो आ हो जाते हैं) उनमें स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते अन्त का आ गिर जाता है और उन प्रत्ययों के परे रहते भी आ गिर जाता है जिनके पूर्व इ आती है जैसे ददा+उः=दद्+उः=ददुः, ददा+इव=दद्+इ+व=ददिव।

(आतो लोप इटि च। पा० ६. ४. ६४)

गम् (१. प.)=जाना				हन् (२. पा.)=मार डालना		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	*जगाम	जगमिथ,† जगन्थ	जगाम, जगम	जघान	जघनिथ, जघन्थ	जघान, जघन
द्वि.	‡जग्मतुः	जग्मथुः	जग्मिव	‡जघ्नतुः	जघ्नथुः	जघ्निव
बहु.	जग्मुः	जग्म	जग्मिम	जघ्नुः	जघ्न	जघ्निम

*गम्+अ=गगम्+अ=जगम्+अ (६० सन्धि जिससे द्वित्व करने में क् का च् और ग् का ज् हो जाता है)=जगाम्+अ [लिट् का नियम (ख)] और उत्तम एक वचन में जगाम वा जगम [लिट् का नियम (घ)] अ का गुण अ ही है।

†मध्यम पुरुष में केवल गुण हुआ अर्थात् अ का अ ही रहा जगम्+इ+थ= जगमिथ अथवा जगम्+थ=जगन्थ (अनिट् धातु जिनके अन्त में स्वर है अथवा जिनके उपधा में अ है वे थ के परे रहते विकल्प करके इ लेते हैं]।

‡गम्, हन् इत्यादि धातुओं का उपधा का अ स्वरादि दुर्बल प्रत्यय परे रहते गिर जाता है। और लिट् में हन् का ह् घ् हो जाता है। गम्+अतुः=जगम्+अतुः =जग्मतुः। हन्+अतुः=जघन्+अतुः=जघ्+न्+अतुः=जघ्नतुः।

[गमहनजनखनघसां लोपः क्ङित्यनङि। पा० ६. ४. ९८]

दृश् (१. प.)=देखना			ऋच्छ् (६. प.)=जाना		
प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए. ददर्श	ददर्शिथ, †दद्रष्ठ	ददर्श	*आनर्च्छ	आनर्च्छिथ	आनर्च्छ
द्वि. ददृशतुः	ददृशथुः	ददृशिव	आनर्च्छतुः	आनर्च्छथुः	आनर्च्छिव
बहु. ददृशुः	ददृश	ददृशिम	आनर्च्छुः	आनर्च्छ	आनर्च्छिम

सृज् के रूप दृश् के समान होते हैं जैसे ससर्ज और म. ए. व में ससर्जिथ, सस्रष्ठ। ऋच्छ् के प्रायः समान ही अर्द् (१ प.)=दुःख देना और अर्च् (१ प.) पूजा करना के रूप चलते हैं।

अर्च् (१ प.)=पूजा करना

ए. व. आनर्च	आनर्चिथ	आनर्च
द्वि. व. आनर्चतुः	आनर्चथुः	आनर्चिव
बहु. व. आनर्चुः	आनर्च	आनर्चिम

---

*ऋच्छ्+अ=ऋ+ऋच्छ्+अ=अ+ऋच्छ (६०) द्वित्व की हुई ऋ का अ होजाता है और अभ्यास (द्वित्व किया गया) का अ सदैव दीर्घ हो जाता है=आ+ऋच्छ (अत आदेः। पा० ७. ४. ७०) और जिन धातुओं में दो हल् (संयुक्त) हों और अभ्यास में दीर्घ स्वर हो उनमें अभ्यास और धातु के बीच एक न् रक्खा जाता है (तस्मान्नुड्द्विहलः। पा० ७. ४. ७१.)=आ+न्+ऋच्छ=आ+न्+अर्च्छ=आनर्च्छ (लिट् में ऋच्छ् में गुण होजाता है)

† प्रबल प्रत्यय परे रहते जिनके आदि में झल् हो (अर्थात् कोई व्यञ्जन हो य्, र्, ल्, व्, ङ्, ञ्, ण्, न्, म् को छोड़) दृश् और सृज् की ऋ, र हो जाती है (सृजिदृशोर्झल्यमकिति। पा० ६. १. ५८)

ब्रू (२ पा. आ.)=बोलना अथवा वच् (प. १, २)=बोलना

(*लिट् में ब्रू का वच् हो जाता है)

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	†उवाच	उवचिथ, उवक्थ	उवाच, उवच	ऊचे	ऊचिषे	ऊचे
द्वि.	‡ऊचतुः	ऊचथुः	ऊचिव	ऊचाते	ऊचाथे	ऊचिवहे
बहु.	ऊचुः	ऊच	ऊचिम	ऊचिरे	ऊचिध्वे	ऊचिमहे

*ब्रुवो वचिः। पा० २. ४. ५३=आर्धधातुक प्रत्यय परे रहते ब्रू का वच् हो।

†वच्, यज्, वप्, वह्, वस्, स्वप्, आदि धातुओं में य के स्थान में इ, व के स्थान में उ, र के स्थान में ऋ प्रायः दुर्बल प्रत्यय परे रहते हो जाते हैं और प्रबल प्रत्यय परे रहते यह परिवर्तन केवल अभ्यास अर्थात् जो पूर्व अक्षर द्वित्व करने पर रक्खा जाता है उसी में होता है इसी परिवर्तन को संस्कृत व्याकरण में सम्प्रसारण कहते हैं (सन्धि ६२)। (वचिस्वपियजादीनां किति। लिटयभ्यासस्योभयेषाम्। पा० ६. १. १५ और १७)। वच्=ववच्=उवच्+अ=उवाच [उपधा के अ की आ वृद्धि हुई (लिट् का नियम (ख))]

‡वच्+अतुः=उवच् (६०)+अतुः जो दुर्बल प्रत्यय है अतः उ+उच्+अतुः =ऊचतुः

वच् के समान यज् (इयाज् , ईजतुः इत्यादि) वप् (उवाप, ऊपतुः इत्यादि) व (उवास, ऊषतुः इत्यादि) वह् (उवाह, ऊहतुः इत्यादि) धातुओं के रूप होते हैं ।

पच् (१ प. आ.)=भोजन बनाना

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	पपाच	पेचिथ, पपक्थ	पपाच, पपच	पेचे	पेचिषे	पेचे
द्वि.	*पेचतुः	पेचथुः	पेचिव	पेचाते	पेचाथे	पेचिवहे
बहु.	पेचुः	पेच	पेचिम	पेचिरे	पेचिध्वे	पेचिमहे

तन् (८ प. आ. फैलाना) [ततान, तेनतुः इत्यादि] धातु के रूप पच् के समान चलाते हैं

---

*जब कोई धातु दो अकेले (असंयुक्त) व्यञ्जनों की हो और उसके उपधा में अ हो और उसका व्यञ्जन इस प्रकार का न हो कि वह द्वित्व करने पर बदल जाय तो उसका द्वित्व किया हुआ अक्षर जो पूर्व रक्खा है गिर जाता है और उपधा का अ, ए हो जाता है यदि उस के परे कोई भी दुर्वल प्रत्यय हो और परस्मैपद के मध्यम एक वचन थ के पूर्व जब इ होती है तो उसके परे रहते भी द्वित्व किया हुआ अक्षर गिर जाता है और उपधा का अ, ए हो जाता है (यद्यपि थ प्रबल प्रत्यय है) जैसे पच्=पपच् (पच् में न कोई अक्षर संयुक्त है और न द्वित्व में बदलने वाला है)=पेच् +अतुः=पेचतुः (पहेला प गिरा फिर उपधा के अ का ए हुआ)

(अत एकहल्मध्येऽनादेशादेर्लिटि । पा० ६. ४. १२०)

तर् (१ प.) = पार करना के रूप

	प्र०	म०	उ०
ए.	*ततार	तेरिथ	ततार, ततर
द्वि.	तेरतुः	तेरथुः	तेरिव
बहु.	तेरुः	तेर	तेरिम

लिट् का दूसरा प्रकार अर्थात् आम् युक्त लिट्

निम्नलिखित धातुओं के रूप लिट् में दूसरे प्रकार से बनते हैं :—

चुरादि गणी धातु, णिजन्त (जो धातु कोई क्रिया कराने के लिये बनाई जाती है) और सन्नन्त (जो धातु इच्छा प्रकट करने वाली बनाई जाती हैं) और और बने हुए अर्थात् प्रत्ययान्त धातु तथा एक से अधिक स्वर रखने वाले धातु। (यह सब दूसरे प्रकार का लिट् लेते हैं)।

इसके बनाने की रीति यह है कि बिना द्वित्व किये हुए धातु में आम् प्रत्यय जोड़ दो जो कि एक प्रबल प्रत्यय है (अतः सब रूपों में गुण होगा) फिर कृ अथवा भू अथवा अस् धातु के लिट् के रूप जोड़ दो। यदि धातु केवल परस्मैपदी है तो वह केवल परस्मैपद के ही लिट् में कृ, भू और अस् के रूप आम् के बाद लेगा और यदि केवल आत्मनेपदी है तो आम् के पश्चात् कृ के तो आत्मनेपद के बने हुए लिट् के रूप लेगा और (आत्मनेपद में भी आम् के पश्चात्) भू और अस् के वही परस्मैपद के रूप लेगा।

---

*तॄ = तृतॄ = त $_{ऋ}$ (६०) = तत + अ = ततर् + अ (ॠ की वृद्धि आर्) = ततार

देखो अस् (२. प.)=होना के स्वयं लिट् में वही रूप हैं जो भू धातु के हैं किन्तु इस दूसरे प्रकार के लिट् में प्रत्यय बनाने के लिए अस् के रूप लिट् में बनाए जाते हैं जो अकेले प्रयोग में नहीं लाए जा सकते (आस प्र. ए. को छोड़)।

चुर् (१०)=चोरी करना

परस्मैपद

	प्र०	म०	उ०
ए.	चोरयामास	चोरयामासिथ	चोरयामास
	चोरयाम्बभूव	चोरयाम्बभूविथ	चोरयाम्बभूव
	चोरयाञ्चकार	चोरयाञ्चकर्थ	चोरयाञ्चकार, चोरयाञ्चकर
द्वि.	चोरयामासतुः	चोरयामासथुः	चोरयामासिव
	चोरयाम्बभूवतुः	चोरयाम्बभूवथुः	चोरयाम्बभूविव
	चोरयाञ्चक्रतुः	चोरयाञ्चक्रथुः	चोरयाञ्चकृव
बहु.	चोरयामासुः	चोरयामास	चोरयामासिम
	चोरयाम्बभूवुः	चोरयाम्बभूव	चोरयाम्बभूविम
	चोरयाञ्चक्रुः	चोरयाञ्चक्र	चोरयाञ्चकृम

आत्मनेपदी ईड् [(२ आ) स्तुति करना]

ए.	ईडांचक्रे	ईडांचकृषे	ईडांचक्रे
	ईडामास	ईडामासिथ	ईडामास
	ईडांबभूव	ईडांबभूविथ	ईडांबभूव

द्वि.	ईडांचक्राते	ईडांचक्राथे	ईडांचकृवहे
	ईडामासतुः	ईडामासथुः	ईडामासिव
	ईडांबभूवतुः	ईडांवभूवथुः	ईडांबभूविव
बहु.	ईडांचक्रिरे	ईडाञ्चकृढ्वे	ईडांचकृमहे
	ईडामासुः	ईडामास	ईडामासिम
	ईडांबभूवुः	ईडांवभूव	ईडांबभूविम

शब्द

पुरा (अव्यय) = पहेले

किल (अव्यय) = निश्चय करके, प्रसिद्ध है

मृगया = शिकार

अमात्यः = मन्त्री

काननं = वन

मृगः = जंगलीजीव, हिरण

कृतिका = गोद ली हुई, बनाई हुई

वि. पूर्व. आ पूर्व. हृ (१ प.) = कहना

कम् [काम् (१० आ०)] = इच्छाकरना

गान्धर्व (वि.) = गन्धर्व नाम के विवाह सम्बन्धी (गन्धर्वविवाह उसको कहते हैं जो परस्पर लड़का लड़की के प्रेम से किया जावे जिसमें सम्बन्धियोंकी सम्मति नहीं ली जाती है और जिसमें विवाह की रस्में नहीं की जाती हैं)

कामः = कामदेव, इच्छा

पुर् (स्त्री) = नगरी
अभीष्ट = अभि + इष् + क्त = प्यारा, चाहा हुआ
दीर्घसूत्रता = ढीलापन, कामको देरमें करना
अन्तरं = फ़र्क़, भेद
भाषितं = कहना
अनु + गम् (१ प.) = पीछे जाना
अनु + सृ (सर् १ प.) = पीछे चलना
परा + अय् (१ आ) = भागना (परा का पला हो जाता है)
उप + या (२ प.) = आना
मृ (६. आ. म्रिय्) = मरना
औपम्यं = सादृश्य
हातव्य (वि.) = छोड़ने योग्य
अद् (२ प.) = खाना
क्षणिक (वि.) = एक क्षण रहने वाला
संनिहित (सम् + नि + धा + क्त) = समीप
पयस् (नं.) = दूध, पानी
चारुसर्वाङ्गीम् = चारु सर्वमङ्गं यस्याः सा

सुहृद् (पु.) = मित्र
*गम् (१ प.) = प्राप्त करना
प्र + भू (१ प.) = पैदा होना, प्रभु होना
भूति (स्त्री.) = बढ़ती, ऐश्वर्य
हितकाम (वि) = हितेकामः यस्य सः = जो हित चाहता है
शत्रुनन्दनः = शत्रुको आनन्द देने वाला
भुजङ्गः = सांप
तन्द्रा = सुस्ती, आलस्य
विपद् (स्त्री.) = विपत्ति, कष्ट
संहित (वि.) = सम् = + धा + क्त = साथ रक्खा हुआ
उद्यमः = मेहनत
वेष्टित (वि) = वेष्ट् (१ आ) + क्त = घिरा हुआ, कपड़े पहने हुए
सम (वि) = जो बराबर वाला है
पाण्डुनन्दनः = पांडु के पुत्र
दुरतिक्रम (वि) = जो हटाया न जासके वा जीता न जासके
कार्पण्य (नं.) = कंजूसी

* ये गत्यर्थास्ते प्राप्त्यर्था ये प्राप्त्यर्थास्ते ज्ञानार्थाः = जिन धातुओं का जाना अर्थ है उन सब का प्राप्त करना अर्थ है और जिन का प्राप्त करना अर्थ है उन सबका जानना अर्थ है ।

पुरुषकारः = मेहनत
समता = बराबरी
विशिष्टता = विशेषता अर्थात् अच्छाई
क्षुध् , क्षुधा = भूख
क्षुधार्त्त (वि.) = क्षुधया आर्तः
प्रियवादिन् (वि) = प्यारा बोलने वाला
शीतता = ठण्ड
विशिष्ट (वि) = विशेषगुणवाला
हा (३ प.) = छोड़ना, हीनकरना, गिराना
मरुस्थली = बालू का देश
इह (अव्यय) = इस संसार में
कामम् (अव्यय) = इच्छानुसार
निर्वाणम् = नाश
अनलः = अग्नि
अतन्द्रितः (अव्यय) = विना सुस्ती के
मोहः = अज्ञान, भ्रान्ति
मधु (नं) = शहद या मीठा
*उपानह् (स्त्री.) = जूता
अश (६ प.) खाना, भोजन करना

क्लिद् (४ प.) = भीगना
क्लिद् + णिच् = (क्लेद् १०) = भिगोना
शुष् (१ प. सूखना) + णिच् (शोष् १०) = सुखाना
पावक (पु.) = अग्नि
शुध् (४ प.) = शुद्ध होना
भूतात्मन् (पु.) = जीवात्मा
समागमः = साथ
आर्त (वि.) = पीडित
विषवर्धनं = विष का बढ़ाना
मनस्विन् (वि) = अच्छे मनवाला, स्वाभिमान रखने वाला
स्था (१ प.) = ठहरना
प्रपूर्वक स्था (१ आ.) = रवाना होना
विपूर्वक स्मृ (१ प.) = भूलना, विस्मरण करना
स्वी पूर्वक कृ (८ प. आ.) = स्वीकार करना
तदनु (अव्यय) = उसके पश्चात्

---

*उपानह् (स्त्री०) का ह् त् हो जाता है जब उसके परे प्रत्यय का स् हो और द् हो जाता है जब प्रत्यय का भ् परे हो जैसे उपानत्-द्, उपानहौ, उपानहः। उपानहा, उपानद्भ्याम् , उपानद्भिः। इत्यादि

दुष्यन्तशकुन्तलयोः कथा

पुराकिल दुष्यन्तो नाम राजा बभूव । स एकदा मृगयां कर्तुं वनम्† इयाय । तस्य सैनिका अमात्याश्च तमनुजग्मुः । अस्मिन् कानने दुष्यन्तो बहून्मृगान् जघान । एकं मृगं पलायमानमनुसरन्मार्गे दिव्यमाश्रमं ददर्श । तस्य सैनिकाः पूर्वस्मिन्नेव स्थाने तस्थुः । कण्वस्य ऋषेराश्रमोऽयमिति ज्ञात्वा तं प्रविवेश । प्रविश्य च को नु भो अत्रेति पप्रच्छ । कण्वस्य कृतिका दुहिता शकुन्तला आश्रमाद्बहिरागत्य दुष्यन्ताय स्वागतं व्याजहार‡ । शकुन्तलां चारुसर्वाङ्गीं दृष्ट्वा दुष्यन्तस्तां चकमे । तस्याः पाणिं गान्धर्वेण विधिना राजा जग्राह । अनन्तरं कञ्चित्कालं तावुभौ तस्मिन्नाश्रमे चिक्रीडतुः । रममाणं राजानं प्रेक्ष्य सैनिकाः पुरं निववृतिरे । राजापि पश्चात् स्वनगरमुपययौ । तदनु कण्वाज्ञया शकुन्तला दुष्यन्तराजधानीं प्रति प्रतस्थे तत्र गत्वा राजानं सभागतं ददर्श । दुष्यन्तः तां पूर्वम् विसस्मार किन्तु पश्चात् तां भार्यात्त्वेन स्वीचकार ।

---

†इ (२ प. जाना) + लिट् का अ = इ + अ = इ इ + अ = इ + ऐ + अ (इ की वृद्धि हुई) = इ + आय् + अ = इय् + आय (लिट् में अभ्यास की इ का इय् हो जाता है जब कोई आगे असवर्ण स्वर पड़े हो) = इयाय = गया इयाय, ईयतुः ईयुः इत्यादि रूप होते हैं इ धातु के दुर्बल प्रत्यय परे रहते अभ्यास की इ दीर्घ हो जाती है ।

‡वि + आ + हृ + लिट् का अ = व्या हृ हृ + अ = व्याहहृ, अ = व्याजहृ + अ = व्याजहार = कहा (६०)

श्लोकाः

पूर्वजन्मकृतं कर्म तद्दैवमिति कथ्यते । तस्मात्पुरुषकारेण यत्नं कुर्यादतन्द्रितः ॥

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः । नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखंमृगाः ॥

मूर्खोऽपि शोभते तावत्सभायां वस्त्रवेष्टितः । तावच्चशोभते मूर्खो यावत् किंचिन्न भाषते ॥

हीयते हि मतिः तात हीनैः सह समागमात् । समैश्च समतामेति विशिष्टैश्चविशिष्टताम् ॥

मरुस्थल्यां यथा वृष्टिः क्षुधार्ते भोजनं यथा । दरिद्राय दीयते दानं सफलं पाण्डुनन्दन ॥

प्राणा यथात्मनेऽभीष्टा भूतानामपि ते तथा । आत्मौपम्येन भूतेषु दयां कुर्वन्ति साधवः ॥

लोभात्क्रोधःप्रभवति लोभात्कामःप्रजायते । लोभान्मोहश्च नाशश्च लोभः पापस्य कारणम् ॥

षड् दोषाः पुरुषेण हातव्या भूतिमिच्छता । निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ॥

योऽत्ति यस्य यदा मांसमुभयोः पश्यतान्तरम् । एकस्य क्षणिका प्रीतिरन्यः प्राणैर्विमुच्यते ॥

सुहृदां हितकामानां यः शृणोति न भाषितम् । विपत्संहिता तस्य स* नरःशत्रुनन्दनः ॥

दुर्जनः प्रियवादी च नैतद्विश्वासकारणम् । मधु तिष्ठति जिह्वाग्रे हृदये तु हलाहलम् ॥

मनस्वी म्रियते कामं कार्पण्यं नतु गच्छति । अपि निर्वाणमायाति नानलो याति शीतताम् ॥

पयःपानं भुजङ्गानां केवलं विषवर्धनम् । उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये ॥

यः स्वभावो हि यस्यास्ति सनित्यंदुरतिक्रमः । श्वा यदिक्रियते राजासकिं नाश्नात्युपानहम् ॥

अद्भिर्गात्राणिशुध्यन्ति मनः सत्येन शुध्यति । विद्यातपोभ्यां भूतात्माबुद्धिर्ज्ञानेन शुध्यति ॥

---

*सः और एषः का विसर्ग गिर जाता है यदि कोई हल् उसके परे हो (सन्धि ३५)

*नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । नचैनंक्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

भाषा

मैंने बहुत गाएं (गो) ब्राह्मणों को दीं और मुझको देते हुए राम ने देखा । पूर्व दिशा का अग्नि मालिक है। बहुत दिनों (अहन्) पश्चात् उन्होंने हविः अग्नि में छोड़ी । गांव के मुखिया (ग्रामणी) के पास स्त्रियां बालकों को ले गईं । मनुष्य (पुंस्) मेहनत से धन पाते हैं। पानी ही पानी (अप्) पहले था और उससे सब ढका था। कुत्ते ने मछलियों की हड्डियों का समूह शिला के समीप किया था। धर्म के रास्ते पर चलो (पथिन्)। उस स्त्री के पति का यह वचन है। वाणियों के यह निकट है।

वर कन्या को लेगया । राम उससे क्रुद्ध हुआ । राम ने अपराध नहीं किया था। उसने परशु से शाखा काटी । राम ने रावण को मारा । सुग्रीव के सेनापति हनूमान् ने राम को सहायता दी । उन सब ने कथाएं सुनीं । राम ने सीता से पूछा कि तुम कहां जाने की इच्छा करती हो। हरिश्चन्द्र ने ब्राह्मण को सब धन दे दिया । देवदत्त ने कहा कि †मैंने सुना था और देखा था कि योधा लड़े थे। पागल मनुष्य कहता है

---

*कृष्णजी के कहे गीता में आत्मा के विषय में यह श्लोक आया है "एनम्" आत्मा के लिये आया है

†परोक्षभूत (=लिट्) का अर्थ है कि आंखों के परे (परोक्ष में) बात हुई अर्थात् आंखों के सामने बात नहीं हुई यहां मैंने स्वयं सुना तथा देखा था इस कारण यहां लिट् नहीं आवेगा। यदि कोई पागल हो तो कह सकता है । संक्षेपतः उत्तमपुरुष के साथ लिट् लकार का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

कि मैंने भूत को देखा था। तुम सबने विचारा कि सीता वहां गई थी। तुमने कहा था कि उसने वस्त्र फैलाए। दो चोरों ने धन चुराया था! दो स्त्रियों ने कथाएं कहीं थीं।

द्वादश पाठ

लुङ् (सामान्य भूत)

लुङ् लकार सामान्यत: भूतकाल प्रकट करता है प्राय: लुङ् कथाओं में नहीं आता न बहुत पुराने समय प्रकट करने में इसका प्रयोग आता है जब लुङ् मा (= मत, न) अव्यय के साथ प्रयुक्त होता है तो इसका अर्थ लोट् (आज्ञा) लकार का होजाता है जैसे नगरं मा त्वं गमः = नगर को तुम मत जाओ। मा के योग में जब लुङ् आता है तो लुङ् का पूर्व अ गिर जाता है।*

लुङ् में लङ् के समान रूप के पूर्व एक अ जोड़ दिया जाता है। लुङ् के सात भेद होते हैं कुच्छ धातु लुङ् में एक भेद के रूप ग्रहण करते हैं दूसरे दूसरे भेद के इत्यादि। सातों भेदों के प्रत्यय टिप्पणी में दिए हैं।

---

* माङि लुङ्। पा० ३. ३. १७५। स्मोत्तरे लङ् च। पा. ३. ३. १७६। न माङ् योगे। पा० ६. ४. ७४। मास्म (जो अव्यय है) के योग में लङ् और लुङ् दोनों का अर्थ आज्ञा (लोट्) का होजाता है और लङ्, लुङ् का अ गिर जाता है जैसे मास्म भवत् (लङ्) = वह न हो। मास्म भूत् (लुङ्) = वह न हो।

* लुङ् के सब भेदों में यह समानता है कि धातु के पूर्व अ सब में आता है। लुङ् के सात भेद निम्नलिखित हैं:—

†प्रथम भेद अर्थात् च्लिलुक्युक्त लुङ्

---

* यदि धातु उपसर्ग सहित है तो पहेले विना उपसर्ग के धातु के लङ्, लुङ् और लृङ् में रूप बनाना चाहिए जिसके पूर्व अ जुड़ा होना चाहिए और सब से अन्त में उपसर्ग जोड़ना चाहिए जैसे प्रादात् (लुङ्) व्यचारयत् (लङ्)=विचार किया। उदगात् (उद्+इ का लुङ्)=उदय हुआ। समभविष्यत् (लृङ्)।

†प्रथम भेद के प्रत्यय

(केवल परस्मैपद)

	प्र.	म.	उ.
ए.	त्	:	अम्
द्वि.	ताम्	तम्	व
बहु.	उः	त	म

चतुर्थ भेद के आत्मनेपद के प्रत्यय

आत्मनेपद

प्र.	म.	उ.
स्त	स्थाः	सि
साताम्	साथाम्	स्वहि
सत	ध्वम्	स्महि

दा (३ प. आ.)=देना धातु के रूप

परस्मैपद			लुङ्	आत्मनेपद		
	प्र.	म.	उ.	प्र०	म०	उ०
ए.	अदात्	अदाः	अदाम्	‡ अदित	अदिथाः	अदिषि
द्वि.	अदाताम्	अदातम्	अदाव	अदिषाताम्	अदिषाथाम्	अदिष्वहि
बहु.	अदुः*	अदात	अदाम	अदिषत	अदिढ्वम्	अदिष्महि

† केवल कुछ आकारान्त धातुओं (जैसे पा =पीना, स्था =ठहरना, धा =धारण करना) के परस्मैपद में लुङ् लकार के रूप दा के समान होते हैं जिन धातुओं के अन्त में

प्रथम भेद केवल परस्मैपदी है किन्तु जो धातु इसको लेते हैं यदि वे आत्नेपदी भी हैं तो परस्मैपद में तो वे प्रथम भेद लेते हैं परन्तु आत्मनेपद में वे चतुर्थ भेद वा पञ्चम भेद लेते हैं। प्रथम भेद में संस्कृत व्याकरण में च्लि का लुक् होता है।

* उः के परे रहते धातु का अन्तिम आ गिर जाता है जैसे अदा+उः =अद् +उः =अदुः।

† गातिस्थाघुपाभूभ्यः सिचः परस्मैपदेषु पा० २. ४. ७७ गा (इ) आदि धातुओं में लङ् के प्रत्यय जोड़ने से लुङ् के परस्मैपद के रूप बनते हैं।

‡ आकारान्त धातुओं का अथवा उन धातुओं का जिनका अन्तिम स्वर आ होजाता है (६१) आत्मनेपद में आ इकार होजाता है जिसके परे स्त और स्थाः का स् गिर जाता है। अ+दा+स्त=अदि+स्त=अदित। और प्रत्यय सीधे जोड़े जाते हैं।

ए, ऐ, ओ, औ हों, वे लुङ् (लिट्, लुट्, लृट्, लृङ्, आशीर्लिङ्) में आकारान्त होजाते हैं उनमें कुछ के परस्मैपद में रूप दा के समान चलते हैं (६१) धातु इ (२. प) जाना का लुङ् में गा हो जाता है फिर गा के रूप दा के समान अगात् अगाताम् अगुः इत्यादि चलते हैं। और बहुत आकारान्त धातु छठा भेद लेते हैं।

भू=होना

परस्मैपद				लुङ् आत्मनेपद (बहुत कम प्रयुक्त होता है)		
	प्र०	म०	उ०	प्र.	म.	उ.
ए.	अभूत्	अभूः	*अभूवम्	†अभविष्ट	अभविष्ठाः	अभविषि
द्वि.	अभूताम्	अभूतम्	अभूव	अभविषाताम्	अभविषाथाम्	अभविष्वहि
बहु.	*अभूवन्	अभूत	अभूम	अभविषत	अभविध्वम्, ‡अभविढ्वम्	अभविष्महि

* भू धातु का प्रथम पुरुष बहुवचन का प्रत्यय उः के स्थान में अन् है और इस धातु में स्वरादि प्रत्यय परे रहते एक व् जोड़ दिया जाता है भूधातु के लिये स्वरादि प्रत्यय दो हुए अन् और अम्। अभू+अन्=अभू+व्+अन्=अभूवन्, अभूवम् इत्यादि।

† चतुर्थ भेद बताने पर ज्ञात होगा कि भू में चतुर्थ भेद के प्रत्यय जोड़ने से उनके जोड़ने के नियमानुसार यह रूप बने।

‡ लुङ् में यदि ध्व के पूर्व अ, आ को छोड़ कोई स्वर हो अथवा य्, र्, ल्, व्, ह् हो तो ध्व का ढ्व होजाता है किन्तु यदि सेट् धातु का इ हो और इ के पूर्व य्, र्, ल्, व्, ह् हो तो ढ्व विकल्प करके होगा।

इणः षीध्वं लुङ्लिटां धोऽङ्गात्। पा० ८. ३. ७८ विभाषेटः। पा० ८. ३. ७९।

* दूसरा भेद अर्थात् अङ्युक्त लुङ्

सिच् (६ प. अ.)=सींचना ।

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	असिचत्	असिचः	असिचम्	असिचत	असिचथाः	असिचे
द्वि.	असिचताम्	असिचतम्	असिचाव	असिचेताम्	असिचेथाम्	असिचावहि
बहु.	असिचन्	असिचत	असिचाम	असिचन्त	असिचध्वम्	असिचामहि

* दूसरे भेद का मानों कि अ एक चिन्ह है जिसको धातु में जोड़कर तब दूसरेभेद के प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यह अ स्वरादि प्रत्यय परे रहते गिर जाता है ।

दूसरे भेद के प्रत्यय

	परस्मैपद प्र०	म०	उ०	आत्मनेपदी प्र०	म०	उ०
ए.	त्	:	अम	त	थाः	ए
द्वि.	ताम्	तम्	आव	एताम्	एथाम्	आवहि
बहु.	अन्	त	आम	अन्त	ध्वम्	आमहि

* द्वितीय भेद में संस्कृत व्याकरण के च्लि का अङ् होजाता है ।

पुषादिद्युताद्यलृदितः परस्मैपदेषु । पा० ३. १. ५५ ।

लिपिसिचिह्वश्च । पा० ३. १. ५३.

अस्यतिवक्तिख्यातिभ्योऽङ् । पा० ३. १. ५२

पुष् , सिच् , अस् आदि धातुओं से दूसरा भेद आता है ।

वच् (बोलना २ प. आ) और ब्रू धातु का लुङ्

(ब्रू का वच् लुङ् में होजाता है)

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	*अवोचत्	अवोचः	अवोचम्	अवोचत	अवोचथाः	अवोचे
द्वि.	अवोचताम्	अवोचतम्	अवोचाव	अवोचेताम्	अवोचेथाम्	अवोचावहि
बहु.	†अवोचन्	अवोचत	अवोचाम	अवोचन्त	अवोचध्वम्	अवोचामहि

* ब्रू और वच् धातुओं का लुङ् में वोच् हो जाता है ।

† दूसरे भेद में जो अ (अङ्) धातु में जोड़ा जाता है वह स्वरादि प्रत्यय परे रहते गिर जाता है जैसे अ + वच् + अन् = अवच् + अ (दूसरे भेद का) + अन् = अवोच + अन् = अवोच् + अन् [अन् स्वरादि है अतः अ गिर गया] = अवोचन्

दूसरे भेद में प्रत्यय जोड़ने के पूर्व गुण वा वृद्धि नहीं होती किन्तु केवल दृश का दर्श् हो जाता है यह धातु दूसरा और चौथा भेद लेता है । और यतः दृश , सृज् धातुओं की उपधा की ऋ, र हो जाती है (देखो दद्रष्ठ पर टीका २४६ पृष्ठ में) अतः दृश् = द्रश = [चतुर्थ भेद में उपधा की वृद्धि हुई] अद्राश् + सीत् = अद्राक्षीत् [सन्धि ५५] और ष् क् [५०] और क के परे स् है अतः स् का ष् [४४] = क् + ष = क्ष ।

दृश् (१ प)=देखना

	प्र०	म०	उ०
ए.	अदर्शत्, अद्राक्षीत्	अदर्शः अद्राक्षीः	अदर्शम् अद्राक्षम्
द्वि.	अदर्शताम् अद्राष्टाम्	अदर्शतम् अद्राष्टम्	अदर्शाव अद्राक्ष्व
बहु.	अदर्शन् अद्राक्षुः	अदर्शत अद्राष्ट	अदर्शाम अद्राक्ष्म

गम् (१ प. जाना)

	प्र०	म०	उ०
ए.	अगमत्	अगमः	अगमम्
द्वि.	अगमताम्	अगमतम्	अगमाव
बहु.	अगमन्	अगमत	अगमाम

दूसरे भेद में धातु के उपधा का अनुस्वार (न्) गिर जाता है जैसे भ्रंश् (४ प० भ्रश्यति) का अभ्रशत्। मुच् (६ प. आ. मुञ्चति) का अमुचत्, अमुक्त।

कुच्छ प्रसिद्ध धातुओं का दूसरे भेद में लुङ् प्र. ए. वचन देते हैं। अस् (४ प.) आस्थत्, आस्थताम्। शक् (५ प.) अशकत्। पत्। (१ प. गिरना) अपप्तत्। विद् (६ प. आ.) अविदत्। आप् (५ प.) आपत्। गम् (१ प.) अगमत्। पुष (४ प.) अपुषत्। दृश् (१ प.) अदर्शत्। बुध् (१ प. आ.) अबुधत् वा अबोधीत्, अबोधिष्ट इत्यादि।

तीसरा भेद अर्थात् चङ्युक्त लुङ्.

* इस भेद के भी वही प्रत्यय हैं जो दूसरे भेद के और इसमें भी उस भेद के समान धातु में एक अ जोड़कर प्रत्यय लगाये जाते हैं। परन्तु धातु को द्वित्व करना पड़ता है।

---

* (तृतीय भेद में संस्कृत व्याकरण के च्लि का चङ् होजाता है जिसका च् ङ् गिर जाता है अ शेष रहता है) चङ् परे रहते धातु को द्वित्व करना पड़ता है।

*इसमें चुरादिगणी धातुओं तथा णिजन्तादि प्रत्ययान्त धातुओं के रूप चलते हैं। तीसरे भेद में अर्थात् चङ्युक्त लुङ् में धातु द्वित्व होती हैं।

चुर् (१० चोराना)

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	†अचूचुरत्	अचूचुरः	अचूचुरम्	अचूचुरत	अचूचुरथाः	अचूचुरे
द्वि.	अचूचुरताम्	अचूचुरतम्	अचूचुराव	अचूचुरेताम्	अचूचुरेथाम्	अचूचुरावहि
बहु.	अचूचुरन्	अचूचुरत	अचूचुराम	अचूचुरन्त	अचूचुरध्वम्	अचूचुरामहि

*णिश्रिद्रुस्रुभ्यः कर्तरि चङ्। पा० ३. १. ४८=णि अर्थात् णिजन्तादि धातुओं से तीसरा भेद आता है।

चङि। पा० ६. १. ११=चङ् में धातु का द्वित्व होता है।

† अ+चुर्+अ+त्=अ+चुचुरत् (संधि ६०) एक यह नियम है कि जो अक्षर द्वित्व किया गया है और पूर्व रक्खा गया है यदि इसके परे के अक्षर का स्वर ह्रस्व है और इस ह्रस्व के परे कोई संयुक्त अक्षर भी नहीं है तो पूर्व के अक्षर का ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है और यदि इसका ह्रस्व स्वर अ है तो उस अ का इ हो जावेगा यहां पहेले चु के परे जो दूसरा चु है उसका स्वर ह्रस्व है अतः पहले चु का स्वर दीर्घ होगया अचूचुरत् यह रूप हुआ इसी प्रकार भक्ष् बभक्ष् (६०) (ऊपर लिखित अनुसार) =अबभक्षत् इत्यादि हुआ, ब की अ का इ नहीं हुआ क्योंकि क्ष (संयुक्त अक्षर) भ के परे है।

तीसरे भेद अर्थात् *चङ्युक्तलुङ् की कुछ प्रसिद्ध धातुएं। श्रि (१ प. आ. आश्रय लेना) का अशिश्रियत्—त। कथ् (१० प. आ.) अचकथत्—त। अर्थ् (१० आ.) आर्तथत। गण् (१० प. आ.) अजगणत्—त, अजीगणत्—त। स्थाप् (स्था + णिच्) अतिष्ठिपत्—त। सूच् (१०) असुसूचत्—त। भाव् (भू + णिच्) अबीभवत्—त। गम् (गम् + णिच्) अजीगमत्—त। ज्ञप् (१०) वा ज्ञाप् (ज्ञा + णिच्) का अजिज्ञपत्—त।

चौथा भेद अर्थात् सिच्युक्त लुङ्

† चतुर्थभेद के लुङ् में अर्थात् सिच् युक्त लुङ् में परस्मैपद में धातु के स्वर (उपधा वा अन्तिम) की वृद्धि होजाती है और आत्मनेपद में अन्तिम स्वर केवल इ ई वा उ ऊ (ह्रस्व वा दीर्घ) का गुण होता है (उपधा के स्वर का नहीं) और फिर आगे लिखे प्रत्यय जोड़ दिए जाते हैं। प्रायः अनिट् धातु इस भेद को लेते हैं।

---

*दीर्घोलघोः। पा० ७. ४. ९४ = अभ्यास का लघु स्वर दीर्घ होजाता है जब उसके परे अक्षर का स्वर लघु हो और चङ् परे हो (संयुक्त अक्षर परे रहते ह्रस्व भी दीर्घ माना जाता है)।

सन्यतः। पा० ७. ४ ७९ = अभ्यास् के अ का इ हो चङ् परे रहते जो सनवत् है। कथ् आदि धातुओं का अ इ नहीं होता है।

† (चतुर्थ भेद में च्लि का सिच् होजाता है) (सिच् में इ च् गिर कर स शेष रहता है) सिचि वृद्धिः परस्मैपदेषु। पा. ७ २. १

नी (१ प. आ.)=ले जाना

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	*अनैषीत्	अनैषीः	अनैषम्	* अनेष्ट	अनेष्ठाः	अनेषि
द्वि.	अनैष्टाम्	अनैष्टम्	अनैष्व	अनेषाताम्	अनेषाथाम्	अनेष्वहि
बहु.	अनैषुः	अनैष्ट	अनैष्म	अनेषत	अनेढ्वम्	अनेष्महि

* नी के अन्तिम स्वर ई की वृद्धि ऐ परस्मैपद में हुई और आत्मनेपद में ई का गुण ए हुआ और फिर स्त के स् का ष् हुआ (४४) नी+सीत्=नै+सीत् =अनैषीत् ; अनी+स्त=अने+स्त=अनेष्ट (४४)

चतुर्थ भेद के प्रत्यय

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	सीत्	सीः	सम्	स्त	स्थाः	सि
द्वि.	स्ताम्	स्तम्	स्व	साताम्	साथाम्	स्वहि
बहु.	सुः	स्त	स्म	सत	ध्वम्	स्महि

* सिचि वृद्धिः परस्मैपदेषु । पा० ७. २. १.

कृ (८ प. आ.)=करना

ए.	अकार्षीत्	अकार्षीः	अकार्षम्	*अकृत	अकृथाः	अकृषि
द्वि.	अकार्ष्टाम्	अकार्ष्टम्	अकार्ष्व	अकृषाताम्	अकृषाथाम्	अकृष्वहि
बहु.	अकार्षुः	अकार्ष्ट	अकार्ष्म	अकृषत	अकृढ्वम्	अकृष्महि

चतुर्थ भेद की प्रसिद्ध धातुएं। जि (१ प.) अजैषीत्। वि+जि (१ आ) व्यजेष्ट। पच् (१ प. आ) अपाक्षीत्, अपाक्ताम्, और अपक्त, अपक्षाताम् आदि भञ्ज् (७ प.) अभांक्षीत्। वस् (१ प) अवात्सीत्, अवात्ताम्, अवात्सुः। वह् (१ प. आ.) अवाक्षीत्, अवोढाम्, अवाक्षुः और अवोढ, अवक्षाताम् अवक्षत। पद् (४ आ.) अपादि, अपत्साताम्, अपत्सत, अपत्थाः। आत्मनेपद में दा—अदित अदिषाताम् ऐसे ही धा—अधित।

प्रच्छ् (६ प) अप्राक्षीत्, अप्राष्टाम् इत्यादि।

†पांचवां भेद अर्थात् इसिच् (इस्) युक्त लुङ्.

---

* जब स्त और स्थाः ह्रस्व स्वर के परे अथवा झल् व्यञ्जन के परे होते हैं तो उनका स् गिर जाता है कृ का ऋ ह्रस्व है अतः अकृ+स्त=अकृत और आत्मनेपद में केवल अन्तिम इ, ई, उ, ऊ का गुण होता है परन्तु ऋ का नहीं होता। परस्मपद में ऋ की वृद्धि आर् हुई।

† पांचवें भेद के प्रत्यय

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र.	म.	उ.	प्र.	म.	उ
ए.	ईत्	ईः	इषम्	इष्ट	इष्ठाः	इषि
द्वि.	इष्टाम्	इष्टम्	इष्व	इषाताम्	इषाथाम्	इष्वहि
बहु.	इषुः	इष्ट	इष्म	इषत	इध्वम्	इष्महि

*पांचवें भेद के लुङ् में परस्मैपद में पूर्व लिखे प्रत्यय जोड़े जाते हैं और प्रत्यय जोड़ने के पहेले अन्तिम इ, उ, ऋ, ऌ (ह्रस्व वा दीर्घ) की वृद्धि की जाती है और उपधा के अ की कुछ धातुओं में (अर्थात् जो रकारान्त वा लकारान्त हैं) वृद्धि होजाती है और आत्मनेपद में अन्तिम स्वर वा उपधा के ह्रस्व स्वर का गुण हो जाता है तब प्रत्यय जोड़े जाते हैं। और परस्मैपद में अ को छोड़ यदि कोई और ह्रस्व स्वर उपधा में है तो उसका गुण हो जाता है। सेट् धातु इस भेद को लेते हैं। चर् का अचारीत् इत्यादि होते हैं।

पू (९ प. आ. पवित्र करना)

	परस्मैपद प्र०	म०	उ०	आत्मनेपद प्र०	म०	उ०
ए.	‡ अपावीत्	अपावीः	अपाविषम्	‡अपविष्ट	अपविष्ठाः	अपविषि
द्वि.	अपाविष्टाम्	अपाविष्टम्	अपाविष्व	अपविषाताम्	अपविषाथाम्	अपविष्वहि
बहु.	अपाविषुः	अपाविष्ट	अपाविष्म	अपविषत	अपविढ्वम्, अपविढ्ढ्वम्	अपविष्महि

* पांचवें भेद में च्लि के स्थान में सिच् के पूर्व एक इ आजाती है तभी प्रत्ययों के आदि में एक इ जुड़ी है।

अञ्जेः सिचि। स्तुसुधूञ्भ्यः परस्मैपदेषु। पा० ७. २. ७१ और ७२ इत्यादि धातुओं से पांचवां भेद आता है।

‡परस्मैपदमें पू के ऊ की वृद्धि औ हुई = पौ + ईत् = पावीत् (७) = अपावीत् आत्मनेपद में गुण होता है अतः पू + इष्ट = पो + इष्ट = पविष्ट (७) = अपविष्ट।

पांचवें भेद की प्रसिद्ध धातुएं । वद् (१ प) अवादीत् । पठ् (१ प) अपाठीत , अपाठिष्टाम् । हस् (१ प) अहसीत् (हस् में वृद्धि नहीं होती है) । हन् (२ प) अवधीत , अवधिष्टाम् ।

जन् (४ आ.) अजनिष्ट वा अजनि ।

ग्रह् (६ प. आ) [ग्रह् में इ दीर्घ सर्वत्र हो जाती है] परस्मैपद में ए. अग्रहीत् द्वि. अग्रहीष्टाम् बहु. अग्रहीषुः आदि आत्मनेपद में अग्रहीष्ट, अग्रहीषाताम् आदि सेव् (१ आ) असेविष्ट, असेविषाताम् इत्यादि

* छठा भेद अर्थात् सिसिच् [सिस्] युक्त लुङ्.

† छठे भेद के प्रत्यय नीचे दिये हैं । आकारान्त धातु (ए, ऐ, ओ, औकारान्त धातुओं को मिला कर) जो पहेला भेद नहीं लेते हैं वे इस छठे भेद को लेते हैं । इसमें सीधे प्रत्यय जोड़ कर रूप बन जाते हैं यह भेद केवल परस्मैपदी है । जो धातु उभयपदी हैं और परस्मैपदमें इसको लेते हैं वे आत्मनेपद में चौथे भेद वा और किसी भेद को ग्रहण करते हैं ।

---

* छठे भेद के प्रत्यय

	प्र.	म.	उ.	
ए.	सीत्	सीः	सिषम्	आत्मनेपद के प्रत्यय चौथे भेद में
द्वि.	सिष्टाम्	सिष्टम्	सिष्व	देख लो
बहु.	सिषुः	सिष्ट	सिष्म	

† (छठे भेद में च्लि के स्थान में सिच् के पूर्व स् और इ आजाते हैं) यमरंमनमातां सक् च । ७. २. ७३. =यम् , रम् , नम् तथा आकारान्त धातुओं से छठा भेद आता है ।

ज्ञा (९ प. आ. जानना)

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	अज्ञासीत्	अज्ञासीः	अज्ञासिषम्	अज्ञास्त	अज्ञास्थाः	अज्ञासि
द्वि.	अज्ञासिष्टाम्	अज्ञासिष्टम्	अज्ञासिष्व	अज्ञासाताम्	अज्ञासाथाम्	अज्ञास्वहि
बहु.	अज्ञासिषुः	अज्ञासिष्ट	अज्ञासिष्म	अज्ञासत	अज्ञाध्वम्	अज्ञास्महि

घ्रा (सूंघना) के रूप एक वार दा के समान पहेले भेद में अघ्रात् इत्यादि और दूसरी वार ज्ञा के समान अघ्रासीत् इत्यादि होते हैं। गै (गाना) के रूप अगासीत् इत्यादि ध्यै के रूप अध्यासीत् इत्यादि ज्ञा के समान होते हैं। यम् (१ प. यच्छ्) का अयंसीत् आदि होते हैं। मन् (४ आ.) का अमंस्त, रम् (१ आ.) का अरंस्त आत्मनेपद में होते हैं।

विपूर्व. रम् (प. हो जाता है) व्यरंसीत्। नम् (१ प.) अनंसीत्।

* सातवां भेद अर्थात् क्स (स) युक्त लुङ्.

---

* सतावें भेद के प्रत्यय

	प्र०	म०	उ०	प्र०	म०	उ०
ए.	सत्	सः	सम्	सत	सथाः	सि
द्वि.	सताम्	सतम्	साव	साताम्	साथाम्	सावहि
बहु.	सन्	सत	साम	सन्त	सध्वम्	सामहि

* जो धातु अनिट् हैं और जिन के अन्त में श्, ष्, स्, वा ह् हो और उपधा में इ, उ, लृ, वा ऋ हो (दृश् को छोड़) वे इस भेद को लेते हैं। यह भेद परस्मैपद और आत्मनेपद दोनों है इसमें सीधे प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

दिश् (६ प. आ. देना, आज्ञा देना)

	परस्मैपद प्र०	म०	उ०	आत्मनेपद प्र०	म०	उ०
ए.	अदिक्षत्	अदिक्षः	अदिक्षम्	अदिक्षत	अदिक्षथाः	अदिक्षि
द्वि.	अदिक्षताम्	अदिक्षतम्	अदिक्षाव	अदिक्षाताम्	अदिक्षाथाम्	अदिक्षावहि
बहु.	अदिक्षन्	अदिक्षत	अदिक्षाम	अदिक्षन्त	अदिक्षध्वम्	अदिक्षामहि

सातवें भेद की कुछ प्रसिद्ध धातुएँ

स्पृश् (६ प.) अस्पृक्षत् वा (और भेदों में अस्पार्क्षीत्, अस्प्राक्षीत्) रुह् (१ प) अरुक्षत्। द्विष् (२ प. आ.) अद्विक्षत्—त। विश् (६ प.) अविक्षत्।

दुह् (२ प. आ.) अधुक्षत्—त (अदुग्ध) इत्यादि।

---

* (सातवें भेद में च्लि का क्स होता है)

शल इगुपधादनिटः क्सः। पा० ३. १. ४५। =शल् (श् ष् स् ह्) अन्त वाले और इक उपधावाले धातुओं से सातवां भेद आता है।

वाच्य

(१) कर्तृवाच्य

धातु के दश लकारों के रूप अभी तक कर्तृवाच्य में कहे गए हैं अर्थात् उनका कर्त्ता प्रथमा और कर्म द्वितीयामें आता है। स कार्य्यं करोति, स पुस्तकमपठत् इत्यादि।

(२) कर्मवाच्य

जब सकर्मक क्रिया का कर्ता तृतीया विभक्ति और कर्म प्रथमा विभक्ति लेता है तो धातु में कुछ लकारों में य जोड़कर और कुछ में विना य जोड़े आत्मनेपद के प्रत्यय लगते हैं ऐसे सकर्मक क्रियाओं के रूपों को कर्मवाच्य के रूप कहते हैं। जैसे—स ग्रन्थं पठति (कर्तृवाच्य), तेन ग्रन्थः पठ्यते (कर्मवाच्य)।

(३) भाववाच्य

जब अकर्मक क्रिया का कर्त्ता तृतीया विभक्ति लेता है और धातु में कुछ लकारों में य जोड़ कर और कुछ में विना य जोड़े हुए आत्मनेपद के प्रत्यय लगाये जाते हैं तो ऐसे अकर्मक धातु के रूपों को भाववाच्य के रूप कहते हैं जैसे स गच्छतु (कर्तृवाच्य) तेन गम्यताम् (भाववाच्य)। अहं गच्छामि (कर्तृवाच्य), मया गम्यते (भाववाच्य)।

(४) * कर्मकर्तृवाच्य

कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, और भाववाच्य के अतिरिक्त संस्कृत में एक कर्म्मकर्तृ-वाच्य होता है। सकर्मक धातुओं का कर्मवाच्य बनाते समय जब कर्त्ता के व्यापार

---

* यदा कर्मैव कर्तृत्वेन विवक्षितं तदा सकर्मकाणामप्यकर्मकत्वात्कर्तरि भावे च लकारः।

के प्रकट करने की इच्छा नहीं होती है तो कर्त्ता का लोप कर देते हैं (अर्थात् तृतीयान्त कर्त्ता नहीं रखते हैं) और केवल बनाया हुआ प्रथमान्त शब्द जो पहले कर्म था वह (कर्त्ता के आकार में) और धातु कर्म्मवाच्य में रखते हैं ताकि वास्तविक कर्त्ता का व्यापार प्रकट न हो किन्तु कर्म्म कर्त्ता का काम करे। इस प्रकार कर्म्मकर्तृवाच्य बनता है जैसे देवदत्तः ओदनं पचति। इसका कर्मकर्तृवाच्य ओदनः (स्वयमेव) पच्यते=चांवल (स्वयं) चुर रहे हैं। 'स केदारं खनति' का कर्मकर्तृवाच्य=केदारः खन्यते=कियारी खुद रही है। फलं पच्यते=फल पक रहा है। इन सब वाक्यों में पूर्व का कर्त्ता नहीं आया। यदि कर्त्ता तृतीयान्त प्रकट करदें तो यह कर्मवाच्य में हो जावेंगे। जैसे कालेन फलं पच्यते। इत्यादि

प्रथम पुस्तक में कर्मवाच्य और भाववाच्य बनाने की रीति बता चुके हैं उसको क्रम से यहां रख कर सब लकारों का वाच्य बताते हैं।

* दश गणों के धातुओं के लट्, लङ्, लोट्, और विधिलिङ् में कर्मवाच्य वा भाववाच्य बनाने का यह नियम है—चाहे जिस पद की धातु हो उसमें य जोड़ कर आत्मनेपद के प्रत्यय जोड़ दो। यह य दुर्बल प्रत्यय है अतएव इसके परे पूर्व स्वर (अर्थात् धातु के अन्तिम स्वर) वा उपधा के स्वर का गुण नहीं होता

---

* सार्वधातुके यक्। पा० ३. १. ६७—यक् में क् गिर जाता है और जिस प्रत्यय में क्, ङ्, ग् गिरता है उसके परे रहते गुण वृद्धि नहीं होती है अर्थात् वह दुर्बल प्रत्यय है। क्ङिति च। पा० १. १. ५।)

किन्तु कुछ धातुओं में इस य के परे रहते थोड़े परिवर्तन हो जाते हैं वे नीचे लिखे जाते हैं :—*

(१) धातु के अन्तिम ऋ का रि हो जाता है जैसे कृ=क्रियते [कृ+क्+ऋ =क्+रि=क्रि] ।

† (२) धातु के अन्तिम ऋ के पूर्व यदि कोई संयुक्त अक्षर है तो ऋ का गुण अर्थात् अर् हो जाता है और जागृ का नियमविरुद्ध ही जागर् हो जाता है जैसे जागर्यते । स्मृ=स्मर्यते ।

‡ (३) कुछ धातु जैसे वप् , यज् , वच्, वह् , ग्रह्, प्रच्छ्, वद् इत्यादि का सम्प्रसारण हो जाता है अर्थात् य् , र् , ल् , व् , के स्थान में क्रम से इ, ऋ, ऌ, उ हो जाते हैं जैसे वच्=उच्यते, यज्,=इज्यते, वप्=उप्यते, वह्=उह्यते, ग्रह्=गृह्यते, प्रच्छ्=पृच्छयते, अनु पूर्वक वद्=अनूद्यते (अनुवाद किया जाता है)। वच् वा ब्रू का उच्यते होता है अस् (होना) का भूयते होता है ।

---

* कर्मवाच्य वा भाववाच्य का केवल प्र. ए. व. का रूप लिखा शेष लट् , लङ्, लोट् , विधिलिङ् में स्वयं चला लो ।

† गुणोऽर्ति संयोगाद्योः । पा० ७. ४. २९

‡ वचिस्वपियजादीनां किति । पा० ६. १. १५.

इग्यणः सम्प्रसारणम् । १. १. ४५

*(४) दा, धा और गे आदि धातु जिन के अन्त में आ, ए, ऐ ओ वा औ हो उनके अन्त का स्वर ई हो जाता है जैसे दा=दीयते, धा=धीयते, गे=गीयते (गाया जाता है) इत्यादि ।

† (५) धातु का अन्तिम इ वा उ दीर्घ हो जाता है जैसे जि=जीयते, स्तु=स्तूयते ।

(६) अन्तिम ऋ का ईर् और जब ऋ के पूर्व पवर्ग वा व हो तो ऋ ऊर् हो जाता है स्तॄ=स्तीर्यते, कॄ=कीर्यते, पॄ=पूर्यते ।

(७) कुच्छ धातुओं का अनुस्वार वा न् गिर जाता है मन्थ्=मथ्यते, दंश्=दश्यते, ग्रन्थ्=ग्रथ्यते, बन्ध्=बध्यते ।

२ लट्, लङ्, लोट्, विधिलिङ् को छोड़ शेष सब लकारों में सब धातुओं के कर्मवाच्य और भाववाच्य में रूप (आशीर्लिङ्, लुट्, लृट्, लृङ्, लिट्, लुङ् में सब रूप) धातुओं के केवल आत्मनेपद में रूप चलाने से बनते हैं चाहे धातु केवल परस्मैपदी हो तो भी ऐसा ही करना चाहिए संक्षेपतः सब धातुओं को आत्मनेपद मानकर उनके रूप चलाना चाहिए वही रूप कर्म वा भाववाच्य के होंगे जैसे गम्–जग्मे (लिट्), नी–निन्ये (लिट्), भू–बभूवे (लिट्) कथ्=कथयांचक्रे वा कथयां-

---

* घुमास्थागापाजहातिसां हलि । पा० ६. ४. ६६.

† अकृत्सार्वधातुकयोर्दीर्घः । पा० ७. ४. २५ ।

बभूवे वा कथयामासे (लिट्), बुध्=बोधितासे (लुट्, म. ए.), बुध्=बोधिष्यते (लृट्) अबोधिष्यत (लृङ्)

३ * लुङ् में भी प्रथम पुरुष एक वचन को छोड़ शेष सब रूपों में सब धातुओं को आत्मनेपद का मानकर रूप चलाओ वही रूप कर्म वा भाववाच्य के होंगे किन्तु लुङ् प्रथम पुरुष एकवचन का रूप सब धातुओं का धातु में केवल इ (चिण्) प्रत्यय जोड़ने से बनता है इस इ के परे अन्तिम स्वर और उपधा के अ की वृद्धि होती है और अ को छोड़ यदि और कोई स्वर उपधा का है तो उसका गुण होता है। शेष सब वचनों और पुरुषों में लुङ् में आत्मनेपद के प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे पठ्=अपाठि (पढ़ागया), कृ=अकारि (ऋ की वृद्धि आर्=कृ=कार् +इ=अकारि), दा=अदायि, गै=अगायि ।

† आकारान्त धातुओं से लुङ् प्रथमपुरुष एकवचन में एक य् आ जाता है तब इ जोड़ते हैं।

---

* चिण्भावकर्मणोः । पा० ३. १. ६६.=लुङ् में केवल प्रथमपुरुष एकवचन में चिण् (इ) प्रत्यय लगता है।

† आतो युक् चिण्कृतोः । पा. ७. ३. ३३.

आदेच उपदेशेऽशिति । पा० ६. १. ४५.=धातु के अन्तिम ए, ऐ, ओ, औ का आ हो जाता है।

बुध् (१ प. आ.) केवल परस्मैपदी धातु के कर्मवाच्य में रूप

लुट्

	प्र०	म०	उ०
ए०	बोधिता	बोधितासे	बोधिताहे
द्वि०	बोधितारौ	बोधितासाथे	बोधितास्वहे
ब०	बोधितारः	बोधिताध्वे	बोधितास्महे

लृट्

	प्र०	म०	उ०
ए०	बोधिष्यते	बोधिष्यसे	बोधिष्ये
द्वि०	बोधिष्येते	बोधिष्येथे	बोधिष्यावहे
ब०	बोधिष्यन्ते	बोधिष्यध्वे	बोधिष्यामहे

लृङ्

	प्र०	म०	उ०
ए०	अबोधिष्यत	अबोधिष्यथाः	अबोधिष्ये
द्वि०	अबोधिष्येताम्	अबोधिष्येथाम्	अबोधिष्यावहि
ब०	अबोधिष्यन्त	अबोधिष्यध्वम्	अबोधिष्यामहि

आशीर्लिङ्

	प्र०	म०	उ०
ए०	बोधिषीष्ट	बोधिषीष्ठाः	बोधिषीय
द्वि०	बोधिषीयास्ताम्	बोधिषीयास्थाम्	बोधिषीवहि
ब०	बोधिषीरन्	बोधिषीध्वम्	बोधिषीमहि

लिट्

	प्र०	म०	उ०
ए०	बुबुधे	बुबुधिषे	बुबुधे
द्वि०	बुबुधाते	बुबुधाथे	बुबुधिवहे
ब०	बुबुधिरे	बुबुधिध्वे	बुबुधिमहे

लुङ्

प्र०	म०	उ०
अबोधि	अबोधिष्ठाः	अबोधिषि
अबोधिषाताम्	अबोधिषाथाम्	अबोधिष्वहि
अबोधिषत	अबोधिध्वम्	अबोधिष्महि

प्रत्ययान्तधातु

(१) *णिजन्त धातु

प्रत्ययान्तधातु उनको कहते हैं जो धातुओं में कुछ प्रत्यय जोड़ने से भिन्न धातु बन जाते हैं जैसे णिच् प्रत्यय से णिजन्त धातु बनता है जिसमें कोई दूसरे से काम कराता

---

* णिजन्त = णिच् है अन्त में जिसके (ऐसी धातु)। णिच् का ण् गिर जाता है और च् गिर जाता है केवल इ शेष रहता है। और यह नियम याद रखना चाहिये कि जिस प्रत्यय में ण् वा ञ् गिरता है उसके परे रहते अन्तिम स्वर वा उपधा के अ की वृद्धि होती है और उपधा के ह्रस्व स्वर (अ को छोड़) का गुण होता है अतएव जिस धातु में णिच् जोड़ी जाती है उसके अन्तिम स्वर वा उपधा के अ की वृद्धि करके और यदि उपधा में अ को छोड़ कोई और ह्रस्व स्वर है तो उसका गुण करके इ जोड़ी जाती है तो इसका गुण ए इस कारण हो जाता है कि इसमें शप् (अ) जोड़ना पड़ता है तब ए का अय् होजाता है। इस प्रकार ए+अ= अय णिच् का चिन्ह है। धातु में अय को जोड़कर चुरादिगण के समान रूप चलाओ।

है कृ का णिजन्त कारयति (कराता है) होता है। णिच् प्रत्यय धातु में अकर्मक से सकर्मक बनाने के लिए भी प्रयुक्त होता है। णिच् को दशगणों की प्रत्येक धातु में जोड़ कर णिजन्त धातु बना सकते हैं। णिच् जब धातु में जोड़ा जाता है तो बदलकर अय हो जाता है अर्थात् धातु में अय जोड़कर विल्कुल चुरादि गण के समान सब लकारों में रूप चलाना चाहिए। मैंने इस पुस्तक में बहुत स्थानों पर णिजन्त धातुओं के अर्थ लिखते समय (१०) चुरादिगण का चिन्ह धातुओं के आगे इस लिए लिखा है कि इसके रूप भी चुरादिगण के समान चलते हैं केवल अर्थों में भेद है। यह आत्मनेपद और परस्मैपद दोनों लेता है। इसके अय के परे रहते चुरादिगण के समान धातु के अन्तिम स्वर वा उपधा के अ की वृद्धि हो जाती है और अ को छोड़ यदि और कोई ह्रस्व स्वर उपधा का हो तो उसका केवल गुण होता है। किसी धातु में अ का अ ही बना रहता है। चुरादि-गणी धातुओं के समान णिजन्त धातुओं के भी दश लकारों में रूप चलाये जाते हैं और कर्म वाच्य आदि सब होता है। कृ=कारयति, बुध्=बोधयति (जनाता है), *श्रु=श्रावयति (सुनाता है), † जन्=जनयति (उत्पन्न करता है) गम्+गमयति (जवाता वा भेजता है), भू=भावयति (होवाता है) णिजन्त हैं।

---

* श्रु के उ की वृद्धि औ है अतः श्रौ+अय=श्रावय+ति=श्रावयति। इसी प्रकार भू=भौ+अय=भावय=भावयति, यह लट् प्र. ए. का रूप लिखा सब लकारों में स्वयं रूप चलालो।

† कुछ धातु में उपधा के अ की वृद्धि नहीं होती है जैसे जनयति, गमयति आदि।

इनका कर्मवाच्य क्रम से यह है कार्यते। बोध्यते। श्राव्यते। जन्यते। गम्यते। भाव्यते।

* आकारान्त धातुओं (ए, ऐ, ओ और औ अन्तवाले भी जिनका भी आ हो जाता है) में अय के पूर्व एक प् रख दिया जाता जैसे दा=दापयति (देलाता है), मा=मापयति (तुलवाता है), गै=गापयति (गवाता है) इनका कर्मवाच्य यह है दाप्यते। माप्यते। गाप्यते।

कभी २ णिच् प्रत्यय वैसे ही लगा दिया जाता है और धातु का अर्थ वही रहता है उसको संस्कृत व्याकरण में निवृत्तप्रेषित णिच् कहते हैं इसी प्रकार कभी २ णिच् नहीं लगाया जाता है परन्तु धातु का अर्थ णिच् का लेते हैं तो उसको अन्त-र्भूतणिच् वा अन्तर्प्रेषित णिच् कहते हैं।

(२) सन्नन्त धातु

† सन्नन्त (सन् प्रत्यय है अन्त में जिसके) धातु प्रकट करती है कि कोई कुछ करने की इच्छा करता है। इसमें धातु का द्वित्व करके स् जोड़ कर भ्वादि गण के प्रत्यय जोड़कर रूप बनते हैं। दश गणों की सब धातुऐं सन्नन्त हो सकती हैं। ‡ कृ=चिकीर्षति (करने की इच्छा करता है), =गम् जिगमिषति (जाने की इच्छा करता है), ज्ञा=जिज्ञासते। (जानने की इच्छा करता है) ॥

---

* अर्त्तिह्रीव्लीरीक्नूयीक्ष्माय्यातां पुङ्‌ णौ। पा० ७. ३. ३६.

† सन् का न् गिर जाता है केवल स इसका चिन्ह है जो धातु में द्वित्व करने के पश्चात् जोड़ा जाता है (इस स में भ्वादिगण का अ सम्मिलित है) ॥

‡ द्वित्व का अ इ हो जाता है कृ=चकीर्षति=चिकीर्षति।

हन्=जिघांसति, पा=पिपासति, लभ्=लिप्सते (आत्मनेपदी धातु इसमें आत्मनेपद लेते हैं) ॥ जि=जिगीषति । पठ्=पिपठिषति=पढ़ने की इच्छा करता है । दा= दित्सति । * सन्नन्त ज्ञा, श्रु, स्मृ, दृश् आत्मनेपद लेते हैं ।

(३) यङन्त और यङ्लुगन्त ।

यङन्त वा यङ्लुगन्त धातुएं बारम्बार अथवा अधिकता का अर्थ प्रकट करते हैं और दोनों प्रकार के धातु विशेष प्रकार से द्वित्व होते हैं इनमें भेद इतना है कि यङन्त धातु में द्वित्व करके य (यङ्) जोड़ कर केवल आत्मनेपद के प्रत्यय जोड़े जाते हैं और यङ्लुगन्त धातु में द्वित्व करके य (यङ्) नहीं जोड़ते है वैसे ही परस्मैपद के प्रत्यय जोड़ देते हैं । जैसे

यङन्त

† भू—बोभूयते=वह बारम्बार वा अधिक होता है ।

---

* सन्नन्तधातु के अङ्ग (रूप बनाने के लिये प्रत्यय जोड़ने से पूर्व जो धातु का रूप है) में उ जोड़ देने से संज्ञा बनती है और इस संज्ञा में यह विचित्र बात है कि धातु के समान यह कर्म्म भी लेती है जैसे चिकीर्ष्+उ=चिकीर्षु (पु.) करने की इच्छा करने वाला । युद्धंचिकीर्षुः अत्रागच्छति=युद्ध करने की इच्छा वाला यहां आता है । और सन्नन्त धातु में आ जोड़ने से इच्छा का भावअर्थ प्रकटकरती हुई संज्ञा बनती है जैसे ज्ञा=जिज्ञास् , जिज्ञास्+आ=जिज्ञासा=जानने की इच्छा ॥ जिज्ञासु=जानने की इच्छा करने वाला । पिपासा=प्यास ।

† द्वित्व करने के पश्चात् जैसे कर्मवाचक का य जोड़ते हैं ठीक उसी प्रकार अर्थात् वही सब कार्य्य करके यङ् का य जोड़ कर आत्मनेपद के प्रत्यय जोड़ना चाहिए ।

* पच्—पापच्यते=वह बारम्बार वा अधिक पकाता है।

नृत्—नरीनृत्यते=वह बारम्बार वा अधिक नाचता है।

ग्रह्—जरीगृह्यते=वह बारम्बार वा अधिक ग्रहण करता है।

यङ् लुगन्त

भू—बोभवति, बोभोति=वह बारम्बार वा अधिक होता है। इसका अधिकतर प्रयोग वेदों में होता है।

(४) नामधातु

संस्कृत में संज्ञा में कुच्छ प्रत्यय लगाकर संज्ञा की धातु बनालेते है जिसको नामधातु कहते हैं। प्रायः नामधातु करने वा सदृश आचरण करने के अर्थ में बनाये जाते हैं।

१ † णिजन्त नाम धातु संज्ञा में णिच् (अय) प्रत्यय लगाकर करने वा बनाने अर्थ में बनता है जैसे घट+णिच्=घटयति=वह घड़ा बनाता है। सुख+णिच्=सुखयति=वह सुख करता है। यह परस्मैपदी होता है ऐसे ही णिङ् (अय) प्रत्यय जोड़ कर इसी अर्थ में नामधातु बनाते हैं वह आत्मनेपदी होता है जैसे उत्पुच्छयते=वह पूँछ उठाता है।

---

* द्वित्व किए हुए भाग के इ वा उ का गुण हो जाता है और उस का अ दीर्घ हो जाता है। गुणो यङ्लुकोः। पा. ७. ४. ८२

† तत्करोति तदाचष्टे इति णिच्।

२ * संज्ञा में क्यङ् प्रत्यय लगाकर (संज्ञा के) समान आचरण करने वा करने अर्थ में क्यङन्तनामधातु बनता है और आत्मनेपद के प्रत्यय लेता है। जैसे पुत्र इव आचरति=पुत्रायते=पुत्र के समान आचरण करता है। शब्दायते=शब्द करता है। वैरायते=वैर करता है।

३ † क्यजन्तनामधातु संज्ञा में क्यच् प्रत्यय लगाकर उस (कर्म) संज्ञा पर जैसा आचरण किया जाता है वैसा आचरण करने के अर्थ में बनता है और परस्मैपद के प्रत्यय लेता है। पुत्रमिव आचरति=पुत्रीयति शिष्यम्=शिष्य के साथ पुत्र जैसा आचरण करता है

क्यच् इच्छा प्रकट करने में भी नामधातु बनाता है जैसे लवणीयति=लवण की इच्छा करता है। अश्वीयति=घोड़े की इच्छा करता है॥

४ लोहितादि शब्दों तथा डाच् प्रत्ययान्त शब्दों से नामधातु बनाने के लिए क्यश् (य) जोड़ा जाता है जैसे लोहित=लोहितायते वा लोहितायति=लाल होता है। पटपटायते=पटपट शब्द करता है।

---

* क्यङ् में संज्ञा का अन्तिम अ दीर्घ हो जाता है। (क्यङ् में केवल य रह जाता है)। कर्तुः क्यङ् सलोपश्च। पा० ३. १. ११. अप्सरस्=अप्सरायते।

† क्यच् परे रहते संज्ञा का अन्तिम अ वा आ, ई हो जाता है। उपमानादाचारे। पा. ३. १. १०

५ कण्डू आदि शब्दों से नामधातु बनाने के लिए यक् (य) प्रत्यय आता है जैसे कण्डू (=खुजली) का कण्डूयति=वह खुजलाता है।

६ क्विप् प्रत्यय जोड़ने से भी नामधातु परस्मैपद में बनता है जैसे कृष्ण इव आचरति इति कृष्णति=कृष्ण के समान आचरण करता है।

परस्मैपद और आत्मनेपद ।

भुज् (७) भोजन करने वा भोग करने के अर्थ में आत्मनेपद है परन्तु रक्षा करने के अर्थ में भुज् परस्मैपदी होजाता है । जैसे ओदनं भुङ्क्ते=चांवल खाता है। महीं भुनक्ति=पृथ्वी की रक्षा करता है।

* गम् (१) पर० है परन्तु सम् पूर्वक गम् आ० हो जाता है और उसके अर्थ मिलने वा उचित होने के होते हैं जैसे वाक्यं संगच्छते=वाक्य संगत है, ठीक है। सखीभिः संगच्छते=(वह) सखियों से मिलता है।

† जि (१) पर० है परन्तु वि० पूर्वक जि (जीतना) तथा परा पूर्वक जि (हराना वा हारना) आ० हो जाता है जैसे स जयति, स विजयते।

स शत्रून् पराजयते=वह शत्रुओं को हराता है।

तप् (१ प. तपाना) आत्मनेपद में ४ गण का हो जाता है जब इसका अर्थ तप करने का होता है जैसे स तपः तप्यते=वह तप करता है।

---

* समो गम्यृच्छिप्रच्छिस्वरत्यीर्तिश्रुविदिभ्यः । पा० १. ३. २९

† विपराभ्यां जेः । पा० १. ३. १९

* रम् (१) आ० है परन्तु जब अकर्मक प्रयुक्त होता है तो उभयपदी होता है। वि, आ वा परि पूर्वक रम् पर० होजाता है जैसे वत्सैतस्माद्विरम = बच्चे इससे बचो। स तस्य दर्शनात् क्षणं पर्यरमत् = वह उसके दर्शन से क्षण भर आनन्दित हुआ।

† दा (३ देना) उभयपदी है परन्तु आ पूर्वक दा (लेना) आ० होजाता है जैसे धनमादत्ते = धन लेता है। परन्तु आदा (मुख फैलाने में) पर० है जैसे मुखं व्याददाति = मुख खोलता है।

‡ स्था (१) पर० है परन्तु सम्, अव, प्र और वि पूर्वक स्था आ० है जैसे क्रोधः मृदौ न संतिष्ठते = क्रोध मृदु मनुष्य में नहीं टिकता है।

उप पूर्वक स्था निम्नलिखित अर्थों में आ० होता है:—

(१) पूजाकरना—मन्त्रैः सूर्यमुपतिष्ठते (२) सेवा में उपस्थित होना—राजानमुपतस्थे। (३) मिलना—गङ्गा यमुनामुपतिष्ठते (४) मित्रता करना—रथिकानुपतिष्ठते। (५) मार्ग का जाना—अयं पन्था नगरमुपतिष्ठते = यह रास्ता नगर को जाती है।

---

* व्याङ्परिभ्यो रमः। विभाषा अकर्मकात्। पा० १. ३. ८३ और ८५

† आङो दोऽनास्यविहरणे। पा० १. ३. २०

‡ समवप्रविभ्यः स्थः। पा० १. ३. २२। उपाद्देवपूजासङ्गतिकरणमित्रकरणपथिष्विति वाच्यम्।

* यम् (१ यच्छ्) पर० है परन्तु आ पूर्वक यम् फैलाने अर्थ में आ० है जैसे पाणिमायच्छते=हाथ फैलाता है। ऐसे ही उपपूर्वक यम् (विवाह करने वा स्वीकार करने के अर्थ में) आ० है—कन्यामुपयच्छते=कन्या विवाहता है। वैसे यच्छति इन्द्रियम्=इन्द्रिय को रोकता है। सम्, उद्, आ, पूर्वक यम् आ० है।

† प्रच्छ् (१) पर० है परन्तु आ० पूर्वक प्रच्छ् विदाई लेने के अर्थ में आ० है तमापृच्छस्व=उस से विदा मांगो।

‡ कृ (८) उभय० है परन्तु अनु पूर्वक कृ (नक़ल करना) और परा पूर्वक कृ पर. है जैसे रामस्य अनुकरोति=राम की नक़ल करता है। अधिकृ (अधिकार देना) पर० है परन्तु अधिकृ (दबाना वा क्षमा करना) आ० है जैसे शास्त्रं नरानधिकरोति=शास्त्र मनुष्यों को अधिकार देता है। स शत्रुमधिकुरुते=वह शत्रु को दबाता वा क्षमा करता है। उपकृ (उपकार करना) उभय० है। स परस्य उपकुरुते। दण्डनीतिः नेतुः उपकरोति।

श्रु (५) पर० है परन्तु सम्पूर्वक श्रु आ० है स संशृणुते=वह अच्छी तरह सुनता है। सन्नन्त श्रु आ० है जैसे शुश्रूषस्व गुरून्=बड़ों की सेवा करो।

---

* समुदाङ्भ्यो यमोऽग्रन्थे। पा० १. ३. ७५। उपाद्यमः स्वकरणे पा० १. ३. ५६।

† आङि नुप्रच्छ्योः वार्तिक।

‡ अनुपराभ्यां कृञः। पा० १. ३. ७९।

* ह्वे (१) उभय० है परन्तु आह्वे (चुनौती देना) आ० है जैसे योधः आह्वते योधम् ।

† ज्ञा (६) उभय० है परन्तु प्रतिज्ञा (प्रतिज्ञा करना वा स्वीकार करना) आ० है अपज्ञा (इनकार करना) आ० है जैसे कन्यादानं प्रतिजानीते=कन्यादान की प्रतिज्ञा करता है । शतं प्रतिजानीते=सौ स्वीकार करता है ।

सहस्रमपजानीते=हज़ार से इनकार करता है ।

उपसर्गों का अर्थ

प्रथम पुस्तक में बता चुके हैं कि उपसर्ग कभी तो बिल्कुल व्यर्थ होते हैं उनका कुछ अर्थ नहीं होता जो धातु का अर्थ होता है वही बना रहता है जैसे ददाति, प्रददाति और कभी २ उपसर्ग से अर्थ बिल्कुल उल्टा होजाता है जैसे स्मरति=याद करता है, विस्मरति=भूल जाता है । याति=जाता है, आयाति=आता है । और कभी २ उपसर्ग धातु के ही अर्थ को और विशेष करता है । जैसे भवति=होता है, प्रभवति=समर्थ होता है ।‡

---

* स्पर्धायामाङः । पा० १. ३. ३१.

† अपह्नवे ज्ञः । अकर्मकाच्च । सम्प्रतिभ्यामनाध्याने । १. ३. ४४, ४५ और ४६.

‡ धात्वर्थं बाधते कश्चित् कश्चित्तमनुवर्तते ।
तमेव विशिनष्ट्यन्य उपसर्गगतिस्त्रिधा ॥

नीचे कुछ बहुत प्रसिद्ध उपसर्ग और उनके अर्थ लिखते हैं :—

अति=पारकरना, बहुत, नाघना जैसे अतिक्रामति=अतीत्य (अति+इ=जाना+ल्यप् =पार करके) क्रामति (जाता है)=नाघता है ॥

अधि=ऊपर जैसे अधिगच्छति=जानना (मस्तक पर जाना), अधिक्षिपति=ऊपर फेंकना (गाली आदि)=निन्दा करना ॥

अधः=नीचे जैसे अधोगच्छति, अधोमुखः=नीचे मुख किये ।

प्र=प्रकृष्ट=बहुत वा अच्छा जैसे प्रभवति=प्रकृष्ट अर्थात् बड़ा (=प्रभु) होता है ।

नि=निकृष्ट=खराब और नि=नितराम्=बहुत अच्छी तरह जैसे निचयः=बड़ा ढेर ।

अनु=अनुलक्ष्य=लिये । इसके योग में विना धातु के भी कभी २ द्वितीया आती है जैसे मोक्षमनु यतते=मोक्षमनुलक्ष्य यतते=मोक्ष के लिये अर्थात् उसको

अर्थ—कोई उपसर्ग धातु के अर्थ को नाश कर देते हैं और दूसरा अर्थ उसी धातु का कर देते हैं और कोई उपसर्ग धातु के अर्थ को ही बताते हैं दूसरे उपसर्ग धातु के अर्थ को ही विशेष कर देते हैं। यह तीन प्रकार का कार्य्य उपसर्गों का है।

उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते । (सिद्धान्तकौमुदी)

अर्थः—उपसर्ग से धातु का अर्थ बल से दूसरा कर दिया जाता है ।

अपना लक्ष्य बना कर यत्न करता है। अनु=पीछे जैसे अनुचरः (=पीछे चलने वाला) अनुगच्छति=पीछे जाता है।

उप=समीप=मिलना जैसे उपेत्य=मिलकर, उपचितिः=बढ़ती (उप=समीप, चिति=एकट्ठा होना)

अप=अलग होना जैसे अपगत्य=अलग होकर। अपचितिः=कमी।

परि=समन्तात्=चारों ओर। परिधान=चारो ओर रखना=पहनना।

वि=विशेष जैसे विशिष्टं ज्ञानं विज्ञानम्। वि=विरुद्ध जैसे वियोग=अलग होना। योग=मिलना, क्री=बेंचना, विक्री=बेंचने के विरुद्ध अर्थात् खरीदना।
अभि=सामने, ओर जैसे अभिगच्छति=सामने जाता है।

अव=नीचा जैसे अवतरति=उतरता है।

उद्=उत्कृष्ट=उत्तम, उद्=ऊपर जैसे उदेति=ऊपर आता है अर्थात् उदय होता है।

आ=समन्तात्=चारों ओर से, ऊपर, विपरीत जैसे गच्छति, आगच्छति। समागत्य=आकर, मिलकर। आरोहति=चढ़ता है।

निस्=दूर, बाहेर जैसे निस्सरति=निकलता है।

परा=उल्टा, विरुद्ध जैसे पराजयः=हार।

दुः=दुःख से, कठिनता से जैसे दुःसह=जो दुख से सहा जासके।

सु=शोभन=अच्छा, बहुत जैसे सुमहत्=बहुत बड़ा।

प्रति=ओर, उत्तर में जैसे प्रत्युवाच=उत्तर में बोला। नगरं प्रतिगच्छति।

सम्=साथ २, अच्छा जैसे संगच्छध्वम्=साथ २ चलो।

किसी किसी धातु के साथ एक से अधिक उपसर्ग आते हैं ऊपर प्रसिद्ध अर्थ दिये हैं जहां जैसा अर्थ लगे लगाना चाहिए। कहीं उपसर्गों का अर्थ नहीं होता है केवल धातु का ही अर्थ प्रर्याप्त है वहां ऊपर का अर्थ नहीं लगेगा ॥

प्रसिद्ध अव्यय और उनका प्रयोग ।

अथ—अथ ग्रन्थ वा विषय के आरम्भ में आता है जैसे अथ योगानुशासनम्। अथ समासः। अथ का अर्थ 'पश्चात्, तब' भी है जैसे अथ स धेनुं मुमोच= बाद को उसने गाय को छोड़ा।

अथकिम्—का अर्थ "हां, और क्या, विल्कुल ऐसा ही है" होता है जैसे किं स आगतः=क्या वह आगया=दासः—अथकिम्=दास ने कहा हां।

इति—(१) जिस प्रकार अथ आरम्भ में आता है इसी प्रकार इति समाप्ति में आता है। इति का अर्थ 'ऐसा' है जैसे इति प्रथमोऽङ्कः=इस प्रकार प्रथम अङ्क समाप्त हुआ (२) इति वक्ता के कहे हुए शब्दों के अन्त में संस्कृत में रक्खा जाता है जैसे राम उवाच गच्छामि इति=राम ने कहा कि मैं जारहा हूँ (कहे हुए शब्दों के आरम्भ में यत् (=कि) भी रख सकते हैं) राम उवाच यत् गच्छामि इति।

संस्कृत भाषा में बोले हुए वाक्य को सीधा वैसे का वैसा ही रखना पड़ता है उसका काल, पुरुषादि बदल कर भाव नहीं रख सकते हैं जैसा अंग्रेज़ी में लिख सकते

हैं जैसे ऊपर के वाक्य को अंग्रेज़ी में ऐसे भी लिख सकते हैं कि राम ने कहा कि वह (राम) जा रहा था परन्तु संस्कृत में ऐसा लिखना कि "राम उवाच यत् स (रामः) अगच्छत्" बिल्कुल अशुद्ध है। संस्कृत में वक्ता ने जो शब्द बोले हैं वही वैसे के वैसे रक्खे जाते हैं और उनके अन्त पर इति ज़रूर रख देते हैं। (३) इति कारण और प्रयोजन भी प्रकटकरता है जैसे वैदेशिकोऽस्मि इति पृच्छामि= मैं विदेशी हूँ इस कारण पूँछता हूँ। वैयाकरणो भवेयमिति व्याकरणं पठामि=मैं इस लिए व्याकरण पढ़ता हूँ कि मैं वैयाकरण होजाऊँ। (४) इति अवस्था भी प्रकट करता है जैसे पिता इति स पूज्यः परन्तु अध्यापक इति निन्द्यः=पिता की अवस्था में वह पूज्य है परन्तु अध्यापक की अवस्था में वह निन्दनीय है।

इति यावत्—इसका अर्थ इत्यर्थः (यह अर्थ है) है जैसे पुरुषव्याघ्रः श्रेष्ठ पुरुषः इति यावत्=पुरुषव्याघ्र का अर्थ श्रेष्ठपुरुष है।

अपि—(१) अपि का प्रसिद्ध अर्थ 'भी' है जैसे राजापि गतः=राजा भी गया। (२) अपि प्रश्न करने में भी वाक्य के आरम्भ में रक्खा जाता है जैसे अपि एतत् तपोवनम्=क्या यह तपोवन है। (३) अपि आशा प्रकट करने में भी आता है और प्रायः 'नाम' शब्द अपि के साथ रख दिया जाता है जैसे अपि जीवेत् सः=मैं आशा करता हूँ कि वह जीवित हो जावे। अपि नाम रामः आगच्छेत्=मेरी यह आशा है कि राम आवे। (४) शङ्का वा अनिश्चय अर्थ में भी अपि आता है जैसे अपि चोरो भवेत्=शायद वह चोर हो। (५) प्रश्न

वाचक शब्दों में जोड़ने से अपि का अर्थ अनियत (कोई) हो जाता है जैसे अत्र कोऽपि नास्ति = यहां कोई नहीं है।

चित्, चन्, स्विद्—प्रश्न वाचक सर्वनामों में जोड़ने से अनियत अर्थ प्रकट होता है। सर्वनाम अपनी संज्ञा के अनुसार लिङ्ग, वचन और विभक्ति ग्रहण करते हैं, इस कार्य्य में कोई वाधा नहीं पड़ती जैसे कस्यचित्—चन्—स्विद्—अपि नरस्य = किसी पुरुष का। किञ्चित्—चन्—अपि—स्विद् मित्रमागतम् = कोई मित्र आया।

हि—वाक्य के आदि में हि नहीं आता है और (१) कारण बताने में हि प्रयुक्त होता है जैसे अग्निःइह अस्ति धूमो हि दृश्यते = आग यहां है क्योंकि धुँआ दिखलाई देता है। (२) हि 'वास्तव में' अर्थ में भी आता है जैसे प्रयोग प्रधानं हि नाट्यशास्त्रम् = वास्तव में नाट्यशास्त्र में प्रयोग (किसी का पार्ट खेलना) ही प्रधान है। (३) "उदाहरण वैसा ही है" इस अर्थ में भी हि आता है किन्तु प्रायः तथा हि के साथ इस प्रयोग में जुड़ा रहता है जैसे "सत्यं ब्रूयात्" तथाहि पुरा किल हरिश्चन्द्रः सत्यमब्रवीत् = सच बोलना चाहिए वही उदाहरण से देखा रहे हैं कि पहेले हरिश्चन्द्र ने सच बोला था ऐसा प्रसिद्ध है इत्यादि।

तु—वाक्य के आदि में तु (= किन्तु) नहीं आता संज्ञा के बाद आता है और सदैव आगे आने वाले वाक्य से सम्बन्ध रखता है जैसे स मूर्खो रामस्तु चतुरः = वह मूर्ख है परन्तु राम चतुर है।

वरम्—वरम् का अर्थ 'अधिक अच्छा' है और जिस से अधिक अच्छा हो उसके साथ 'न', 'नच', 'न तु', अथवा 'न पुनः' यह शब्द उसी वाक्य में आता है जैसे वरं कन्या जाता न च—न—नपुनः—नतु—अविद्वान् तनयः=अविद्वान् लड़के से कन्या पैदा होना अधिक अच्छा है।

नु—कई पद्यों में प्रश्नवाचक है जैसे स्वप्नो नु माया मतिभ्रमो नु=क्या स्वप्न है अथवा माया अथवा बुद्धिभ्रम है।

ननु—(१) ननु का अर्थ "वास्तव में" है जैसे अयं तव दोषो ननु=यह वास्तव में तुम्हारा दोष है। (२) शङ्का करने, प्रश्न करने, वा पूर्वपक्ष रखने में आरम्भ में ननु रखते हैं और प्रायः चेत् (=यदि) भी पूर्वपक्ष के अन्त पर रख देते हैं और उत्तरपक्ष के आरम्भ में 'न', 'सत्यम्', 'अत्र उच्यते' ऐसे शब्द रखते हैं जैसे ननु ईश्वरो नास्ति, ईश्वरासिद्धेः इति प्रमाणात् इतिचेत्, न, तत्र असिद्धेः प्रत्यक्षादिप्रमाणैः ईश्वरस्य असाध्यत्वार्थपरत्वात् न च ईश्वराभावार्थपरत्वात्= यदि कोई शङ्का करे कि ईश्वर नहीं है क्योंकि (सांख्य का) प्रमाण है कि ईश्वर की सिद्धि नहीं हो सकती तो इस शङ्का का उत्तर यह है कि यह पूर्वपक्ष ठीक नहीं क्योंकि वहां (प्रमाण में) असिद्धि का यह अर्थ है कि ईश्वर प्रत्यक्षआदि प्रमाणों से साबित करने योग्य नहीं है और असिद्धि का यह अर्थ नहीं है कि ईश्वर का अभाव है। इस वाक्य में उत्तरपक्ष के पूर्व 'न' रक्खा है ऐसे ही 'सत्यम्'=ठीक कहते हो, (परन्तु यह तो देखो) अत्र उच्यते (इस शङ्का पर कहते हैं) भी रख सकते हैं।

[न्याय की भाषा में प्रायः छोटे सारगर्भित वाक्य आते हैं परन्तु सरल-संस्कृत में वही बड़े वाक्य होते हैं जैसे असिद्धेः न अभावार्थपरत्वात=असिद्धिः न

अभावार्थपरा इत्यस्मात् कारणात्=असिद्धि शब्द अभाव अर्थ में पर यानी तत्पर अर्थात् अभाव अर्थ बताने वाला नहीं है इस कारण से। संक्षेपत: विशेष्य की षष्ठी और विशेषण में 'त्व' (भाव अर्थ प्रकट करने वाला प्रत्यय) लगा कर संज्ञा बनाते हैं और हेतु होने के कारण पञ्चमी विभक्ति में रखते हैं जैसे बुद्धिः विस्मरणशीला इति कारणात्=बुद्धेः विस्मरणशीलत्वात्=बुद्धि भूलने वाली होने के कारण]

उत—भिन्न २ पक्षों में अथवा के अर्थ में उत आता है और प्रायः इसके स्थान में उताहो, आहोस्वित् आते हैं। जैसे एकमेव वरं पुंसामुत राज्यमुत आश्रमः =एक ही मनुष्यों के लिए अच्छा है चाहें राज्य अथवा आश्रम। किमिदं वल्कलानां सदृशमुताहो जटानां समुचितम्=क्या यह छाल के कपड़ों के सदृश है अथवा क्या यह जटाओं के उचित है।

इव—(१) सदृश अर्थ प्रकट करता है जिसके सदृश हो उसके बाद रक्खा जाता है जैसे संसारः अर्णव इव=संसार समुद्र के समान है।

जो शब्द इव से सम्बन्ध रखते हैं उनकी समान विभक्ति होती है जैसे लक्ष्मीमिव कन्यां ददर्श=लक्ष्मी के समान कन्या को देखा। रामस्य इव पुत्रस्य चरित्रं स्यात्=राम के समान पुत्र का चरित्र हो। (२) उत्प्रेक्षा अर्थात् मानो ऐसा है इस अर्थ में भी इव आता है जैसे तमोऽङ्गानि लिम्पति इव=मानो अन्धेरा अङ्गों को लीप रहा है।

कच्चित्—का अर्थ है में आशा करता हूं (=क्या यही बात है न) जैसे 'शिवानि वः तीर्थजलानि कच्चित्=क्या तुम्हारे तीर्थजल कल्याणकारी हैं मुझे आशा है कि वे हैं।

क्व—का अर्थ 'कहां' है जब क्व दोबार लिखा जाता है तो बहुत अन्तर प्रकट करता है जैसे क्व तपः क्व च तावकं वपुः=कहां तप और कहां तुम्हारा शरीर। कामम्—का अर्थ 'अपनी इच्छानुसार' है परन्तु प्रायः कामम् का प्रयोग "यह मान कर भी, माना कि" इस अर्थ में आता है और तब वाक्य में पीछे तथापि, तु आदि लिखते हैं जैसे कामं स निर्धनः तथापि स विद्वान्=माना कि वह ग़रीब है तो भी वह विद्वान् है। कामं सा सम्मुखी न तिष्ठति अन्यविषया न तु दृष्टिरस्याः=माना कि वह सामने नहीं खड़ी होती है परन्तु उसकी निगाह और वस्तु पर नहीं पड़ती है।

किल—का अर्थ (१) "वास्तव में" है जैसे अर्हति किल अपराधी ताडनम्=वास्तव में अपराधी को ताड़ना मिलनी चाहिए।

(२) "ऐसी खबर है जैसा लोग कहते हैं" यह भी (अर्थ) होता है जैसे बभूव योगी किल श्रीकृष्णः=जैसा लोग कहते हैं श्रीकृष्ण एक योगी थे। (३) 'आशा करता हूँ' भी (अर्थ) है जैसे पार्थः किल विजेष्यते=मैं आशा करता हूँ कि पार्थ जीतेगा।

(४) "बना हुआ, झूंठा" भी (अर्थ) है जैसे प्रसह्य सिंहः किल तां चकर्ष=बने हुए झूंठे सिंह ने उसे ज़ोर से पकड़ा।

खलु—(१) का अर्थ "वास्तव में" है जैसे पदानि खलु ते विषमीभवन्ति=वास्तव में तेरे क़दम ठीक नहीं पड़ते हैं।

(२) खलु जब क्त्वाप्रत्ययान्त शब्द के साथ आता है तो उसका निषेध (इनकार) अर्थ होता है जैसे अलम् का अर्थ होता है (कारक प्रकरण में तृतीया विभक्ति को देखो) जैसे निर्धारिते अर्थे लेखेन खलु उक्त्वा=जब अर्थ (विषय) लेख से निश्चित कर लिया गया तब उसका कहना व्यर्थ है अर्थात् नहीं कहना चाहिए।

नाम—का अर्थ (१) "नामक, नाम रखने वाला" है जैसे रामस्य नाम राज्ञः=राम नामक राजा का। यह नाम समास में नहीं आता है और जिन संज्ञाओं से नाम का सम्बन्ध हो उनकी विभक्तियां समान होना चाहिए जैसे ऊपर के वाक्य में रामस्य और राज्ञः हैं।

(२) "वास्तव में" भी (अर्थ) है जैसे मया नाम जितम्=वास्तव में मैं जीता।

(३) "बहाने से" भी (अर्थ) है जैसे कार्तान्तिको नाम भूत्वा=बहाने से झूंठा ज्योतिषी बनकर।

(४) लोट् अर्थात् आज्ञा के साथ "मानाकि" इस अर्थ में भी नाम आता है जैसे एवमस्तु नाम=माना कि ऐसा हो (तो फिर) और (५) क्रोध, आश्चर्यादि अर्थों में भी नाम आता है जैसे ममापि नाम परिभवः=क्या (यह) मेरी भी हार

हो। अन्धो नाम पर्वतमारोहति=आश्चर्य्य है कि अन्धा पहाड़ पर चढ़ता है।

दिष्ट्या—का अर्थ "मैं प्रसन्न हूं। ईश्वर को धन्यवाद है" होता है जैसे दिष्ट्या भवान् परित्रातः=ईश्वर को धन्वाद है कि आप बचाए गए।

अंग—सम्बोधन में 'ओ' अर्थ में आता है जैसे अंग विद्वन्=ओविद्वान्

अहो—(१) सम्बोधन में (ओ) अर्थ में आता है अहो राजन्=हे राजा।

प्राय: अहो शोक, हर्ष, आश्चर्य्य प्रकट करने में आता है जैसे अहो रूपस्य अनवद्यता=ओहो इतना रूप का निर्दोषपन।

यथा तथा—जिस शब्द के साथ यथा तथा रखकर व्याख्या करते हैं वह क्रिया-विशेषण होता है जैसे सविनयमवादीत्=वह विनय से बोला। यहां विनयेन सह यथा भवति तथा=सविनयम् क्रियाविशेषण है।

यावत्—जब अकेला प्रयुक्त होता है और जब इसका 'तक' अर्थ होता है तब यावत् के योग में द्वितीया विभक्ति आती है जैसे कियन्तमवधिं यावत् अस्मच्चरितमालिखितम्=कितनी अवधि तक हमारा चरित्र चित्रित किया गया है। स्तन्यत्यागं यावत् पुत्रयोरवेक्षस्व=स्तन्य अर्थात् दूध छोड़ने तक दोनों पुत्रों की देख रेख करो।

यावत् 'तुरन्त' वा 'जबलों' अर्थ में भी आता है जैसे यावत् छायामाश्रित्य प्रतिपालयामि ताम्=जबलों वा अभी छाया में उसकी प्रतीक्षा करूँगा।

शब्द

उप+आ+या (२ प.)=जाना

ब्रह्मावर्त्तः=उस देशका नाम जो हस्तिनापुर के पश्चिम उत्तर है

वशीकृत्य=(वश+च्वि+कृ+ल्यप्) =वश में करके

महोत्तम (वि.)=महान् चासौ उत्तमः (विशेषण उभयपद कर्म्मधारय)= बड़ा उत्तम

प्रादुस्+भू (१ प.)=प्रकट होना

कारुवृत्तिकरः=कारु (वि.) जो शिल्पकारी करता है उसकी वृत्ति (स्त्री०) अर्थात् पेशा करने वाला

अब्दः—म्=वर्ष

वर (वि.)=श्रेष्ठ

पुर (नं०)=नगर

सू (२ वा ४ आ)=उत्पन्न करना

मागध (पु०)=मगध देश का राजा, देश का नाम

स्वः (अव्यय)=स्वर्ग लोक

शूद्रवर्णकाः=शूद्रः वर्णाः येषां ते (शेषाद्विभाषा इति कप्)

शचीपति (पु.)=इन्द्र

वेद्य (वि.)=जानने योग्य

अनु+मा (३ आ.)=अनुमान करना

आनृशंस्य (न.)=(नृशंसः=वेरहम) न नृशंसः=अनृशंसः (जो वेरहम न हो) तस्य भावः आनृशंस्यम् (ष्यञ्) =दया

घृणा=दया

नागेन्द्रः=नागों का राजा

शुच् (१ प.)=दुःखी होना

विवक्षितं= (वच्+सन्+क्त) कहने की इच्छा (नपुंसके भावे क्तः)

लक्ष्मन् (नं०)=चिन्ह

वृत्ततः (अव्यय)=अच्छे चाल चलन से

प्र+सम्+ईक्ष् (१ आ०)=अच्छी तरह विचारना

कृति (स्त्री०)=कर्म

दुष्परीक्ष्या (वि.)=जिस की परीक्षा करना कठिन है

संकर:=मेल

नृ (पुं०)=मनुष्य

आर्ष (वि०)=(ऋषि+अण्)= ऋषियों का, वेद का

यज् (१ प. आ.)=यज्ञ करना

शीलम्=अच्छा चाल चलन, स्वभाव

तत्वम्=असलियत, सत्यता

इष्टम् (इष्+क्त)=इच्छा किया गया, चाहा गया

इष् (६ प. [इच्छ्])=इच्छा करना

संस्कृत=सम्+कृ+क्त=मंजा हुआ, अच्छा

भुजगोत्तम:=(भजग [पु०]=सर्प) सर्पों में श्रेष्ठ

प्रधानेष्टम्=प्रधानं यथा भवति तथा इष्टम्=प्रधानता से अर्थात् विशेष करके चाहा गया है।

भर्तृ (पु.)=पति

ईश्वर:=मालिक

अप्रतिम (वि.)=जिसके समान कोई नहीं

आधि (पु.)=मानसी पीड़ा

व्याधि (पुं.)=शारीरिक रोग

प्रव्रजित=प्र+व्रज्+क्त=सन्यासी हुआ

सम्यक् (अव्यय)=अच्छी तरह

वि+धा=शास्त्र का आज्ञा देना

प्रणोदित=प्र+नुद्+क्त=प्रेरित

दा=कन्यादान करना

मिश्रदेशीयदशसहस्रम्लेच्छवृत्तान्तः ।

(भविष्य पुराण से उद्धृत)

[भविष्यमहापुराणतृतीयप्रतिसर्गपर्वे चर्तुयुगखण्डापरपर्यायकलियुगीयेतिहाससमुच्चयकृष्ण चैतन्यचरित्रनाम एकविंश अध्याय (पत्रा पृष्ठ ३६१) से उद्धृत)]

सरस्वत्याज्ञया कण्वो मिश्रदेशमुपाययौ ॥
म्लेच्छान्संस्कृतमाभाष्य तदा दशसहस्रकान् ॥
वशीकृत्य स्वयं प्राप्तो ब्रह्मावर्त्ते महोत्तमे ॥ १५ ॥
ते सर्वे तपसा देवीं तुष्टुवुश्च सरस्वतीम् ॥
पंचवर्षान्तरे देवी प्रादुर्भूता सरस्वती ॥
सपत्नीकांश्च तान्म्लेच्छान्शूद्रवर्णाय चाकरोत् ॥ १६ ॥
कारुवृत्तिकरास्सर्वे बभूवुर्बहुपुत्रकाः ।
द्विसहस्रास्तदा तेषां मध्ये वैश्या बभूविरे ॥ १७ ॥
तन्मध्ये चाचार्य्यपृथुर्नाम्ना कश्यपसेवकः ॥
तपसा स च तुष्टाव द्वादशाब्दं महामुनिम् ॥ १८ ॥
तदा प्रसन्नो भगवान्कण्वो देववराद्वरः ॥
तेषां चकार राजानं राजपुत्रपुरं ददौ ॥ १६ ॥
राजन्या नाम तत्पत्नी मागधं सुषुवे तदा ॥
तस्मै कण्वो ददौ ग्रामं पूर्वस्यां दिशि मागधम् ॥ २० ॥
स्वर्गलोकं पुनः प्राप्तः स मुनिः कश्यपात्मजः ॥

स्वर्गते काश्यपे विप्रे ते म्लेच्छाः शूद्रवर्णकाः ॥२१

यज्ञैस्समर्चयामासुर्देवदेवं शचीपतिम् ॥ २२ ॥

युधिष्ठिराजगरसम्वादः ।

(महाभारत वनपर्व अध्याय १८० से उद्धृत)

सर्प उवाच—ब्राह्मणः कोभवेद्राजन् वेद्यं किं च युधिष्ठिर ।

ब्रवीह्यतिमतिं त्वां हि वाक्यैरनुमिमीमहे ॥ २० ॥

युधिष्ठिर उवाच—सत्यं दानं क्षमा शीलमानृशंस्यं तपो घृणा ।

दृश्यन्ते यत्र नागेन्द्र स ब्राह्मण इति स्मृतः ॥ २१ ॥

वेद्यं सर्प परं ब्रह्म निर्दुःखमसुखं च यत् ।

यत्र गत्वा न शोचन्ति भवतः किं विवक्षितम् ॥ २२

सर्प उवाच— शूद्रेष्वपि च सत्यं च दानमक्रोध एवच ।

आनृशंस्यमहिंसा च घृणा चैव युधिष्ठिर ॥२३

युधिष्ठिर उवाच—शूद्रे तु यद्भवेल्लक्ष्म द्विजे तच्च न विद्यते ।

न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो न च ब्राह्मणः ॥ २५

यत्रैतल्लक्ष्यते सर्प वृत्तं स ब्राह्मणः स्मृतः ।

यत्रैतन्नभवेत् सर्प तं शूद्र इति निर्दिशेत् ॥ २६

सर्प उवाच—यदि ते वृत्ततो राजन् ब्राह्मणः प्रसमीक्षितः ।

वृथा जातिस्तदायुष्मन् कृतिर्यावन्न विद्यते ॥ ३०

युधिष्ठिर उवाच—जातिरत्र महासर्प मनुष्यत्वे महामते ।
संकरात्सर्ववर्णानां दुष्परीक्ष्येति मे मतिः ॥ ३१
सर्वे सर्वास्वपत्यानि जनयन्ति सदा नराः ।
वाङ्मैथुनमथो जन्म मरणं च समं नृणाम् ॥ ३२
इदमार्षं प्रमाणं च ये यजामह इत्यपि ।
तस्माच्छीलं प्रधानेष्टं विदुर्ये तत्वदर्शिनः ॥ ३३
यत्रेदानीं महासर्प संस्कृतं वृत्तमिष्यते ।
तं ब्राह्मणमहं पूर्वमुक्तवान् भुजगोत्तम ॥ ३४

दिवोदासदिव्यादेवीवृत्तान्तः ।

[पद्मपुराण (५) पातालखण्ड अध्याय ६२ पत्रा पृष्ठ ११४ से उद्धृत]

दिवोदासेति विख्यातः पुराकान्तीश्वरोऽभवत् । तस्यापत्यंमहारत्नं नारीणामुत्तमंसदा ॥ ३६
गुणरूपसमायुक्ता सुशीला चारुमङ्गला । दिव्यादेवीति विख्याता रूपेणाप्रतिमा भुवि ॥ ३७
रूपदेशस्य राजानं सम्यग्ज्ञात्वा महीपतिः । चित्रसेनं महात्मानं समाहूय ततो नृपः ॥ ४०
कन्यां ददौ दिवोदासश्चित्रसेनाय धीमते । तस्या विवाहकालस्य सम्प्राप्ते समये नृप ॥ ४१
मृतोऽसौ चित्रसेनस्तु कालधर्मेण वै किल । दिवोदासश्च धर्मात्मा चिन्तयामास भूपतिः ॥ ४२
ब्राह्मणांश्च समाहूय प्रपच्छ नृपनन्दन । अस्या विवाहकाले तु चित्रसेनो दिवं गतः ॥ ४३
अस्यास्तु कीदृशं कर्म भविष्यति ब्रुवन्तु मे । "विवाहो जायेत राजन् कन्यायास्तु विधानतः ॥ ४४

पतिर्मृत्युं प्रयात्येव योवा त्यागं करोति च। महाधिव्याधिना भीतस्त्यागं कृत्वाप्रयातिच॥४५
प्रव्रजितो भवेद्राजन् धर्मशास्त्रेषु दृश्यते। तस्यां रजस्वलायां च अन्यः पतिर्विधीयते ॥४६
विवाहं तु प्रधानेन पिता कुर्यान्न संशयः। एवं राजन्समादिष्टं धर्मशास्त्रे शुभैर्जनैः॥ ४७
विवाहः क्रियतामस्या" इत्यूचुस्ते द्विजोत्तमाः। दिवोदासश्चधर्मात्माब्राह्मणैस्तुप्रणोदितः॥४८
विवाहार्थं महाराज मानसं कृतवान् नृप। पुनर्दत्ता प्रदानेन दिव्यादेवी नृपोत्तम ॥४९
पुष्पसेनाय पुण्याय तस्मै राज्ञे महात्मने। मृत्युधर्मं गतो राजा विवाहसमयेऽपि सः॥५०
यदायदा महाभागो दिव्यादेव्याश्च भूपतिः। करोति स पितोद्योगं विवाहस्यातिदुःखितः॥५१
भर्त्तापि म्रियते काले प्राप्तलग्नस्तदातदा। एकविंशतिभर्तारः काले काले मृतास्ततः॥५२
ततोराजा महादुःखी संजातः ख्यातविक्रमः। समालोक्य समाहूय मन्त्रिभिःसहनिश्चलः॥५३
स्वयंवरे महाबुद्धिं चकार पृथिवीपतिः॥

भाषा।

मनुष्य काम करने की इच्छा करते हैं। वह जल पिलाता है। दही मथा जाता है। उसने राम को धन दिया था। सेवक ने वृक्षों को सींचा था। राम बोले कि मैंने धनु खींचा था। तुमने वेद पढ़ने से अपनी आत्मा को पवित्र किया था। वे सब बोले कि हमने सब हाल जान लिया था। पिता ने पुत्र को आदेश दिया कि वह विद्या पढ़े। मैं नीचे मुख किये हुये था जब ऊपर से विमान गया। चाहें धार्मिक होने की इच्छा करो चाहे धनी होने की। मुझको राम ऐसा जानने की इच्छा मत करो। राम ने कहा था कि वास्तव में वह (राम) पुत्र के समान आचरण करता था।

ॐ

विज्ञापन ।

संस्कृत प्रथम पुस्तक

पं॰ रामविहारीलाल चान्दापुरी, संस्कृत प्रोफ़ेसर

डी. ए. वी. कालिज कानपूर कृत

जिसका मूल्य ।।।) आना है

और जिसको संयुक्त प्रान्त और विहार उड़ीसा प्रान्त और सी. पी. प्रान्त की टेक्स्ट बुक कमेटियों ने सरकारी ९ और १० दर्जों में नियत किया ।

तथा संस्कृत द्वितीय पुस्तक

[उन्हीं की बनाई हुई मूल्य १।।) रु॰]

दोनों पुस्तकें मिलने का पता—

प॰ रामविहारीलाल चान्दापुरी,

संस्कृत प्रोफ़ेसर डी. ए. वी. कालेज कानपूर

अथवा

पं॰ रामविहारीलाल चान्दापुरी

द्वारा अवध सीड स्टोर्स लखनऊ ।

THE CHIEF FEATURES OF THE BO

1. The principles of Sanskrit Grammar are explai and there cannot be two opinions that a subject is learnt and taught through the medium of the mother-

2. The grammatical portions, given are quite students preparing for Intermediate Examinati Pratham and Dwitiya Pustaks serve as a complete in the study of Sanskrit.

3. To teach Sanskrit scientifically, care has be explain beforehand as far as possible, the mode of d conjugation of each word of a sentence and general hints on words have also been given where necessary.

4. To avoid dull cramming and to make the learni interesting an attempt has been made everywhere to habit of forming declined or conjugated forms in an one's own effort. This will enable students to retain word vividly in memory and prevent the commission in consonantal endings and short and long vowels et generally arises out of an indiscriminate learning of

5. The declension of all genders is put side by si for forming them for the purpose of teaching compa tions and all the cases are put together in serial ord

6. To help memory, Sutras of Panini are given notes for advanced students and teachers and Sand rules are also explained fully. Over and above th are also given in a systematic order at the beginning references to which are made in the foot-notes.

7. No easy Sanskrit book in Hindi on composi unseen passages from standard authors is available book is therefore intended to remove this want teachers in teaching Sanskrit composition and unsee

8. A vocabulary of words used in Sanskrit pass at the beginning of each passage.

The undersigned welcomes suggestions for future

RAMBEHARI LAL CHANDAPUR
PROFESSOR, D. A. V. COLLEG